# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

मंगलवार, 08 अप्रैल, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 94, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स ने लगाया 2,227 अंक का गोता

सेंसेक्स 2,226.79 अंक का गोता लगा गया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 743 अंक लुढ़क गया। } 14

## भारत-पुर्तगाल के बीच मजबूत होंगे रिश्ते : मुर्मू

भारत-पुर्तगाल ने संयुक्त राष्ट्र समेत अन्य वैश्विक मंचों पर सहयोग मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू व पुर्तगाल के प्रेसीडेंट मार्सेलो रेबेलो डी सूसा के बीच बातचीत के दौरान यह सहमति बनी। } 16

# 50 रुपये बढ़े रसोई गैस के दाम

## पेट्रोल-डीजल पर भी बढ़ा दो रुपये उत्पाद शुल्क, जनता पर नहीं पड़ेगा भार

एजेंसी



नयी दिल्ली। सरकार ने सोमवार को रसोई गैस की कीमतों में 50 रुपये प्रति सिलेंडर की भारी बढ़ोतरी करने के साथ ही पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क भी दो रुपये प्रति लीटर बढ़ा दिया। हालांकि, पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों पर उत्पाद शुल्क में वृद्धि का कोई असर नहीं होगा।

रसोई गैस की कीमत में यह बढ़ोतरी उज्ज्वला योजना के तहत लाभान्वित गरीबों और सामान्य उपयोगकर्ताओं दोनों के लिए होगी। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि गैस कीमतों में 50 रुपये की वृद्धि आठ अप्रैल से प्रभावी होगी। मूल्यवृद्धि के बाद उज्जवला उपयोगकर्ताओं के लिए रसोई गैस की कीमत राष्ट्रीय राजधानी में 503 रुपये से बढ़कर 553 रुपये प्रति सिलेंडर हो जाएगी। वहीं सामान्य उपभोक्ताओं के लिए अब 14.2 किलोग्राम के रसोई गैस वाले सिलेंडर की कीमत 853 रुपये हो जाएगी। रसोई गैस की कीमतें स्थानीय करों के आधार पर अलग-अलग राज्यों में भिन्न-भिन्न हैं। पिछली बार मार्च, 2024 में इनमें 100 रुपये की कटौती ...शेष पृष्ठ 14 पर

# उत्तर भारत में भीषण गर्मी का अलर्ट, झुलसायेंगे गर्म हवा के थपेड़े

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत के मौसम विभाग (आईएमडी) ने इस हफ्ते उत्तर भारत में बढ़ते तापमान को लेकर चेतावनी जारी की है। आईएमडी ने कहा है कि उत्तरी और मध्य भारत के राज्य, जैसे- हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और गुजरात में अप्रैल में ही पारा 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर सकता है। मौसम विभाग ने इन क्षेत्रों के लिए अभी से यलो अलर्ट जारी कर दिया है, जिसका मतलब है कि आम लोगों के लिए गर्मी बर्दाश्त करने वाली होगी, लेकिन बुजुर्गों, नवजात बच्चों और बीमारी से पीड़ित लोगों को इससे स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।

मौजूदा समय में उत्तर भारत में तापमान लगातार नई ऊंचाइयां छू रहा है। दरअसल, दिल्ली में अप्रैल के शुरूआती पांच दिन का औसत तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक होता है। 5 अप्रैल को दिल्ली का तापमान 35.7 डिग्री दर्ज हुआ, जो कि सामान्य से 1.7 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। यानी राजधानी में हीटवेव की स्थिति नहीं रही। हालांकि, 6 अप्रैल को दिल्ली में अधिकतम तापमान 38.2 डिग्री सेल्सिय दर्ज किया गया। यह 5 अप्रैल के मुकाबले तापमान में 2.5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी रही। आमतौर पर दिल्ली के लिए अप्रैल में 40 डिग्री सेल्सियस या इससे ऊपर का तापमान अब असामान्य बात नहीं है। मौसम का अनुमान लगाने वाली वेबसाइट स्काईमेट के मुताबिक, दिल्ली में अप्रैल के अंतिम हफ्ते में तापमान 40 डिग्री के मानक को पार कर जाता है। हालांकि, इसी हफ्ते तापमान 42 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान है। अगर ऐसा होता है तो भारत में जल्द ही बढ़ा हुआ तापमान नए रिकॉर्ड बना सकता है। अप्रैल 2023 और 2024 में दिल्ली का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंचा था, लेकिन तब इसे हीट वेव (लू) नहीं माना गया। हीट वेव का एलान सिर्फ तब होता है, जब तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक हो और सामान्य तापमान से 4.5 डिग्री सेल्सियस या उससे ज्यादा का अंतर हो। उदाहरण के तौर पर अप्रैल के महीने में हर 5 दिन के बाद औसत तापमान थोड़ा-थोड़ा कर के बढ़ता है। महीने के आखिरी हफ्ते में औसत तापमान 37 से 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### प्रयागराज : हथियारों के तीन तस्कर गिरफ्तार

प्रयागराज। प्रयागराज में पुलिस ने दूसरे जिलों में असलहे की तस्करी करने के आरोप में तीन आरोपियों को सोमवार को गिरफ्तार किया तथा उनके कब्जे से 10 स्वचालित अवैध पिस्तौल, चार अवैध तमंचे और आठ खाली मैगजीन बरामद की। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (यमुना नगर) विवेक यादव ने बताया कि सोमवार को नैनी थाने और एसओजी की टीम ने संयुक्त कार्यवाही में असलहे की तस्करी करने के तीन आरोपियों- नीरज मिश्रा, सुनील दुबे और सत्य प्रकाश यादव को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 10 स्वचालित अवैध पिस्तौल, चार अवैध तमंचे और आठ खाली मैगजीन बरामद की। उन्होंने बताया कि इन आरोपियों के खिलाफ थाने में आयुध अधिनियम की धारा 3125 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे मेजा थानाक्षेत्र के खानपुर के निवासी विपिन दुबे से 26,000 रुपये की दर से पिस्तौल और 3500 रुपये की दर से तमंचा खरीदते थे।

### युवती से सामूहिक दुष्कर्म, छह गिरफ्तार

वाराणसी। वाराणसी के लालपुर पांडेपुर इलाके में 19 वर्षीय युवती से कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने सात आरोपियों में से छह को गिरफ्तार कर लिया है। अपर पुलिस आयुक्त (छावनी) विदुष सक्सेना ने बताया कि पीड़िता 29 मार्च को कुछ युवकों के साथ कहीं गई थी। उन्होंने बताया कि पीड़िता के घर नहीं लौटने पर उसके परिजनों ने चार अप्रैल को गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। सक्सेना ने बताया कि जब पुलिस ने पीड़िता को बरामद किया तो उसने दुष्कर्म के बारे में कुछ नहीं बताया। हालांकि, पीड़िता के परिवार ने छह अप्रैल को सामूहिक दुष्कर्म के संबंध में शिकायत दर्ज कराई।

# एक राष्ट्र, एक चुनाव से विकास को मिलेगी गति

## आंतरिक कलह व टूट से बचने के लिए कांग्रेस ने देश को भटकाया और राजनीतिक अस्थिरता पैदा की : योगी

### समिति की सिफारिशों व जनजागरण से 2034 तक देश में एक साथ चुनाव संभव

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकतंत्र में अपनी पंसद का जनप्रतिनिधि चुनना जनता का अधिकार है, लेकिन बार-बार चुनाव जनता पर अनावश्यक बोझ डालता है। उन्होंने कहा कि यह राजनीतिक अस्थिरता को न सिर्फ जन्म देता है बल्कि देश के अंदर विकास की संभावनाओं को बाधित करता है और सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक अस्थिरता कभी भी देश को संप्रभुता संपन्न और विकसित देश की परिकल्पना को साकार करने में सहभागी नहीं बन सकती है। बार-बार का इलेक्शन देश और प्रदेश की जीडीपी को प्रभावित करता है। विकास के लिए चालू योजनाओं में बैरियर का काम करता है और लोकतंत्र के प्रति लोगों के आकर्षण को भी कम करता है।

सीएम योगी सोमवार को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित एक राष्ट्र-एक चुनाव अभियान के अंतर्गत विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वन नेशन वन इलेक्शन' विजन को साकार करने की आवश्यकता है, जो 2019 में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा अनावरण के दौरान घोषित हुआ था। सीएम योगी ने कहा कि यह विचार पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई का भी था, जिन्होंने राजनीतिक स्थिरता को सुशासन, सुरक्षा और विकास की पहली शर्त माना था। सीएम योगी ने कहा कि 1952 से 1967 तक लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ हुएए लेकिन कांग्रेस की अंदरूनी टूट के बाद यह प्रथा समाप्त हो गई। उन्होंने कहा कि 1967 के बाद सरकारें भंग की गईं, ...शेष पृष्ठ 14 पर

### मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में 13 विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन

गोरखपुर (उप्र)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि भारत एक वैश्विक नेता के रूप में उभर रहा है क्योंकि उसकी विकास दर किसी भी अन्य देश की तुलना में अधिक मजबूत है। उन्होंने यहां मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमएमएमयूटी) में 91 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 13 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में खुद को उभरते देखा है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कभी भारत ने शिक्षा और तकनीक में दुनिया का मार्गदर्शन किया था और हम विश्व गुरु भी कहलाए। उन्होंने कहा कि 10वीं शताब्दी तक दुनिया के सकल घरेलू उत्पाद में भारत का योगदान 50 प्रतिशत से अधिक था।

उन्होंने कहा 1600 के दशक तक भी वैश्विक जीडीपी में हमारी हिस्सेदारी 30 प्रतिशत से अधिक थी। यह स्थिति तब थी जब भारत काफी नुकसान झेल चुका था। मुख्यमंत्री ने कहा कि औपनिवेशिक शोषण ने भारतीय अर्थव्यवस्था को बुरी तरह से नुकसान पहुंचाया। उन्होंने कहा अंग्रेजों ने भारत के संसाधनों को लूटा, देश को कच्चे माल का केंद्र बना दिया और व्यवस्थित रूप से हमारे आर्थिक आधार को नष्ट कर दिया। आजादी के बाद से ...शेष पृष्ठ 14 पर

## वीवीपैट पर्चियों की हाथ से शत-प्रतिशत गिनती संबंधी याचिका खारिज

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मतगणना के दौरान मतों की इलेक्ट्रॉनिक गिनती कराये जाने के अलावा वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) पर्चियों की हाथ से शत-प्रतिशत गिनती किये जाने का निर्वाचन आयोग को निर्देश देने संबंधी याचिका पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया।

प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ इस मुद्दे पर दिल्ली उच्च न्यायालय के 12 अगस्त, 2024 के फैसले के खिलाफ हंस राज जैन की याचिका पर विचार कर रही थी। शीर्ष अदालत ने उनकी अपील खारिज करते हुए कहा, हमें (दिल्ली उच्च न्यायालय के) विवादित फैसले में हस्तक्षेप करने का कोई अच्छा आधार नहीं मिला। (इसलिए) विशेष अनुमति याचिका खारिज की जाती है। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि उनकी अध्यक्षता वाली वाली एक पीठ ने पहले भी इसी तरह के मुद्दे उठाते हुए एक फैसला सुनाया था, और इस पर बार-बार विचार नहीं किया जा सकता। शीर्ष अदालत ...शेष पृष्ठ 14 पर

# ईडी ने पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी को किया गिरफ्तार

## बैंकों से धोखाधड़ी के मामले में हुई कार्रवाई, कंपनी निदेशक भी अरेस्ट

विशेष संवाददाता

लखनऊ। पूर्व मंत्री स्व. हरिशंकर तिवारी के बेटे और सपा के पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी को प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके साथी ही उनकी कंपनी गंगोत्री इंटरप्राइजेज का निदेशक अजीत पांडेय भी गिरफ्तार कर लिया गया है। ईडी ने सोमवार सुबह ही उनके कई ठिकानों पर छापेमारी की थी।

इसके पहले प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने पूर्व विधायक के गोरखपुर, लखनऊ, नोएडा और मुंबई के ठिकानों सहित देश में करीब दस जगहों पर एक साथ रेड डाली थी। सोमवार की सुबह हुई इस कार्रवाई को एक साथ अंजाम दिया गया। सूत्रों के अनुसार ईडी ने उनके खिलाफ चार्जशीट तैयार कर ली थी। जल्द ही उसे कोर्ट में पेश किया जाना है। ईडी की जांच में सामने आया था कि मेसर्स गंगोत्री एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने अपने प्रमोटरों, निदेशकों, गारंटरों के साथ मिलकर बैंक ऑफ इंडिया के नेतृत्व वाले सात बैंकों के कंसोर्टियम से 1129.44 करोड़ रुपये की क्रेडिट सुविधाओं का लाभ लिया था। बाद में इस रकम को उन्होंने अन्य कंपनियों में डायवर्ट कर दिया और बैंकों की रकम को वापस नहीं किया। इससे बैंकों के कंसोर्टियम को करीब 754.24 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी की 72.08 करोड़ रुपये की संपत्तियों को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नवंबर 2023 में जब्त कर दिया था। ईडी ने यह कार्रवाई विनय तिवारी की कंपनी गंगोत्री इंटरप्राइजेस लिमिटेड द्वारा बैंकों के कंसोर्टियम का करीब 1129.44 करोड़ रुपये हड़पने के मामले में की थी। बैंकों की शिकायत पर सीबीआई मुख्यालय ने केस दर्ज किया था, जिसके बाद ईडी ने भी विनय तिवारी समेत कंपनी के समस्त निदेशक, प्रमोटर ...शेष पृष्ठ 14 पर

## हाईकोर्ट ने आसाराम की जमानत अवधि बढ़ायी

जोधपुर। राजस्थान उच्च न्यायालय ने वर्ष 2013 में दुष्कर्म के एक मामले में स्वयंभू संत आसाराम की अंतरिम जमानत अवधि सोमवार को एक जुलाई तक के लिए बढ़ा दी।

आसाराम ने 31 मार्च को अपनी अंतरिम जमानत अवधि पूरी होने के बाद एक अप्रैल को जोधपुर केंद्रीय कारागार में आत्मसमर्पण कर दिया था। न्यायमूर्ति दिनेश मेहता और न्यायमूर्ति विनीत कुमार की खंडपीठ ने आसाराम की याचिका को उन्हीं शर्तों पर स्वीकार किया, जो उच्चतम न्यायालय ने निर्धारित की थीं। शर्तों में किसी भी तरह के प्रवचन या अनुयाइयों के साथ एकत्र होने पर रोक शामिल है। आसाराम की याचिका पर दो अप्रैल को सुनवाई हुई थी, जिसमें प्रतिवादी के वकील पीसी सोलंकी ने राहत दिये पर आपत्ति जताई और दलील दी ...शेष पृष्ठ 14 पर

# पीएम मोदी ने 30 करोड़ को गरीबी से बाहर निकाला

## संवाद से भविष्य में तैयार होगा सशक्तीकरण का रोड मैप : धामी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। पहले कई दशकों तक देश में समाज कल्याण विभाग कुछ गिने-चुने कार्यों तक ही सीमित माना जाता था लेकिन नरेंद्र मोदी के प्रधान सेवक बनने के बाद अपनायी गयी नीतियों और योजनाओं से बीते एक दशक में देश के करीब 30 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आने में सफल रहे हैं। यह विचार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में आयोजित केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दो दिवसीय चिंतन शिविर को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि हमारे राज्य के लिए गौरव का विषय है कि यहां सामाजिक न्याय जैसे महत्वपूर्ण विषय पर राष्ट्रीय स्तर का चिंतन शिविर आयोजित किया जा रहा है। ये चिंतन शिविर बाबा ...शेष पृष्ठ 14 पर

**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 39.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 24.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- महाप्रबंधक का एक माह का वेतन रोका गया (पृष्ठ-02)
- बेहतर होगा सहकारी संस्थाओं के कामकाज (पृष्ठ-02)
- वाहनों की खुदरा बिक्री में छह प्रतिशत की वृद्धि (पृष्ठ-14)
- शेयरबाजार में गिरावट, 14.09 लाख करोड़ डूबे (पृष्ठ-14)
- रुपया 38 पैसे टूटकर 85.82 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** कठुआ में अंतरराष्ट्रीय सीमा का गृहमंत्री अमित शाह ने किया दौरा, जवानों को किया संबोधित

# सीमा पर तैनात की जा रही इलेक्ट्रॉनिक निगरानी प्रणाली

एजेंसी

जम्मू। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि सरकार देश की सीमाओं की रक्षा के लिए इलेक्ट्रॉनिक निगरानी प्रणाली तैनात कर रही है और जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों की घुसपैठ को विफल करने के लिए सीमा के आसपास सुरंगों का पता लगाने एवं उन्हें नष्ट करने के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया जाएगा। कठुआ जिले के हीरानगर सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास सीमा चौकी विनय के दौरे के दौरान बीएसएफ कर्मियों को संबोधित करते हुए शाह ने बल के योगदान की सराहना की और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए जवानों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, हम सीमाओं पर इलेक्ट्रॉनिक निगरानी प्रणाली तैनात कर रहे हैं, जिसके दो मॉडल हैं, अगर कुछ भी होता है (दुश्मन की तरफ से), तो आप तुरंत जवाब दे सकेंगे। शाह ने कहा कि प्रौद्योगिकी से सुगमता बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। गृह मंत्री ने कहा, साथ ही भूमिगत सुरंगों की पहचान करने और उन्हें नष्ट करने के लिए तकनीकी साधन भी अपनाए जाएंगे। उन्होंने पूरे वर्ष सीमाओं की रक्षा करने में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के समर्पण और निष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि असली चुनौती तभी समझ में आती है जब कोई उस स्थान का दौरा करता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा ठंड, बारिश या भीषण गर्मी में जब तापमान 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर जाता है, तो आप दुश्मन की गतिविधियों पर नजर रखते हुए अग्रिम चौकियों पर 365 दिन और 24 घंटे तैनात रहते हैं। उन्होंने कहा बीएसएफ का इतिहास उज्ज्वल है और पूरा देश राष्ट्र की रक्षा में उनकी भूमिका जानता है। शाह ने कहा कि पाकिस्तान के साथ पिछले युद्धों में बीएसएफ का योगदान सेना के समान ही था।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कीर्ति चक्र से सम्मानित पुलिस उपाधीक्षक हुमायूं मुजम्मिल भट के परिवार से सोमवार को मुलाकात की, जिन्होंने 2023 में आतंकवादियों से लड़ते हुए अपने प्राण न्योछावर किए थे। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के तीन दिवसीय दौरे पर आए शाह श्रीनगर हवाई अड्डे पर ...शेष पृष्ठ 14 पर

# इजराइल के कब्जे में गाजा का 50 प्रतिशत हिस्सा

एजेंसी

तेल अवीव। हमास के खिलाफ पिछले महीने युद्ध फिर से शुरू करने के बाद से इजराइल ने गाजा पट्टी में अपने प्रभाव का तेजी से विस्तार किया है और अब वहां 50 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र उसके नियंत्रण में है। इजराइली सैनिकों और अधिकार समूहों ने बताया कि सेना द्वारा नियंत्रित सबसे बड़ा निकटवर्ती क्षेत्र गाजा सीमा के आसपास है, जहां सेना ने फलस्तीनी मकानों, कृषि भूमि और बुनियादी ढांचे को इस हद तक तबाह कर दिया है कि अब वहां रहना असंभव है। हाल के सप्ताह में इस सैन्य बफर जोन का आकार दोगुना हो गया है। इजराइल का कहना है कि उसकी यह कार्वाई अस्थायी रूप से जरूरी है ताकि सात अक्टूबर 2023 को हुए हमले के दौरान बंधक बनाए गए शेष लोगों को रिहा करने के लिए हमास पर दबाव बनाया जा सके। हमास द्वारा सात अक्टूबर 2023 को किए गए हमले के बाद यह युद्ध शुरू हुआ था। बहरहाल, मानवाधिकार समूहों और गाजा संबंधी मामलों के विशेषज्ञों का कहना है कि इजराइल के कब्जे वाली भूमि में क्षेत्र के उत्तर को दक्षिण से विभाजित करने वाला गलियारा भी शामिल है और इसका इस्तेमाल दीर्घकालिक नियंत्रण के लिए किया जा सकता है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पिछले सप्ताह कहा था कि हमास की हार के बाद भी इजराइल गाजा में सुरक्षा नियंत्रण बनाए रखेगा।

# पीएम मोदी ने देश में नयी खेल संस्कृति को बढ़ावा दिया : योगी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सशक्त राष्ट्र की परिकल्पना को साकार करने के लिए हमें स्वस्थ भारत चाहिए और स्वस्थ भारत के लिए खेलकूद की गतिविधियों को प्रत्येक स्तर पर प्रोत्साहित किया जाना आवश्यक है। इसीलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में एक नई खेल संस्कृति को बढ़ावा दिया है। खेलो इंडिया, फिट इंडिया मूवमेंट या देश में प्रत्येक जनपद में खोले गए स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सेंटर इस बात के उदाहरण हैं। इसके दृष्टिगत प्रथम अखिल भारतीय पुलिस हैंडबॉल क्लस्टर प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में किया जा रहा है, जिसमें केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और विभिन्न राज्यों के पुलिस बलों की 75 टीमें सहभागी बन रही है।

मुख्यमंत्री सोमवार को शहीद चन्द्रशेखर आजाद क्रीड़ा संकुल, 35वीं वाहिनी पीएसी में आयोजित प्रथम अखिल भारतीय पुलिस हैंडबॉल क्लस्टर प्रतियोगिता 2024-25 (हैण्डबॉल/बास्केटबॉल) का उद्घाटन करने के बाद आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। प्रतिभागी टीमों द्वारा मार्चपास्ट किया गया। मुख्यमंत्री ने उनका मान-प्रणाम स्वीकार किया। महिला आरक्षी बरखा सोनकर ने मुख्यमंत्री को मशाल सौंपी। मुख्यमंत्री द्वारा मशाल आरक्षी विक्रान्त सिंह को सौंपी गयी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर एक स्मारिका का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से अगले 4 दिनों तक प्रथम अखिल भारतीय पुलिस हैंडबॉल क्लस्टर प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन प्रदेश की राजधानी लखनऊ में किया जा रहा है। इसमें केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों व राज्य पुलिस बलों से जुड़ी 75 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। कुल 1,341 खिलाड़ी इस आयोजन में हिस्सा ले रहे हैं, जिसमें 336 महिला खिलाड़ी भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने क्लस्टर प्रतियोगिता के उत्तर प्रदेश में आयोजन करने के लिए प्रधानमंत्री तथा केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह खेल के महाकुम्भ जैसा है। सुदूर मणिपुर, जम्मू-कश्मीर, केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों की टीमें इस आयोजन का हिस्सा बन रही हैं और इसे एक नई ऊंचाई तक पहुंचाकर 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की परिकल्पना को साकार कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के ओलम्पिक, कॉमनवेल्थ गेम्स एशियन गेम्स तथा वर्ल्ड चैम्पियनशिप में पदक जीतने वाले अनेक खिलाड़ियों को सीधी भर्ती के माध्यम से उत्तर प्रदेश पुलिस बल और अन्य विभागों में नियुक्ति प्रदान की गई है। इन खिलाड़ियों में हॉकी खिलाड़ी ललित कुमार उपाध्याय, क्रिकेट खिलाड़ी दीप्ति शर्मा, एथलेटिक्स खिलाड़ी पारुल चौधरी, शूटिंग खिलाड़ी अखिल श्योराण, कबड्डी खिलाड़ी अर्जुन देशवाल शामिल हैं। इन्हें हमने सीधे डिप्टी एसपी का पद देकर उत्तर प्रदेश पुलिस बल का हिस्सा बनाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जूडो खिलाड़ी विजय कुमार यादव तथा कुश्ती खिलाड़ी दिव्या काकरान को नायब तहसीलदार, कैनो स्प्रिंट खिलाड़ी अर्जुन सिंह को यात्रीकर अधिकारी, एथलेटिक्स खिलाड़ी प्राची एवं रोइंग खिलाड़ी पुनीत कुमार को जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक दल अधिकारी के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई है। हॉकी खिलाड़ी राज कुमार पाल की पुलिस उपाधीक्षक के पद पर नियुक्ति की कार्यवाही वर्तमान में प्रचलित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 84 स्टेडियम, 67 बहुउद्देशीय हॉल, 15 सिन्थेटिक हॉकी स्टेडियम, 2 अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, 13 कुश्ती हॉल, 38 तरणताल, 47 अत्याधुनिक जिम सेण्टर, 20 सिन्थेटिक टेनिस कोर्ट, 16 छात्रावास भवन, 8 शूटिंग रेंज, 14 सिन्थेटिक बास्केट बॉल कोर्ट, 4 सिंथेटिक रनिंग ट्रैक, 2 जूडो हॉल, 12 वेटलिफ्टिंग हॉल, 2 इण्डोर वॉलीबॉल हॉल तथा 19 डॉरमेट्री आदि खेल अवस्थापना सुविधाओं का विकास किया गया है।

# डाटा सेंटर सहकारी संस्थाओं के कामकाज को बनायेगा बेहतर

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उप्र सहकारिता विभाग द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के तत्वाधान में आयोजित एक मेगा इवेंट का आयोजन सोमवार को पूर्वाह्न 11:00 बजे सहकारिता भवन स्थित पीसीयू सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रदेश के सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर द्वारा बतौर मुख्य अतिथि दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में अतिथियों को अंगवस्त्र एवं मोमेण्टों देकर स्वागत किया गया।

- **मंत्री ने किया सहकारिता डाटा बेस सेन्टर का लोकार्पण**
- **यू.पी.एस.डब्ल्यू.सी. में सेवाकाल में मृत सेवकों के आश्रितों को नियुक्ति पत्र का वितरण**

इस महत्वपूर्ण मेगा इवेंट के अवसर पर पीसीयू के छठवें तल पर नवनिर्मित सहकारिता डाटा बेस सेन्टर का लोकार्पण । मंत्री के कर कमलों से वर्चुअल रूप में किया गया तथा आई.वाई.सी. के मीडिया प्लान एवं सहकारी समितियों के एजीएम कैलेण्डर का विमोचन भी किया गया। इसी के साथ ही कार्यक्रम में यू.पी.एस.डब्ल्यू.सी. की ई-ऑफिस पर ऑनबोर्डिंग की गयी तथा यू.पी.एस.डब्ल्यू.सी. में सेवाकाल में मृत सेवकों के आश्रितों सविता बाजपेई, मंशा, सोनी श्रीवास्तव, सरिता बाजपेई, ाविभा सिंह, कुलदीप सिंह, देवेन्द्र कुमार, एवं ऋषभ तिवारी को नियुक्ति पत्रों का वितरण किया गया। सहकारिता मंत्री ने सहकारिता बेस डाटा सेंटर का उद्घाटन करते हुये कहा कि इस डाटा सेंटर का उद्देश्य सहकारी संस्थाओं की डिजिटल आवश्यकताओं को पूरा करना है और उनके डेटा का सुरक्षित प्रबंधन सुनिश्चित करना है। यह डाटा सेंटर सहकारी संस्थाओं के कामकाजी तरीके को और अधिक प्रभावी बनाएगा और उनके कार्यों में पारदर्शिता और सुगमता प्रदान करेगा। उद्घाटन के दौरान, मुख्य अतिथि जेपीएस राठौर ने डाटा सेंटर के महत्व और इसकी आवश्यकता पर विस्तृत चर्चा की और इसके आने वाले समय में सहकारी संस्थाओं के विकास में अहम योगदान देने की बात कही। सहकारी डाटा सेंटर से जुड़ी नई तकनीकी सुविधाओं के बारे में बताते हुए मंत्री ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल सहकारी संस्थाओं के कार्यों को सुगम और आसान बनाना नहीं है, बल्कि एक ऐसा ढांचा तैयार करना है जो हमारे डेटा को सुरक्षित रखने के साथ-साथ समय-समय पर तकनीकी उन्नति के साथ आगे बढें.। उक्त अवसर पर कैलेंडर का विमोचन किया गया।

यह कैलेंडर सहकारी बन्धुओं को सहकारिता वर्ष 2025 में विभाग द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान करेगा जिससे सहकारी बन्धु उक्त कार्यक्रमों का अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। यह कैलेण्डर सहकारी अधिकारियों/कर्मचारियों को भी उनके कार्य में मदद करेगा। कैलेंडर में सहकारी संगठनों के विभिन्न अभियानों और घटनाओं की जानकारी दी गई है, ताकि सहकारी वर्ग अपने सामाजिक और राष्ट्रीय कर्तव्यों के प्रति सजग रहे। यह कैलेंडर केवल तारीखों और कार्यक्रमों की एक सूची नहीं है, बल्कि यह एक मार्गदर्शिका है, जो सहकारी बन्धुओं को अपने लक्ष्य को पहचानने और उसे प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगा।इसके बाद कैलेंडर का विमोचन भी किया गया। यह कैलेंडर सहकारी संगठनों के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जो आगामी वर्ष में होने वाली आम बैठकों और गतिविधियों की जानकारी प्रदान करेगा। ।ळड कैलेंडर का उद्देश्य सभी सदस्यों को एक स्थान पर बैठक के आयोजन, कार्यक्रमों और अन्य महत्वपूर्ण कार्यों से अवगत कराना है। इस कैलेंडर के माध्यम से, सहकारी संस्थाओं के सदस्यों को उनके वार्षिक आयोजन की सटीक जानकारी मिलेगी और वे संगठनात्मक मामलों में अधिक पारदर्शिता और सक्रियता से भाग ले सकेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने ।ळड कैलेंडर के महत्व पर जोर दिया और इसके प्रभावी उपयोग के लिए रणनीतियों पर चर्चा की।

# कई दलों के नेताओं ने ली रालोद की सदस्यता

विशेष संवाददाता (vol)

मुजफ्फरनगर/लखनऊ। रालोद के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक नूर सलीम राणा के आवास पर कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर और जिला अध्यक्ष संदीप मलिक की उपस्थिति में सपा, कांग्रेस पार्टी तथा बसपा के सैकड़ो नेताओं, पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने अपनी पार्टी छोड़कर सोमवार को रालोद की सदस्यता ग्रहण की।

सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से नय्यूम त्यागी ग्राम प्रधान कूटेसरा, अब्दुल जब्बार राणा ग्राम प्रधान कुल्हैड़ी, अफसरून राई ग्राम प्रधान नगला राई, जरदाद खान ग्राम प्रधान जसोई, नावेद खान ग्राम प्रधान अमीरनगर, मेहताब राणा ग्राम प्रधान सुजडू, जुनेद राणा पूर्व प्रधान सुजडू, बाबू पूर्व प्रधान संघावली, मैराज चौधरी पूर्व प्रधान बिहार, मैराज बीडीसी ग्राम कोटेश्वर, नूर हसन बीडीसी ग्राम तावली, मौलवी मुस्तफा ग्राम कूटेसरा,सलीम त्यागी ग्राम चौकड़ा, परवेज राणा ग्राम सुजडू, हाजी मतलूब ग्राम नगला राई, कामिल चौधरी पूर्व प्रधान कुल्हैड़ी, गय्यूर त्यागी मेंबर चरथावल, असलम चौधरी ग्राम हरसोली, सत्तार चौधरी ग्राम गढ़ी दुर्गानपुर, हाजी कलवा ग्राम मांडी, मेहरबान चौधरी ग्राम मांडी, आलिफ चौधरी ग्राम निमार्णी, राशिद चौधरी ग्राम हरसोली, आरिफ राणा ग्राम छतेला, फरमान राणा ग्राम छतेला, फरमान त्यागी ग्राम कूटेसरा, रईस कुरैशी ग्राम कूटेसरा, शमशाद चौधरी ग्राम निमार्णी, काला चौधरी खलीफा ग्राम तावली, अहमद जैदी ग्राम संघावली, शान जैदी ग्राम वहलना, शादाब राणा ग्राम सुजडू, हाजी फैज राणा ग्राम सुजडू, मेहताब राणा ग्राम सुजडू, सखावत राणा ग्राम सुजडू, इमरान राणा पूर्व प्रधान गांव सुजडू, पप्पू गुलफाम राणा सुजडू, आदि सहित सैकड़ों लोगों ने रालोद की सदस्यता ग्रहण की।

# भाजपा सिर्फ एक दल नहीं बल्कि एक विचार : धर्मपाल सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। भाजपा के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम दूसरे दिन सोमवार को भी प्रदेश में बूथ स्तर आयोजित किये गए। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने मुरादाबाद, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य अलीगढ़, ब्रजेश पाठक लखनऊ

- **भाजपा के स्थापना दिवस पर प्रदेश में बूथ स्तर पर प्रदेश महामंत्री (संगठन) ने कार्यकर्ताओं को किया सम्बोधित**

महानगर तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने लखनऊ जिला में स्थापना दिवस पर पार्टी पदाधिकारियों, स्थानीय नागरिको तथा कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। साथ ही प्रदेश में पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नेता तथा पार्टी के कार्यकर्ता बूथ पर आयोजित कार्यक्रमों में पहुंचे और हर्षोल्लास के साथ पार्टी का स्थापना दिवस मनाया।

भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने राजधानी लखनऊ के बक्शी का तालाब के चिनहट ग्रामीण मंडल के बूथ क्रमांक 299 पर आयोजित पार्टी के स्थापना दिवस कार्यक्रम को सम्बोधित किया। धर्मपाल सिंह ने कहा कि भाजपा सिर्फ एक दल नहीं बल्कि एक विचार है। जो राष्ट्र की आराधना, मां भारती की साधना और सबके कल्याण की कामना के साथ काम करती है। भाजपा हर क्षेत्र, हर भाषा, हर संप्रदाय और हर देशवासी को जोड़कर आगे बढ़ रही हैं। भाजपा आज राष्ट्रहित की भी पार्टी है और क्षेत्रीय आकांक्षाओं की भी पार्टी है।

उन्होंने कहा कि भाजपा अपने मूल्यों, सिद्धातों, नेतृत्व और कार्यकताओं की वजह से आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। हमारे पास 18 करोड़ से ज्यादा समर्पित कार्यकर्ता है। देश की आबादी में 13 फीसदी से ज्यादा लोग हमारे सदस्य हैं। देश के 21 राज्यों में हमारी या हमारे गठबंधन की सरकार है। पार्टी आज जिस मुकाम पर खड़ी है उसमें असंख्य कार्यकर्ताओं का संघर्ष, हमारे नेताओं का बलिदान, त्याग और समर्पण शामिल है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के तत्कालीन सरसंघचालक गुरु जी से मिलने के बाद डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय व प्रो. बलराज मधोक के साथ मिलकर 21 अक्टूबर 1951 को दिल्ली में भारतीय जनसंघ की स्थापना की। देश आजादी के बाद भी ब्रिटिश औपनिवेशिक मानसिकता पर चल रहा था। ऐसे में पं. दीन दयाल उपाध्याय ने कहा कि पूंजीवाद हो या समाजवाद दोनों ही भारतीय भूमि की उपज नहीं हैं। हमारी संस्कृति से मेल नहीं खाते। दीन दयाल ने कहा कि हमें विवाद या संघर्ष नहीं समन्वय का रास्ता चुनना है।

जहां व्यक्ति का व्यक्ति से संघर्ष ना हो बल्कि एकात्मता का भाव हो। पंडित दीनदयाल के इसी एकात्म मानववाद और अंत्योदय को लेकर भारतीय जनसंघ की यात्रा शुरू हुई और आज भाजपा रूपी विशाल वृक्ष के रूप में हमारे और आप सबके सामने खड़ी है। धर्मपाल सिंह ने कहा कि हमारे मुद्दे थे समान नागरिक संहिता, गोहत्या पर प्रतिबंध और जम्मू-कश्मीर से धारा 370 की समाप्ति। एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान के विरोध में डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर कूच करने का फैसला किया। जहां प्रवेश के लिए परमिट की आवश्यकता होती थी। डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता और अखण्डता के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया।उन्होंने कहा कि 1977 में इमरजेंसी खत्म होने के बाद जनसंघ ने राष्ट्र सर्वोपरि की भावना के साथ विपक्षी दलों के साथ वैचारिक मतभेदों को भुलाकर इंदिरा गांधी और कांग्रेस पार्टी की तानाशाही को जवाब देने के लिए खुद का जनता पार्टी में विलय कर दिया। मोरारजी देसाई की अगुवाई में जनता पार्टी की केंद्र में सरकार बनी, अटल बिहारी वाजपेयी जी विदेश मंत्री और लालकृष्ण आडवाणी जी सूचना एवं प्रसारण मंत्री बने। इंदिरा गांधी के खिलाफ विपक्षी एकजुटता का ये प्रयोग बहुत ज्यादा दिनों तक सफल नहीं हो सका। गुटबाजी और अंतर्विरोधों की वजह से 1979 में जनता पार्टी की सरकार गिर गयी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के खिलाफ देश को राष्ट्रवादी राजनीति का विकल्प देने के लिए 6 अप्रैल 1980 को दिल्ली के फिरोजशाह कोटला मैदान में भाजपा की स्थापना हुई। अटल बिहारी वाजपेयी जी इसके पहले अध्यक्ष बने। 6 अप्रैल 1980 को भाजपा के गठन के बाद पार्टी का पहला अधिवेशन दिसंबर 1980 को मुंबई में हुआ। धर्मपाल सिंह ने कहा कि भाजपा अपने कार्यकर्ताओं के त्याग, तपस्या से बनी हुई है। भाजपा जमीन पर काम करके आगे बढ़ी है।

# सपा सांसद के साथ कुछ भी हुआ तो सीएम होंगे जिम्मेदार : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि अगर उनकी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन के साथ कुछ भी होता है तो इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिम्मेदार होंगे। उन्होंने आरोप लगाया

- **सपा प्रमुख ने पत्रकारवार्ता के दौरान पीएम मुद्रा योजना को लेकर भाजपा सरकार पर जमकर साधा निशाना**

कि मुख्यमंत्री एक छिपी हुई भूमिगत ताकत को बढ़ावा दे रहे हैं जो लोगों को अपमानित कर रही है और विपक्ष की आवाज को दबा रही है।

समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की सभी योजनाएं फेल हो चुकी है इसीलिए यह सरकार ध्यान बंटाने के लिए कम्युनल पॉलिटिक्स कर रही है। उन्होंने यह टिप्पणी करणी सेना के सदस्यों द्वारा आगरा में सुमन के आवास पर किये गये हमले के मद्देनजर आयी है। यह संगठन संसद में सुमन द्वारा हाल में दिये गये एक बयान का विरोध कर रहा था, जिसमें उन्होंने राजपूत राजा राणा सांगा को देशद्रोही कहा था। अखिलेश यादव ने सपा के राज्य मुख्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि अगर उनके या किसी और के साथ कोई घटना होती है या उन्हें अपमानित भी किया जाता है, तो इसके लिए एकमात्र जिम्मेदार व्यक्ति मुख्यमंत्री होंगे। वह इन समूहों को उसी तरह प्रोत्साहित कर रहे हैं जैसे हिटलर अपने सैनिकों का प्रोत्साहन करते थे। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में एक छिपी हुई भूमिगत ताकत काम कर रही है, जो लोगों को निशाना बना रही है। थानों में उनका अपमान कर रही है और असहमति को दबा रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जो लोग कभी भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस का दावा करते थे, वे अब खुद इसमें उलझे हुए हैं। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना दावा किया, उनका अपना एक अधिकारी पकड़ा गया। वह मुख्यमंत्री के आवास पर छिपा होगा। अखिलेश यादव परोक्ष रूप से आईएएस अधिकारी अभिषेक प्रकाश का जिक्र कर रहे थे, जो इंवेस्ट यूपी के सीईओ के रूप में तैनात थे और हाल में सरकार ने उनका नाम एक परियोजना को मंजूरी देने के लिए पैसे मांगने के आरोप लगने बाद उन्हें निलंबित कर दिया था।

अखिलेश यादव ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना को लेकर भाजपा नीति केंद्र सरकार पर सोमवार को तीखा हमला किया और इसे झूठी योजना करार दिया, जो अपनी शुरुआत के एक दशक बाद भी ठोस आर्थिक या सामाजिक प्रभाव डालने में विफल रही है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा नेता अपनी योजनाओं का प्रचार करते नहीं थकते। आज एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है - मुद्रा योजना के 10 साल। लेकिन एक दशक बीत जाने के बावजूद, इसने समाज या अर्थव्यवस्था पर कोई ठोस प्रभाव नहीं छोड़ा है। यह एक झूठी योजना बन गई है - झूठे वादों की योजना। उन्होंने कहा कि जनता और हमें भी यह पूछने का अधिकार है, अगर 52 करोड़ लोगों को वास्तव में मुद्रा लोन मिला है और अगर प्रति लोन दो नौकरियां भी पैदा हुई हैं, तो देश में बेरोजगारी लगभग शून्य होनी चाहिए।

## बसपा के वरिष्ठ नेता दद्दू प्रसाद समेत कई नेताओं ने ली सपा की सदस्यता

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व पर आस्था जताते हुए सोमवार को बसपा के कई बड़े नेता बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ सपा में शामिल हो गए। अखिलेश यादव ने कहा कि सपा में दद्दू प्रसाद, जगन्नाथ कुशवाहा, देव नागर और बसपा छोड़कर आने वाले सभी साथियों का स्वागत है। हमें उम्मीद है कि ये सब पीडीए की लड़ाई और संघर्ष को मजबूत करेंगे। बसपा के प्रमुख नेता पूर्व मंत्री दद्दू प्रसाद, बसपा के कोआर्डिनेटर सलाउद्दीन, तरन्नुम सिद्दीकी के अलावा बसपा के संस्थापक सदस्य मास्टर रामाधीन अहिरवार सपा में शामिल हो गए। इनके अलावा शामिल होने वालों में ललित चौधरी, जगन्नाथ कुशवाहा और अनिरूद्ध सिंह, विवेक भोजला प्रमुख है। दद्दू प्रसाद पांच बार के विधायक पूर्व कैबिनेट मंत्री तथा सामाजिक परिवर्तन मिशन के राष्ट्रीय संयोजक है। उनके साथ पूर्व मंत्री बशीरूद्दीन खां के पुत्र शफीरूद्दीन और पूर्व लोकसभा प्रभारी हमीरपुर कमलापति राठ भी शामिल हुए। देवरंजन अहिरवार आज की राजनीतिक स्थितियां और तकनीक के विशेष जानकार हैं। उन्होंने कांग्रेस छोड़कर सपा की सदस्यता ली है।

# समाधान भी होगा, सुविधाएं भी मिलेंगी : केशव मौर्य

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अलीगढ़ जाने से पहले अपने कैम्प कार्यालय पर आयोजित जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति को हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाये।

उन्होंने निर्देश दिए कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाये और समस्याओं के समाधान के लिए सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये। उन्होंने निर्देश दिए कि जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न, भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाये। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने फरियादियों को विश्वास दिलाते हुवे कहा कि परेशान हो, समस्याओं का समाधान भी होगाए सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाएं भी मिलेंगी। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाये कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांग जनो, बुजुर्गों आदि की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# महाप्रबंधक का एक माह का वेतन रोका गया

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने आजमगढ़, चित्रकूट, मिर्जापुर, मुजफ्फरनगर एवं गोरखपुर के दुग्ध संघों के महाप्रबंधकों को तरल दुग्ध बिक्री में कमी होने पर सख्त चेतावनी

- **तरल दुग्ध विक्री में कमी होने पर जनपद आजमगढ़, चित्रकूट, मिर्जापुर, गोरखपुर एवं मुजफ्फरनगर को फटकार**

देते हुए कार्यप्रणाली में सुधार लाने के लिए सख्त निर्देश दिए हैं।

इसके साथ ही झांसी के महाप्रबंधक को डेयरी प्लांट के कार्यों में नियमानुसार बजट व्यय न करने पर कार्यवाही करने, माह अप्रैल का वेतन रोकने एवं चार्जशीट दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। प्रत्येक सप्ताह दुग्ध संघों के कार्यों की मुख्यालय स्तर पर समीक्षा की जाए। पराग के लाभ में न आने और हानि होते रहने पर पीसीडीएफ के अधिकारी और दुग्ध संघों के महाप्रबंधक इसका नुकसान वहन करेंगे और पूरी तरह जिम्मेदार होंगे। दुग्ध विकास मंत्री ने सोमवार को पीसीडीएफ सभागार में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी 19 दुग्ध महासंघों के दुग्ध महाप्रबंधकों से उनके कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। सिंह ने कहा कि गर्मी को देखते हुए पराग के दूध, दही, छाछ, आईसक्रीम आदि उत्पादों की कोई कमी न हो। पराग के उत्पादों की गुणवत्ता में कोई भी समझौता न किया जाए। प्रदेश में पराग की स्वादिष्ट आईसक्रीम के लिए रिटेल आउटलेट्स खोले जाएं सभी प्रकार की पैकेजिंग और फ्लेवर की आईसक्रीम पराग द्वारा बनाई जाए। दिव्यांगजनों को आईसक्रीम विक्रय के लिए प्रोत्साहित करते हुए उन्हें स्वरोजगार से जोड़ा जाए। मंत्री ने कहा कि सभी दुग्ध महाप्रबंधक मार्केटिंग के कार्यों पर विशेष ध्यान दें और एक्शन प्लान बनाकर कार्य करें। प्रदेश के प्रत्येक जनपद के हर वार्ड में पराग बूथ स्थापित किए जायें और कामर्शियल मोड में इनका संचालन कराया जाए। पराग बूथों के सुव्यवस्थित संचालन के लिए महाप्रबंधक ही जिम्मेदार होंगे। महाप्रबंधक दुग्ध संघों के हानि-लाभ पर विचार करते हुए कार्य करें और खर्चों को कम करने के विशेष प्रयास करें। पराग दुग्ध उपार्जन और तरल दुग्ध विक्रय में वृद्धि की जाए। सिंह ने कहा कि वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी में दुग्ध विकास विभाग का अहम योगदान है।

# बैंकों, शिक्षण संस्थानों व स्टेकहोल्डर्स के साथ बनायें समन्वय

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान में अधिक से अधिक युवाओं को शामिल करने के लिए बैंकों, शैक्षिक संस्थानों और स्टेकहोल्डर्स के

- **एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने 90 दिनों की कार्ययोजना की समीक्षा की**

साथ सघन समन्वय स्थापित किया जाए। इसके लिए शैक्षिक संस्थानों जैसे आईआईटी, एकेटीयू, एचबीटीयूए लखनऊ विश्वविद्यालय और एमिटी विश्वविद्यालय के सहयोग से युवा उद्यमी कॉन्क्लेव-2025 का आयोजन अप्रैल 2025 के अंतिम सप्ताह में कानपुर और लखनऊ मंडलों में प्रस्तावित है। इस कॉन्क्लेव में फ्रेंचाइजी बिजनेस, मशीनरी सप्लायर्स और बिजनेस ऑन व्हील्स से जुड़े विशेषज्ञ युवाओं को बिजनेस मॉडल प्रस्तुत करेंगे और उनके पंजीकरण को प्रोत्साहित करेंगे।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री सोमवार को निर्यात भवन सभागार, लखनऊ में एमएसएमई विभाग की 90 दिनों की कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दृष्टि के अनुरूप विभागीय योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार और प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाए। मंत्री ने जोर दिया कि लोगों को योजनाओं की जानकारी और लाभ प्राप्ति में किसी भी तरह की बाधा न आए, इसके लिए व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी और सुगम बनाया जाए। समीक्षा के दौरान मंत्री सचान ने प्रमुख योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, एक जनपद एक उत्पाद और मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की प्रगति की गहन समीक्षा की। मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत 1.50 लाख लाभार्थियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। आगामी 90 दिनों में कम से कम 50,000 स्वीकृतियां और 40,000 ऋण वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# आगरा एक्सप्रेस वे के पास नयी आवासीय योजना

## 4200 करोड़ में 1850 एकड़ की योजना, 12 गांवों की जमीनों का होगा अधिग्रहण

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। अनंत नगर आवासीय योजना (मोहान रोड) का शुभारंभ करने के बाद लखनऊ विकास प्राधिकरण ने नई आवासीय योजनाओं को लेकर कवायद शुरू कर दी है। गोमती नगर विस्तार में पुलिस हेड क्वार्टर के पास, सुल्तानपुर रोड पर आईटी सिटी व वेलनेस सिटी को अगले चरण में शुरू करने की योजना है। साथ ही पूर्वांचल एक्सप्रेस वे व आगरा एक्सप्रेस वे पर एलडीए की नई आवासीय योजना तथा बक्शी का तालाब क्षेत्र में भी नई आवासीय योजना का खाका तैयार कर लिया गया है।

यहां सर्वे कराया जा रहा है। बीकेटी में करीब 6000 एकड़ भूमि जुटाव के लिए बोर्ड से प्रस्ताव भी पास हो चुका है। सोमवार को एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने नई आवासीय योजनाओं को लेकर बैठक की। मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के अंतर्गत योजनाओं के लिए बजट के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

इन टाउनशिप में बड़ी संख्या में आवासीय व व्यवसायिक भूखण्ड उपलब्ध होंगे।

मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के अंतर्गत एलडीए ने आगरा एक्सप्रेस वे के पास आगरा मोहान रोड नाम से नई आवासीय योजना विकसित करने की योजना तैयार की है। इसके लिए यहां के लगभग 12 गांवों की 1850 एकड़ भूमि का अधिग्रहण करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

यहां भूमि जुटाव के लिए सर्वे भी कर लिया गया है। तहसील लखनऊ में स्थित ग्राम भलिया में क्षेत्रफल 2.315 हेक्टेअर, आदमपुर इंदवारा में 13.434 हेक्टेअर, बहरू में 43.287 हेक्टअर, जलियामऊ में 116.297 हेक्टेअर व तहसील सरोजनी नगर में स्थित ग्राम मदारपुर व इब्राहिमगंज में 20.814 हेक्टेअर, नकटौरा में 59.210 हेक्टेअर, गहलवारा में 191.034 हेक्टेअर, दोना में 710 हेक्टेअर, रेवरी में 230.62 हेक्टेअर, तेजकृष्ण खेड़ा में 219.11 हेक्टेअर व सकरा में 243.62 हेक्टेअर भूमि का जुटाव अर्जन तथा सहमति के आधार पर खरीदने व लैंड पूलिंग के आधार पर किया जाएगा। इसके लिए आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्ताव रखे जाने की तैयारी है।

इस योजना पर करीब 4200 करोड़ रुपये खर्च आने का आकलित किया गया है। इसके अलावा पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के पास भी 1800 एकड़ में नई आवासीय योजना को लेकर सर्वे किया गया है। यह योजना सुल्तानपुर रोड, शहीद पथ से 15-17 किलोमीटर दूर होगी।

### बख्शी का तालाब में 6000 एकड़ में नयी योजना

बख्शी का तालाब में एलडीए 6000 एकड़ में नई आवासीय योजना की तैयारी है। यहां ग्राम-भौली में क्षेत्रफल 98.656 हे., बारूमऊ में 430.032 हे., धतिगरा में 165.735 हे., गोपरामऊ में 56.536 हे., लक्ष्मीपुर में 45.012 हे., पूरबगांव में 98.691 हे., पुरवा में 34.876 हे., सैरपुर में 109.940 हे., फरूखाबाद में 102.059 हे., कोडरी भौली में 51.606 हे., कमलाबाद में 13.875 हे., कमलापुर में 9.220 हे., सैदपुर में 97.219 हे. एवं पल्हरी गांव में 135.269 हे. अर्थात कुल क्षे. 1448.726 हेक्टेअर में आवासीय योजना विकसित किये जाने के लिए लैण्ड पूलिंग एवं आपसी समझौते के आधार पर क्रय करने एवं भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 में निहित प्राविधानों के तहत भूमि अर्जन किए जाने को लेकर एलडीए बोर्ड से प्रस्ताव पास हो चुका है। अब सर्वे कर आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### पुलिस हेड क्वार्टर के पास 20 एकड़ में नयी योजना

■ गोमती नगर विस्तार सेक्टर सात में पुलिस हेड क्वार्टर के पास मलेशेमऊ में आवासीय योजना विकसित करने के लिए भी प्रस्ताव पास किया गया है। यहां प्राधिकरण की अर्जित भूमि से सटी ग्राम सरसवां, तहसील सरोजनी नगर की खसरा संख्या-1 की 2.3390 हे. खसरा संख्या तीन की 0.6470 हे., खसरा संख्या 4 की 0.0940 हे., खसरा संख्या पांच की 0.1100 हे., छह की 0.0780 हे., 7 की 0.900 हे., 9 की 0.2250 हे., 11 की 0.7710 हे., 13 की 0.950 हे., 14 की 0.0770 हे., 15 की 1.0330 हे., 16 की 0.1260 हे., 17 की 0.1310 हे., 18 की 0.0950 हे., 22 की 0.0960 हे., 23 की 0.4570 हे., 24 की 0.1170 हे., 27 की 0.1770 हे. 29 की 05630 हे. कुल 8.1310 हेक्टेअर (20.0921 एकड़) भूमि को आपसी सहमति के डीएम सर्किल रेट पर भूमि जुटाव का प्रस्ताव बोर्ड से पास होने के बाद आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। यहां बीस हजार से अधिक लोगों को आशियाना मिल सकेगा।

# एलिवेटेड रोड के साथ मेट्रो पर विचार के लिए दो माह का समय

विशेष संवाददाता (vol)

● पॉलीटेक्निक से किसान पथ तक दोनों एक साथ बनाए जाने पर होगा विचार

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने पीडब्ल्यूडी, आवास विकास परिषद, एलडीए, लखनऊ मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन व नगर निगम को पॉलीटेक्निक पॉलीटेक्निक से किसान पथ तक एलिवेटेड रोड के साथ-साथ मेट्रो रेल सेवा शुरू करने के सम्बंध में एकीकृत योजना बनाने के लिए दो माह का समय दिया है। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 29 मई की तिथि नियत करते हुए कहा है कि विशेषज्ञों की ओर से इस एकीकृत योजना को बनाने के पश्चात इसके पूर्ण होने में लगने वाला समय भी पता चल जाएगा और तब इसए मूर्तरूप देने के लिए कदम उठाए जा सकते हैं।

यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति राजीव सिंह की खंडपीठ ने अवध बार एसोसिएशन की वर्ष 2017 की एक जनहित याचिका पर पारित किया। न्यायालय के पिछले आदेश के अनुपालन में पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव अजय चौहान, आवास विकास परिषद के चेयरमैन पी गुरुप्रसाद व एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई के दौरान उपस्थित हुए, जबकि एलएमआरसी के जीएम/एमडी आशीष द्विवेदी तथा एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव कोर्ट में हाजिर हुए। न्यायालय ने पाया कि उसके पिछले आदेश के बाद उक्त प्रोजेक्ट को लेकर कोई विशेष प्रगति नहीं हुयी है। इस पर प्रमुख सचिव, पीडब्ल्यूडी का कहना था कि सभी हितधारक विभागों, प्राधिकरण व एलएमआरसी को साथ मिलकर एकीकृत योजना बनायी जा सकती है। न्यायालय ने इसे उपयुक्त मानते हुए, शहर के विकास से जुड़ी सभी एजेंसियों को इसमें शामिल करने को कहा। उपस्थित हुए अधिकारियों ने योजना तैयार करने के लिए तीन माह का समय मांगा हालांकि न्यायालय ने दो माह का समय दिया है।

सभी अधिकारियों को अगली सुनवाए एपर पुनः उपस्थित होने का भी आदेश दिया है।

# नगर निगम जलकल कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण किया

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नगर निगम जलकल कर्मचारी महासंघ सहित सहयोगी संगठनों के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने शपथ दिलायी। सोमवार को नगर निगम मुख्यालय में आयोजित समारोह में शपथ ग्रहण के दौरान महासंघ की ओर से होली मिलन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। नगर निगम एवं जलकल कर्मचारी संघ के अध्यक्ष आनंद मिश्र और महामंत्री सै. कैसर रजा सहित 60 सदस्यीय नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने शपथ ली। महासंघ के सहयोगी संगठन उप्र. नगर निगम चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के राम कुमार रावत अध्यक्ष, जितेंद्र सिद्धार्थ महामंत्री सहित 28 सदस्यीय तथा नगर निगम नियमित एवं संविदा सफाई कर्मचारी संघ के रूपेश उर्फ पिन्टू अध्यक्ष, सुमित कुमार वाल्मीकि महामंत्री सहित 15 सदस्यीय नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने भी शपथ ग्रहण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश शर्मा, पूर्व उप मुख्यमंत्री व राज्य सभा सदस्य और विशिष्ठ अतिथि महापौर सुषमा खर्कवाल रहीं। इस दौरान पार्षदगण, अपर नगर आयुक्त, महाप्रबंधक, जलकल एवं अन्य उच्चाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर विष्णु जी तिवारी म्यूजिकल ग्रुप के गीतों ने समारोह में शमां बांध दिया।

## भूमि अधिग्रहण के विरोध में किसानों का प्रदर्शन

लखनऊ। वृंदावन योजना सेक्टर 9 स्थित आवास विकास कार्यालय पर सोमवार को भारतीय किसान श्रमिक जनशक्ति यूनियन के बैनर तले किसानों ने अधिग्रहण के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों और पुलिस के बीच झड़प भी हुई। गोसाईगंज ब्लॉक के किसानों ने भूमि विकास व गृहस्थान योजना सं या एक व तीन के तहत अधिग्रहण का विरोध किया। यूनियन के जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश रावत ने आरोप लगाया कि आवास विकास परिषद बहुफ सली सिंचित भूमि का अधिग्रहण करना चाहता है। यह 2013 के भूमि अधिग्रहण कानून के तहत सुरक्षित है। किसानों ने कहा कि प्रस्तावित अधिग्रहण लोक प्रयोजन न होकर व्यावसायिक उद्देश्य से प्रेरित है। किसानों ने कहा कि वह अपनी भूमि देने को तैयार नहीं हैं और लैंड पूलिंग योजना का भी विरोध करेंगे। इस दौरान किसानों और पुलिस के बीच झड़प भी हुई। किसानों ने गृहस्थान योजना को रद्द करने और जमीनों की रजिस्ट्री पर लगी रोक हटाए जाने की मांग की। किसानों ने 30 दिन का समय दिया है।

# कठौता झील की सफाई से बढ़ेगी जल संग्रहण की क्षमता

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। गोमतीनगर और इंदिरानगर को गर्मियों में पानी की किल्लत न हो, इसके लिए लखनऊ नगर निगम और जलकल विभाग ने कठौता झील की डी-सिल्टिंग और ड्रेजिंग का काम सोमवार से शुरू करवा दिया है। सिल्ट साफ होने से कठौता झील में पानी स्टोरेज की क्षमता तीन गुना तक बढ़ जाएगी। मई महीने में शारदा नहर के बंद होने के बावजूद झील में पर्याप्त पानी रहने से गोमतीनगर और इंदिरानगर में पानी की किल्लत गर्मियों में नहीं रहेगी। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने सोमवार को मौके पर पहुंचकर काम का जायजा लिया। उनके साथ नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, जीएम जलकल कुलदीप सिंह, चीफ इंजीनियर जलकल शमीम अख्तर, एक्सईएन जलकल जोन-4 विकास शर्मा आदि रहे।

जलकल विभाग के अधिकारियों के अनुसार सिल्ट की सफाई के बाद झील में पानी स्टोरेज की क्षमता तीन गुना तक बढ़ जाएगी। इससे गर्मी में गोमती नगर और इंदिरा नगर के लोगों को पानी की दिक्कत नहीं होगी। 17-18 मई की रात में शारदा नहर को सफाई के लिए बंद किया जाएगा। उससे पहले 25 अप्रैल से झील को भरने का काम शुरू किया जाएगा। कठौता झील की लंबाई लगभग 1200 मीटर और चौड़ाई 600 मीटर है। झील के इनलेट पॉइंट (जहां से पानी अंदर आता है) पर करीब डेढ़ लाख क्यूबिक मीटर मिट्टी (सिल्ट) जमा हो गई थी, जिसकी डी-सिल्टिंग का काम सोमवार से शुरू कर दिया गया है।

अगले 20 दिनों में इनलेट की सफाई पूरी कर ली जाएगी। वर्तमान में कठौता झील में 05 लाख क्यूबिक मीटर मिट्टी है। झील के बीच वाले हिस्से की सफाई के लिए, ड्रेजिंग मशीन का इस्तेमाल किया जाएगा, जिससे पानी की गहराई भी बढ़ेगी और झील की कुल क्षमता में सुधार होगा। जलकल विभाग 15 पोकलैंड मशीनें और डंपर की मदद से मिट्टी बाहर निकाल रहा है। साफ की गई मिट्टी को अकबरनगर से खाली कराई गई जमीन पर बनाए जा रहे पार्क और मनोरथा गौशाला के निर्माण कार्यों में इस्तेमाल किया जाएगा। साथ ही, नगर निगम और एलडीए के प्रोजेक्ट्स में भी इसका उपयोग किया जाएगा, जिससे संसाधनों की बर्बादी नहीं होगी।

## बस से दुर्घटना में यात्री को बचाने पर मिलेगा अवार्ड

लखनऊ। मोटरयान अधिनियम (संशोधित)- 2019 की धारा-134 (ए) के अंतर्गत जो व्यक्ति मोटरयान दुर्घटना में पीड़ित व्यक्ति को चिकित्सीय या प्रि चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराता है या देखरेख में साथ रहेगा उसे 'नेक आदमी' गुड समेरिटन अवार्ड-2023 की संज्ञा दी जायेगी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, नई दिल्ली के सहयोग से सुजन फाउंडेशन द्वारा ऐसे लोगों को इस अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने एक्सीडेंट में घायल हुए लोगों को अस्पताल पहुँचाने में मदद की है, जिस कारण उनकी जान बच पाई। यह सम्मान परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिये जायेंगे। यह सम्मान कार्यक्रम 2 पार्ट में होगा।

## लोकबंधु अस्पताल में बनेगा मेरीटेशन सेंटर

लखनऊ। दिमाग में कुछ उल्टा सीधा आ रहा है और लोग परेशान है तो इसके समाधान के लिए लोकबंधु अस्पताल में मेरीटेशन सेंटर खोला जा रहा है। जिसमें डाक्टर ऐसे मरीजों को दवा और समय के साथ उन्हें पूरी तरह से ठीक करने की कोशिश करेंगें। ऐसे में एक दिन में दस से अधिक मरीजो को समय दिया जायेगा। एक मरीज को कम से कम एक घण्टे का समय दिया जायेगा। जिससे तीन डाक्टरो का पैनल मरीज के पूरी जानकारी रजिस्टर में दर्ज करेंगें। यह जानकारी लोकबंधु अस्पताल के सीएमएस ने दिया है।

## बिना बीमा के ही चल रहे है पचास प्रतिशत ई-रिक्शा

लखनऊ। शहर में हजारो की संख्या में ई-रिक्शा चल रहे है। लेकिन इनमें से पचास प्रतिशत ई-रिक्शा का बीमा समाप्त हो चुका है। बीमा का समय सीमा समाप्त होने के बाद दुर्घटना होती है तो कोई भी क्लेम नही मिलेगा। आरटीओ कार्यालय के अधिकारियों का कहना है कि जोई-रिक्शा कार्यालय में रजिस्टर्ड है उसका बीमा नही होने पर जुर्माना वसूला जा रहा है पर जिन गाड़ियों का कार्यालय में रजिस्टेशन नही है उनका पता नही चल पा रहा है। आरटीओ प्रर्वतन संदीप पंकज का कहना है कि जांच किया जा रहा है ई-रिक्शा कार्यालय में रजिस्टर्ड नही है तो उसके खिलाफ कार्यवाही किया जायेगा। वहीं ई-रिक्शा चालक संघ के उपाध्यक्ष वीरेन्द्र का कहना है कि बिना रजिस्टर्ड के ई-रिक्शा सड़क पर कैसे चल रहा है इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़क पर अवैध वाहन चल रहे है तो अधिकारी क्या कर रहे है। जिस ई-रिक्शा का विभाग में पंजीकृत है उसे ही परेशान अधिकारी कर रहे है।

## आरटीओं में सख्ती बढ़ी तो सुबह शाम आ रहे है बाहरी

लखनऊ। आरटीओ में बाबुओ का कार्य बाहरी से कराये जाने पर पूरी तरह से रोक लगाने के बाद अब कुछ बाबुओ के कहने पर बाहरी सुबह सात और शाम को 6 बजे के बाद दिन में बाबुओ का कार्य निपटा रहे है। कुछ लोगो का कहना है कि सुबह सफाई कर्मी के आने के बाद बाबू के कमरे में बाहरी बैठ जाते है और फिर बाहर से ताला लगा दिया जाता है। फिर वह ताला सुबह 7 बजे बंद होता है और 8 बजे खुल जाता है। एक घण्टे में बीते दिनो का पूरा कार्य निपटा दिया जाता है। सरोजनीनगर के थाना के दारोगा से जब इस बारे में बात किया गया तो उन्होंने कहा कि जांच चल रही है अगर ऐसा हो रहा है तो अचानक छापा डाला जायेगा और बाहरी कार्य करते पकड़ा जाता है तो बाबू और बाहरी दोनो पर कार्यवाही किया जायेगा। वहीं डीएम ने कहा कि आरटीओ में बाहरी व्यक्तियों को बिना कार्य के जाने पर पूरी तरह से रोक लगाने का निर्देश दिया गया है।

## छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर के प्रति किया गया जागरूक

लखनऊ। नगर निगम लखनऊ से म्युनिसिपल गर्ल्स इंटर कॉलेज, कश्मीरी मोहल्ला लखनऊ में एल्डा फाउंडेशन की ओर से सर्वाइकल कैंसर और मासिक धर्म स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कॉलेज की शिक्षकों, कर्मचारियों व छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर के बारे में बीमारी से बचाव और इलाज के बारे में सम्पूर्ण जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम, जांच और टीकाकरण के बारे में जागरूक करना था।

कॉलेज की प्रधानाचार्या रीता सिंह के निर्देशन में आयोजित सर्वाइकल कैंसर जागरूकता कार्यक्रम में डॉ. पूजा व डॉ. मनीषा तिवारी ने सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में तीन प्रमुख लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित किया गया। पहला, महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम और जांच के प्रति जागरूक करना। दूसरा, एचपीवी वैक्सीन और नियमित जांच को बढ़ावा देना। तीसरा, महिलाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़ी सटीक जानकारी प्रदान करना। विशेषज्ञों ने बताया कि समय पर जागरूकता और नियमित जांच से सर्वाइकल कैंसर से बचा जा सकता है। इससे पहले फाउंडेशन की ओर से नगर निगम मुख्यालय में भी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। फाउंडेशन का उद्देश्य है कि इससे अधिक से अधिक महिलाएं अपनी सेहत के प्रति सजग रहेंगी और गंभीर बीमारियों से बच सकेंगी।

# ऋण आवेदन पत्र अनावश्यक रूप से निरस्त न किये जायें: डीएम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान से संबंधित ऋण पत्रावलियों को समय से निस्तारण कराये जाने को लेकर डीएम विशाख जी ने विकास नगर स्थित यूनियन बैंक की शाखा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि योजनान्तर्गत 15 ऋण आवेदन प्राप्त हुए, जिसमे 6 आवेदन पत्रों का निस्तारण किया गया है, जबकि 8 लंबित है। इस स्थिति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि लंबित सन्दर्भों का यथा शीघ्र निस्तारण किये जाये।

निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि 2 ऋण पत्रावलियां बिना किसी कारण के बैंक द्वारा निरस्त कर दिया गया, जिसके सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि बैंक के ब्रांच ऑफिसर के विरूद्ध कार्यवाही के लिए यूनियन बैंक के उप महाप्रबन्धक को प्रस्ताव भेजा जाये।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बैंक अधिकारियों को निर्देश दिये कि ऋण आवेदन पत्रों को अनावश्यक रूप से निरस्त न किये जाये, यदि किसी प्रकार की समस्या हो तो संबंधित विभाग से समन्वय कर समस्या का समय से समाधान कर ऋण पत्रावलियों को समय से निस्तारण किया जाये।

डीएम विशाख जी ने बैंकों को निर्देश दिये है कि रोजगारपरक शासकीय योजनाओं विशेषकर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान से संबंधित ऋण आवेदन पत्रों को समय से स्वीकृति प्रदान कर युवाओं को ऋण उपलब्ध करायें ताकि युवा अपना रोजगार समय से शुरू कर सकें। मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि ग्रामीण क्षेत्र में जिन बैंकों मे मुख्यमंत्री युवा योजना के पत्रावलियां सर्वाधिक लंबित है, उसका निरीक्षण कर ऋण पत्रावलियों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, अजय कुमार जैन, जीएम डीआईसी, मनोज कुमार चौरसिया, लीड प्रबन्धक, मनीष पाठक, यूनियन बैंक के क्षेत्रीय प्रबन्धक, मार्कण्डेय यादव, सहित अन्य सम्बन्धी अधिकारी मौजूद थे।

## धार्मिक स्थलों के लिए परिवहन निगम चलायेगा इलेक्ट्रिक बसें

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह के निर्देशों के अनुपालन में परिवहन निगम प्रथम चरण में अपने बस बेड़े में 250 इलेक्ट्रिक बसों को शामिल करने का निर्णय लिया है। इसके लिए भारत सरकार की फेम टू स्कीम के तहत मिलने वाले 40 प्रतिशत अनुदान के लिए पत्र भेजा है। भारत सरकार से इस सम्बंध में विचार करने के लिए अपनी सैद्धांतिक सहमति दी है।

परिवहन निगम केपेक्स मॉडल पर आधारित व्यवस्था के तहत इन्टर सिटी इलेक्ट्रिक बसें चलायेगा। यह जानकारी प्रबंध निदेशक परिवहन निगम मासूम अली सरवर ने बीते वर्ष बताया था कि प्रदेश सरकार एवं परिवहन मंत्री की मंशा परिवहन निगम के बेड़े में इलेक्ट्रिक बसों के संचालन को बढ़ाने की है। उन्होंने बताया था कि प्रदेश सरकार की मंशा प्रमुख धार्मिक स्थलों यथा-अयोध्या, काशी, प्रयागराज, मथुरा, चित्रकूट को प्रदेश की राजधानी से इलेक्ट्रिक बसों के माध्यम से सीधे जोड़ने की है। इलेक्ट्रिक बसें प्रदूषणमुक्त, पर्यावरण हितैषी होने के साथ-साथ आर्थिक रूप से भी किफायती हैं। परिवहन मंत्री ने प्रधानमंत्री के संकल्प के दृष्टिगत पर्यावरण के अनुकूल प्रदूषणमुक्त बसों का संचालन कर यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने में अपनी भागीदारी बढ़ाने के लिए, इलेक्ट्रानिक बसों के संचालन का निर्णय लिया है।

## निःस्वार्थ समर्पण से भाजपा बनीं सबसे बड़ी पार्टी

लखनऊ। भाजपा के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों के अंतर्गत उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक सोमवार को कैंट विधानसभा क्षेत्र के मण्डल-4 (बूथ संख्या 330) पर आयोजित बूथ कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के साथ सम्मिलित हुए और पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यकर्ताओं के त्याग, परिश्रम और निःस्वार्थ समर्पण से पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। भाजपा को नित नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने वाले कर्मठ कार्यकर्ताओं को माला पहनाकर सम्मानित किया और स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## लविवि के बीफार्म के आठ छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल और इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज के द्वारा आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में आठ छात्रों का मैकलियोड्स फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड में चयन हुआ। चयनित छात्रों को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय और केंद्रीय प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. अनूप भारती, अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रो. अशोक कुमार सिंह एवं फार्मास्युटिकल साइंसेज के निदेशक प्रो. पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। मैकलियोड्स फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड की प्लेसमेंट ड्राइव प्रक्रिया (प्री-प्लेसमेंट टॉक, टेस्ट, पर्सनल इंटरव्यू राउंड) को बी. फार्म के आठ छात्रों ने सफलता पूर्वक उत्तीर्ण किया। जिनमें चार छात्रों (अभिषेक शुक्ला, प्रतीक हनुमान, अभय प्रताप, आशीष कुमार मद्धेशिआ) का चयन क्वालिटी कंट्रोल पद पर एवं अन्य चार छात्रों (विशाल कुमार सिंह, कृष्णा नंद, अजय पासवान, नवीन कुमार यादव) का चयन प्रोडक्शन डिपार्टमेंट में हुआ।

# गोसाईंगंज व सैरपुर में अवैध प्लाटिंग तोड़ी

## काकोरी में 02 व्यावसायिक निर्माण सील

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन टीम ने गोसाईगंज में लगभग 50 बीघा व सैरपुर में 02 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही दो अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया।

वहीं, काकोरी में अवैध रूप से किये जा रहे 02 व्यावसायिक निर्माण सील किये गये। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि राजेन्द्र निषाद, उमेश कनौजिया व अन्य की ओर से किसान पथ पर गोमती बंधे के पास नूरपुर बेहटा में लगभग 50 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी।

प्रवर्तन जोन-4 के जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह ने बताया कि देशराज सिंह, मोहर्रम अली, जमील व अन्य द्वारा सैरपुर में रैथा रोड पर ग्राम-भौली एवं पूरब गांव में जनता मेडिकल स्टोर के सामने लगभग 02 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा रहा था।

प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह ने बताया कि मोहम्मद हमाद, आदाब व अन्य द्वारा काकोरी में शिवरी वंश धर्मकांटा के सामने लगभग 100 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण करवाया जा रहा था। इसके अलावा तोशिक व अन्य की ओर से काकोरी में हरदोई रोड मोड़ के पास लगभग 450 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था। प्रकरण में मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे इन दोनों अवैध निर्माण के विरूद्ध विहित न्यायालय विहित न्यायालय ने ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये थे। सोमवार को प्रवर्तन टीम ने पुलिस बल के सहयोग से उक्त अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण व सीलिंग की कार्यवाही करायी गयी।

■ **सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाकर 25 करोड़ की भूमि कब्जा मुक्त ... लखनऊ।** सरोजनी नगर तहसील अंतर्गत ग्राम सरसवां में नगर निगम और राजस्व विभाग की टीम ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव की ओर से गठित टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई को अंजाम दिया। टीम का नेतृत्व नायब तहसीलदार नीरज कटियार कर रहे थे। कार्रवाई के दौरान जेसीबी मशीनों की मदद से भू-माफियाओं की ओर से की गई अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त किया गया। हल्के विरोध के बीच पुलिस बल और पीएसी की मौजूदगी में कब्जा हटाया गया। खाली कराई गई भूमि की कुल रकबा 2.274 हेक्टेयर है, जिसकी बाजारी कीमत लगभग 25 करोड़ रुपये आंकी गई है। उपरोक्त भूमि अभिलेखों में नगर निगम में निहित भूमि के रूप से दर्ज है। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि अवैध कब्जा करने वालों की पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ जल्द ही एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

■ **नक्खास चौराहे से अकबरी गेट तक अतिक्रमण हटाया... लखनऊ।** नगर निगम के जोन 6 की टीम ने सोमवार को कश्मीरी मोहल्ला वार्ड स्थित नक्खास चौराहे से लेकर अकबरी गेट ढलान तक अतिक्रमण हटाया। इस दौरान सड़क किनारे अवैध रूप से लगे 10 ठेले और 20 अस्थाई दुकानों को हटाया गया। जोनल अधिकारी मनोज यादव के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के दौरान अवैध दुकानदारों से 1 लकड़ी का ठेला, 3 लोहे के काउंटर, 2 फ्लैक्स बोर्ड, 3 प्लास्टिक स्टूल आदि जब्त भी किए गए। अतिक्रमणकर्ताओं को चेतावनी दी गई कि दोबारा इस स्थान पर अतिक्रमण करने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# चार दशकों से मुकदमे में उलझाये रखने पर किराएदार पर 15 लाख का हर्जाना

विधि संवाददाता

● हाईकोर्ट ने कहा, एक पूरी पीढ़ी को उसके अधिकारों से वंचित कर दिया गया

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने 30 साल पुरानी एक याचिका को खारिज करते हुए, किराएदार पर 15 लाख रुपये हर्जाना लगाया है। न्यायालय ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि किराएदार ने 1979 से किराया नहीं दिया और 1981 में जब सम्पत्ति की स्वामिनी ने अपने बेटे के लिए व्यवसाय शुरू करने के उद्देश्य से सम्पत्ति को खाली करने को कहा तो सम्पत्ति को मुकदमों में उलझा दिया। न्यायालय ने कहा कि इस तरह से लगभग 40 सालों तक एक पूरी पीढ़ी को अधिकारों से वंचित कर दिया गया।

यह निर्णय न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने किराएदार वोहरा ब्रदर्स की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। न्यायालय ने जिलाधिकारी, लखनऊ को भी आदेश दिया है कि यदि हर्जाने की उक्त रकम दो माह में नहीं जमा की जाती है तो वह वसूली करवाएं। प्रतिवादी के अधिवक्ता गौरव मेहरोत्रा की दलील थी कि विवाद की शुरुआत वर्ष 1982 में हुयी जब सम्पत्ति की स्वामिनी कस्तूरी देवी ने फैजाबाद रोड पर स्थित उक्त सम्पत्ति को खाली करने को याची से कहा ताकि वह अपने बेटे को उसमें व्यवसाय शुरू करा सकें। याची द्वारा सम्पत्ति को खाली करने से इंकार करने पर उन्होंने सम्बंधित प्राधिकारी के समक्ष रिलीज प्रार्थना पत्र दाखिल किया जो 1992 में खारिज हो गया। उस समय वोहरा ब्रदर्स द्वारा उक्त सम्पत्ति का 187.50 रुपया किराया दिया जा रहा था। प्राधिकारी के आदेश के विरुद्ध सम्पत्ति स्वामिनी ने अपील दाखिल की जिसका फैसला 1995 में स्वामिनी के पक्ष में आया।

## जोन 3 का नया कार्यालय अव्यवस्थाओं के बीच शुरू

लखनऊ। नगर निगम के जोन 3 का नया कार्यालय सोमवार को अव्यवस्थाओं के बीच शुरू हो गया। पहले यह कपूरथला चौराहा पर पुराने आरटीओ भवन में चल रहा था। पहले दिन ही यहां गृहकर जमा करने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच गए। यहां पर पुराने कार्यालय के मुकाबले गृहकर जमा करने वाला हाल छोटा और पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण भीड़ बढ़ने से कुछदेर के लिए परेशान रहे।

प्रेस विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना सरोजनीनगर कमिश्नरेट लखनऊ में मिलामी की प्रक्रिया प्रशासनिक स्तर पर प्रचलित है जिस क्रम में थाना स्थानीय पर दाखिल वाहन माल मुकदमाती, सीज, लावारिस, सुपुर्दगी वाहन चार पहिया, तीन पहिया, दो पहिया व अन्य बड़े वाहन थाना परिसर में खड़े है जिनके सम्बन्ध में उपरोक्त वाहन स्वामी द्वारा अपने वाहन की वैधानिक तरीके से प्राप्त करने में रूचि नही ली जा रही है ऐसे वाहन जो लम्बे समय से थाना परिसर पर खड़े है और खड़े रहने के कारण उनके इंजन नम्बर, चेचिस नम्बर स्पष्ट नही हो रहा है तथा जिनकी पहचान नही हो पा रही है उन वाहनों के स्वामी यदि अपने वाहनों को थाना परिसर से प्राप्त करना चाहते है तो थाने पर आकर अपने वाहन से सम्बन्धित प्रपत्र प्रस्तुत कर वैधानिक तरीके से प्राप्त करना सम्भव नही है एवं जिनके वाहन स्वामियो का पता नही है उनके लिये यह विज्ञप्ति सर्व साधारण को सूचित करते हुए तस्दीक हेतु आम सूचना दी जाती है कि 15 दिवस के अन्दर अपने वाहनों को थाने पर आकर प्राप्त कर ले अन्यथा उपरोक्त वाहनो की नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। जिसका दायित्व वाहन स्वामी का होगा।

प्रभारी निरीक्षक - थाना-सरोजनीनगर लखनऊ।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

**मेट्रो**

**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना दुबग्गा, कमिश्नरेट लखनऊ में निलामी की प्रकिया प्रशासनिक स्तर पर प्रचलित है जिस क्रम में थाना स्थानीय पर दाखिल वाहन माल मुकदमाती, सीज, लावारिस सूरक्षार्थ वाहन चारपहिया दो पहिया व अन्य बडे वाहन थाना परिसर में खड़े है जिनके सम्बन्ध उपरोक्त वाहन स्वामी द्वारा अपने वाहन को वैधानिक तरीके से प्राप्त करने में रूचि नहीं ली जा रही है। ऐसे वाहन जो लम्बे समय से थाना परिसर में खुले आसमान के नीचे खडे होने के कारण उनके इंजन नम्बर चेसिस नम्बर स्पष्ट नहीं हो पा रहा है तथा जिनकी पहचान नहीं हो पा रही है तथा नोटिस प्रदान करना सम्भव नही है एवं जिनके वाहन स्वामियों का पता तस्दीक हुआ है, उनको नोटिस जारी की गयी है तथा पम्प लेट के माध्यम से सूचना दी जा रही है। अतः सम्बन्धित वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है 15 दिवस के अन्दर अपना वाहन नियमानुसार अवमुक्त करा ले अन्यथा उपरोक्त वाहनो की नीलामी कराकर पैसा राजकीय कोख में जमा कर दिया जायेगा, जिसका दायित्व वाहन स्वामी का होगा।

**प्रभारी निरीक्षक - थाना दुबग्गा, लखनऊ।**

## युवती को जबरन खींचकर गाड़ी में बिठाने का मुकदमा दर्ज

लखनऊ। काकोरी थाना क्षेत्र में आने वाले एक गांव के 55 वर्षीय किसान ने सैफल पुर निवासी अभय प्रताप सिंह यादव पुत्र रामप्रसाद यादव पर अपनी 24 वर्षीय बेटी को जबरन खींच कर अपनी गाड़ी में डालकर ले जाने का आरोप लगाया है ऐसा 5 तारीख की शाम उस समय घटित हुआ जब किसान की बेटी गांव के ही मन्दिर से गर वापस आ रही थी। पुलिस द्वारा प्राप्त तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है और आरोपी की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।

# शराब के नशे में छत से गिरकर पान विक्रेता की मौत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गोसाईंगंज इलाके में शराब के नशे में छत पर चढ़े पान विक्रेता की गिर घायल हो गया। जिसे परिजनों ने ट्रामा में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

पुलिस के मुताबिक गोसाईगंज कस्बा सब्जी मंडी के रहने वाले राजू (45) घर के पास पान की गुमटी चलाते थे। बेटे रोहित ने बताया कि उनके पिता रविवार दुकान बंद करके नशे की हालात में घर लौटे थे खाना खाने के बाद छत पर लेटने के लिए चले गए इसी दौरान बाउंड्री वॉल ना होने के कारण पहली मंजिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। गिरने की आवाज सुनकर घर के अन्य सदस्य आए तो उन्हें उठा कर ट्रामा सेंटर पहुंचाया जहां इलाज के दौरान सोमवार को उनकी मौत हो गई। परिवार में पत्नी अनीता चार बच्चे हैं।

**गोसाईगंज संदिग्ध हालत में चालक की मौत:** कंटेनर लेकर लखनऊ के रास्ते कोलकाता जा रहे चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक को इलाज के लिए सीएचसी ले गई। जहां इलाज के दौरान चालक की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मैनपुरी के रहने वाले लोकेश (40) कंटेनर चालक थे। हेल्पर सनी ने बताया कि वह लोग लखनऊ से पार्सल लेकर कंटेनर से कोलकाता जा रहे थे, तभी पूर्वांचल एक्सप्रेस के पास अचानक चालक लोकेश की तबीयत खराब हो गई उन्हें इलाज के लिए सीएचसी गोसाईगंज पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिवार में पत्नी संगीता दो बच्चे हैं घर वालों ने फिलहाल कोई आरोप नहीं लगाया है।

## ई-रिक्शा पलटने से युवती की मौत, छह लोग घायल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मडियांव थाना क्षेत्र के आईआईएम रोड पर रविवार देर रात सड़क दुर्घटना में ई ऑटो रिक्शा सवार लक्ष्मी (28) की मौत हो गई। जबकि छह लोग घायल हो गए। गम्भीर रूप से घायल दो महिलाओं को निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।। जबकि अन्य का प्राथमिक उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया।

सभी लोग एक ही परिवार और पारा के मायापुरम कालोनी के रहने वाले हैं। सभी लोग बीकेटी स्थित 51 शक्ति पीठ से दर्शन करके लौट रहे थे। ऑटो में सागर, पत्नी लक्ष्मी, पिता संजय, मां सीता, बुआ पुष्पा, बहन प्रिया व प्रियांशी के अलावा पड़ोसी प्रदीप बैठे थे। बीकेटी स्थित 51 शक्तिपीठ के दर्शन करके पूरा परिवार ई रिक्शा से रविवार रात नौ बजे लौट रहे थे। आई आई एम रोड पर घैला पुल के पास तेज रफ्तार कार ने पीछे से ई रिक्शा में टक्कर मार दी। ई रिक्शा पलट कर ट्रक्टर से टकरा गया। सभी घायलों को निजी अस्पताल में ले जाया गया। जहां लक्ष्मी की मौत हो गई। अन्य घायलों का उपचार के छुट्टी दे दी गई।

## सूचना

सूचित करना है मैने अपने पुत्र अमान सिद्दीकी को उसके गलत चाल-चलन के चलतें अपनी चल-अचल सम्पत्ति सें बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इसके किसी भी कृत्यों से कोई सरोकार नही होगा। **जियाऊद्दीन पुत्र सलारुदीन निवासी-सी/183, सिविल लाइन, बेगमगंज, थाना कोतवाली नगर, बाराबंकी।**

## सूचना

सूचित हो कि मेरी पुत्री के पासपोर्ट सं. P1119963 में त्रुटिवश उसका नाम नायरा अरोरा (Naira Arora) दर्ज है जबकि उसके जन्म प्रमाणपत्र में उसका सही नाम नायरा अरोरा (Nyra Arora) अंकित है। मेरी पुत्री के पासपोर्ट में भी उसका सही नाम ही दर्ज किया जाये। **दीपक अरोरा पुत्र स्व. इन्द्रजीत अरोरा नि.- म.नं.-702, टावर बी2, विस्टा शालीमार वन वर्ल्ड, सेक्टर-6, निकट इकाना स्टेडियम, गोमती नगर एक्सटेंशन, लखनऊ।**

# चंद्रिका देवी मंदिर में दुकानदारों ने श्रद्धालुओं को पीटा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रसिद्ध चंद्रिका देवी मंदिर में श्रद्धालुओं-दुकानदारों के बीच विवाद हो गया। एकजुट दुकानदारों ने श्रद्धालुओं को मंदिर परिसर में दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। बीच-बचाव करने आई महिलाओं से भी धक्का-मुक्की की। घटना सोमवार दोपहर की है। श्रद्धालुओं द्वारा प्रसाद लेने से मना करने पर झगड़े की बात सामने आई है। अलीगंज के 60 फीटा रोड के रहने वाले पियूष शर्मा सोमवार सुबह 10 बजे के करीब अपनी बहन पूजा शर्मा, छोटे भाई ईशान शर्मा, प्रिंस शर्मा, दोस्त रंजीत कश्यप उसकी छोटी बहन पूर्णिमा कश्यप और भाई आशीष कश्यप के साथ चंद्रिका देवी मंदिर दर्शन करने गए थे। यहां प्रसाद लेने को लेकर विवाद हो गया। पियूष शर्मा ने बताया- प्रसाद की दुकान पर खड़े दुकानदार अंकित साहू अपनी दुकान से प्रसाद लेने के लिए बहन का हाथ पकड़ कर ले जाने लगा। जब इसका विरोध किया तो विकास सिंह, दीपू सिंह, प्रियांशु गुप्ता, दिलीप और गणेश बेल्ट और लाठी-डंडों से पीटने लगे। गंदी-गंदी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने जब इसकी सूचना बीकेटी थाना में दी उसके लगभग आधा घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची, जबकि मंदिर के पास ही पुलिस चौकी है। कठवारा पुलिस चौकी प्रभारी शशि प्रकाश ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी दुकानदारों को गिरफ्तार कर लिया है। कानूनी कार्रवाई की जा रही है। मां चंद्रिका देवी मंदिर मेला समिति के उपाध्यक्ष राम कृपाल सिंह ने बताया कि मां चंद्रिका देवी मेला समिति इस अप्रिय घटना से आहत है। मंदिर परिसर में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। साथ ही सभी दुकानदारों को श्रद्धालुओं से अभद्रता नहीं करने की हिदायत दी गई है।

**दबंग भाइयों पर मुकदमा :** नगराम के सिरौना गांव में रविवार शाम खेत से ट्रैक्टर ले जाने का आरोप लगाते हुए दबंग भाइयों ने पिता पुत्र की पिटाई कर दिया। थानाध्यक्ष नगराम के अनुसार पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर पर आरोपी भाइयों के विरुद्ध मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। नगराम के सिरौना गांव निवासी उमेश कुमार द्वारा नगराम थाने पर दी गई तहरीर के अनुसार रविवार शाम करीब सात बजे गांव के ही सगे भाई मुकेश व नीरज उसके पास आए और खेत से ट्रैक्टर निकाल कर ले जाने का आरोप लगाते हुए गाली गलौज करने लगे गालियां देने का विरोध करने पर दो भाइयों ने जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी डंडों से मारा पीटा।

## विकास नगर में कारोबारी के घर लूट करने वाला एक लाख का ईनामी गिरफ्तार

लखनऊ। बीती 28 मार्च को राजधानी के विकासनगर थाना क्षेत्र में कारोबारी के साथ हुई लूट की घटना में वांछित एक लाख के पुरस्कार घोषित आरोपी सुशील मिश्र को यूपी एसटीएफ नें गिरफ्तार किया है। सुशील मिश्र को छिवकी रेलवे स्टेशन प्रयागराज से गिरफ्तार किया है। यह प्रतापगढ़ जिले के थाना जेठवारा के गोपालगंज का रहने वाला है। यह गैंग बनाकर लगातार लूट व डकैती की घटनाओ को अंजाम देता है।

एसटीएफ के मुताबिक इसका साथी प्रेम बहादुर सिंह वर्ष-2023 में पंकज अग्रवाल के यहां ड्राइवर का काम करता था। कुछ दिन काम करके छोड़ दिया था। उसके बाद पिछले 01 महीने से फिर उनके यहां ड्राइवरी का काम करने लगा था। कई बार पंकज अग्रवाल अपने साथ कलेक्शन के काफी रुपए लेकर आते जाते थे, जिसे यह देखता रहता था। इसके अलावा इनका मुनीम अमित सैनी पंकज अग्रवाल के अलग अलग स्टोर व अन्य स्थानों से रुपए अपनी बाइक से इकट्ठा करता था, उसके बारे में भी इसको जानकारी थी। उस पैसे को लूटने के लिए उसने अपने चचेरे भाई सोनेन्द्र सिंह के साथ प्लान बनाया। सोनेन्द्र सिंह ने कहा कि यह काम एक आदमी का नहीं है इसके लिए 4-5 आदमियोंकी जरूरत पड़ेगी। इसके बाद सोनेन्द्र ने इसको व अन्य आदमियों को तैयार किया। प्रेम बहादुर सिंह ने सोनेन्द्र सिंह को रुपए लाने वाले आदमी के बारे में व मोटरसाइ ?किल का नम्बर बताया और सोनेंद्र ने इसे व इसके अन्य साथियो को घटना करने के लिए सारी जानकारी दिया। यह लगभग 14 वर्ष जनपद प्रतापगढ़ व नैनी जेल में बन्द था। वही पर इसकी मुलाकात अनुज मौर्या, सतीश सिंह व अन्य अपराधियों हुई थी। इस घटना को अंजाम देने के लिए इसने ही अन्य साथियों को बुलाया था। जिसके बाद सोनेन्द्र, वैभव सिंह, सतीश सिंह अनुज मौर्या व गौरव मिश्रा ने रेकी करके लूट की घटना को अंजाम दिया था। इसके विरुद्ध कई मुकदमे दर्ज है।

# ब्लिंकिट ऐप के नाम पर ऑन लाइन 99 हजार की ठगी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कमिश्नरेट के दुबग्गा इलाके में साइबर जालसाज ने ब्लिंकिट ऐप के नाम पर ठगी कर दी। जालसाज ने ब्लिंकिट का कस्टमर केयर कर्मचारी बनकर कॉल किया। 10 पेमेंट करने का झांसा देकर 99 हजार 500 की ठगी कर ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नौबस्ता अमेठिया सलेमपुर काकोरी निवासी रवि कुमार मौर्य ने बताया कि 18 मार्च दोपहर करीब 12 बजे ब्लिंकिट ऐप पर कुल्फी सर्च कर रहे थे। कुल्फी नहीं मिली तो ऐप बंद कर दिया। इसके 10 मिनट बाद ब्लिंकिट कस्टमर केयर से कॉल आया। कॉलर ने कहा कि गूगल पे से 10 रुपए की पेमेंट करने के बाद दिखने लगेगी। पेमेंट न होने पर कॉल को हेडऑफिस बताकर ट्रांसफर कर दी। दूसरे व्यक्ति ने बातचीत करने के बाद डिस्कनेक्ट कर दी। 5 मिनट बाद फिर ब्लिंकिट कस्टमर केयर से कॉल आया बताया कि दोनों खातों से 1 लाक 99 हजार 500 रुपए कट गए हैं और कॉल कट गई। कुछ देर फिर कॉल करके बोला कि फोन पे एक्टिव करिए सारा पैसा वापस आ जाएगा। रवि ने डर की वजह से फोन पे एक्टिव नहीं किया। फिर कॉल करके धमकी देने लगा कि अगर एक्टिव नहीं करोगे तो बाकी पैसा भी कट जाएगा। इसके बाद गाली देने लगा। उसकी हरकतों से परेशान होकर रवि ने नाम पूछा तो अपना नाम दया शंकर त्रिपाठी बताया। इंस्पेक्टर दुबग्गा ने बताया मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है।

**डिस्ट्रीब्यूटरशिप के नाम पर आनलाइन ठगे 80 हजार रुपये :** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में रहने वाला एक युवक के मित्र के साथ आए जालसाज ने कंपनी का डिस्ट्रीब्यूटरशिप के नाम पर आनलाइन हजारों रुपये ठग हड़प लिया। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित जय प्रकाश नगर आलमबाग निवासी सुनील कुमार शर्मा पुत्र स्व अयोध्या प्रसाद शर्मा के अनुसार उनके परिचित रोहित कुमार कुशवाहा के माध्यम से अवी कुमार उर्फ अविनाश कुमार तिवारी डिस्ट्रीब्यूटर के कार्य के लिये उनके पास आये थे और ब्रावो युनिकेयर प्राइवेट लिमिटड नामक कंपनी का डिस्ट्रीब्यूटर बनाये जाने की बात तय हुआ पीड़ित के अनुसार उन्होंने कंपनी का वैरिफिकेशन भी किया था उस दौरान कंपनी एक्टिव थी जिसपर विश्वास कर उन्होंने अपने पंजाब एन्ड सिंध बैंक खाते से 80 हजार रुपये डिस्ट्रीब्यूटरशिप के लिए ट्रांसफर कर दियो कंपनी द्वारा तीन दिन के भीतर माल भेजने की बात तय हुआ था लेकिन तय समय पर सामान नहीं पहुंचा जिसपर पीड़ित ने कंपनी के मोबाईल नंबर पर संपर्क किया तो नंबर बंद बताने लगो पीड़ित मामले की शिकायत स्थानीय कृष्णा नगर पर की हैं कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर आईटी व ठगी की धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

**रेलवे कर्मचारी के सैलरी एकाउन्ट से हैकरों ने उड़ाए 15 हजार रुपये:** साइबर हैकरों ने एक रेलवे कर्मचारी के सैलरी एकाउन्ट से 15 हजार रुपये पार कर दिया। जिसकी जानकारी होने पर पीड़ित ने स्थानीय आलमबाग कोतवाली में पुलिस से लिखित शिकायत की है। आलमबाग कोतवाली प्रभारी सुभाष चन्द्र सरोज ने बताया कि मूल रूप से ग्राम फतेहखेड़ा पोस्ट कनकहा जिला लखनऊ निवासी जगन्नाथ पुत्र दुखी के अनुसार वह उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में विद्युत विभाग में कार्यरत है। उसका सैलरी एकाउन्ट एसबीआई बैंक में है।

## पॉश इलाके में दिनदहाड़े टप्पेबाजी से मचा हड़कंप

लखनऊ। कमिश्नरेट के गोतमपल्ली चौराहे पर टप्पेबाजों ने कार सवार को अपनी बातों में उलझाकर मोबाइल व पर्स गायब कर दिया। कार सवार शुक्रवार को ऑफिस से घर की तरफ जा रहे थे। तभी लोरेटो के गेट नंबर- 2 के पास एक लड़का गाड़ी के पास आया और शीशा पीटने लगा। तभी दूसरी तरफ से आया लड़का भी चिल्लाने लगा। कार सवार को बातों में उलझाकर घटना को अंजाम देकर फरार हो गए।

सेक्टर- आई एलडीए कॉलोनी कानपुर रोड निवासी संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 8:30 बजे अपनी कार से ऑफिस से आशियाना घर जा रहे थे। लोरेटो स्कूल के गेट नंबर- 3 के सामने ट्रैफिक के बीच एक लड़का पैदल रोड क्रॉस करने लगा, जिसे बचाने के लिए कार का ब्रेक लगाया। उस लड़के ने पीछे के दरवाजे में जोर से लात मारी। इस पर संतोष ने गाड़ी रोक दी, तभी दूसरी तरफ से एक लड़का शीशा पीटने लगा। उससे बात करने के शीशा खोला, तभी दूसरी तरफ से दूसरे युवक ने शीशा पीटना शुरू कर दिया। बातचीत में उलझाकर दोनों लड़कों ने कार की सीट पर रखा सैमसंग का मोबाइल तथा पर्स गायब कर दिया। बहस के दौरान संतोष ने ध्यान दिया। इतने में एक ने बोला कि गाड़ी आगे जल्दी आगे बढ़ाओ पीछे जाम लग रहा है। चौराहा क्रॉस करके कुछ दूर आगे गए तो मोबाइल और पर्स पर ध्यान गया। दोनों गायब था। पर्स में 8 हजार नकद व बैंक का क्रेडिट कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस था। इंस्पेक्टर गौतमपल्ली का कहना है कि मुकदमा दर्ज करके सीसीटीवी की मदद से अज्ञात लड़कों की तलाश की जा रही है।

# पटाखा कारखाने में जबरदस्त विस्फोट, एक घायल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गोसाईगंज क्षेत्र के जौखंडी गांव में स्थित पटाखा के कारखाने में सोमवार की दोपहर तेज धमाके के साथ आग लग गई जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया जबकि कारखाने को दीवारें गिर गई और उनपर रखी टीने उड़कर दूर गिरी।

जौखंडी में गांव के बाहर खेतों में निसार का पटाखे बनाने का कारखाना है जिसमे दीवारें बनी थी और छत की जगह टीने रखी हुई थी। सोमवार को सलमान कारखाने में काम कर रहा था तभी दोपहर लगभग 12.30 बजे अचानक तेज धमाका हुआ जिससे कारखाने की दीवारें गिर गई और ऊपर रखा टीन शेड लगभग 20 फीट ऊंचा उड़ गया और कुछ दूर जाकर गिरा। दीवारें गिरने से वहां काम कर रहा सलमान उसी के निचे दब गया। धमाके की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो देखा सलमान उसी में दबा था जिसे लोगों ने बाहर निकालकर अस्पताल भिजवाया और घटना की जानकारी पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जॉच पड़ताल की। वहीं मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने सुलग रही आग को बुझाया। इस सम्बंध में इंस्पेक्टर गोसाईंगंज ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि घटनास्थल की जॉच की गई जहाँ सारे मानक पूरे मिले और कारखाने में बनाने व भंडार करने का लाइसेंस है जो मार्च 2026 तक वैध है।

**अधिशासी अभियंता के घर लाखों की चोरी से हड़कंप:** कमिश्नरेट के सरोजनीनगर स्थित विद्युत प्रशिक्षण संस्थान के अधिशासी अभियंता मयंक मौर्य के आवास से सोने-चांदी के जेवर और कीमती घड़ियां चोरी हो गई हैं। उन्होंने इसकी पुलिस से शिकायत की है। मयंक मौर्य ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 5 अप्रैल को जब उन्होंने अपनी आलमारी का लॉकर खोला, तो उसमें रखे सभी जेवर और घड़ियां गायब थीं। उन्होंने आखिरी बार 7 मार्च को लॉकर की जांच की थी, तब सारा सामान मौजूद था। चोरी हुए सामान में चार सोने की चेन, रोज गोल्ड चेन-लॉकेट, कान के टप्स, सोने का झुमका, नथिया, मांग टीका शामिल हैं। इसके अलावा सात सोने की अंगूठियां, दो कंगन, दो ब्रेसलेट और एक कान का बूंदा भी गायब है। चांदी के गहनों में सात जोड़ी पायल और सात जोड़ी बिछिया भी चोरी हुई है।

## किशोरों को अश्लील फिल्में दिखाने वाला गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र से पुलिस ने एयरफोर्स के जीडी नायक को गिरफ्तार किया है। वह किशोरों को अश्लील फिल्में दिखाकर गलत हरकत करता था। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी कृष्ण उत्तराखंड के देहरादून के पटेल नगर का रहने वाला है। वह मेमोरा छावनी एयरफोर्स स्टेशन में जीडी नायक के पद पर तैनात था। छावनी परिसर में रहने वाले 14-15 साल के किशोरों को अकेला पाकर उन्हें बातों में फंसाता था। सुनसान जगहों पर ले जाकर उन्हें अश्लील फिल्में दिखाता था। उसके बाद उनके साथ गलत हरकत करता था। पुलिस ने बताया- आरोपी कृष्ण की हरकतों से परेशान होकर एक किशोर ने अपने घरवालों को इसकी जानकारी दी थी। उसके पिता ने 4 मार्च को बंथरा थाने में उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया था। मामले की जांच में आरोप सही पाए गए। इस पर सोमवार को उसे गिरफ्तार किया गया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत एकला विकास खंड पिपरौली गोरखपुर

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत एकला विकास खंड पिपरौली जिला गोरखपुर द्वारा मनरेगा पंचम राज्य वित्त, पन्द्रहवां वित्त आयोग,स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज द्वितीय आंगनबाड़ी, शवदाह गृह, वृक्षारोपण, एस.एल. डब्लू.एम. एवं अन्य योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत आर आर सी सेंटर, कूड़ा गाड़ी घर, वाल पेंटिंग स्वच्छता किट, भष्मक, सामुदायिक सोक पीट, बायोगैस प्लांट, व्यक्तिगत शोक पीट नाडेप, वर्मी, यु टाइप नाली, अंदर ग्राउंड नाली, प्लास्टिक बैंक, कूड़ेदान, प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, इंटरलॉकिंग ब्रिक, ह्यूम पाइप, लोकल बालू, सफेद बालू, मोरंग बालू, सीमेंट, सरिया, पत्थर गिट्टी, पत्थर, पेंटिंग वर्क, वायरिंग वर्क, साइन बोर्ड, कैरेज मिट्टी, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, टॉयलेट सीट, लकड़ी का खिड़की, लकड़ी का दरवाजा- चौखट, लोहे का खिड़की, लोहे का दरवाजा, रिबोर हेतु पाइप, सफाई किट, बेंच, डस्टबिन, इत्यादि सामग्री की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 08.04.2025 से 15.04.2025 के मध्य किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत के टेंडर बॉक्स में अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्रों सहित बंद लिफाफे में डाल सकते हैं। निविदा दिनांक 15.04.2025 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर टेंडर कमेटी के समकक्ष अपराह्न 01.00 बजे खोली जाएगी तथा सभी औपचारिकताएं पूर्ण की जाएगी।

**नियम एवं शर्तेः-**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा, उसी का दर ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत किया जाएगा और आपूर्ति हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत की दर पर ही कार्य स्थल तक की जाएगी।
4. जो भी दरें प्रस्तुत की जायें उसमें जी.एस.टी. तथा कॉटेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ कर प्रस्तुत की जाए।
5. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
6. आपूर्तिकर्ता को जी.एस.टी. देना होगा।
7. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान सचिव, बी.डी.सी. सदस्य जिला पंचायत, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक, आदि सभी सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जाएगी।
8. निविदा का बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा।
9. निविदा एवं सामग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्त व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **श्रीमती शारदा देवी** | **श्री अजीत कुमार पासवान** |
| **ग्राम प्रधान** | **सचिव** |
| **ग्राम पंचायत एकला** | **ग्राम पंचायत एकला** |
| **वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर** | **वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर** |

## कार्यालय ग्राम पंचायत पेवनपुर विकास खंड पिपरौली गोरखपुर

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत पेवनपुर विकास खंड पिपरौली जिला गोरखपुर द्वारा मनरेगा पंचम राज्य वित्त, पन्द्रहवां वित्त आयोग,स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज द्वितीय आंगनबाड़ी, शवदाह गृह, वृक्षारोपण, एस.एल. डब्लू.एम. एवं अन्य योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत आर आर सी सेंटर, कूड़ा गाड़ी घर, वाल पेंटिंग स्वच्छता किट, भष्मक, सामुदायिक सोक पीट, बायोगैस प्लांट, व्यक्तिगत शोक पीट नाडेप, वर्मी, यु टाइप नाली, अंदर ग्राउंड नाली, प्लास्टिक बैंक, कूड़ेदान, प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, इंटरलॉकिंग ब्रिक, ह्यूम पाइप, लोकल बालू, सफेद बालू, मोरंग बालू, सीमेंट, सरिया, पत्थर गिट्टी, पत्थर, पेंटिंग वर्क, वायरिंग वर्क, साइन बोर्ड, कैरेज मिट्टी, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, टॉयलेट सीट, लकड़ी का खिड़की, लकड़ी का दरवाजा- चौखट, लोहे का खिड़की, लोहे का दरवाजा, रिबोर हेतु पाइप, सफाई किट, बेंच, डस्टबिन, इत्यादि सामग्री की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 08.04.2025 से 15.04.2025 के मध्य किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत के टेंडर बॉक्स में अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्रों सहित बंद लिफाफे में डाल सकते हैं। निविदा दिनांक 15.04.2025 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर टेंडर कमेटी के समकक्ष अपराह्न 01.00 बजे खोली जाएगी तथा सभी औपचारिकताएं पूर्ण की जाएगी।

**नियम एवं शर्तेः-**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा, उसी का दर ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत किया जाएगा और आपूर्ति हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत की दर पर ही कार्य स्थल तक की जाएगी।
4. जो भी दरें प्रस्तुत की जायें उसमें जी.एस.टी. तथा कॉटेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ कर प्रस्तुत की जाए।
5. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
6. आपूर्तिकर्ता को जी.एस.टी. देना होगा।
7. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान सचिव, बी.डी.सी. सदस्य जिला पंचायत, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक, आदि सभी सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जाएगी।
8. निविदा का बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा।
9. निविदा एवं सामग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्त व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **श्री राजू निषाद** | **श्री अजीत कुमार पासवान** |
| **ग्राम प्रधान** | **सचिव** |
| **ग्राम पंचायत पेवनपुर** | **ग्राम पंचायत पेवनपुर** |
| **वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर** | **वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर** |

## कार्यालय ग्राम पंचायत वाघागाड़ा विकास खंड पिपरौली गोरखपुर

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत वाघागाड़ा विकास खंड पिपरौली जिला गोरखपुर द्वारा मनरेगा पंचम राज्य वित्त, पन्द्रहवां वित्त आयोग,स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज द्वितीय आंगनबाड़ी, शवदाह गृह, वृक्षारोपण, एस.एल. डब्लू.एम. एवं अन्य योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत आर आर सी सेंटर, कूड़ा गाड़ी घर, वाल पेंटिंग स्वच्छता किट, भष्मक, सामुदायिक सोक पीट, बायोगैस प्लांट, व्यक्तिगत शोक पीट नाडेप, वर्मी, यु टाइप नाली, अंदर ग्राउंड नाली, प्लास्टिक बैंक, कूड़ेदान, प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, इंटरलॉकिंग ब्रिक, ह्यूम पाइप, लोकल बालू, सफेद बालू, मोरंग बालू, सीमेंट, सरिया, पत्थर गिट्टी, पत्थर, पेंटिंग वर्क, वायरिंग वर्क, साइन बोर्ड, कैरेज मिट्टी, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, टॉयलेट सीट, लकड़ी का खिड़की, लकड़ी का दरवाजा- चौखट, लोहे का खिड़की, लोहे का दरवाजा, रिबोर हेतु पाइप, सफाई किट, बेंच, डस्टबिन, इत्यादि सामग्री की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 08.04.2025 से 15.04.2025 के मध्य किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत के टेंडर बॉक्स में अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्रों सहित बंद लिफाफे में डाल सकते हैं। निविदा दिनांक 15.04.2025 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर टेंडर कमेटी के समकक्ष अपराह्न 01.00 बजे खोली जाएगी तथा सभी औपचारिकताएं पूर्ण की जाएगी।

**नियम एवं शर्तेः-**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा, उसी का दर ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत किया जाएगा और आपूर्ति हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत की दर पर ही कार्य स्थल तक की जाएगी।
4. जो भी दरें प्रस्तुत की जायें उसमें जी.एस.टी. तथा कॉटेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ कर प्रस्तुत की जाए।
5. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
6. आपूर्तिकर्ता को जी.एस.टी. देना होगा।
7. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान सचिव, बी.डी.सी. सदस्य जिला पंचायत, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक, आदि सभी सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जाएगी।
8. निविदा का बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा।
9. निविदा एवं सामग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्त व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **श्रीमती रीता देवी** | **श्री अजीत कुमार पासवान** |
| **ग्राम प्रधान** | **सचिव** |
| **ग्राम पंचायत वाघागाड़ा** | **ग्राम पंचायत वाघागाड़ा** |
| **वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर** | **वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर** |

## कार्यालय ग्राम पंचायत टालनवर विकास खंड पिपरौली गोरखपुर

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत टालनवर विकास खंड पिपरौली जिला गोरखपुर द्वारा मनरेगा पंचम राज्य वित्त, पन्द्रहवां वित्त आयोग,स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज द्वितीय आंगनबाड़ी, शवदाह गृह, वृक्षारोपण, एस.एल. डब्लू.एम. एवं अन्य योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत आर आर सी सेंटर, कूड़ा गाड़ी घर, वाल पेंटिंग स्वच्छता किट, भष्मक, सामुदायिक सोक पीट, बायोगैस प्लांट, व्यक्तिगत शोक पीट नाडेप, वर्मी, यु टाइप नाली, अंदर ग्राउंड नाली, प्लास्टिक बैंक, कूड़ेदान, प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, इंटरलॉकिंग ब्रिक, ह्यूम पाइप, लोकल बालू, सफेद बालू, मोरंग बालू, सीमेंट, सरिया, पत्थर गिट्टी, पत्थर, पेंटिंग वर्क, वायरिंग वर्क, साइन बोर्ड, कैरेज मिट्टी, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, टॉयलेट सीट, लकड़ी का खिड़की, लकड़ी का दरवाजा- चौखट, लोहे का खिड़की, लोहे का दरवाजा, रिबोर हेतु पाइप, सफाई किट, बेंच, डस्टबिन, इत्यादि सामग्री की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 08.04.2025 से 15.04.2025 के मध्य किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत के टेंडर बॉक्स में अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्रों सहित बंद लिफाफे में डाल सकते हैं। निविदा दिनांक 15.04.2025 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर टेंडर कमेटी के समकक्ष अपराह्न 01.00 बजे खोली जाएगी तथा सभी औपचारिकताएं पूर्ण की जाएगी।

**नियम एवं शर्तेः-**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा, उसी का दर ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत किया जाएगा और आपूर्ति हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत की दर पर ही कार्य स्थल तक की जाएगी।
4. जो भी दरें प्रस्तुत की जायें उसमें जी.एस.टी. तथा कॉटेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ कर प्रस्तुत की जाए।
5. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
6. आपूर्तिकर्ता को जी.एस.टी. देना होगा।
7. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान सचिव, बी.डी.सी. सदस्य जिला पंचायत, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक, आदि सभी सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जाएगी।
8. निविदा का बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा।
9. निविदा एवं सामग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्त व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **श्री पारस साहनी** | **श्री अजीत कुमार पासवान** |
| **ग्राम प्रधान** | **सचिव** |
| **ग्राम पंचायत टालनवर** | **ग्राम पंचायत टालनवर** |
| **वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर** | **वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर** |

## कार्यालय ग्राम पंचायत पिपरी विकास खंड पिपरौली गोरखपुर

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत पिपरी विकास खंड पिपरौली जिला गोरखपुर द्वारा मनरेगा पंचम राज्य वित्त, पन्द्रहवां वित्त आयोग,स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज द्वितीय आंगनबाड़ी, शवदाह गृह, वृक्षारोपण, एस.एल. डब्लू.एम. एवं अन्य योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत आर आर सी सेंटर, कूड़ा गाड़ी घर, वाल पेंटिंग स्वच्छता किट, भष्मक, सामुदायिक सोक पीट, बायोगैस प्लांट, व्यक्तिगत शोक पीट नाडेप, वर्मी, यु टाइप नाली, अंदर ग्राउंड नाली, प्लास्टिक बैंक, कूड़ेदान, प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, इंटरलॉकिंग ब्रिक, ह्यूम पाइप, लोकल बालू, सफेद बालू, मोरंग बालू, सीमेंट, सरिया, पत्थर गिट्टी, पत्थर, पेंटिंग वर्क, वायरिंग वर्क, साइन बोर्ड, कैरेज मिट्टी, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, टॉयलेट सीट, लकड़ी का खिड़की, लकड़ी का दरवाजा- चौखट, लोहे का खिड़की, लोहे का दरवाजा, रिबोर हेतु पाइप, सफाई किट, बेंच, डस्टबिन, इत्यादि सामग्री की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 08.04.2025 से 15.04.2025 के मध्य किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत के टेंडर बॉक्स में अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्रों सहित बंद लिफाफे में डाल सकते हैं। निविदा दिनांक 15.04.2025 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर टेंडर कमेटी के समकक्ष अपराह्न 01.00 बजे खोली जाएगी तथा सभी औपचारिकताएं पूर्ण की जाएगी।

**नियम एवं शर्तेः-**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा, उसी का दर ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत किया जाएगा और आपूर्ति हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत की दर पर ही कार्य स्थल तक की जाएगी।
4. जो भी दरें प्रस्तुत की जायें उसमें जी.एस.टी. तथा कॉटेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ कर प्रस्तुत की जाए।
5. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
6. आपूर्तिकर्ता को जी.एस.टी. देना होगा।
7. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान सचिव, बी.डी.सी. सदस्य जिला पंचायत, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक, आदि सभी सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जाएगी।
8. निविदा का बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा।
9. निविदा एवं सामग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्त व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **श्री शेषनाथ यादव** | **श्री अजीत कुमार पासवान** |
| **ग्राम प्रधान** | **सचिव** |
| **ग्राम पंचायत पिपरी** | **ग्राम पंचायत पिपरी** |
| **वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर** | **वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर** |

# 9 साल की उम्र में ही परिवार से दूर रही : प्रशंसा शर्मा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मिजार्पुर 3' में अपने रोल के लिए मशहूर प्रशंसा शर्मा को उनकी परफॉर्मेंस के लिए हर तरफ से पॉजिटिव रिएक्शन मिले। वह सीजन 2 से सीजन 3 तक अपने कैरेक्टर को बखूबी निभा रही हैं और इन सबके बारे में एक्ट्रेस ने वॉयस ऑफ लखनऊ के साथ बातचीत की है।

प्राग फिल्म स्कूल और द ड्रामा स्कूल, मुंबई से एक्टिंग में ट्रेनिंग लेने वाली प्रशंसा ने रत्ना पाठक और दादी पदमसी जैसे दिग्गजों के साथ थिएटर में अपना करियर शुरू किया। उनके शुरूआती अनुभवों ने उनके एक्टिंग करियर की मजबूत नींव रखी। प्रशंसा की एक्टिंग की जर्नी उन्होंने 'दहाड़' और 'मिजार्पुर' सहित भारत के कुछ सबसे चर्चित शोज से शुरू की। अपने रोल्स में पूरी तरह से डूब जाने की उनकी क्षमता ने उन्हें इंडस्ट्री में सबसे अच्छे स्टार्स के तौर पर पहचान दिलाई है। 'मिजार्पुर' में गुड्डु पंडित का किरदार निभाने वाले अली फजल ने भी उनके काम की तारीफ की है।

**मेरे लिए बहुत बड़ी बात:** एक्ट्रेस ने बताया कि उनका रोल इतना बड़ा नहीं है लेकिन फिर भी लोग इसे बहुत पसंद कर रहे हैं और उनके लिए ये बहुत बड़ी बात है। उन्होंने कहा, 'जब मैंने अपने किरदार को समझा तो देखा कि हमारे आसपास ऐसे कितने लोग हैं, जो हमारे लिए खाना बनाते हैं, कितना कुछ करते हैं, वो हमारी जिंदगी में बस एक परछाई की तरह हैं। इन्हें रिप्रेजेंट करना मेरे लिए इज्जत की बात है।

आगे प्रशंसा ने अपने परिवार के बारे में भी बताया कि वो झारखंड के झुमरी तलैया से हैं और उनका परिवार वहीं रहता है। हालांकि, उन्होंने 9 साल की उम्र में ही होमटाउम छोड़ दिया था और बोर्डिंग स्कूल चली गई थीं। स्कूल में भी वो प्ले में भाग लेती थीं और तब से ही उन्हें एक्टिंग में इंट्रेस्ट था। उन्होंने बताया कि उन्हें पता चल गया था कि उन्हें यही करना है। स्कूल के बाद प्रशंसा ने दिल्ली यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की और वहां भी थिएटर किया। प्रशंसा ने सीरीज में बाकी के किरदारों के बारे में भी बात की। उन्होंने बताया कि कैसे माधुरी, वीना और गोलू गुप्ता जैसे कैरेक्टर्स ने उन्हें बहुत कुछ सिखाया। उनके किरदार रधिया की नजर से प्रशंसा ने 'मिजार्पुर 3' के बाकी के रोल्स के बारे में भी बात की।

**'मिजार्पुर सीजन 4' में भी अहम रोल:** 'मिजार्पुर' में प्रशंसा के रोल ने फैंस को अगले सीजन का बेसब्री से इंतजार करने के लिए मजबूर कर दिया है। 'मिजार्पुर सीजन 4' में और अधिक रोमांचक कहानियों का वादा करते हुए, उनका कैरेक्टर कुछ खास होने वाला है। प्रशंसा शर्मा आने वाले दिनों में दो और प्रोजेक्ट में नजर आने वाली हैं। हालांकि, उन्होंने फिलहाल इसके बारे में जानकारी नहीं दी है लेकिन उनके काम को लोगों के साथ-साथ मेकर्स भी पसंद कर रहे हैं।

# भोजपुरी फिल्म 'आयुष्मान आयुष्मति' का पोस्टर रिलीज

**लखनऊ।** भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के सुप्ररस्टार प्रमोद प्रेमी और 'बबली गर्ल' ऋतु सिंह के फैंस के लिए खुशखबरी है। दोनों की खूबसूरत जोड़ी जल्द ही हमें एक नई फिल्म में देखने को मिलेगी। इसका नाम 'आयुष्मान आयुष्मति' रखा गया है। सोमवार को मेकर्स ने फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज कर दिया है, जिसमें दोनों की प्यारी केमेस्ट्री नजर आ रही है। फिल्म का निर्माण 'रफ्ड म्यूजिक प्राइवेट लिमिटेड' के बैनर तले किया जा रहा है। मेकर्स का कहना है कि 'आयुष्मान आयुष्मति' एक बेहद मनोरंजक कहानी पर आधारित सोशल ड्रामा है, जिसमें दर्शकों को मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक मुद्दों की गहराई देखने को मिलेगी। फिल्म का जो फर्स्ट लुक पोस्टर आया है, उसमें अक्की भी छाप है। इसे नरसू डिजाइन किया है। फिल्म में जहां प्रमोद प्रेमी और ऋतु सिंह लीड रोल में हैं, वहीं इसमें समर्थ चतुवेर्दी, प्रकाश जैस, विनोद मिश्रा, श्रद्धा नवल, सोनू पांडेय, विद्या सिंह, सोनिया मिश्रा, सोनाली मिश्रा, कुंवर सुधीर सिंह और सफिया भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस फिल्म के निमार्ता रौशन सिंह और निर्देशक प्रवीण गुडुरी हैं। फिल्म के संगीतकार सजन मिश्रा और आर्य शर्मा हैं, जबकि प्यारे लाल यादव, धरम हिंदुस्तानी और शेखर मधुर ने गीत लिखे हैं। निमार्ता रोशन सिंह कहते हैं, 'हमें उम्मीद है कि यह फिल्म दर्शकों के दिलों तक पहुंचेगी और सामाजिक बदलाव की दिशा में एक कदम होगी। लेखक इंद्रजीत एस कुमार ने इसकी कहानी लिखी है और यह ग्रामीण भारत की सामाजिक संरचना और मानवीय संबंधों पर केंद्रित है।

# श्रीकृष्ण की लीला में हुए खाटू श्याम के दर्शन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। ऐशबाग रामलीला मैदान में चल रहे भारतीय नव वर्ष मेला एवं चैती महोत्सव में सोमवार को तुलसी रंगमंच पर आयोजित श्रीकृष्ण लीला के मंचन में बदले की आग में जल रहा धृष्टराष्ट्र पुत्र दुर्योधन अपने मामा शुकुनी के साथ मिलकर षणयंत्र रचित चौपड़ की बिसात बिछाता है जहां पाण्डवों को जुआं खेलने के लिए न्यौता दिया जाता है। जुएं में अपना सब कुछ हार चुके पाण्डव द्रौपदी को भी दांव मे हार जाते हैं। इसके बाद दुर्योधन अपने भाई दुःशासन को द्रौपदी को भरी सभा मे लाने का आदेश देता है दुःशासन द्रौपदी को बालों से खींचता हुआ सभा में लाता है जिसके बाद बदले की आग में जलता दुर्योधन बदला लेने के लिए द्रौपदी के चीर-हरण का आदेश देता है तब पांचाली की पुकार सुन श्री कृष्ण द्रौपदी की मदद करते हैं और उसकी लाज बचाते हैं।

कृष्णलीला में ऋषि दुवार्षा प्रसंग, बर्बरीक संवाद और खाटू श्याम की कथा का भी मंचन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत शिव स्तुति के साथ की गई इसके बाद कृष्ण भजन, शिव स्त्रोत व कृष्ण महारास से हुई जिसे लवली घिल्डियाल के निर्देशन में मलखान सिंह, मनीषा यादव, मौसमी भारती, दीप्ति मिश्रा, रूहानिका त्रिवेदी एवं आद्या ने प्रस्तुत किया। इसके बाद कॉमर्स स्फेयर एंड डांस स्फेयर द्वारा सचिन श्रीवास्तव के निर्देशन में नृत्य शिक्षिका स्वाति श्रीवास्तव ने तुलसी मंच पर भारतीय संस्कृति से ओत प्रोत कथक नृत्य कला की प्रतिभा को कथक नृत्य द्वारा अपने शिष्य शिष्याओं आकांक्षा, यशिका, स्वस्तिका, अनन्या, साक्षी, राशि, वर्तिका, एना काव्या, शगुन, संगिनी, मित्रा, श्रेया, दियाश्री, अनिका, जान्हवी, वेदांश और देवांश के साथ प्रदर्शित किया। स्वाति श्रीवास्तव ने सांस्कृतिक मंच पर शुभारंभ कथक नृत्य के माध्यम से कृष्ण जन्म एवं बधाई गीत से किया उसके बाद ₹भजे बृजेक वृंदावन कुञ्ज भवन नाचत गिरधारी₹ और ₹कथक पर आधारित कवित्य पर शुद्ध नृत्य₹ व मुरलीधर कान्हा गीत पर समूह नृत्य की प्रस्तुति दीं। ऐशबाग रामलीला समिति के अध्यक्ष हरीशचन्द्र अग्रवाल ने बताया मंगलवार को चैती महोत्सव का समापन कृष्णलीला का समापन गीता के ज्ञान और सुदामा चरित्र के साथ फूलों की होली से किया जाएगा।

# कामदा एकादशी आज, बन रहे कई शुभ योग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सनातन धर्म में एकादशी तिथि का बहुत महत्व है. हर महीने दो एकादशी तिथियाँ आती हैं, यानी साल में कुल 24 एकादशी का व्रत रखा जाता है. धार्मिक मान्यता के अनुसार, एकादशी तिथि भगवान श्री हरि विष्णु को समर्पित होती है. इस दिन जगतपति भगवान विष्णु और धन की देवी माता लक्ष्मी की पूजा विधि-विधान से की जाती है और व्रत रखा जाता है. ऐसा माना जाता है कि एकादशी के व्रत से जीवन में मनचाहा वरदान मिलता है. वैदिक पंचांग के मुताबिक कामदा एकादशी तिथि 7 अप्रैल को रात 8:01 बजे शुरू होकर 8 अप्रैल को रात 8:12 बजे समाप्त होगी।

उदया तिथि के अनुसार, 8 अप्रैल को कामदा एकादशी का व्रत रखा जाएगा। इस दिन कई शुभ योग बन रहे हैं, जिनमें रवि योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और लक्ष्मी नारायण योग शामिल हैं. इन योगों में भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा करने से सुख और सौभाग्य में वृद्धि होगी। ज्योतिषियों की मानें तो चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर सर्वार्थ सिद्धि योग और रवि का संयोग है। सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग सुबह 06 बजकर 03 मिनट से लेकर सुबह 07 बजकर 55 मिनट तक है। रवि योग भी सुबह 06 बजकर 03 मिनट से लेकर सुबह 07 बजकर 55 मिनट तक है। इसके साथ ही अश्लेषा और मघा नक्षत्र का संयोग है। वहीं, वणिज एवं बव करण के योग बन रहे हैं। इन योग में लक्ष्मी नारायण जी की पूजा करने से साधक के सुख और सौभाग्य में वृद्धि होगी।

### एकादशी पूजा का मुहूर्त

- कामदा एकादशी तिथि प्रारम्भ – अप्रैल 07, को 08:00 पीएम
- कामदा एकादशी तिथि समाप्त – अप्रैल 08, को 09:12 पीएम
- 9 अप्रैल को, पारण (व्रत तोड़ने का) समय – 06:02 एएम से 08:34 एएम
- पारण तिथि के दिन द्वादशी समाप्त होने का समय – 10:55 पीएम

**कामदा एकादशी की पूजा विधि:** एकादशी व्रत नियम की शुरूआत दशमी तिथि से होती है। इसके लिए वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को स्नान-ध्यान के बाद लक्ष्मी नारायण जी की पूजा करें। इसके बाद सात्विक भोजन ग्रहण करें। इस दिन तामसिक भोजन न ग्रहण करें। इसके अगले दिन सूर्योदय से पहले उठकर घर की साफ-सफाई करें। गंगाजल छिड़ककर घर को शुद्ध करें। नित्य कर्मों से निवृत्त होने के बाद गंगाजल युक्त पानी से स्नान-ध्यान करें। अब आचमन कर पीले रंग के कपड़े पहनें। इस समय सबसे पहले सूर्य देव को जल अर्पित करें। इसके बाद पंचोपचार कर विधिवत भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा करें। भगवान विष्णु को फल, फूल, हल्दी, मिष्ठान आदि चीजें अर्पित करें। पूजा के समय विष्णु चालीसा का पाठ का जप करें। साथ ही भगवान विष्णु के नामों का जप करें। पूजा के अंत में आरती अर्चना कर सुख और शांति की कामना जगत के पालनहार भगवान विष्णु से करें।

## एकादशी पर राशि अनुसार दान से बदलेगी तकदीर

लखनऊ। कामदा एकादशी का व्रत करने से न केवल धार्मिक लाभ होता है बल्कि इस दिन दान करने से व्यक्ति के जीवन में आशीर्वाद और समृद्धि की प्राप्ति होती है। इस दिन का महत्व और प्रभाव राशि अनुसार अलग-अलग होता है और यदि इस दिन विशेष रूप से राशि के अनुसार दान किया जाए तो यह आपके जीवन की तकदीर को बदल सकता है। तो चलिए जानते हैं, कामदा एकादशी पर राशि अनुसार दान कैसे आपकी तकदीर बदल सकता है।

**मेष राशि:** मेष राशि के जातकों को कामदा एकादशी पर ताम्बे, लोहे या कांसे की धातु का दान करना चाहिए। इसके अलावा, इस राशि के जातक विशेष रूप से हरे रंग के वस्त्र या खाद्य पदार्थों का दान कर सकते हैं, जैसे हरी मूंग, पालक, या हरा कपड़ा। यह दान इनके जीवन में उन्नति और समृद्धि लेकर आता है।

**वृषभ राशि :** वृषभ राशि के जातकों को इस दिन सोने, चांदी या चांदी की वस्तुएं दान करनी चाहिए। इसके अलावा, गायों को हरी घास और चारा देना भी शुभ माना जाता है। वृषभ राशि के जातकों को भूमि या घर से संबंधित दान जैसे घर की मरम्मत का सामान या जल का दान भी करना चाहिए। यह दान इन्हें आर्थिक सुख और समृद्धि प्रदान करता है।

**मिथुन राशि :** मिथुन राशि के जातकों को इस दिन सफेद वस्त्रों का दान करना चाहिए, जैसे सफेद वस्त्र या चादरें। साथ ही, इस राशि के जातक शहद या गुड़ का दान भी कर सकते हैं। यह दान इनकी मानसिक शांति को बढ़ाता है और इन्हें सामाजिक स्थिति में वृद्धि प्राप्त होती है।

**कर्क राशि :** कर्क राशि के जातकों को इस दिन जल से संबंधित दान करना चाहिए, जैसे जल पात्रों का दान या पानी पीने की व्यवस्था करना। यह दान इनके जीवन में सुख और समृद्धि लाता है।

**सिंह राशि :** सिंह राशि के जातकों को इस दिन पीले वस्त्रों का दान करना चाहिए। इसके साथ ही, इस राशि के जातक सूरज के प्रति आस्था रखते हुए तांबे की धातु का दान भी कर सकते हैं। इस दान से उनकी आत्मविश्वास में वृद्धि होती है और उनके जीवन में धन और ऐश्वर्य का वास होता है।

**कन्या राशि :** कन्या राशि के जातकों को इस दिन विवाहित महिलाओं को हरे रंग की चूड़ियां दान में दें। यह दान मानसिक शांति और सुख-शांति की प्राप्ति कराता है।

**तुला राशि :** तुला राशि के जातकों को इस दिन सुंदर और रंगीन फूलों का दान करना चाहिए। साथ ही, इस राशि के जातक शक्कर और बूरा का दान भी कर सकते हैं। यह दान उनके जीवन में प्रेम और सौहार्द्र बढ़ाता है और सामाजिक संबंधों में सुधार लाता है।

**वृश्चिक राशि:** वृश्चिक राशि के जातकों को इस दिन तांबे या लोहे का दान करना चाहिए। इसके साथ ही, इस राशि के जातक उड़द या काले तिल का दान भी कर सकते हैं। यह दान उन्हें मानसिक शांति और आत्मिक संतोष प्रदान करता है और जीवन में चुनौतियों को पार करने में मदद करता है।

**धनु राशि:** धनु राशि के जातकों को इस दिन सफेद रंग के वस्त्रों का दान करना चाहिए। इसके अलावा, इस राशि के जातक गायों को चारा या दूध का दान कर सकते हैं। यह दान इनके जीवन में सुख-शांति और धन का प्रवाह बढ़ाता है।

**मकर राशि :** मकर राशि के जातकों को इस दिन गुड़ और तिल का दान करना चाहिए। इसके अलावा, इस राशि के जातक इस दिन घर की मरम्मत के लिए दान या किसी गरीब को भोजन देने का कार्य कर सकते हैं। यह दान उनके जीवन में समृद्धि और उन्नति का रास्ता खोलता है।

**कुम्भ राशि :** कुम्भ राशि के जातकों को इस दिन पानी के साथ जुड़ी हुई वस्तुएं जैसे मटका या पानी की बोतल का दान करना चाहिए। इसके साथ ही, इस राशि के जातक माला का दान भी कर सकते हैं। यह दान उनके जीवन में स्वास्थ्य और खुशहाली लाता है।

**मीन राशि :** मीन राशि के जातकों को इस दिन नीले वस्त्रों का दान करना चाहिए। इसके साथ ही, इस राशि के जातक इस दिन समुद्री मछलियों या नदियों में मछलियों को आहार देने का दान भी कर सकते हैं। यह दान उनके जीवन में आध्यात्मिक उन्नति और आंतरिक शांति प्रदान करता है।

# अच्छी बाल फिल्मों से बच्चों में होगा नैतिकता का विकास : ब्रजेश पाठक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सीएमएस के फिल्म्स डिवीजन की ओर से सात दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव (आईसीएफएफ) का सोमवार को ईरान की बाल फिल्म अनाहिता से आगाज हुआ। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सीएमएस कानपुर रोड के सभागार में बाल फिल्म महोत्सव का उदघाटन किया। डिप्टी सीएम ने बाल फिल्मोत्सव के फेस्टिवल लोगो एवं पोस्टर का अनावरण किया। विभिन्न विद्यालयों के 3,500 छात्र, शिक्षक और अभिभावकों ने उपस्थिति दर्ज करायी। बाल फिल्मोत्सव 7 से 13 अप्रैल तक चलेगा। इसका उद्देश्य भावी पीढ़ी का चरित्र निर्माण एवं सर्वांगीण विकास करना है।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि बच्चों के चारित्रिक व नैतिक विकास के लिए फिल्म जैसे सशक्त माध्यम का उपयोग सीएमएस की एक अनूठी पहल है। बाल फिल्मोत्सव में कई देशों की दिखायी जाने वाली अच्छी बाल फिल्मों से बच्चों में नैतिकता का विकास होगा।

सीएमएस प्रबन्धक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने कहा कि देश में सिर्फ सीएमएस फिल्म फेस्टिवल का आयोजन करता है। बच्चों के लिए बनाई गई चारित्रिक गुणों से परिपूर्ण बाल फिल्में निःशुल्क दिखायी जाती हैं। सीएमएस संस्थापिका डॉ. भारती गांधी ने किशोरों व युवाओं को अच्छी शिक्षात्मक बाल फिल्में देखने के लिये प्रेरित किया। समारोह में फिल्म अभिनेता देव जोशी, अभिनेत्री अनाहिता भूषण एवं मिस यूनिवर्स उप्र तान्या शर्मा ने उपस्थिति से समारोह की गरिमा में चार-चांद लगा दिये।

**दिन में दो शो चलेंगे:** दावूद नजफजादेह द्वारा निर्देशित ईरान की बाल फिल्म अनाहिता से फिल्म महोत्सव शुरू हुआ। इसके बाद श्री सुहास की निर्देशित भारतीय बाल फिल्म ह्यपरीक्षा के अलावा आज ग्रो-अप, माई डैड इज द क्लाउड, पहचान, बापू के साथ, मार्गदर्शक, इण्डिया शाइनिंग, स्मार्ट गुड थिंग्स, विरासत, देअर इज नो वन हियर समेत कई फिल्में दिखायी गईं। बाल फिल्मों का प्रदर्शन के लिये सीएमएस कानपुर रोड के मेन आडिटोरियम के अलावा सात मिनी ऑडिटोरियम में किया गया। विदेशी बाल फिल्मों का हिन्दी व अंग्रेजी रूपान्तरण भी दिखाया गया। बाल फिल्मोत्सव में 102 देशों की करीब 400 बाल फिल्में निःशुल्क प्रदर्शित की जा जाएंगी। फिल्म फेस्टिवल में पहला शो सुबह 9.00 बजे से और दूसरा शो दोपहर 12.00 बजे से शुरू होगा।

# दाम्पत्य जीवन की कहानी को दर्शाता है 'पूर्णपुरुष'

- एसएनए के वाल्मीकि रंगशाला में तीन दिवसीय नाट्य समारोह का आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। आस्था नाट्य कला रंगमंडल समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय नाट्य समारोह का आयोजन एसएनए के वाल्मीकि रंगशाला में किया गया। नाट्य समारोह के पहले दिन नाटक पूर्णपुरुष का मंचन किया गया। नाटक का लेखन विजय पंडित और निर्देशन रत्ना अग्रवाल ने किया।

नाट्यकृति पूर्णपुरुष लड़खड़ाने को बाध्य और चलने को विवश अस्मि पीड़ा की कहानी है। अपने तेवर में अनित्य आधुनिक ये नाटक, कथ्य में स्त्री-पुरुष के शाश्यत आकर्षण और चिर मुठभुडों में घायल हो रहे दाम्पत्य की कथा बांचता है। क्यानक में चित्रकार समग्र से जी जान से प्रेम करने वाली शाश्वती विवाह के बाद भौतिकता से भरी महत्वाकांक्षी और स्वार्थी स्त्री में बदल जाती है। शाश्वती पूरी तरह स्यार्थी सवेदना शून्य और नकारात्मक चरित्र है। इसके विपरीत प्रतिभाशाली चित्रकार समग्र संवेदनशीलता अन्य अकर्मण्यता का वाहक है, जिसे एक चुटकी अहकार विश्वसनीयता से भर देता है। ये पात्र दाम्पत्य में चोटिल होकर भी एक प्रेमिल साथी की आस में आस्था की ओर झुकता है। जीवन में पूर्णता की अवधारणा ही असत्य है। अपूर्णता बोध और अतृप्ति में जीते कुटिल पात्र प्रयत्नहीन होकर अन्तहीन शिकायतों और संवेदनहीनता हो यहन करने लगते है। शाश्वती का यह कथन सच तो यह है कि हम सब आधे-अधूरे हैं जीवन में कोई भी पूर्ण नहीं होता। हमे अपनी अपूर्णता में ही पूर्णता की तालाश करनी चाहिए। पूर्णता यात्रा हो सकती है लेकिन गन्तव्य नहीं। नाटक में अहम भूमिका रत्ना अग्रवाल, अंकुर सक्सेना, सगुन सिंह, अनुपम बिसारिया और अक्षत वैश्य ने निभायी।

# मोहनलाल के अभिनय ने 'लूसिफर 2: एम्पुरान' को बनाया खास

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- ऐक्टर : मोहनलाल, पृथ्वीराज सुकुमारन, मंजू वॉरियर, टोविनो थॉमस, अभिमन्यु सिंह
- डायरेक्टर : पृथ्वीराज सुकुमारन

**रेटिंग-3/5**

लखनऊ। फिल्म 'लूसिफर 2: एम्पुरान' के डायरेक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन से जब 'एम्पुरान' का मतलब पूछा गया, तो उन्होंने उसे 'किंग से ज्यादा भगवान से कम' बताया। हालांकि शाब्दिक अर्थ में 'एम्पुरान' का मतलब बहुत ताकतवर राजा होता है। इस फिल्म के प्रीक्वल में मोहनलाल ने टाइटल रोल निभाया था। लेकिन इस बार वह एम्पुरान के अवतार में हैं, जो कि केरल से निकलकर इंटरनैशनल हो चुका है। वह इतना ताकतवर है कि न सिर्फ भारत, बल्कि दुनिया के किसी भी कोने में अपने दुश्मनों का खात्मा कर सकता है। फिल्म की कहानी पिछली फिल्म से आगे बढ़ती है।

अपने दत्तक पिता रामदास (सचिन खेडेकर) के निधन के बाद स्टीफन (मोहनलाल) ने सत्ता उनके पुत्र जतिन (टोविनो थॉमस) को सौंप दी थी। लेकिन अब पांच साल का कार्यकाल पूरा कर चुका जतिन न सिर्फ भ्रष्ट हो चुका है, बल्कि वह अपने पिता के सपनों को पूरा करने की बजाय दोबारा सत्ता हासिल करने के लिए सांप्रदायिक दलों से गठजोड़ कर लेता है। अपने भाई को गलत रास्ते पर जाता देख उसकी बहन प्रियदर्शिनी (मंजू वॉरियर) उसके विरोध में राजनीति में उतर जाती है। लेकिन जब प्रियदर्शिनी मुश्किल में आती है, तो उसे बचाने के लिए हमेशा की तरह स्टीफन केरल लौटता है। अब क्या स्टीफन प्रदेश को अपने पिता के रास्ते पर बनाए रखने में सफल होता है? यह जानने लिए आपको सिनेमाघर जाना होगा।

फिल्म के डायरेक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन ने बीती फिल्म के आखिर में ही इशारा दे दिया था कि अगली बार उनकी फिल्म इंटरनैशनल होने वाली है। इस बार फिल्म का दायरा केरल की बजाय कई देशों तक फैल गया है। इस बार स्टीफन दुनियाभर के तमाम खतरनाक संगठनों से मुकाबला करता नजर आता है। पृथ्वीराज ने अपनी फिल्म का स्केल बड़ा करने की चाहत में उसमें तमाम तरह के मसाले डाले हैं, जिसमें एक उनके खुद के किरदार जाहिद की बैक स्टोरी भी शामिल है। लेकिन लूसिफर को एम्पुरान बनाने की चाहत में वह फिल्म की मूल कहानी से भटक जाते है। एम्पुरान' इस वजह से न सिर्फ फिल्म करीब तीन घंटे लंबी हो गई है, बल्कि कहानी के मामले में कमजोर भी पड़ जाती है। फिल्म की शुरूआत ही इंटरनैशनल सीन से होती है। फिर कहानी फ्लैशबैक में चली जाती है। उसके बाद मौजूदा समय के में केरल में आती है। कहानी का हाई पॉइंट इंटरवल के बाद मंजू वॉरियर लाती हैं। पृथ्वीराज सुकुमारन की इस ममाले में तारीफ बनती है कि उन्होंने फिल्म के बहाने के केरल की मौजूदा राजनीति को भी दिखाने का अच्छा प्रयास किया है। फिल्म के क्लाईमैक्स में वह इसके अगले पार्ट की भी घोषणा करते हैं। मोहनलाल हमेशा की तरह जमे हैं। वह अपने टाइटल रोल में शानदार लगे हैं। पिछली बार ठेठ मलयाली अंदाज के बाद इस बार वह इंटरनैशनल लेवल पर स्वैग दिखाते हैं। वहीं मंजू वॉरियर ने भी बेहतरीन काम किया है। टोविनो थॉमस के पास करने के लिए कुछ खास नहीं था। जबकि अभिमन्यु सिंह ने अच्छा काम किया है। फिल्म के बाकी कलाकारों ने भी ठीकठाक काम किया है।

**लखनऊ विकास प्राधिकरण**
(ISO 14001: 2004, ISO 9001: 2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, (उ0प्र0)
टोल–फ्री : 1800 1800 5000 वेबसाइट : http://www.ldaonline.co.in

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यवसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट – ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तांतरण/नामांकरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया गया है:–

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन/भूखण्ड संख्या | योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं का नाम | मूल आवंटी (मृतक) से आवेदक का संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | श्रीमती राजेश्वरी देवी खरे एवं श्री प्रभात चन्द्र खरे एवं श्रीमती शशि खरे | भ0 सं0–ए–2/6 | बाल्दा रोड कालोनी | 02.12.2007<br>12.12.2015 | श्री प्रभात चन्द्र खरे<br>श्रीमती छवि खरे | – | मृतका का पुत्र,<br>मृतका की विवाहित पौत्री |
| 2 | श्रीमती लीला शुक्ला पत्नी स्व0 बृज बिहारी लाल शुक्ला | भू0 सं0–सी–26 (नरेन्द्र नगर को–आपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी लि0) | से0–एफ अलीगंज योजना | 28.12.2011 | श्री किशोर कुमार शुक्ला | श्री प्रदीप कुमार शुक्ला, श्री दिलीप कुमार शुक्ला (पुत्रगण), श्रीमती शशी मिश्रा, श्रीमती अलका जोशी, श्रीमती रश्मी शुक्ला (पुत्रियां) | पुत्र |
| 3 | स्व0 सैय्यद वसीम ताहिर जैदी व श्री शिराज वसीम जैदी | भ0सं0–5/439 | विराम खण्ड, गोमती नगर | 09.07.2009 | श्री अलमास वसीम जैदी | श्रीमती नाजनीन सुल्तान जैदी, श्रीमती सीमा जैदी, श्री शिराज वसीम जैदी | पत्नी/पुत्री–विवा0/पुत्र |
| 4 | श्री राम जनम सिंह | भू0सं0–3/8 | विशाल खण्ड, गोमती नगर योजना | 05.10.2024 | श्री सिद्धार्थ सिंह | वसीयत के आधार पर | पुत्र |
| 5 | श्री राधा रमन अग्रवाल | भू0 सं0–4/5 विजयन्त खण्ड | गोमती नगर योजना | 07.01.2012 | श्रीमती वनिता अग्रवाल (पत्नी) | श्रीमती साक्षी अग्रवाल,<br>श्री तनुज कुमार अग्रवाल | पुत्री<br>पुत्र |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम–6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

# वाराणसी और बढ़नी से मुंबई के लिए चलेंगी विशेष ट्रेनें

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु लखनऊ मंडल से होकर गुजरने वाली विशेष किराया विशेष ट्रेनों का संचालन करने का निर्णय लिया गया है।

गाड़ी संख्या 09183/09184 मुम्बई सेन्ट्रल-वाराणसी- मुम्बई सेन्ट्रल एक्सप्रेस विशेष गाड़ी यात्रियों की सुविधा के लिए संचालन किया जा रहा है। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में 12 फेरे लगाएगी।इस गाड़ी मे वातानुकूलित के कुल 17 कोच रहेगे।

गाड़ी संख्या 09183 मुम्बई सेन्ट्रल से वाराणसी के लिए यह ट्रेन अप्रैल माह मे 9,16,23 व 30 को और मई माह मे 7,14,21 तथा 28 को, और जून माह मे 04 , 11 , 18 और 25 तारीख को चलेगी ।यह विशेष ट्रेन मुम्बई सेन्ट्रल से बुधवार को रात 10 :50 बजे प्रस्थान करेगी और शुक्रवार सुबह 10:30 बजे वाराणसी पहुंचेगी। यात्रा के दौरान इस गाड़ी का बोरीवली जंक्शन, पालघर, वापी जंक्शन, वलसाड, सूरत, वडोदरा, गोधरा, रतलाम जंक्शन, नागदा, कोटा जं, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर, अछनेरा जं., आगरा किला, टुंडला, शिकोहाबाद, मैनपुरी, भोगांव, फरुर्खाबाद, कन्नौज, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ आगमन सुबह 04.15 एवं प्रस्थान सुबह 04.25, रायबरेली जं आगमन सुबह 05.50 सुबह 05.55, अमेठी आगमन सुबह 06.50 एवं प्रस्थान सुबह 06.52, प्रतापगढ़ आगमन सुबह 07.30 एवं प्रस्थान सुबह 07.35 , जंघई आगमन सुबह 08.30 एवं प्रस्थान सुबह 08.32 , भदोही आगमन सुबह 09.00 एवं प्रस्थान सुबह 09.02, और वाराणसी आगमन सुबह 10.30 जैसे प्रमुख स्टेशनों पर ठहराव रहेगा ।

गाड़ी संख्या 09184 वाराणसी से मुम्बई सेन्ट्रल के लिए यह ट्रेन 11, 18, 25, अप्रैल और 02,09,16,23,30 मई , 06,13,20,27 जून को चलाई जाएगी । वापसी यात्रा में यह ट्रेन शुक्रवार दोपहर को 02:30 बजे वाराणसी से प्रस्थान करेगी और उपरोक्त सभी प्रमुख स्टेशनों पर रुकते हुए रविवार को सुबह 4:20 बजे मुम्बई सेन्ट्रल पहुंचेगी।वापसी यात्रा मे भदोही आगमन दोपहर 03:15 एवं प्रस्थान 03:17, जंघई आगमन दोपहर 03:42 एवं प्रस्थान 03:44 प्रतापगढ़ आगमन शाम 05:10 एवं प्रस्थान 05 :15 अमेठी आगमन शाम 05:46 एवं प्रस्थान 05:48, रायबरेली आगमन शाम 06:40 एवं प्रस्थान 06:45 , लखनऊ जं आगमन रात्रि 09:15 बजे होकर 9.25 बजे वाराणसी लिए प्रस्थान करेगी।

09043/09044 बान्द्रा टर्मिनस-बढ़नी-बान्द्रा टर्मिनस साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन बान्द्रा टर्मिनस से 13, 20, 27 अप्रैल, 04, 11, 18, 25 मई, 01, 08, 15, 22 एवं 29 जून दिन प्रत्येक रविवार को तथा बढ़नी से 14, 21, 28 अप्रैल, 05, 12, 19, 26 मई, 02, 09, 16, 23 एवं 30 जून दिन प्रत्येक सोमवार को 12 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा।

09043 बान्द्रा टर्मिनस-बढ़नी साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 13, 20, 27 अप्रैल, 04, 11, 18, 25 मई, 01, 08, 15, 22 एवं 29 जून दिन प्रत्येक रविवार को बान्द्रा टर्मिनस से 00.05 बजे प्रस्थान कर बोरीवली से 00.41 बजे, पालघर से 01.38 बजे, दहानू रोड से 02.02 बजे, वापी से 02.43 बजे, वलसाड से 03.08 बजे, सूरत से 04.30 बजे, सायण से 04.45 बजे, भरूच से 05.18 बजे, वडोदरा से 06.37 बजे, गोधरा से 07.49 बजे, रतलाम से 10.40 बजे, नागदा से 11.22 बजे, उज्जैन से 12.45 बजे, संत हरदाराम नगर से 15.45 बजे, बीना से 18.25 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी से 21.10 बजे, दूसरे दिन कानपुर सेंट्रल से 01.15 बजे, लखनऊ से 03.25 बजे, बाराबंकी से 04.32 बजे तथा गोंडा से 05.40 बजे छूटकर बढ़नी 08.00 बजे पहुँचेगी।

वापसी यात्रा में 09044 बढ़नी-बान्द्रा टर्मिनस साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 14, 21, 28 अप्रैल, 05, 12, 19, 26 मई, 02, 09, 16, 23 एवं 30 जून दिन प्रत्येक सोमवार को बढ़नी से 13.30 बजे प्रस्थान कर गोंडा से 16.10 बजे, बाराबंकी से 17.25 बजे, लखनऊ से 18.40 बजे, कानपुर सेंट्रल से 21.40 बजे, दूसरे दिन वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी से 02.10 बजे, बीना से 04.40 बजे, संत हरदाराम नगर से 08.05 बजे, उज्जैन से 10.50 बजे, नागदा से 12.20 बजे, रतलाम से 13.15 बजे, गोधरा से 16.12 बजे, वडोदरा से 17.40 बजे, भरूच से 18.32 बजे, सायण से 19.12 बजे, सूरत से 20.00 बजे, वलसाड से 20.57 बजे, वापी से 21.19 बजे, दहानू रोड से 21.52 बजे, पालघर से 22.12 बजे तथा बोरीवली से 23.00 बजे छूटकर बान्द्रा टर्मिनस 23.50 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 16, साधारण द्वितीय श्रेणी के 02 तथा एस.एल.आर./डी. के 02 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

## मऊ-बड़ोदरा के बीच चलेगी विशेष ग्रीष्मकालीन ट्रेन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु09195/09196 वडोदरा-मऊ-वडोदरा सुपरफास्ट साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन वडोदरा से 07, 14, 21, 28 अप्रैल, 05, 12, 19, 26 मई, 02, 09, 16, 23 एवं 30 जून दिन प्रत्येक सोमवार को तथा मऊ से 08, 15, 22, 29 अप्रैल, 06, 13, 20, 27 मई, 03, 10, 17, 24 जून एवं 01 जुलाई दिन प्रत्येक मंगलवार को 13 फेरों के लिये किया जायेगा।

09195 वडोदरा-मऊ सुपरफास्ट साप्ताहिक ग्रीष्म कालीन विशेष गाड़ी 07, 14, 21, 28 अप्रैल, 05, 12, 19, 26 मई, 02, 09, 16, 23 एवं 30 जून दिन प्रत्येक सोमवार को वडोदरा से 19.00 बजे प्रस्थान कर गोधरा से 20.10 बजे,

- **रेलवे ने शुरू किया विशेष ट्रेनों का आवागमन**

दाहोद से 21.00 बजे, रतलाम से 22.45 बजे, दूसरे दिन कोटा से 02.10 बजे, सवाई माधोपुर से 03.20 बजे, गंगापुर सिटी से 04.15 बजे, बयाना से 05.12 बजे, ईदगाह आगरा से 15.30 बजे, टुण्डला से 08.10 बजे, कानपुर सेण्ट्रल से 11.42 बजे, फतेहपुर से 13.20 बजे, प्रयागराज जं. से 15.30 बजे, ज्ञानपुर रोड से 16.52 बजे, बनारस से 18.40 बजे तथा औंड़िहार से 19.17 बजे छूटकर मऊ 20.45 बजे पहुंचेगी।

वापसी यात्रा में 09196 मऊ-वडोदरा सुपरफास्ट साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 08, 15, 22, 29 अप्रैल, 06, 13, 20, 27 मई, 03, 10, 17, 24 जून एवं 01 जुलाई दिन प्रत्येक मंगलवार को मऊ से 23.45 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन औंड़िहार से 00.47 बजे, बनारस से 01.35 बजे, ज्ञानपुर रोड से 02.27 बजे, प्रयागराज से 03.50 बजे, फतेहपुर से 06.10 बजे, कानपुर सेण्ट्रल से 07.50 बजे, टुण्डला से 09.25 बजे, ईदगाह आगरा से 10.15 बजे, बयाना से 12.22 बजे, गंगापुर सिटी से 14.15 बजे, सवाई माधोपुर से 15.10 बजे, कोटा से 16.25 बजे, रतलाम से 20.05 बजे, दाहोद से 21.13 बजे तथा गोधरा से 22.40 बजे छूटकर तीसरे दिन वडोदरा से 00.45 बजे पहुंचेगी।

इस गाड़ी में वातानुकूलित प्रथम श्रेणी का 01, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 06, शयनयान श्रेणी के 06, साधारण द्वितीय श्रेणी के 04, एल.एस.एल.आर.डी. का 01 तथा जनरेटर सह लगेज यान के 01 कोच सहित 21 कोच लगाये जायेंगे।

# आईटीआई अलीगंज और टाटा मोटर्स के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर

### 13 व्यवसायों में मिलेगा प्रशिक्षण, मिलेगा स्टाइपेंड, फ्री कैंटीन और बस सुविधा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश सरकार युवाओं को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित कर रोजगार से जोड़ने के लिए ड्यूल सिस्टम ऑफ ट्रेनिंग (डीएसटी) योजना को प्रभावी रूप से लागू कर रही है। इसी क्रम में सोमवार को लखनऊ स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) अलीगंज और टाटा मोटर्स के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि यह समझौता न केवल युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाएगा, बल्कि उन्हें औद्योगिक वातावरण में कार्य का व्यावहारिक अनुभव भी देगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण ले रहे युवाओं को 8500 प्रतिमाह स्टाइपेंड, फ्री कैंटीन और बस सुविधा भी प्रदान की जाएगी।

ड्यूल सिस्टम ऑफ ट्रेनिंग के तहत 13 व्यवसायों फिटर, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रिक पावर डिस्ट्रिब्यूशन, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक, वेल्डर, एमएमवी, मैकेनिक डीजल, ट्रैक्टर मैकेनिक, डीजल मैकेनिक, कोपा, पेंटर जनरल और वायरमैन में प्रशिक्षण दिया जाएगा। एक वर्षीय पाठ्यक्रम के प्रशिक्षार्थियों को 3 से 6 माह और दो वर्षीय पाठ्यक्रम के लिए 6 माह से 1 वर्ष तक का औद्योगिक प्रशिक्षण टाटा मोटर्स में दिया जाएगा।

समझौते के दौरान आईटीआई अलीगंज के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने इसे प्रशिक्षार्थियों के लिए एक ऐतिहासिक अवसर बताया और कहा कि इस सहयोग से युवाओं को तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए डीआरएम ने किया 29 रेलकर्मियों को सम्मानित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक मण्डल रेल प्रबन्धक गौरव अग्रवाल ने आज मण्डल कार्यालय सभागार में अपर मण्डल रेल प्रबंधक (इंफ्रा.) भुवनेश सिंह तथा वरिष्ठ मण्डल संरक्षा अधिकारी डा. शिल्पी कन्नौजिया, वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर/समन्वय गौरव गुप्ता, वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक प्रसन्न कात्यायन, वरिष्ठ मण्डल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर वैभव श्रीवास्तव, वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर/परिचालन अनिल कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ मण्डल यॉत्रिक इंजीनियर/फ्रेट राहुल पाण्डेय एवं वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी धनंजय मिश्रा की उपस्थिति में सुरक्षित एवं संरक्षित रेल संचलन में अपने उत्तरदायित्वों का निर्वाह्व एवं कर्मठ व अमूल्य योगदान प्रदान करने के लिए संरक्षा से जुडे. मण्डल के परिचालन, इंजीनियरिंग, सिगनल एवं दूरसंचार तथा यॉत्रिक एवं विद्युत विभाग के 29 रेलवे कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

मण्डल रेल प्रबन्धक गौरव अग्रवाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि यात्री सुरक्षा तथा संरक्षित ट्रेन परिचालन को सुनिश्चित करने के लिए हमारे रेल कर्मियों द्वारा प्रतिकूल परिस्थितियों में भी निष्ठा पूर्वक ड्यूटी सम्पादित की जाती है। उनकी कर्तव्यनिष्ठा को और बल प्रदान करने की दिशा में उनके योगदान को आज सम्मानित किया गया है। उन्होंने कर्मचारियों को ड्यूटी के प्रति उनकी कर्तव्य निष्ठा, सतर्कता, लगन व परिश्रम के लिए उनका आभार व्यक्त किया तथा बधाई दी।इस अवसर पर अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## विपक्ष जनता के साथ धोखा कर रहा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रालोद के प्रदेश अध्यक्ष व्यापार रोहित अग्रवाल ने अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ पर विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि विपक्ष अपने देश की जनता के साथ धोखा कर रहा है और उसको गुमराह करने की कोशिश कर रहा है।

देश का विपक्ष अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ को जनता के सामने ऐसे प्रस्तुत कर रहा है जैसे सीधे तौर पर जनता को 27 प्रतिशत टैक्स देना पड़ेगा। पहली बात कोई भी देश अपने देश के अंदर कितना टैक्स लगाएगा यह उसकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता और विवेक है इसमें हमारा आपका कोई लेना देना नहीं है, यह टैरिफ सिर्फ भारत के लिए नहीं बल्कि पूरे विश्व के लिए लगा है। रोहित अग्रवाल ने कहा कि मैं यहां पर यह नहीं कहना चाहता कि विपक्ष अपनी अनपढ़ता के कारण यह नहीं समझ पा रहा कि इसका आम जनमानस से कोई लेना-देना नहीं है, जिस अंबानी और अडानी और देश के बड़े उद्योगपतियों को पानी पी पी के विपक्ष कोसता है, सीधा नुकसान उनका ही होने वाला है। जब विश्व मंदी के दौर से गुजर रहा था तब भारत का शेयर मार्केट ऊंचाई के शिखर पर था लेकिन अब विश्व में घटित घटनाओं के कारण शेयर मार्केट में गिरावट आई है और विपक्ष निवेशकों को गुमराह करके उनको नुकसान पहुंचने की नीयत से गलत तथ्यों को प्रस्तुत कर रहा है। विपक्ष का सिर्फ एक काम रह गया है देश की जनता को गुमराह करो झूठ बोलो और किसी भी तरीके से सत्ता की कुर्सी तक पहुंचाना।

## राघवेंद्र वाजपेई के परिजनों से मिले अनुपम मिश्रा, सौंपा ज्ञापन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रालोद के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने पत्रकार राघवेन्द्र वाजपेयी के परिजनों से सीतापुर के महोली स्थित उनके आवास पर जाकर मुलाकात की एवं शीघ्र न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। इसके बाद उनके हत्यारों की शीघ्र गिरफ़्तारी के लिए सीतापुर के पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा से मिलकर राघवेंद्र वाजपेई के हत्यारों की शीघ्र गिरफ़्तारी की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने कहा कि 8 मार्च को लखनऊ-बरेली हाईवे के हेमपुर रेलवे ओवर ब्रिज पर, स्थानीय स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर करने वाले निर्भीक पत्रकार राघवेन्द्र वाजपेयी की गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई थी लेकिन आज 30 दिनों के बाद भी अपराधी कानून की पहुंच से दूर है और मृतक के बुजुर्ग मां-पिता एवं अन्य परिजन भय के माहौल में किसी तरीके से दिन-रात काट रहे हैं।

मृतक के बच्चे भय वश स्कूल नहीं जा पा रहे है। एक कर्तव्यनिष्ठ व ईमानदार पत्रकार जिसने भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में अपने प्राणों की आहूति दे दी उसके हत्यारे स्वच्छंद विचरण कर रहे हो, यह पुलिस महकमे की कार्यशैली व संवेदनशीलता पर भी प्रश्नचिह्न लगाता है।30 दिन का समय बहुत होता है अब तक तो हत्यारों को सलाखों के पीछे होना चाहिए था पर यहां तो पुलिस अभी तक हत्यारे चिंहित भी नहीं कर पाई है।

## सात फेरे ने स्टार्टअप महारथी चैलेंज में जीता पुरस्कार

**लखनऊ।** आईईटी लखनऊ का इन्क्यूबेशन सेंटर नवयुग नवाचार फाउंडेशन के स्टार्टअप सात फेरे ने डायरेक्ट टू कंस्यूमर क्षेत्र में स्टार्टअप महारथी चैलेंज 2025 प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए पांच लाख रुपये जीत लिये। संस्थान के निदेशक प्रो विनीत कंसल ने बताया कि स्टार्टअप महारथी चैलेंज 2025, भारत सरकार के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग मतलब स्टार्टअप इंडिया ने इस साल नई पहल की शुरूवात की, जिसमे स्टार्टअप से 07 मार्च तक नामांकन मांगे गए थे।इस प्रतियोगिता में आईईटी लखनऊ के इन्क्यूबेशन सेंटर से सहायता प्राप्त स्टार्टअप सात फेरे ने अपना नामांकन किया था।सात फेरे के संस्थापक मनोज ने बताया कि स्टार्टअप महारथी चैलेंज 2025 की शुरूआत दो ऑनलाइन राउंड से हुई, जिसमें स्टार्टअप्स को अपने प्रोजेक्ट्स और इनोवेटिव आइडियाज को जजों के सामने पेश करना था।

# वार्षिकोत्सव में मेधावी बच्चे सम्मानित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उच्च प्राथमिक विद्यालय बरवलिया मोहनलालगंज में सोमवार को वार्षिकोत्सव समारोह में बच्चों को रिपोर्ट कार्ड दिया गया।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश एवं संयुक्त संघर्ष संचालन समिति के प्रदेश महासचिव आरके निगम और राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष आरके वर्मा एवं वित्त एवं लेखा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नागेंद्र भूषण पांडे ने मेधावियों को सम्मानित किया।

कक्षा 6 से आठ के बच्चों को रिपोर्ट कार्ड वितरित किया। स्कूल के प्रधानाध्यापक विनय कुमार सिंह ने बताया कि कक्षा छह में राज गुप्ता, बालेंद्र, आकांक्षा, सातवीं में अहम, अंशिका, और महिमा और आठवीं में अजीत, शिवाकांत एवं वंशिका को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान मिला।

- **कक्षा छह, सात और आठ में पहले तीन स्थान पाने छात्र और छात्राओं को पुरस्कृत किया गया**

समारोह में एनएमएमएस छात्रवृत्ति जीतने वाले लविश मौर्य, शिवाकांत दीक्षित एवं वंशिका दीक्षित को सम्मानित किया गया। समारोह में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये।

कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन यूपी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनय शाही, प्रदेश महामंत्री आशुतोष मिश्र, प्रदेशीय उपाध्यक्ष निशा सिंह , सचिव एवं जिला अध्यक्ष लल्ली सिंह, प्रादेशिक संगठन मंत्री रंजना मिश्रा एवं रश्मि सक्सैना उपस्थित रहे एवं विकासखंड मोहन लालगंज के शिक्षक अवध किशोर शर्मा, संदीप मिश्र, टी.पी. द्विवेदी, सौरभ चतुर्वेदी, रूपम सलूजा, अनुराग सिंह, सत्येंद्र त्रिपाठी, पंकज तिवारी,सौरभ चतुर्वेदी, पियूष त्रिपाठी,शशि त्रिपाठी, जया बिष्ट, विमलेश मौखारी के साथ सैकड़ों अभिभावक उपस्थित रहे।

## अनूप सिंह पटेल के नेतृत्व में नीतीश कुमार से मिलेगा पार्टी प्रतिनिधिमंडल

**लखनऊ।** जनता दल यूनाइटेड उत्तर प्रदेश के प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक पार्टी के प्रदेश कार्यालय में संपन्न हुई।बैठक में मंडल संयोजक, सह संयोजक, प्रदेश प्रवक्तागण, सभी प्रकोष्ठों के अध्यक्ष संयोजक प्रमुख पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।बैठक की अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने किया। बैठक में तय किया गया कि संयोजक, सह संयोजक का पद समाप्त कर के प्रदेश महासचिव, सचिव करते हुए उन्हें मंडल प्रभारी का दायित्व सौपा जाए। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सदस्यता अभियान में तेजी लायी जाए। प्रदेश के अन्य जिलों में पार्टी के कार्यक्रम लगाए जाए जिसमें प्रदेश अध्यक्ष समेत पार्टी के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रदेश में 2026 में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मजबूती से भाग लेने के निर्णय लिया गया। बैठक में यह भी तय किया गया कि 2027 कि विधान सभा चुनाव के लिए जनपद वार सीटों को चिन्हित करके वहां पर सदस्यता अभियान एवं बूथ स्तर पर गहनता से कार्य किया जाए। बैठक में मुख्य रूप से यह तय किया गया कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल पटना जायेगा जो पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री बिहार सरकार से मिलकर उत्तर प्रदेश में पार्टी संगठन को मजबूत एवं सक्रीय करने के लिए दिशा निर्देश लेगा।बैठक में पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत सिंह पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष पारस सिंह, व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष पवन गुप्ता, प्रदेश सचिव अजय चौधरी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।


## कार्यालय नगर पंचायत धौरहरा, लखीमपुर-खीरी

पत्रांक- 260/न.पं.धौ./ई-निविदा/2025-26,  दिनांक- 07 अप्रैल, 2025

**ई-निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024-25 में नगर पंचायत धौरहरा को शहरी क्षेत्रों में अन्त्येष्टि स्थल विकास योजना एवं नगरीय झील/तालाब/पोखर संरक्षण योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से से प्रस्तावित/स्वीकृत निर्माण कार्य करानें के लिए ई-टेण्टर पोर्टल के माध्यम से दिनांक- 07.04.2025 दिनांक - 27.04.2025 को समय अपराह्न 03:00 बजे तक आनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिनके निविदा प्रपत्र https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है जो निर्धारित समयान्तर्गत डाउनलोड / अपलोड किये जा सकते है, तदोपरान्त प्राप्त निविदाओं को दिनांक - 28.04.2025 को समय अपराह्न 03:00 बजे टेण्डर कमेटी द्वारा खोला जायेगा उक्त दिनांक को किसी कारणवश अवकाश पड़ने की दशा में अगले कार्य दिवस में निविदा खोली जायेगी।

**नोट-** कार्य का विवरण एवं निविदा से सम्बन्धित आवश्यक नियम एवं शर्तें वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत धौरहरा**
**लखीमपुर-खीरी**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत धौरहरा**
**लखीमपुर-खीरी**


# शहर के तैराकों ने लाइफ सेविंग स्किल्स का किया शानदार प्रदर्शन

### दरोगा खेड़ा, कानपुर रोड स्थित ग्रीनबेरी वर्ल्ड स्कूल के नवनिर्मित स्विमिंग पूल का शुभारंभ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शहर के प्रतिभावान तैराकों ने पानी में डूबते व्यक्ति की जान बचाकर और तैराकी की विभिन्न विधाओं का प्रदर्शन कर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया।

तैराकों ने अपने तैराकी के उम्दा प्रदर्शन से खूब प्रभावित किया। कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को दरोगा खेड़ा, कानपुर रोड स्थित ग्रीनबेरी वर्ल्ड स्कूल के नवनिर्मित स्विमिंग पूल के शुभारंभ पर हुआ। भारतीय स्पोर्ट्स डेवलपमेंट संस्था के मार्गदर्शन में संचालित पूल (तरणताल) में स्कूल एवं शहर के प्रतिभावान तैराकों ने शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। संस्था निदेशक प्रशांत कुमार ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह व फूल भेंट कर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि यूपी अंडर वॉटर फिन स्विमिंग एसोशिएशन के सेक्रेटरी नरेंद्र सिंह चौहान ने भारतीय स्पोर्ट्स डेवलपमेंट के कर्ताधर्ता प्रशांत कुमार, स्कूल प्रबंधन के पूल संचालन एवं खेल जगत की नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की सराहना की। विशेष अतिथि अंतरराष्ट्रीय गोताखोर एवं यूपी ट्रायथलॉन एसोसिएशन के सचिव संदीप मिश्रा ने कहा आज के समय में खेल प्रतिभाओं को नए मंच मिलने से प्रतिभाओं में निखार आता है। उन्होंने पूल में प्रशिक्षण के उपरांत प्रतिस्पधाओं के आयोजन की बात कही।

अंतरराष्ट्रीय गोताखोर एवं सहायक कमांडेंट सीमा सुरक्षा बल अखिलेश कुमार ने लखनऊ के दादूपुर गांव के तैराकों की उपलब्धियों की प्रशंसा की। उन्हें क्षेत्र में इस तरणताल को उपलब्धि बताया।

ग्रीनबेरी वर्ल्ड स्कूल की डायरेक्टर आयुषी गुप्ता व थानाध्यक्ष मानक नगर अजीत कुमार ने प्रतिभाओं की प्रशंसा की। अंडर वॉटर प्रतिस्पर्धा में शिवम सिंह व शैलेन्द्र चौहान, फ्री स्टाइल व ब्रेस्ट स्ट्रोक आदि प्रतिस्पधाओं अभिजीत यादव, सतीश चौहान और जय चौहान ने शानदार प्रदर्शन कर प्रभावित किया। प्रिंसिपल सुमन राणा ने पूल में तैराकों के किए गए स्विमिंग प्रदर्शन की सराहना कर बधाई दी।

स्कूल एडमिन ऑफिसर अंकित वर्मा, भारतीय स्पोर्ट्स डेवलपमेंट संस्था के मेंटिनेंस डायरेक्टर मुकेश पाल एवं मैनेजर शुभम कुमार, आदित्य सिंह, अनामिका सिंह सहित अनेक खिलाड़ी एवं खेलप्रेमी मौजूद रहे।

संक्षेप

## शोभायात्रा में हंगामा, बुलडोजर को लेकर पुलिस से नोकझोंक

**फरीदपुर, बरेली।** सोमवार को आयोजित रामनवमी शोभायात्रा के दौरान बड़ा हंगामा देखने को मिला। शोभायात्रा में शामिल बुलडोजर को लेकर पुलिस और रामलीला कमेटी के बीच तनाव बढ़ गया, जिससे स्थिति कुछ देर के लिए अनियंत्रित हो गई। पुलिस ने इसे एक नई परंपरा बताते हुए रोक दिया। इस पर रामलीला कमेटी के लोग और भाजपा जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह विरोध में उतर आए। जानकारी के मुताबिक आदर्श रामलीला कमेटी की ओर से हर साल की तरह इस वर्ष भी शोभायात्रा का आयोजन किया गया था। भाजपा जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह ने सीएस इंटर कॉलेज ग्राउंड से शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जैसे ही यात्रा शुरू हुई कुछ लोग बुलडोजर पर सवार होकर शोभायात्रा का हिस्सा बने। यह देख पुलिस ने तुरंत उस पर आपत्ति जताते हुए उसे रोक दिया और कहा कि यह एक नई परंपरा है।

# लाभार्थियों से संपर्क कर सरकार की गिनाई उपलब्धियां

**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी के 45 वें स्थापना दिवस पर चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के तहत पूर्व सांसद डॉ रमापति राम त्रिपाठी और जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ नगर के विभिन्न वार्डों में भ्रमण कर लाभार्थियों से संपर्क कर सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों को बताया। इस दौरान पूर्व सांसद ने कहा कि देश और प्रदेश में भाजपा की पारदर्शी सरकार ने बिना भेदभाव के चौमुखी विकास किया है। धारा 370, राम मंदिर, गरीबों को राशन, नौजवानों को शिक्षा और रोजगार, और विकसित भारत के संकल्प के साथ संपूर्ण राष्ट्र को अंतरराष्ट्रीय पटल पर स्थापित करने का कार्य भाजपा की सरकार में हुआ है और हो रहा है। जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में सभी को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। पिछली सरकारों ने जनता को डरा कर सरकारी संपत्तियों को जमकर लूटा आज नरेंद्र मोदी और योगी आदित्य नाथ की सरकार में सभी को सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा और भोजन सुचारू रूप से उपलब्ध हो रहा है। इस दौरान जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि, नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा, जितेंद्र सिंह, सतेंद्र मणि, बजरंगी मणि सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मेट्रो ट्रैक के दोनों ओर बनायी जा सकेंगी बहुमंजिला बिल्डिंग

जिला संवाददाता(vol)

**आगरा।** अब मेट्रो ट्रैक के दोनों ओर बहुमंजिला बिल्डिंग बनाई जा सकेंगी। आगरा विकास प्राधिकरण के मास्टर प्लान-2031 में आगरा मेट्रो रेल परियोजना के ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट प्लान को मंजूरी मिल गई है। इसके बाद ट्रैक के दोनों ओर 8 से 14 मंजिल तक की बिल्डिंग बनाई जा सकेंगी। मेट्रो के आसपास रहने वाले काफी परेशान थे। दरअसल उन्हें लग रहा था कि एलिवेटेड मेट्रो रेल ट्रैक से उनके भवनों का फ्रंट एलिवेशन खराब हो जाएगा। जहां से मेट्रो गुजर रही है, उसका असर वहां के कारोबार पर भी पड़ेगा। खासकर एमजी रोड को लेकर काफी हो हल्ला हुआ था। एमजी रोड के कारोबारियों ने एलिवेटेड ट्रैक का विरोध किया था।

उनका कहना था एमजी रोड पर मेट्रो को अंडरग्राउंड बनाया जाए। दरअसल एमजी रोड पर मेट्रो रेल का काम दूसरे कॉरिडोर के तहत किया जा रहा है। दूसरा कॉरिडोर (आगरा कैंट से लेकर कालिंदी विहार) पूरी तरह एलिवेटेड है। लेकिन, अब राहत की खबर है यह है कि मास्टर प्लान 2031 में मेट्रो को टीओडी के प्लान को भी मंजूरी मिल गई है। टीओडी प्लान के तहत अब मेट्रो रेल कॉरिडोर के दोनों ओर 500-500 मीटर तक बहुमंजिला इमारतों के मानचित्र स्वीकृत हो सकेंगे। साफ है कि अब मेट्रो के दोनों ओर बहुमंजिला इमारतें बनाई जाए सकेंगी। एडीए के अधिकारियों का कहना है कि मेट्रो रेल परियोजना शहर में जिस इलाके से जा रही है वहां व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

वर्तमान में जहां एक या दो मंजिला के भवन हैं वहां बहुमंजिला इमारत बनने से भवन स्वामियों का आर्थिक विकास होगा। इसका लाभ मेट्रो रेल परियोजना को भी मिलेगा। व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ेंगी। आवागमन की सुविधा के लिए मेट्रो एक सुगम साधन होगा।

## अंक पत्र वितरण तथा प्रतिभा सम्मान का कार्यक्रम संपन्न

**बरहज (देवरिया)।** भलुअनी विकास क्षेत्र के अंतर्गत स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय चकरा भार्गव में स्कूल चलो अभियान तथा वर्ष 2024-25 में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को अंक पत्र वितरण तथा प्रतिभा सम्मान का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी सूरज कुमार, विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत गोविंद बल्लभ पंतनगर के सभासद प्रतिनिधि मनोज तिवारी रहे। अध्यक्षता सेवानिवृत प्रधानाध्यापक श्री प्रेमचंद मिश्र ने की। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा अपने संबोधन में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत अभिभावकों से अधिक से अधिक विद्यालय में नामांकन कराने हेतु जोर दिया गया तथा प्रतिदिन बच्चों को विद्यालय में भेजने हेतु प्रेरित किया गया तथा छात्रों को भी मन लगाकर अध्ययन करने के लिए कहा गया। तथा विद्यालय को हर प्रकार से सहयोग करने का आश्वासन दिया गया। छात्राओं द्वारा स्कूल चलो अभियान पर कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया। परीक्षाफल में कक्षा 8 में श्रीती सिंह प्रथम, जानह्वी तिवारी द्वितीय व अंचल शर्मा तृतीय स्थान प्राप्त की। कक्षा 7 में रंजना यादव प्रथम, करन मौर्या द्वितीय व श्रेया तीसरा स्थान, कक्षा 6 में पल्लवी कुमारी प्रथम, प्रभुनाथ द्वितीय व आयान तृतीय स्थान प्राप्त किया।

संचालक संजीव कुमार गौतम ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के रीना देवी सहित कई अभिभावक उपस्थित रहे।

## जीएम एकेडमी विद्यालय का शुभारंभ

**बरहज, (देवरिया)।** बरहज तहसील क्षेत्र के अंतर्गत बरहज बायपास रोड से पचौहा बिजौली मार्ग पर स्थित जीएम एकेडमी विद्यालय, का नूतन भवन में शुभारंभ हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आश्रम बरहज के पीठाधीश्वर अंजनेय दास जी महाराज, द्वारा फिता काटकर उद्घाटन किया गया, उद्घाटन समारोह की विशिष्ट अतीत डॉक्टर महंत प्रसाद कुशवाहा पूर्व प्राचार्य पीजी कॉलेज बारहठ एवं भूगोल विभाग के पूर्व विभागध्यक्ष डॉ ओमप्रकाश शुक्ला रहे कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा फीता काटकर किया गया मुख्य अतिथि ने कहा कि बरहजजैसी जगह पर उच्च गुणवत्ता वाले विद्यालय को खोलकर अपने क्षेत्र के होनहार बच्चों के लिए शिक्षा का एक अवसर दिया है इस क्षेत्र में तमाम ऐसे छात्र हैं जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं विद्यालय खोलने पर महाराज जी ने विद्यालय के डायरेक्टर श्री प्रकाश मिश्रा को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मंगलमय त्रिपाठी, डॉक्टर ओमप्रकाश शुक्ला, डॉक्टर गंगाधर मिश्रा, रामजी यादव, भूपेंद्र मिश्रा, श्रवण कुमार गुप्ता पूर्व प्राचार्य डॉक्टर महंत प्रसाद कुशवाहा, संतोष सिंह, रामनिवास उपाध्याय सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के डायरेक्टर श्री प्रकाश मिश्रा एवं श्रीमती संभावना मिश्रा ने आगंतुक अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# अखिल भारतीय जाट महासभा की बैठक में अधिवेशन को लेकर दिए गये दिशा निर्देश

जिला संवाददाता(vol)

**मथुरा।** आज अखिल भारतीय जाट महासभा की बैठक का आयोजन कृष्णा ग्रीन सौंख रोड पर किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष प्रताप चैधरी पूर्व विधायक, संरक्षक चैधरी सरदार सिंह पूर्व मंत्री उपस्थित रहे। वहीं प्रदेश कार्यसमिति का अधिवेशन मथुरा में बीपी एमिराल्ड सोंख रोड पर आयोजन पर विस्तार से चर्चा की गई।

मुख्य अतिथि ने अधिवेशन को सफल बनाने के लिए मथुरा कार्यकताओं को दिशा निर्देश दिये। चै. सरदार सिंह ने प्रदेश में जाटों को आरक्षण दिलवाने और केंद्र में आरक्षण के लिए जरूरी कदम उठाने पर प्रकाश डाला। जिला अध्यक्ष राजेश चैधरी ने सभी उपस्थित समाज का आभार व्यक्त किया। चै रामवीर सिंह बल्तिकारी उपाध्यक्ष ने अब तक की गई तैयारी से सभी को अवगत कराया। राजवीर सिंह नौहवार मुख्य महासचिव ने आज के कार्यक्रम की व्यवस्था और देशवीर ने कार्यक्रम का संचालन किया। वहीं महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुजाता चैधरी ने महिलायों की ज्यादा से ज्यादा सहभागिता और युवा जिला अध्यक्ष कृष्णा चाहर ने युवाओं के पूरा योगदान करने का अश्वासन दिया. चै धर्मसिंह ने अधिवेशन की सफलता में सहयोग करने, आर वी चैधरी ने तन मन धन से सहयोग करने का आश्वासन दिया. डॉ एनपी सिंह भरांगर ने सहयोग राशि 5000 प्रदान की. और भविष्य में और सहयोग करने का आश्वसन किया। विश्वेद्र सिंह को मंडल अध्यक्ष, शिवराज सिंह हिंडोल को प्रदेश सचिव, जितेंद्र चैधरी नीमगॉव को जिला महासचिव, सतवीर चैधरी सिहोरा को राया ब्लॉकअध्यक्ष, टीकाम सिंह को सचिव, राजेंद्र सरपंच को बलदेव ब्लॉक अध्यक्ष, सचिव, उदयवीर सिंह जिला सचिव, प्रहलाद सिंह सांचोली, आदि को मनोनीत पत्र दिये.कार्यक्रम में सुभाष चैधरी दारोगा उपाध्यक्ष, सत्यवती चैधरी महिला मंडल अध्यक्ष, कैप्टन विक्रम सिंह अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ, देवेंद्र चैधरी अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ, जितेंद्र सिंह हिंडोल कअ महासचिव, मंजु चैधरी महा नगर अध्यक्ष, भूप राम पहलवान, दिगंबर सिंह, उमाशंकर सिंह, किरण चैधरी, वीणा चैधरी, विजय आर्य, मानपाल सिंह, बाबू लाल मगोर्रा, देशराज चैधरी, हेमराज चैधरी, मेघ सिंह, आकाश चैधरी, रुद्र सिंह, धर्म वीर सिंह देशवाल, सौरभ चैधरी, लाखनं सिंह, गजेंद्र चैधरी, हरेंद्र चैधरी, होरीलाल लाल, बंगाली सिंह, बहादुर सिंह, अर्जुन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, वीरेंद्र सिंहआदि जाट समाज के सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे।

# अव्याना ढिल्लो बनीं अंडर-7 बालिका वर्ग की राज्य शतरंज चैंपियन

**देवरिया।** सीतापुर में सम्पन्न हुई उत्तर प्रदेश राज्य अंडर-7 बालिका वर्ग शतरंज चैंपियनशिप-2025 में अव्याना ढिल्लों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। अव्याना ने कुल 5 में से 4.5 अंक अर्जित किए और प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

उत्तर प्रदेश शतरंज खेल संघ के सचिव श्री ए.के. रायजादा ने जानकारी दी कि अव्याना ने अपने विजय अभियान में गौरी सक्सेना, राध्या नारंग और कस्वि को पराजित किया, जबकि अंतिम चक्र में उन्होंने आरना त्रिपाठी से ड्रा खेला। इस बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर अव्याना को अब नेशनल अंडर-7 गर्ल्स शतरंज चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा।

अव्याना ढिल्लों, देवरिया की जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की सुपुत्री हैं। वे न केवल शतरंज में उत्कृष्ट हैं, बल्कि पढ़ाई में भी बेहद मेधावी छात्रा हैं। अपनी पुत्री की इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने हर्ष एवं गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि अव्याना ने इस उपलब्धि के लिए निरंतर परिश्रम किया है, जिसमें परिवार का भी पूरा सहयोग रहा। अव्याना के पिता श्री गगन ढिल्लों ने बताया कि उनकी दोनों बेटियां—अद्विका और अव्याना—शतरंज में गहरी रुचि रखती हैं। उनके खेल कौशल को और निखारने के लिए गोरखपुर के अनुभवी शतरंज कोच श्री जितेन्द्र सिंह द्वारा तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इतनी कम उम्र में डीएम श्रीमती दिव्या मित्तल की बेटी ने राज्य स्तर पर परचम लहराते हुए राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित होकर जिले एवं प्रदेश का मान बढ़ाया है।

## सिद्धार्थ मणि यूपी इकाई के अध्यक्ष और महासचिव बने डा शैलेन्द्र राव

**देवरिया।** विश्व पटल पर भोजपुरी भाषा, संस्कृति और साहित्य को बढ़ावा देने का कार्य करने वाली सक्रिय संस्था विश्व भोजपुरी सम्मेलन का 18 वां राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली केक्षसफदरजंग स्थित भारतीय विमानपत्तन अधिकारी संस्थान के सभागार में आयोजित किया गया। संस्था के अंतरराष्ट्रीय महासचिव एवं प्रख्यात साहित्यकार डॉ. अरुणेश नीरन ने पहले सत्र की अध्यक्षता की जबकि मुख्य अतिथि भोजपुरी गायक सांसद मनोज तिवारी रहे। इस दौरान वक्ताओं ने भोजपुरी की वैश्विक यात्रा-कहाँ से कहाँ तक विषय पर विस्तार से बात रखी। इस क्रम में देश के विभिन्न राज्यों के पदाधिकारियों के नामों की घोषणा भी की गई। जिसमें उत्तर प्रदेश की राज्य इकाई की कमान वरिष्ठ पत्रकार और संस्कृति कर्मी सिद्धार्थ मणि त्रिपाठी को सौंपी गई। श्री मणि भोजपुरी सिनेमा और संगीत को लेकर होने वाली गतिविधियों के प्रति समर्पित हैं। उन्होंने पत्रकारिता के माध्यम से भोजपुरी संगीत और सिनेमा के लिए उल्लेखनीय कार्य किया। जबकि उत्तर प्रदेश से ही महासचिव के रूप में डा. शैलेंद्र कुमार राव को चुना गया है। श्री राव शिक्षा जगत में कार्य करते हुए सांस्कृतिक सरोकारों से जुड़कर भोजपुरी की सेवा करते रहे हैं। आशा है कि अपने क्षेत्र में पारंगत ऐसे पदाधिकारियों के चयन से भोजपुरी भाषा व साहित्य को आशातीत समृद्धि मिलेगी। इनके चयन पर पूर्व विधायक डा सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी, प्रबंधक डा अशोक मिश्रा, पूर्व प्राचार्य दिवाकर तिवारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह, शिवकुमार मल्ल, जनार्दन राव, प्राचार्य ब्रजेश पाण्डेय, एस डी मिश्र, अश्वनी द्विवेदी, शान्त स्वरूप दूबे, विवेक मिश्रा, सनत पाण्डेय, डा मधुसूदन मिश्र, डा अजय मणि, डा अशोक सिंह आदि ने बधाई दी है।

## बरेली वालों ने देखी शूटिंग तमिल फिल्म की

**बरेली।** धीरे-धीरे ही सही बरेली फिल्म वालों की पसंद बनता जा रहा है। हाल ही में तमिल फिल्म मेड इन इंडिया को बरेली में शूट किया गया। बरेली में डेलापीर की अनाज मंडी से लेकर कई लोकेशंस पर फिल्म को शूट किया गया। जाने माने सितारे मिक्की मखीजा समेत कई कलाकार बरेली पहुंचे। बरेली में इस शूटिंग को लाने का श्रेय शौर्य कटिहा को जाता है, जो कि जाने माने कास्टिंग डायरेक्टर, लेखक और कलाकार हैं और बरेली के बेटे हैं। व्यवसायी चन्द्र भान कटिहा के बेटे शौर्य लम्बे समय से फिल्मों के लिए काम कर रहे हैं। शौर्य खुद को ह्यस्कूल ड्राप आउटह्व कहते हैं मगर उनकी कलात्मकता जबरदस्त है। सालों पहले उन्होंने ठाना कि उनको रचनात्मक काम करना है। दिल और दिमाग की क्रिएटिविटी काम आई और शौर्य ने मुंबई को अपना दूसरा घर बना लिया। एक कलाकार, लेखक, डांसर और कास्टिंग डायरेक्टर के रूप में अपना करियर शुरू किया।

# महावीर जयंती के उपलक्ष्य में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**मथुरा।** कोसीकला में राम नवमी के अवसर पर भगवान महावीर जयंती के उपलक्ष्य में सकल दिगंबर जैन समाज कोसीकला एवं श्री दिगंबर जैन संगठन कोसी कला के सहयोग से स्पंदन हॉस्पिटल जयसिंहपुरा के द्वारा एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया।

२०० से अधिक मरीजों को चिकित्सा प्रदान की गई। मरीज को चिकित्सकों द्वारा सहानुभूतिपूर्वक देख कर उनके अनुरूप इलाज देना दुःखी रोगी और परिवारजनों को कितनी सांत्वना प्रदान कर सकता है इस शिविर में देखने को मिला और शायद यही वजह है जिसके कारण डाक्टरों को धरती पर भगवान कहा जाता है। डॉक्टर एस के जैन (पूर्व निदेशक, मैथोडिस्ट हॉस्पिटल), डॉ हिमांशु जैन, डॉ निशा जैन, डॉ अंचल जैन द्वारा हार्ट, नाक कान गले, व पेट की बीमारियों के मरीजों को निःशुल्क परामर्श और जांच ईसीजी, पी एफ टी, नाक कान और गले की जांचे जैसे ऑडियोमेट्री इत्यादि सुविधायें मुफ्त दी गई।

स्पंदन हॉस्पिटल के संचालक डॉ एस के जैन ने बताया कि इस शिविर को लगाने का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना व जो लोग आर्थिक रूप से कमजोर हैं उनको न केवल तात्कालिक व दीर्घकालिक उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

नाक, कान और गले के विशेषज्ञ सर्जन डॉ हिमांशु जैन ने बताया कि मथुरा में अधिकतर लोग नाक कान गले एवं मस्तक रोगों के बारे में लापरवाह हैं, शुरूआती दौर में विशेषज्ञ को न दिखाने के कारण जो बीमारी एक छोटी शल्य चिकित्सा से ठीक हो सकती है वह एक बड़ा रूप धारण कर लेती है और बड़ी परेशानी का कारण बन जाती है।

डॉ निशा जैन जो राज्यपाल कर्नाटक द्वारा सम्मानित गैस्ट्रो-सर्जन हैं, ने बताया कि खान पान में थोड़ा सुधार कर पेट एवं जिगर रोगों से बचाव किया जा सकता है और शुरूआती दौर में गैस्टोस्कोपी जैसी जांचों द्वारा पेट की परेशानियों से छुटकारा सुगमता से पाया जा सकता है और ऑपरेशन की आवश्यकता होने पर उसे टालना नहीं चाहिए।

इस अवसर पर ओमप्रकाश जैन, कलश जैन पेंट वाले, सुभाष जैन लोहा वाले, विजय जैन सराफ, राजेंद्र जैन बुक वाले, सुभाष चंद्र जी जैन मिल वाले, नवीन चंद जैन एलआईसी वाले, आदि समाज के प्रमुख लोग उपस्थित रहे। इस शिविर ने न केवल स्वास्थ सेवायें प्रदान कीं बल्कि समाज में स्वास्थ जागरूकता को भी बढ़ावा दिया।

## ताजनगरी में हरियाली पर चले और

आगरा। पेड़ों को लगातार काटा जा रहा है। बिचपुरी में स्टील फैक्टरी के लिए 14 पेड़ काट दिए गए। मामले में तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने ताज ट्रेपेजियम जोन (टीटीजेड) में पेड़ों की छंटाई पर भी रोक लगा रखी है। लेकिन पेड़ों को काटा जाना नहीं रुक रहा। फतेहपुर सीकरी में स्टील की फैक्टरी लगाने के लिए बीते 12 मार्च को आगरा-जयपुर हाईवे के किनारे लगे एक दशक पुराने 14 पेड़ों पर आरी चला दी गई। उनकी लकड़ी के साथ ही ट्री गार्ड भी गायब कर दिए गए। वनरक्षक ने थाने में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। फतेहपुर सीकरी की रसूलपुर ग्राम पंचायत से होकर गुजरने वाले भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग-21 (आगरा-जयपुर हाईवे) के किनारे पर मुगलकालीन तेरह मोरी बांध है। इसके सामने राजकीय उद्यान की भूमि है। उद्यान के किनारे पर हाईवे पर लगे 14 पेड़ों को 12 मार्च को काट दिया गया था। यहां न केवल पेड़ काटे गए।

## बॉयलर फटने के कारण फैक्ट्री में लगी भीषण आग, आग पर पाया गया काबू

**आंवला, बरेली।** अलीगंज-आंवला रोड पर इस्माइलपुर गांव के समीप बंद रही इथेनॉल फैक्ट्री में बॉयलर फटने से आग लग गई, देखते देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जानकारी मिलने पर फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। तब आग पर काबू पाया गया। आग की वजह से दो मजदूर झुलस गए। जानकारी के अनुसार फैक्ट्री में ट्रायल चलने के दौरान अचानक बॉयलर तेज धमाके के साथ फट गया। बॉयलर का कैप करीब 500 मीटर दूर जाकर खेतों में गिरा। तेज धमाका होने और आग लगने पर आसपास के खेतों में काम कर रहे किसान भी दहशत में आ गए। फैक्ट्री कर्मियों के द्वारा आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। लेकिन आग इतनी भीषण थी कि दमकल की कई गाड़ियों को मौके पर बुलाना पड़ा तब जाकर आग पर काबू पाया गया। इस दौरान एसडीएम एनराम, सीओ नितिन कुमार, तहसीलदार आशीष कुमार सिंह मौके पर पहुंच गए। इस दौरान कई थानों का पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया।

# डीपीओ का विकेट गिरा, हुए सस्पेंड, कुकर्म की मिली सजा

**कुशीनगर।** जोमैटो के एक महिला कर्मचारी के साथ छेडखानी व यौन उत्पीड़न के मामले में दोषी पाये गये जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेन्द्र कुमार राय का विकेट गिर गया। शासन ने जिलाधिकारी के रिपोर्ट व लखनऊ से प्रकाशित समाचार पत्रों की खबरो को गंभीरता से लेते हुए शैलेन्द्र कुमार राय को निलंबित कर दिया। निलंबन के दौरान श्री राय निदेशालय से संबद्ध

- **यौन उत्पीड़न के मामले में हुई कार्रवाई**
- **शासन का चला चाबुक, डीपीओ पस्त**

रहेगे। उत्तर प्रदेश शासन बाल विकास एवं पुष्टाहार अनुभाग संख्या-1064/58-1-2025-54-2001(003)/3/2022 दिनांक -7अप्रैल, 2025 को जारी पत्र मे कहा गया है कि जिलाधिकारी कुशीनगर के पत्र 182/आ०लि०/पत्रा-512/2025 दिनांक 12.03.2025 एवं निदेशक, आईसीडीएस के पत्र संख्या-02/बा०वि०परि०/स्था०-1/2025-26 दिनांक 03.04.2025 द्वारा उपलब्ध करायी गयी आख्या/ संस्तुति के मुताबिक जिला कार्यक्रम अधिकारी कुशीनगर शैलेन्द्र कुमार राय के विरुद्ध समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर ₹छेड़खानी व यौन उत्पीड़न के आरोप में घिरे जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिलाधिकारी ने जॉच रिपोर्ट के साथ डीपीओके खिलाफ कार्यवाही के लिए शासन को भेजी संस्तुति तथा डीपीओ मामले ने पकड़ा तूल, शासन को डीएम ने भेजी रिपोर्ट के क्रम में डीपीओ शैलेन्द्र कुमार राय के विरुद्ध लैंगिक शोषण के लिए गठित जाँच समिति की जाँच रिपोर्ट 2अप्रैल-2025 को निदेशालय, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ०प्र० लखनऊ को प्रेषित की गयी है। प्रकरण में जिलाधिकारी कुशीनगर ने कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के अन्तर्गत पीठासीन अधिकारी, आंतरिक समिति, फीडिंग इण्डिया की शिकायत 31 जनवरी-2025 के क्रम में जनपद के स्थानीय समिति गठित किया। समिति द्वारा जिलाधिकारी को प्रस्तुत की गयी जॉच आख्या के जांच निष्कर्ष के अनुसार शैलेन्द्र कुमार राय, जिला कार्यक्रम अधिकारी, कुशीनगर लैंगिक शोषण में दोषी पाये गये हैं।

### डीपीओ ने विभागीय छवि किया धूमिल

शासन का मानना है कि कुशीनगर के जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेन्द्र कुमार राय द्वारा अपने पदीय दायित्वों का दुरुपयोग कर कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने से विभागीय छवि धूमिल हुयी है, जिसके लिये श्री राय को महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 का उल्लंघन करने एवं उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारियों की आचरण (संशोधन) नियमावली दिनांक 17.10.1998 के नियम-3-क ₹कामकाजी महिलाओं के यौन उत्पीड़न का प्रतिषेध₹ का घोर उल्लंघन किये जाने के लिये प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया है। नतीजतन श्री राय का यह कृत्य कामकाजी महिलाओं के अधीन अनैतिक एवं दुराचार की श्रेणी में आता है।

इसके दृष्टिगत डीपीओ शैलेन्द्र कुमार राय, को तात्कालिक प्रभाव से निलम्बित किया जाता है। इसके साथ ही श्री राय के विरुद्ध उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली 1999 के नियम-7 के अन्तर्गत विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित करते हुये आरोपों की जांच के लिए उप निदेशक मोहम्मद जफर खान को जांच अधिकारी नामित किये जाने की राज्यपाल ने स्वीकृति प्रदान की हैं।

### निदेशालय से हुए अटैच

शासन द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेन्द्र कुमार राय के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई करने के बाद निलम्बन अवधि में श्री श्री राय को जीवन निर्वाह भते की धनराशि अर्द्धवेतन पर देय अवकाश वेतन की राशि के बराबर देय होगी। यह भुगतान तभी देय किया जायेगा, जब श्री राय यह प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करेंगे कि वह किसी अन्य सेवायोजन, व्यापार, वृत्ति एवं व्यवसाय में नहीं जुडे हैं। निलम्बन अवधि में शैलेन्द्र कुमार राय मुख्यालय/निदेशालय, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ०प्र० लखनऊ से सम्बद्ध रहेगे।

# ऑटो-ई रिक्शा चालकों की समस्या को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

जिला संवाददाता

**मथुरा।** ऑटो टेंपो ईरिक्शा संगठन के अध्यक्ष जहीर खान के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारीयो ने जिलाधिकारी कार्यालय पर डीएम से मुलाकात कर ज्ञापन दिया। संगठन के अध्यक्ष जहीर खान ने ऑटो ई रिक्शा चालकों की समस्या से अवगत कराते हुए सभी ऑटो चालक ई रिक्शा चालकों को अपने वाहन संबंधी आगजात पूर्ण कराने के लिए समय मांगा। ज्ञापन देने वालों में संगठन के अध्यक्ष जहीर खान, सचिव ठाकुर ओम प्रकाश, कोषाध्यक्ष सुरेश वर्मा, उपाध्यक्ष सलीम कुरैशी, ठाकुर धर्मेंद्र सिंह, शंकर लाल, जगबीर, मुकेश कुमार, कपिल कुरैशी, शकीर, आदि लोग मौजूद रहे।

विदित रहे कि जमुनापार, पैंठ, मथुरा में एक मीटिंग हुई जिसमें ऑटो ई-रिक्शा समस्त तिपईया वाहन यूनियन के समस्त पदाधिकारी बैठक में शमिल हुये।

यूनियन के सचिव ठा० ओमप्रकाश ने बताया कि पूरी जिले से शिकायत

मिल रही है कि ऑटो चालकों के घर के चूल्हें बन्द हो गये है सभी के सामने रोटी-रोजी का बहुत बड़ा संकट आ गया है। इनके बच्चे भूख के कगार पर आ गये है। एक-एक पैसे तंग और परेशान हो गये है। बहुत से चालक अपना घर का खर्चा चलाने के लिए भी ब्याज पर भी पैसा नहीं मिल पा रहा है। आयोजित बैठक में सभी जहीर खाँन अध्यक्ष चालक एसोसियशन को अवगत कराया था जिसको लेकर आज ऑटो टेंपो ईरिक्शा संगठन के अध्यक्ष ने ज्ञापन सौंपा है।

## अच्छा करने वालों को इनाम, सुस्त थानों को सख्त चेतावनी

**बरेली।** अगर पुलिसिंग में दम है तो रैंकिंग में नंबर वन आओ। सोमवार को एसएसपी अनुराग आर्य ने जिले के सभी थानों की परफॉर्मेंस का तगड़ा रिपोर्ट कार्ड जारी किया। इसमें जिन थानों ने बेहतरीन काम किया उन्हें इनाम और सम्मान मिला, लेकिन जो ढीले पड़े रहे उन्हें साफ चेतावनी देते हुए कहा सुधर जाओ वरना कुर्सी चली जाएगी। एसएसपी ने अपराध नियंत्रण, जनता की शिकायतों का निपटारा, गैंगस्टर एक्ट, साइबर क्राइम, वाहन चोरी, न्यायालय के आदेशों का पालन और निरोधात्मक कार्रवाई जैसे कई मानकों पर थानों की परफॉर्मेंस को परखा। इसके बाद बनी रैंकिंग जिसमें टॉप पर आने वालों की बल्ले-बल्ले हो गई और जो पीछे रह गए। उन्हें सख्त निर्देश मिले। इस मुकाबले में थाना शीशगढ़ ने बाजी मारी और टॉप पर रहा। प्रथम स्थान पर थाना शीशगढ़ के प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम को 5 हजार नकद ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। द्वितीय स्थान पर थाना भमौरा के निरीक्षक राजकुमार शर्मा को 2500 रुपये और ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र। तृतीय स्थान पर थाना शाही के थानाध्यक्ष अमित कुमार को 1500 रुपये ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र।

संक्षेप

## स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

पलियाकलां खीरी। थाना पलिया पुलिस द्वारा अवैध नशीला पदार्थ (स्मैक बरामद कर 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। सोमवार को थाना पलिया पुलिस द्वारा 02 अभियुक्तों में मनी गुप्ता पुत्र विजयपाल गुप्ता उर्फ शेरु, रितिक तिवारी को अवैध नशीला पदार्थ (स्मैक) के साथ गिरफ्तार करने में अर्जित की गयी। जिनके कब्जे से 2.4 ग्राम व 1.8 ग्राम स्मैक व दो मोबाइल तथा 3120 रुपये, 1310 रुपये बरामद किया गया। उपरोक्त गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध गिरफ्तारी / बरामदगी फर्द के आधार पर थाना स्थानीय मुकदमा दर्ज किया गया।

## मार्ग के चौड़ीकरण का किया शिलान्यास

जौनपुर। जनता के आवागमन की सुगमता के दृष्टिगत राज्यमंत्री खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चन्द्र यादव ने मल्हनी खुटहन मार्ग के किमी 05 दहीरपुर नाले से लुंबिनी दुद्धी मार्ग के किलोमीटर 236 तक लगभग 3.4 किलोमीटर मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया। इस मार्ग की कुल लागत रु० 873.97 लाख है। राज्यमंत्री ने कहा कि इस मार्ग के चैड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण हो जाने से आवागमन में सुगमता होगी, यह मार्ग करंजाकला ब्लॉक तक बनेगी और दो प्रमुख मार्ग- जौनपुर-खुटहन मार्ग से जौनपुर-शाहगंज मार्ग को जोड़ेगी, जिससे क्षेत्र वासियों को आवागमन में लाभ मिलेगा। इसके साथ ही साथ प्यारेपुर पास गोमती नदी पर बन रहा पुल मई 2025 तक बन जाने की संभावना है, जिससे इस क्षेत्र की जनता के साथ साथ अन्य लोगों को भी लखनऊ, प्रयागराज व अन्य जगह जाने में सुविधा हो जाएगी। राजकेसर पाल, रविन्द्र सिंह राजू दादा, प्रशांत सिंह, अजय सिंह, राधेश्याम पाल, अजय यादव, इंद्रराज पाल, मनीष श्रीवास्तव व शिव कुमार तिवारी सहित अन्य प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस पर भक्तों को पीटाने का आरोप

मीरजापुर। जनपद के विंध्याचल रेलवे स्टेशन पर पुलिस की कथित बर्बरता का मामला सामने आया है। कानपुर से रामनवमी पर दर्शन के लिए आए 12 लोगों के परिवार के साथ पुलिस ने मारपीट की। घटना रविवार को रात करीब 10 बजे की है। बताते हैं कि विंध्याचल स्टेशन परिसर में महिलाएं भोजन बना रही थीं। इसी दौरान जीआरपी ने एक शराब पीए युवक को परिसर से बाहर किया। युवक के जीजा ने पुलिस से बात की और माफी मांगी। उन्होंने कहा कि भोजन के बाद सभी चले जाएंगे। पुलिस का आरोप है कि दोनों आपस में झगड़ा कर रहे थे। यात्रियों की शिकायत पर पुलिस पहुंची, तो उनके साथ अभद्रता की गई। वहीं पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस ने महिलाओं और लड़कियों को बेरहमी से पीटा। नवरात्रि में व्रत रख रही काजल को इतना पीटा गया कि उसकी कमर में चोट आ गई है। पुलिस काजल के पिता को घसीट कर लॉकअप में ले गई। महिलाओं का आरोप है कि पुलिस ने वीडियो बनाने का आरोप लगाकर उनके मोबाइल भी छीन लिया। जीआरपी थाना प्रभारी राम दवर यादव ने बताया कि महेंद्र निवासी जिला उन्नाव और उसका साला अमित निवासी जिला हरदोई के रहने वाले है। दोनों शराब पीकर झगड़ा कर रहे थे। दोनों का मेडिकल कराया गया। जांच में अल्कोहल की पुष्टि होने पर शांति भंग में चालान किया गया है। उन्होंने महिलाओं के आरोपों को निराधार बताया है।

# बेसिक शिक्षा कार्यालय का डीएम और सीडीओ ने किया निरीक्षण

जिला संवाददाता(vol)

शाहजहाँपुर/ जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय में व्याप्त अनियमितताओं और लापरवाहियों को लेकर जिला प्रशासन सख्त हो गया है। जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 अपराजिता सिंह के साथ अचानक सोमवार को बेसिक शिक्षा विभाग के विभागीय कार्यालय में छापा मारा। करीब डेढ़ घंटे तक निरीक्षण चला जिसमें कई खामियाँ उजागर हुईं। कार्यालय में मौजूद लोगो की पुष्टि की गयी उनसे जानकारी ली गयी की वह किस कार्य से कार्यालय में आए है। साथ ही यह निर्देश दिये गये कि कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति कार्यालय में न रहे यह सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की मान्यता, शिकायतों, वेतन, पेंशन तथा विभागीय कार्यवाही से संबंधित पटलों के अभिलेखों की गहनता से जांच की गयी। कार्यालय में साफ सफाई व्यवस्था भी बदहाल पायी गयी जिसे लेकर डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि विद्यालयों की मान्यता संबंधी अभिलेख एवं विभिन्न शिकायतों के निस्तारण का कोई स्पष्ट एवं अद्यतन विवरण विभाग द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने विभाग में तैनात लिपिक राजेश से जवाब-तलब किया है। उनसे पूछा गया है कि आवश्यक जानकारी समय पर क्यों नहीं प्रस्तुत की गई और इस स्तर की अनदेखी के लिए कौन जिम्मेदार है। वहीं, कार्यालय की सफाई व्यवस्था, पत्रावलियों का रखरखाव, और कर्मचारियों पर नियंत्रण में गंभीर कमियाँ पाई गई। साथ ही बीएसए दिव्या गुप्ता कर्मचारी आचरण नियमावली के संबंध में भी स्पष्ट जानकारी नहीं दे सकीं। इन खामियों पर नाराजगी जताते हुए जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा

**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित, लिपिक से जवाब तलब**

अधिकारी दिव्या गुप्ता से भी स्पष्टीकरण मांगा है। उनसे स्पष्ट करने को कहा गया है कि कार्यालय प्रबंधन में लापरवाही क्यों बरती जा रही है और संबंधित व्यवस्था में सुधार क्यों नहीं किया गया। डीएम ने स्पष्ट कहा कि प्रशासनिक कार्यों में लापरवाही और शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न पटलों से संबंधित पत्रावलियों की गहनता से जांच की। विशेष रूप से वेतन और पेंशन से जुड़े मामलों की फाइलें खंगाली गई। कई ऐसे दस्तावेज पाए गए जिनमें प्रक्रिया अधूरी थी या जानकारी अद्यतन नहीं थी। इस पर डीएम ने वेतन, पेंशन एवं विभागीय कार्यवाही से संबंधित कई महत्वपूर्ण फाइलें जब्त करने के निर्देश दिए, ताकि बाद में इनकी विस्तार से जांच की जा सके। इस छापेमारी से विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। कई कर्मचारी तत्काल दस्तावेजों को संधारित करने और व्यवस्थाएं सुधारने में जुट गए। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि विभागीय कार्यों में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और प्रभावशीलता सुनिश्चित की जाए, अन्यथा आगे कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान डीएम मनरेगा बाल गोविन्द शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## विद्यालय में स्कूली बच्चों ने मनाया विश्व स्वास्थ्य दिवस

सोनभद्र। प्रकाश जीनियस पब्लिक इंग्लिश स्कूल में सोमवार को विद्यालय में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य दिवस मनाया गया इसका उद्देश्य लोगों की बीमारियों की रोकथाम, सेहतमंद जीवन शैली और सभी के लिए स्वास्थ्य सुविधा के बारे में जागरूक करने के लिए मनाया गया। विद्यालय के कक्षा 10 के छात्र आकाश कुमार मौर्य एवं अनमोल के द्वारा डॉक्टर की भूमिका निभाई गई। इस अवसर पर राजेंद्र प्रसाद जैन के द्वारा बताया गया कि हम सभी लोगों का शरीर एक मंदिर के समान है जिसे स्वस्थ रखना हमारी जिम्मेदारी है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद दुनिया को स्वास्थ्य क्षेत्र में एकजुटता की जरूरत महसूस हुई। लोगों में सेहत को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 7 अप्रैल को विश्व दिवस मनाया जाता है यह सिर्फ एक तारीख नहीं है बल्कि हमें अच्छे स्वास्थ्य की अहमियत याद दिलाने के लिए खास है। संतोष कुमार पांडे के द्वारा बताया गया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस 2025 का विषय स्वस्थ्य शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य है हम सभी लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सदैव सजग रहना चाहिए। इस अवसर पर अंबर उपाध्याय, सुरेंद्र यादव, मनोज दुबे, मनीष त्रिपाठी, नैंसी अग्रहरि, सीता पांडे, संजू पांडे, आंचल पटेल, पूजा शर्मा आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## सीडीओ ने की डीपीओ के साथ बैठक

लखीमपुर खीरी। जिले में बाल विकास सेवाओं की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को सीडीओ अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुष्टाहार वितरण की स्थिति, नव नियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा कार्यभार ग्रहण करने की प्रगति और पोषण ट्रैकर पोर्टल पर डेटा फीडिंग की विस्तृत समीक्षा की गई। इस समीक्षा में विभागीय समन्वय और संचालन व्यवस्था को दुरुस्त करने पर जोर दिया गया। बैठक में डीपीओ भारत प्रसाद, डीपीआरओ विशाल सिंह, यूनिसेफ जिला कोआर्डिनेटर,

टी एच आर के बीएमएम और सीडीपीओ तथा अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित हुये। सीडीओ अभिषेक कुमार ने निर्देशित किया कि जिन नव नियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने अभी तक कार्यभार ग्रहण नहीं किया है, उन्हें संबंधित क्षेत्र की कार्यकत्रियों के माध्यम से नियुक्ति पत्र उपलब्ध कराकर फोन पर सूचना दी जाए, जिससे वे जल्द से जल्द अपनी सेवाएं प्रारंभ कर सकें। सीडीओ ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों के शारीरिक परीक्षण के लिए हाइट/वेट मशीन, खेल सामग्री और शिक्षण उपकरणों की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने सभी सीडीपीओ को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी जरूरी उपकरण हर केंद्र पर मौजूद हों और नियमित उपयोग में लाए जाएं। ससमय उपस्थिति, सुविधाओं पर भी फोकस सीडीओ अभिषेक कुमार ने डीपीओ को निर्देश दिए कि सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां समय से केंद्र पर उपस्थित रहें। साथ ही निर्देश दिया गया कि उन्हें एक ऐसा झोला/थैला उपलब्ध कराया जाए, जिसमें वे श्लरठऊसत्र के दौरान आवश्यक उपकरण आसानी से साथ ले जा सकें। डेटा फीडिंग में गड़बड़ी पर सीडीओ का कड़ा रुख पोषण ट्रैकर पोर्टल पर बच्चों की लंबाई, वजन और अन्य पोषण संबंधी डेटा की फीडिंग में लापरवाही को लेकर सीडीओ ने गहरी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कार्यकत्रियां मापन संबंधी जानकारी रजिस्टर में संधारित करें और पोर्टल पर समय से फीड करें। चार सीडीपीओ का वेतन अवरुद्ध, सुधार न होने पर विभागीय कार्रवाई की चेतावनी सीडीओ अभिषेक कुमार ने पुष्टाहार वितरण और पोषण ट्रैकर डेटा फीडिंग में लापरवाही पाए जाने पर चार सीडीपीओ का वेतन तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक अवरुद्ध करने के निर्देश दिए गए।

# निःशुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन

जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। सामाजिक संस्था कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन के मासिक सहयोगियों के माध्यम से 129 वां निशुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम रेलवे स्टेशन पर संपन्न किया गया। इस अवसर पर ढाई सौ से ज्यादा जरूरतमंद लोगों को भरपेट भोजन करवाया गया। साथ ही जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी के माध्यम से दो सैकड़ा जरूरतमंदों को रसगुल्ला बांट कर मुंह मीठा करवाया।

कार्यक्रम की शुरूआत भाजपा के जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी एवं सदर विधायक पंकज गुप्ता ने सभी को अपने हाथों से भोजन परोस कर की। वही भाजपा जिला अध्यक्ष एवं सदर विधायक को चेतन मिश्रा की अध्यक्षता में संस्था से जुड़े पूर्व सैनिकों द्वारा गुलदस्ता दिलवाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। इधर, विधायक और जिलाध्यक्ष ने फाउंडेशन के सभी सेवको को सम्मान स्वरूप माला पहना कर सेवा में आगे बढ़ने और डटे रहने का साहस दिया गया। कार्यक्रम के मौके पर चेतन मिश्रा द्वारा तेलांगना में बेजुबान जीवों के आशियाने 400 एकड़ में फैले जंगल को काटने पर प्रश्न उठाया इस पर विधायक और जिला अध्यक्ष ने इस कृत्य के लिए दुख प्रकट किया एवं भाजपा सरकार की सामाजिक उपलब्धियों को सामाजिक कार्यों की दृष्टि से कार्यक्रम मंच से गिनवाने का कार्य किया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष चेतन मिश्रा ने मौजूद सभी का आभार व्यक्त किया एवं सेवाओं में सहयोग देने हेतु निवेदन किया। कार्यक्रम में नीतू तिवारी, रेनू वर्मा, सरिता शुक्ला, हरदेवेंद्र सहाय, प्रवीण वर्मा, रवि नारायण, श्याम दीक्षित, नपेंद्र मिश्र, ऋषि तिवारी, आशीष त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# सालाना उर्स के मौके पर ईद मिलादुन्नबी का आयोजन

जिला संवाददाता(vol)

पुरवा, उन्नाव। सरकार पीराशाह के सालाना उर्स के मुकद्दस मौके पर जश्ने ईद मिलादुन्नबी सल्लाहु अलैहिस्सलाम का आयोजन किया गया। रविवार की रात नगर में आराम फरमा सरकार पीराशाह रहमतुल्लाह अलैह की बारगाह पर जश्ने ईद मिलादुन्नबी का आयोजन किया गया जिसमें मौलाना मुशाहिद रजा हबीबी इलाहाबादी व नकीबे अहले सुन्नत मौलाना सैय्यद अय्यूब एवं कस्बे के शाही इमाम मौलाना मो० इस्लामुद्दीन बरकाती, शएरे इस्लाम कारी रईस बरकाती लालगंज ने जश्ने ईद मिलादुन्नबी के विषय में विस्तार से जायरीनों को रुबरु कराया।

साथ ही नबी पाक पर सलाम पढ़ मुल्क हिंदुस्तान में अमन व चैन एवं खुशहाली तथा तरक्की की दुआ की गई। वहीं इस मुकद्दस मौके पर कारी रिजवान, कारी नसरुद्दीन, हाफिज नौशाद, हाफिज शादाब, मौलाना शरीफ बरकाती, हाफिज आसिफ, कारी शरीफुद्दीन, तथा मेला प्रबंधक अकील अहमद व उप प्रबंधक वसीम अहमद, आदिल खान व चांद खान, सुन्नी, नूरुल, आदि जायरीन शामिल हुए।

## निःशुल्क कोचिंग क्लासेज डीएसएन महाविद्यालय व स्काउट भवन में संचालित

उन्नाव। जिला समाज कल्याण अधिकारी डा0 नीलम सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना मुख्यमंत्री की महत्तवाकांक्षी योजनाओं में से एक है जनपद स्तर पर अभ्युदय क्लासेज (निःशुल्क कोचिंग) द्वारा संचालित कोर्स की कक्षाएं डी.एस.एन महाविद्यालय व जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान परिसर में स्थित स्काउट भवन मे कक्षाएं संचालित की जा रही है। उन्होने बताया है कि सत्र 2025-26 के लिए सभी इच्छुक अभ्यर्थी अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रदेश स्तर की वेबसाइट ईीलनकंल-वदम पर व ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान परिसर में स्थित स्काउट भवन में आकर कर सकते है। नए सत्र का प्रारम्भ 01 जुलाई 2025 ये होगा। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत किसी भी प्रकार की जानकारी कोर्स को आर्डिनेटर पीयूष श्रीवास्तव (मो0 9670076369) व अनुपम (मो0 7007664155) से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

## चुनाव कराने की मांग को लेकर बेमियादी अनशन

जौनपर। हिंदू इंटर कॉलेज मुंगरा बादशाहपुर प्रबंधन तंत्र परिवर्तन को लेकर-पुराने चुनाव को अवैध घोषित कर नए चुनाव कराने की मांग को लेकर जज सिंह अन्ना का जिलाधिकारी कलेक्ट्रेट कार्यालय धरनास्थल पर अनिश्चितकालीन आमरण अनशन आंदोलन शुरू हो गया है। जज सिंह अन्ना जिला कलेक्ट्रेट धरना स्थल पर हिंदू इंटर कॉलेज प्रबंधन तंत्र परिवर्तन को लेकर अनिश्चितकालीन आमरण शुरू हैं। ज्ञात हो कि सन 1923 में स्थापित हिंदू इंटर कॉलेज मुंगरा बादशाहपुर जो जमींदार स्वर्गीय जमुना प्रसाद गुप्त द्वारा स्थापित किया गया था। आरोप है कि अपनी जमीन दान में देकर हिंदू इंटर कॉलेज की स्थापना की 1985 से लेकर आज तक जय राम त्रिपाठी, दयाशंकर पांडे, विजय शंकर त्रिपाठी, प्रबंधक बने यह 1923 में विद्यालय की सदस्य भी नहीं थे जो विद्यालय की लूट खसोट कर जमीन को वादी प्रतिवादी खुद बनाकर बेच लिया विद्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर कर दिया विद्यालय में छात्रों की संख्या कम हो गई। बनारस शिक्षा विभाग के अधिकारियों से मिली भगत करके मृतक को भी वोटर लिस्ट में वोट दिलवाकर फर्जी ढंग से चुनाव कराए जौनपुर के अधिकारियों ने चुनाव को अवैध घोषित किया फिर भी 3 वर्ष के लिए चुनाव जीते और 5 वर्ष का कार्यकाल फर्जी ढंग से पूरा करने जा रहे हैं। विद्यालय में पुराने सदस्यों की लिस्ट गायब कर नए सदस्यों की लिस्ट बनाकर चुनाव कराया गया है जिसको अधिकारियों ने अवैध कर दिया है अन्ना की मांग है कि प्रबंध तंत्र का नया चुनाव कराया जाए।

## दोषी राकेश को 10 वर्ष की कठोर कैद

सोनभद्र। अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी/सीएडब्लू, सोनभद्र अर्चना रानी की अदालत ने सोमवार को 10 वर्ष पूर्व शादी का झांसा देकर युवती के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी राकेश कुमार को 10 वर्ष की कठोर कैद व 50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर छह माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। वहीं कोर्ट ने अर्थदंड की आधी धनराशि 25 हजार रुपये पीड़िता को देने का आदेश दिया है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक मिजार्पुर जिला अंतर्गत मड़िहान थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित युवती ने 13 जून 2017 को घोरावल थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया था कि उसके साथ शादी का झांसा देकर राकेश कुमार पुत्र शिव प्रसाद निवासी शिल्पी, थाना घोरावल, जिला सोनभद्र करीब 3 साल से शारीरिक सम्बंध बनाता रहा। बाद में बीमारी का बहाना बनाकर अपने गांव आ गया। पता चला है कि वह दूसरे जगह शादी कर रहा है और आज ही बरात जाने वाली है।

आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा करें। इस तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने विवेचना किया। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान और पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी को राकेश कुमार को 10 वर्ष की कठोर कैद व 50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर छह माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। वहीं कोर्ट ने अर्थदंड की आधी धनराशि 25 हजार रुपये पीड़िता को देने का आदेश दिया है।

# बसों के संचालन को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

पाटन, उन्नाव। बीघापुर तहसील क्षेत्र के बिहार कस्बे में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों के संचालन को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के पदाधिकारियों ने सोमवार को उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि परिवहन विभाग द्वारा पूर्व में दिए गए। आदेश के बावजूद बसें कस्बे के अंदर से संचालित नहीं की जा रहीं, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने अवगत कराया कि बिहार कस्बे के नागरिकों ने जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर बसों को आंतरिक मार्ग से संचालित कराने की मांग की थी। शिकायत पर आदेश भी जारी हुआ, लेकिन चालक-परिचालकों द्वारा आदेश की अनदेखी करते हुए अब भी बसों का संचालन बाईपास मार्ग से किया जा रहा है। इससे कस्बे की महिलाएं, व्यापारी, बुजुर्ग, दिव्यांग व छात्र-छात्राएं खासे परेशान हैं। समस्या के स्थायी समाधान की मांग को लेकर भाकियू टिकैत गुट की बीघापुर इकाई ने 9 अप्रैल 2025 को सुबह 10 बजे ब्लॉक स्तरीय पंचायत करने की घोषणा की है। यह पंचायत एनएच-31 और बिहार थाना के बीच जिला उपाध्यक्ष देवारा के नेतृत्व में आयोजित की जाएगी। संगठन ने प्रशासन से अपेक्षा जताई है कि संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में समस्या का निराकरण कराया जाए। इस मौके पर तहसील प्रभारी अजय बाजपेई, मीडिया प्रभारी राम प्रकाश गुप्ता समेत यूनियन के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# हादसे में जान गंवाने वाले युवक के परिवार को आर्थिक सहायता पहुंचायी

पाटन, उन्नाव। विगत माह सुमेरपुर विकास खंड के अन्तर्गत ग्राम व पोस्ट मनिकापुर के दो सगे भाइयों की मार्ग घटना में मृत्यु हो जाने से परिवार में कोई आय का साधन न था पति की भी मृत्यु हो चुकी थी घरेलू आर्थिक स्थिति डामाडोल थी विगत माह समाजसेवक पुष्पेंद्र प्रताप सिंह ने बच्चे की पढ़ाई का आजीवन खर्च स्वयं वहन करने की घोषणा की थीं।

ग्राम वासियों व परिजनों के आगे वादा किया था कि बेटे की पढ़ाई का आजीवन खर्च पुष्प फाउंडेशन की तरफ से किया जाएगा राष्ट्रीय अध्यक्ष की अनुपस्थिति में उनके मामा आरके सिंह ने पुष्प फाउंडेशन की टीम के साथ ने इंटर नेशनल पब्लिक स्कूल भगवंत नगर में माँ नसरीन बानो पत्नी स्व आमिर खान बेटे आर्यन खान के साथ विद्यालय पहुँच करके बेटे का कक्षा 5जी मे एडमिशन करवाया व कॉपी किताबें कपड़े आदि जरूरी सामान बच्चे को दिया बेटे का एडमिशन होने से माँ नसरीन बानो व बेटे आर्यन खान की खुशी से आँसू बह निकले व वहाँ मौजूद आमजनमानस ने पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के सामाजिक कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की है क्षेत्रीय लोगो मे ग्राम प्रधान माजिद हुसैन, शनी यादव, विपिन भदौरिया, रंजीत यादव, कमलेश यादव, मैनेजर सिंह, आशु, जुगराज सिंह, ने पुष्पेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा किये गए पुनीत कार्य की सराहना की व ईश्वर से प्रार्थना की कि ऐसे नेक समाजसेवी पर सदैव अपनी कृपा बनाये रखे ताकि विधानसभा मे हर जरूरत मंद तक मदद पहुँचती रहे।

# सीएम युवा उद्यमी योजना का डीएम ने बैंक पहुंच किया निरीक्षण

लखीमपुर खीरी। सीएम युवा उद्यमी योजना को जमीन पर प्रभावी रूप से उतारने के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने खुद मोर्चा संभाला।

सोमवार को जिले में ₹सीएम युवा उद्यमी योजना₹ के तहत युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम देखने को मिला, जब डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल स्वयं, सीडीओ अभिषेक कुमार, उपायुक्त उद्योग उज्जवल सिंह और आवेदकों के साथ भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा पहुँचीं, जहां डीएम ने योजना की प्रगति का वास्तविक मूल्यांकन करते हुए आवेदकों की दिक्कतों को जाना। इस दौरान डीएम ने सभी आवेदनों की गहन समीक्षा करते हुए बैंक अधिकारियों से लोन पत्रावलियों में हो रही अनावश्यक देरी का स्पष्ट कारण पूछा। जवाब में नहीं चाहिए बहाने, चाहिए समाधान डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बैंक अधिकारियों से दो टूक कहा कि यह मुख्यमंत्री जी की फ्लैगशिप स्कीम है, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पात्र युवाओं को समय पर लाभ पहुँचना चाहिए, यह हमारी प्राथमिकता है। बैंक द्वारा जिन आवेदनों को अस्वीकृत किया गया था, उनके कारण भी डीएम ने विस्तार से समझे, और स्पष्ट निर्देश दिए कि हर पात्र युवा को समय से लाभ पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। यह दौरा न केवल व्यवस्था को गति देने वाला रहा, बल्कि उन सैकड़ों युवाओं के लिए आशा की किरण बना, जो इस योजना के तहत अपना व्यवसाय शुरू करने का सपना देख रहे हैं। सीडीओ ने संभाली दूसरी पारी, बैंक ऑफ बड़ौदा और एचडीएफसी में भी फूंका दम सीएम युवा उद्यमी योजना की रफ्तार अब और तेज होगी।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के स्पष्ट निदेर्शों के बाद सीडीओ अभिषेक कुमार ने मोर्चा आगे बढ़ाया। स्टेट बैंक की समीक्षा के बाद उन्होंने सीधे बैंक ऑफ बड़ौदा और एचडीएफसी बैंक का रुख किया। यहां भी उन्होंने लंबित प्रकरणों की बारीकी से पड़ताल की, आवेदकों से सीधे संवाद किया और बैंक अधिकारियों को दो टूक शब्दों में चेताया कि ₹योजना की राह में देरी अब नहीं चलेगी।

# हर बच्चे की शिक्षा सरकार की प्राथमिकता

जौनपुर। परिषदीय विद्यालयों में चलाए जा रहे स्कूल चलो अभियान के तहत कम्पोजिट विद्यालय तारा उमरी मुफ्तीगंज में भव्य नामांकन मेला का आयोजन हुआ, मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह एवं विशिष्ट अतिथि निवर्तमान प्रमुख मुफ्तीगंज विनय सिंह ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

नवीन नामांकित बच्चों को माला पहनाकर उन्हें किताब, कॉपी, पेंसिल बॉक्स देकर उनका स्वागत किया गया, साथ ही विद्यालय के मेधावी बच्चों को कक्षावार पुरस्कृत किया गया, तथा कक्षा आठ की बच्ची अंशिका यादव को विद्यालय में सबसे अधिक अंक पाने पर नई साईकिल देकर पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि परिषदीय विद्यालय के प्रति माननीय मुख्यमंत्री जी की विशेष रुचि रहती है, यही कारण है कि हमारी सरकार ने प्राथमिकता के आधार पर परिषदीय विद्यालय के चाहरदीवारी निर्माण को सुनिश्चित करते हुए उन्नीस बिंदु पर कायाकल्प से सभी विद्यालयों को संतृप्त किया गया है, आज भौतिक रूप से ही नहीं अपितु शैक्षणिक गुणवत्ता से भी परिषदीय विद्यालय कॉन्वेंट विद्यालयों से काफी आगे है और इसका एक बड़ा उदाहरण यह कम्पोजिट विद्यालय तारा है जिसका भौतिक परिवेश जिनता रमणीय है उतना है बेहतरीन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भी यहां दी जाती है। यहां के बच्चों ने अपनी प्रतिभा से प्रदेश स्तर पर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विनय सिंह ने क्षेत्र के अभिभावकों से आह्वान किया कि आप लोग अपने बच्चों का नामांकन परिषदीय विद्यालयों में कराएं व नियमित बच्चों को विद्यालय भेजें जिससे उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो, आज परिषदीय विद्यालयों में योग्य गुणवत्तायुक्त प्रशिक्षित शिक्षक हैं। प्रमुख ने विद्यालय में बच्चों के शुद्ध शीतल पेय के लिए वॉटर कूलर लगवाने की घोषणा भी की और कहा कि अप्रैल माह ही लग जाएगा। जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने शासन से मांग किया कि बच्चों के स्वास्थ्य के मद्देनजर भीषण गर्मी धूप को देखते हुए समय परिवर्तन के साथ कोविड काल के पूर्व के विद्यालयी समय को पुनः लागू किया जाए। अध्यक्षता कर रहे खंड शिक्षा अधिकारी कन्हैया लाल ने कहा कि विद्यालय में बच्चों के लिए निःशुल्क किताब, बैग, ड्रेस, जूता, मोजा, स्वेटर सहित मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था सरकार द्वारा की गयी है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन विद्यालय की बच्ची दिव्यांशी शुक्ला ने किया। ग्रामप्रधान जयप्रकाश सिंह, सतीश पाठक, शैलेंद्र सिंह, डॉ0 अनुज, संतोष सिंह बघेल, दशरथ राम, सचिन्द्रनाथ यादव, अनिल पांडेय, अवनीश सिंह, संदीप कुमार, अमित शर्मा, संतोष यादव, प्रियंका सिंह, मधु रानी, रीता देवी, सुनीता यादव, शीला देवी, आदि उपस्थित रहे।

## निःशुल्क कोचिंग के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

सोनभद्र। जिला समाज कल्याण अधिकारी, रमाशंकर यादव ने अवगत कराया है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत निःशुल्क कोचिंग सामुदायिक भवन, टोल प्लाजा के पास लोढ़ी, रावट्र्सगंज, सोनभद्र में संचालित है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में नये बैच का प्रारम्भ किया जा रहा है। उक्त निःशुल्क कोचिंग द्वारा जनपद के मेधावी छात्र-छात्राओं प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे यू0पी0एस0सी0/यू0पी0पी0एस0सी0/एन0डी0ए0/सी0डी0एस0ध्नीट/जेईई की प्रवेश परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी हेतु गुणवत्ता पूर्ण कोचिंग संचालित किया जा रहा है।

संक्षेप

## दबंगों ने युवक को बंधक बनाकर की मारपीट

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला आजादपुरा में रहने वाले नीरज जैन पुत्र सुमतचंद्र जैन ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह रविवार को अपराह्न करीब 3 बजे अपने ग्राम महरौं स्थित खेत पर गया हुआ था। खेत पर पहुंचने पर महरौं निवासी संजय यादव, महेन्द्र यादव, अजय यादव पुत्रगण भीकम यादव अपने दो अज्ञात साथियों के साथ आये और गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी देने लगे। आरोप है कि उसे जान से मारने की नीयत से उक्त लोगों ने लात-घूसों, लाठी-डण्डों से उसके साथ मारपीट कर दी, जिसका वीडियो उसके फोन में सुरक्षित है। बताया कि इस हमले में उसे सिर, मुंह और शरीर में कई जगह चोटें आयीं हैं। यह भी बताया कि उक्त लोग उसे उठाकर अपने खेत पर ले गये, जहां उन्होंने बंधक बनाकर उसके साथ मारपीट करते हुये उसका चश्मा और मोबाइल तोड़ दिया और कपड़े फाड़ दिये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 127 (2), 191 (2), 351 (3), 324 (2), 352 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## विद्युत वादों का लोक अदालत में निस्तारण

**बांदा।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर 26 अप्रैल को जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ० बब्बू सारंग की अध्यक्षता में विद्युत अधिनियम, 2003 के तहत लम्बित शमनीय दाण्डिक मामलों एवं लघु आपराधिक वादों का अधिक से अधिक निस्तारण करने के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया होगा। अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायालय श्रीपाल सिंह ने अधिवक्ताओं व वादकारियों से अपील की है कि आगामी 26 अप्रैल शनिवार को आयोजित होने जा रही विद्युत अधिनियम, 2003 के अर्न्तगत लम्बित शमनीय दाण्डिक मामलों एवं लघु आपराधिक वादों के लिए विशेष लोक अदालत में अपने-अपने वादों को नियत कराकर समझौते के आधार पर निस्तारित कराकर इस अवसर का लाभ उठायें।

## गांव के दबंगों ने एकराय होकर पूरे परिवार को पीटा

**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट अंतर्गत ग्राम चुरावनी में रहने वाली श्रीमती सगुन पत्नी खेमचंद्र लोधी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रविवार को अपराह्न करीब 2 बजे वह अपने परिवार व गांव के अन्य लोगों के साथ पुत्र होने की खुशी में ट्रैक्टर से ग्राम बुदावनी में चुलिया माता मंदिर भण्डारा करने गयी थी। खाना खाने के बाद शाम करीब 7 बजे उसे गांव की रविता ने बताया कि गांव के बाहर झगडा हो गया है। उन्होंने बाहर आकर देखा तो उसके जेठ के लड़कों आकाश व दुर्गेश पुत्रगण रौशन राजपूत व गांव के विजय व सुरेन्द्र पुत्रगण सोवत राजपूत, अंकेश राजपूत पुत्र रामप्रकाश राजपूत व जयदेव पुत्र उमेश राजपूत के साथ उसके गांव के छत्रपाल पुत्र रामनाथ, सुनील पुत्र लाखन सिंह, महेन्द्र पुत्र देवीसिंह, नीतेश पुत्र काशीराम, अंकेश पुत्र अतर सिंह, सुरेन्द्र पुत्र जाहर सिंह ने गालियां देते हुये लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी। तो वहीं सुरेन्द्र की मोटर साइकिल भी तोड़ दी। आरोप है कि उक्त लोगों ने एकराय होकर जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने महिला की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 191 (2), 324 (2), 351 (3), 352 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# योजना का लाभ उठाकर अपना स्वरोजगार स्थापित करें युवा: डीएम

**ललितपुर।** जनपद में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना को प्रभावी रुप से लागू कराने एवं यहां के अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं को योजना के अन्तर्गत लाभ दिलाकर उद्यमी बनाने के लिए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने आज सोमवार को स्वयं भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा सिविल लाइन एवं बैंक ऑफ महाराष्ट्र में जाकर योजनान्तर्गत बैंक को प्राप्त आवेदन पत्रों एवं बैंक द्वारा निरस्त किये गये आवेदन पत्रों का परिशीलन किया तथा एक माह से लम्बित आवेदन पत्रों का त्वरित निरस्तारण कराया गया। उन्होंने इस योजना से लाभान्वित उद्यमियों से संवाद भी स्थापित किया गया और जाना कि उन्हें उद्योग स्थापित करने में कोई कठिनाई तो नहीं हो रही है। उन्होंने लाभार्थियों को प्रात्साहित करते हुए कहा कि यदि किसी प्रकार की कठिनाई आती है तो वह उपायुक्त कार्यालय जाकर बतायें और फिर भी समस्या का निस्तारण होते नहीं दिखे तो वह मेरे कार्यालय में कभी भी आकर मिल सकते हैं। इस दौरान उन्होंने सभी बैंक शाखा प्रबंधकों को स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि वह मुख्यमंत्री जी इस महत्वपूर्ण योजना में कोई लापरवाही न बरतें अन्यथा सम्बंधित बैंक के विरुद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिये कि वह आवेदन पत्रों को लगातार फालोअप करते रहें और जो भी बैंक शाखा इसमें शिथिलता बरतती है, उसे चिन्हित कर कार्यवाही हेतु पत्रावली प्रस्तुत करें।

- सीएम उद्यमी योजना से जनपद के युवाओं को उद्यमी बनाने के लिए डीएन ने बैंकों पर कसा शिकंजा, किया औचक निरीक्षण



जिलाधिकारी ने इसी प्रकार से मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, अग्रणी बैंक प्रबंधक सहित कई जिला स्तरीय अधिकारियों को लगाकर सभी बैंक शाखाओं में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करायी गई कि किन कारणों से अभी तक कुछ लाभार्थियों को ऋण स्वीकृत नहीं हो पा रहा है, इसके लिए सभी अधिकारियों ने बैंकों में जाकर शाखा प्रबंधकों से वार्ता कर निर्धारित एसओपी का शत-प्रतिशत पालन कराते हुए लंबित आवेदनों का निस्तारण कराया। इसी क्रम में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पंजाब एण्ड सिन्ध बैंक एवं बैंक ऑफ बड़ौदा मुख्य शाखा कचहरी रोड में जाकर बैंक को प्राप्त आवेदन पत्रों को निरीक्षण किया गया तथा आवेदनकर्ताओं से वार्ता कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा उनके निस्तारण के लिए बैंक एवं जिला उद्योग केन्द्र को निर्देशित किया गया। उन्होंने बताया कि इस योजनान्तर्गत इस वित्तीय वर्ष-2025-26 में जनपद ललितपुर को 1700 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसे वह शत-प्रतिशत पूरा कराने के लिए लगेंगे। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना महत्वपूर्ण योजना है, जिसके अंतर्गत युवा बेरोजगारों को अपना स्वरोजगार स्थापित करने के लिए, सरकार द्वारा ब्याजमुक्त, बिना किसी गारंटी के मार्जिन मनी, सब्सिडी सहित 5 लाख रुपए का ऋण स्वीकृत किया जाता है, जिससे कोई भी पात्र बेरोजगार युवा अपना कोई भी स्वरोजगार स्थापित कर अन्य लोगों को भी रोजगार देने वाला बन सकता है।

# बिना लाइसेंस जनरल और किराना स्टोरों पर खुलेआम मिल रहीं दवाएं और क्रीमें

**ललितपुर।** जिला केमिस्ट एसोशियेशन ने अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार सोमवार को औषधि निरीक्षक को जिले की तमाम किराना व जनरल स्टोरों, मॉल और पान की दुकानों पर धड़ल्ले से औषधि प्रसाधन कानून की धज्जियां उड़ाते बेची जा रही प्रतिबंधित दवाओं व क्रीमों पर कार्यवाही करने के उद्देश्य से ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उक्त नकली दवाओं की उक्त दुकानों पर हो रही बिक्री से दवा व्यापार की छवि धूमिल होने को बड़ा कारण बताया। साथ ही कई शातिर माफिया जो नकली क्रीमों को बनवा कर उन्हे कम दामों में जिले की उक्त दुकानों से बिकवा कर आम आदमी के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर इस कृत्य से दवा व्यवसाय की साख धूमिल कर रहे है, जिससे दवा व्यापारियों को व्यापार करने में भी काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। आये दिन असली नकली को लेकर व्यापारी और ग्राहक के बीच विवाद की स्थिति बन रही है। ऐसी स्थिति से बचने के लिये दवा व्यापारियों ने एकत्र हो कर उक्त दुकानों, मॉल को चिंहित कर उन के खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही अमल में लाने की मांग की। जिससे आमजन मानस के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों पर लगाम लगाई जा सके। साथ ही उक्त बिक्री से सरकार को होने वाले राजस्व की हानि से भी बचाया जा सके। जिला केमिस्ट एसो. अध्यक्ष सम्भव सिंघई ने कहा कि दवाओं की बिक्री के लिए बी-फार्मा, डी फार्मा की डिग्री होना अनिवार्य है। इसी आधार पर लोगों को मेडिकल संचालन के लिए लाइसेंस जारी किये जाते है। लेकिन शहर, कस्बे, तहसील, मजरे, गांवों में बिना लाइसेंस के जनरल स्टोर व किराना की दुकानों पर खुलेआम दवाएं बेची जा रही है। इन दुकानदारों के पास कोई लाइसेंस नही है। आरोप है कि नगर में ज्यादातर जनरल स्टोर की दुकानों पर लोगों को स्क्रीन साफ करने के लिए विभिन्न प्रकार की क्रीमों के साथ क्लो विटामिनसी, पेंड्रम, बेटनोबेट एन, स्किन शाइन, स्कारलाइट, केलाइट, डाइकोलोविन, एस्लिलॉक, जैसी दवाएं और ट्यूब बेचे जा रहे हैं। यह दुकानदार महिलाओं को झांसा देकर त्वचा के लिए हानिकारक क्रीम थमा देते हैं। जिसकी वजह से लोगों में त्वचा संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं। लोगों का कहना है कि ज्यादातर जनरल स्टोर की दुकानों पर दवाओं व क्रीमों का उपयोग किया जा रहा है। जनपद में थोक किराना व्यापारी भारी मात्रा में क्रीमें सीधे जनरल स्टोरों, किराना स्टोरों, झोलाछाप डॉक्टरों को ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर गली मोहल्लों में बिक्री के लिये मुहैया करा रहे हैं, जिसके कारण आम जनता के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इन दुकानों पर नकली, सबस्टेंडर्ड, सुपरियस, मिसब्रांडेड ड्रग्स की खुलेआम बिक्री हो रही है। यह बाजार में बहुत कम दामों पर बेची जा रही है। ड्रग एण्ड कॉस्मेटिक एक्ट 1940 रूल्स 1945 में प्रावधान है कि नियम 65 में यह समस्त दवाएं लाइसेंस की शर्तों पर ही बिक्री हो सकती है। ज्ञापन देते समय पवन निरजन, अनूप श्रीवास्तव, मनोज राठौर, जगदीश कुशवाहा, रीतेश मिश्रा, राहुल चैधरी, अनूप मोदी, अंशुल जैन, अभिलाष रिछारिया, हरीश राना, दीपक लोहिया, अंकित जैन, रेशु लागीन, दीपक नायक, संदीप गोस्वामी, जय साहू, रवि राजा, भगतसिंह गौर, नितिन जखौरा, देवेश खरे, अभिषेक जैन, अनुज जैन, कृपाल दुबे सोनू, जहीर धौर्रा, संजय गुप्ता, सुनील गुप्ता, जितेन्द्र जैन, संजीव साहू, आदि है।

- केमिस्ट एसोशियेशन ने जिला प्रशासन को भेजा ज्ञापन, उठायी जांच कर कार्यवाही की मांग

## तीन झोलाछाप चिकित्सकों को 5 वर्ष के कारावास व जुर्माने की सजा

**बिजनौर।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रकाशचंद शुक्ला ने बिना मेडिकल डिग्री के अस्पताल चलाने तथा इलाज के दौरान लापरवाही से महिला की मौत के मामले में आरोपी तीन झोलाछाप चिकित्सकों को आरोपी को दोषी माना है। न्यायाधीश ने तीनों आरोपी पिंकी चंद्रावल, संजय कुमार और हरीश कुमार को पांच-पांच वर्ष कारावास की सजा सुनाई है डीजीसी मुकेश कुमार चैहान के अनुसार वादी यशवीर पुत्र होराम सिंह निवासी गांव लदुपुरा थाना हीमपुर दीपा ने थाना चांदपुर में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा था कि 25 अगस्त 2023 की सुबह दस बजे उसने अपनी पत्नी ओमवती को चांदपुर के मोहल्ला श्रीराम कालोनी स्थित अनमोल हेल्थ केयर सेंटर में भर्ती कराया था। अस्पताल को पिंकी चंद्रावल, संजय कुमार व हरीश कुमार मिलकर चला रहे थे। वादी यशवीर ने आरोप लगाया कि उक्त चिकित्सकों के पास चिकित्सीय डिग्री नहीं थी फिर भी इन्होंने उसकी पत्नी ओमवती का आपरेशन कर दिया। आपरेशन से ओमवती ने एक बच्ची को जन्म दिया। कुछ देर बाद ही उसकी पत्नी की हालत खराब हो गई जिसे देखकर पिंकी चंद्रावल, संजय कुमार और हरीश कुमार भाग गए। उनकी लापरवाही के कारण उसकी पत्नी की मौत हो गई। विवेचना के बाद तीनों के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया गया। न्यायाधीश प्रकाश चंद्र शुक्ला ने आरोपी पिंकी चंद्रावल, संजय कुमार और हरीश कुमार को दोषी मानते हुए पांच-पांच वर्ष का कारावास और 41 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है

## हाइवे पर पलटा लोहे के पाइपों से भरा ट्रक

**ललितपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर आये दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, आये दिन लोग मौत के आगोश में समा रहे हैं। अभी विगत दिनों मोबाइक दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई थी। सोमवार को फिर सक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। राजकीय महाविद्यालय के पास हाइवे पर बने कट के पास लोहे के पाइपों से भरा एक ट्रक सामने से आ रही पिकप को बचाने के चक्कर में हाइवे किनारे पलट गया। इस घटना में जनहानि होने से बच गई। दुर्घटना इतनी भयाभय थी कि ट्रक का अगला हिस्सा पीछे घुस गया और ड्राईवर ट्रक में फस गया। जानकारी मिलते ही पुलिस एवं लोगों ने ट्रक चालक को जेसीबी की सहायता से सकुशल बाहर निकाल लिया है। जैसे ही ट्रक चालक बाहर निकला तो हाथों को जोड़ कर सभी का धन्यवाद देने लगा।

# विधायक ने सब स्टेशनों का लिया जायजा

**बांदा।** सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने विद्युत अधिकारियों के साथ नगर में बिजनेस प्लान योजना के तहत निमार्णाधीन संकट मोचन और नवाब टैंक सब स्टेशनों का निरीक्षण किया। सदर विधायक ने बताया कि इन पावर हाउसों के निर्माण से वर्तमान में अधिक भार वाले चिल्ला रोड उपकेन्द्र एवं भूरागढ़ उपकेन्द्र को बिजली की मांग के अधिभार से निजात मिल सकेगी। पहले इन दोनो पावर हाउसों में अत्यधिक ओवरलोडिंग होने के कारण शहर के लोगों को बिजली कटौती, लो वोल्टेज एवं ब्रेक डाउन की समस्या से छुटकारा मिल सकेगा। संकट मोचन पावर हाउस के निर्माण से शंभू नगर, सर्वोदय नगर, जवाहर नगर, जरैली कोठी, संकट मोचन, केन रोड, डीएम कालोनी, बिजली खेड़ा, झील का पुरवा, किलेदार का पुरवा, खुटला, मढ़ियानाका, खिन्नीनाका, निम्नीपार क्षेत्रों को बिजली संकट से निजात मिलेगा जबकि नवाब टैंक अतर्रा रोड सब स्टेशन के निर्माण से अवंतीनगर, अतर्रा रोड, अलीगंज, खूंटी चैराहा, नवाब टैंक के अलावा ग्राम हटेटीपुरवा, गंछा, कहला, ग्योंड़ीबाबा, बजरंगपुरवा, कैत का पुरवा, बीच का पुरवा, प्रागी तालाब, तिंदवारा, रेउना, बड़ोखर, भरखरी आदि गांवों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिल सकेगी। अधीक्षण अभियंता विद्युत ने बताया कि संकट मोचन विद्युत सब स्टेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है और इसे 25 अप्रैल तक चालू कर दिया जाएगा। जबकि नवाब टैंक सब स्टेशन का कार्य 15 मई तक पूरा कर शीघ्र लोगों के लिए समर्पित किया जाएगा।

इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकित बासू, कार्यालय प्रभारी अनिरूद्ध त्रिपाठी दद्दा, अमरमणि त्रिपाठी, सुधीर मिश्रा, सेकेंडरी, अधिशाषी अभियंता सिविल, सहायक अभियंता, अवर अभियंता मौजूद रहे।

## नयी एंबुलेंस को आयुक्त, डीएम ने दिखाई हरी झंडी

**बांदा।** आयुक्त अजीत कुमार एवं जिलाधिकारी जे0 रीभा ने संयुक्त रूप से 102 एवं 108 एम्बुलेन्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में पाँच लाख किलोमीटर से अधिक चल चुकीं एंबुलेंस के स्थान पर प्रदेश शासन के निर्देश पर महानिदेशालय से जनपद के लिए 17, 102 एम्बुलेन्स एवं 16, 108 एम्बुलेन्स आवंटित की हैं। अभी 11, 102 एवं 16, 108 एम्बुलेन्स प्राप्त हुई हैं। नयी एम्बुलेन्स को जी०आई०सी० मैदान में मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी तथा एम्बुलेन्स जिला प्रभारी अमित कुमार पुष्कर मौजूद रहे। 102 एवं 108 एंबुलेंस का संचालन जी०वी० के०ई०एम०आर०आई० संस्था मुख्य चिकित्साधिकारी के पर्यवेक्षण में करेगी। जनपद को नई एम्बुलेन्स मिल जाने से लोगों को काफी सुविधा मिलेगी तथा आकस्मिक स्थिति पर मरीजों को समय से चिकित्सा इकाई भेजा जा सकेगा। सभी एम्बुलेन्स आधुनिक चिकित्सा उपकरणों से सुसज्जित हैं और यह अपने आवंटित क्षेत्र मे सेवायें प्रदान करेंगी।

## क्रिकेट चैलेंजर ट्रॉफी में 2 खिलाड़ियों का चयन

**बांदा।** उत्तर प्रदेश वेटरेंस क्रिकेट ऐशोसिएशन के तत्वाधान में 12 एवं 13 अप्रैल को कानपुर के पालिका स्टेडियम में आयोजित होने वाली चैलेन्जर ट्राफी में बांदा वेटरेंस के दो खिलाडियों का यू०पी० नार्थ की टीम में चयन हुआ है। बांदा वेटरेंस के सचिव प्रदीप गुप्ता, मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना, पुरातन क्रिकेट एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों, क्रिकेट खिलाड़ियों ने उनके चयन पर मुंह मीठा कराकर खुशी जाहिर की और मैच जीतने की शुभकामनाएं दीं। चैलेन्जर ट्रॉफी में राममिलन गुप्ता, डॉ० शारिक न्याजी पालिका स्टेडियम कानपुर के लिये प्रस्थान करेंगें। टीम के सभी खिलाड़ियों ने दोनो को शुभकामनायें देते हुए अच्छे खेल की कामना की।

## जांच टीम ने 24 ई रिक्शा, 152 का काटा चालान

**बांदा।** पुलिस परिवहन और जिला प्रशासन की गठित संयुक्त टीम ने अवैध ई रिक्शा के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के चलते सोमवार को टीम ने 57 ई रिक्शा रोककर जांच की गयी और 24 ई रिक्शा के विरूद्ध चालान की कार्रवाई करते हुए इन्हे कालू कुआं पुलिस चैकी मंडी में निरूद्ध किया गया। टीम ने जिले व शहर के मुख्य चैराहों पर बिना हेलमेट और सीटबेल्ट के वाहन चालकों के विरूद्ध विशेष अभियान के दौरान 152 वाहन चालकों का चालान किया। संयुक्त टीम का कहना है कि 30 अप्रैल तक परिवहन, आयुक्त और जिलाधिकारी के निर्देश पर वाहनों की जांच का अभियान चलता रहेगा। बताते चलें कि टीम 1 अप्रैल से लगातार शहर में ई रिक्शा चला रहे नाबालिग चालकों और मानक से अधिक सवारी बैठाने पर कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा दो पहिया और चार पहिया वाहन चालकों के विरूद्ध यातायात नियमों का पालन न करने पर चालान किया जा रहा है।

## पुलिस लाइन में अत्याधुनिक जिम की शुरुआत

**बांदा।** पुलिस लाइन मे अत्याधुनिक जिम का पूजा-अर्चना कर एसपी अंकुर अग्रवाल ने फीता काटकर उद्घाटन किया। जिले में पुलिसकर्मियों की सुविधाओं और उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए पुलिस अधीक्षक बेहद संजीदा हैं। इसी के चलते यहां अत्याधुनिक जिम की शुरूआत हो सकी है। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन कृष्णकांत त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी सदर राजवीर सिंह गौर, प्रतिसार निरीक्षक वेदमणि मिश्र व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## गन्ना मूल्य भुगतान बुंदकी चीनी मिल ने 31 मार्च तक का समितियों को भेजा

**नगीना, बिजनौर।** द्वारिकेश चीनी मिल बुंदकी ने 31 मार्च तक खरीदे गए गन्ने का मूल्य भुगतान संबंधित गन्ना समितियों को भेजा है।

द्वारिकेश चीनी मिल बुंदकी ने सोमवार को चालू गन्ना पेराई सत्र के 25 मार्च से 31 मार्च 2025 तक खरीदे गए गन्ने के मूल्य भुगतान की 16 करोड़, 75 लाख, 70 हजार रुपये से अधिक की धनराशि चीनी मिल की संबंधित गन्ना समितियों नगीना, नजीबाबाद व बिजनौर को भेज दी है। भुगतान के संबन्ध में जानकारी देते हुए द्वारिकेश चीनी मिल बुंदकी के मुख्य महाप्रबंधक (गन्ना प्रशासन) रमेश परशुरामपुरिया ने मिल क्षेत्र के गन्ना किसानों से इस अवधि में मिल को आपूर्ति किए गए अपने गन्ने का मूल्य भुगतान प्राप्त कर लेने और रोगग्रस्त गन्ना प्रजाति 0238 का परित्याग कर गन्ने की अधिक पैदावार के लिए मिल की ओर से उपलब्ध कराई जा रही उन्नतशील अगेती गन्ना प्रजातियों के गन्ने की ही बुवाई करने की अपील की है।

# बजरंग दल के नेता मोंटी बजरंगी की गला रेत कर हत्या, परिजनों पर हत्या का आरोप

**बिजनौर।** बजरंग दल के जिला गौ रक्षा प्रमुख मोंटी बजरंगी कि रविवार की रात किसी धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी गई। सुबह होने पर जब घटना का पता चला तो गांव वालों की सूचना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार किरतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गोविंदपुर निवासी सतेन्द्र उर्फ मोंटी बजरंगी जो पिछले काफी समय से बजरंग दल का जिला गौ रक्षा प्रमुख था। रविवार को रामनवमी के उपलक्ष्य में मोंटी द्वारा गांव में एक शोभायात्रा निकाली गई थी तथा और वह रात्रि 10:30 बजे तक अपने सहयोगियों के साथ मंदिर में मौजूद था। बाद में मोंटी अपने घर जाकर सो गया। लोगो के अनुसार रात्रि में किसी समय मोंटी की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। सोमवार की सुबह घटना का पता चलते ही गांव वासियों की घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। घटना स्थल पर काफी संख्या में गांव वासियों और मोंटी के सहयोगियों द्वारा हंगामा किया गया। गांव वासियों और उसके सहयोगियों को आरोप था कि मोंटी की हत्या उसके परिजनों ने की है। मृतक की मां की लगभग 15 साल पूर्व ही मौत हो चुकी थी। मोंटी के पिता बलराज सिंह उर्फ बल्ले ने दूसरी शादी कर ली थी। जिससे उसके एक सौतेला छोटा भाई मोंटू एवं एक बहन है। मृतक के मामा भागेद्र पुत्र सीताराम ने पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि मोंटी अपने पिता और परिजनों से अपनी हिस्से की जमीन मांगता था। मृतक के मामा ने नामजद तहरीर देते हुए मृतक मोंटी के पिता, सौतेली मां, सौतेली बहन और सौतेले भाई पर हत्या का आरोप लगाया। घटना का पता चलते ही एसपी सिटी संजीव बाजपेई, नजीबाबाद सीओ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। एसपी सिटी संजीव वाजपेई ने बताया कि घटना का शीघ्र खुलासा किया जाएगा।

# नकदी, जेवरात लेकर पड़ोसी के साथ भागी बेवफा पत्नी

**ललितपुर।** थाना बार अंतर्गत ग्राम करमई में रहने वाले नरेन्द्र पुत्र जालम रैकवार ने सीजेएम न्यायालय में वाद दायर किया है। नरेन्द्र ने न्यायालय को बताया कि बीती 23 जून 2024 को अपराह्न करीब 2 बजे उसकी पत्नी रानी गांव के जगदीश पुत्र मुलुआ के सथ घर में रखा 1.50 लाख रुपये, उसकी भाभी व मां के जेवरात लेकर भाग गयी थी, जिसे भागते हुये उसकी भाभी शारदा पत्नी जगभान ने देखा था, जिस पर उसने रोकने का प्रयास भी किया, लेकिन उक्त लोग उसे धक्का देकर भाग गये। मामले का उलाहना जगदीश के परिजनों को देने पर उसके परिजनों ने गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुये भगा दिया। इस सम्बन्ध में थाना बार पुलिस को सूचना के साथ वह मोबाइल भी दिया गया, जिससे जगदीश की बात हुयी थी। बताया कि पुलिस ने सही धाराओं में मामला दर्ज न करते हुये 24 जून को महज गुमशुदगी दर्ज की थी। इसके बाद आलाधिकारियों से कार्यवाही की गुहार लगायी गयी। किन्तु कोई कार्यवाही न होने पर उसने न्यायालय की शरण ली। पीड़ित ने बताया कि बार-बार कार्यवाही करने पर जगदीश के परिजन उससे रंजिश रखने लगे। बताया कि 5 जुलाई 2024 को उसकी पत्नी ने थाना बार में उपस्थित होकर अपने माता-पिता के साथ न जाकर अपनी मर्जी से स्वयं चली गयी। इसके बाद उक्त लोग उसे लगातार आगे कार्यवाही न करने के लिए धमकाते हुये 50 हजार रुपये की मांग कर रहे हैं। बताया कि 21 अक्टूबर 2024 की रात करीब 8 बजे जगदीश अपने पिता मुलुवा पुत्र भगुन्ता, शशिकान्त पुत्र दयाली व बहनोई नरेन्द्र निवासी साढूमल व दो अज्ञात लोगों के साथ आया और घर के अंदर घुसकर 50 हजार रुपये की मांग करते हुये पुलिस में खर्च हुये रुपये को वसूलने की बात कही। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसके व उसके परिजनों के साथ मारपीट कर दी। शोरगुल होने पर ग्रामीणों के मौके पर आने से उक्त लोग उसे जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गयी, लेकिन कार्यवाही नहीं हुयी। इसके बाद एसपी ललितपुर को भी रजिस्टर्ड डाक से व स्वयं जाकर शिकायती पत्र भेजा गया। बावजूद इसके कार्यवाही नहीं हुयी। अब पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 191 (2), 308 (4), 324 (4), 333, 351 (3), 352 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

- उलाहना देने पर मारपीट, 50 हजार रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप
- न्यायालय के आदेश पर थाना बार पुलिस ने दर्ज किया मुकद्दमा

## किसान की एम्बुलेंस की टक्कर से मौत

**रोआंवला, बरेली।** शाहवाद-रामनगर रोड पर लक्ष्मणपुर तिराहे के समीप एक एंबुलेंस ने खेत में गेहूं काटने जा रहे किसान को टक्कर मार दी। सड़क हादसे में किसान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह रामनगर निवासी मलखान सिंह यादव का (35) वर्षीय बेटा प्रमोद कुमार गेहूं की कटाई के लिए खेत पर जा रहा था, तभी लक्ष्मणपुर तिराहे के पास रामनगर अस्पताल की एक एंबुलेंस ने उन्हें टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार एंबुलेंस सिरौली में डिलीवरी केस के लिए जा रही थी। प्रमोद सड़क किनारे पटरी पर चल रहे थे, तभी एंबुलेंस ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी, जिससे प्रमोद की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे केगया, लेकिन ग्रामीणों ने पीछा कर उसे हरदासपुर के नजदीक पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

# सैनिकों की समस्याओं में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये: एडीएम

**बिजनौर।** अपर जिलाधिकारी (वित्त एंव राजस्व) अरविन्द कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में जिला सैनिक बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर जिला सैनिक बन्धुओं से संबन्धित सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

अपर जिलाधिकारी अरविन्द कुमार सिंह द्वारा सर्व प्रथम पिछली बैठक में उठाई गयी समस्याओं में से लम्बित समस्याओं को सुना गया तथा सम्बन्धित विभागीय अधिकारीयों को उनके शीघ्र निस्तारण के आदेश पारित किये गये।

अपर जिलाधिकारी के द्वारा उपस्थित लगभग 20 पूर्व सैनिकों की भूमि, राजस्व एंव पुलिस सम्बिन्धत शिकायकतों को सुना गया तथा सम्बन्धित विभागीय अधिकारीयों को प्रेषित करने को कहा, साथ ही जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा उनकी फीडबैक लेकर अगली बैठक में प्रस्तुत करने को कहा।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जिस विभाग की शिकायतें लम्बित रह जाती हैं तथा उनको अगली आयोजित होने वाली जिला सैनिक बन्धु बैठक से दो दिन पहले अवगत कराया जा सके ताकि उन अधिकारियों को उस बैठक में बुलाकर शीघ्र ही लम्बित समस्याओं का समाधान कराया जा सके। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी हर्ष चावला, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर संग्राम सिंह, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन अनिल कुमार गुप्ता, एल0डी0एम0 पंजाब नैशनल बैंक, जिला सेवायोजन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## मोहल्ला नेहरू नगर में नपा ने चलाया साफ सफाई अभियान

**ललितपुर।** शहर के मोहल्ला नेहरू नगर जोन वन के वार्ड नम्बर 3 में नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी दिनेश विश्वकर्मा के आदेश अनुसार प्रभारी सफाई निरीक्षक व पर्यवेक्षक और पार्षद मोहनी दरौनियां के दिशा-निर्देश पर स्वास्थ नायक जितेन्द्र करौसिया की उपस्थिति में नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा विशेष साफ सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें नगर पालिका के कर्मचारियों ने अपने अपने हाथो में झाडू थामकर विभिन्न सड़कों पर, नालियों में, गलियों में व खाली पड़े प्लाटों पर सफाई करते नजर आये। जगह जगह पड़े कूड़े कचरें को हाथ ठिलिया गाड़ी में भरते दिखाई दिये। इस मौके पर स्वास्थ नायक ने मोहल्ले वासियों से अपील की है कि अपने अपने घर से निकलने वाले कूड़े कचरें को जगह जगह सड़कों पर खाली पड़े प्लाटों पर व नालियों में न फेंके।

# शेयर बाजार में हाहाकार

अमेरिका के टैरिफ वार का असर पूरी दुनिया पर दिखने लगा है। खुद अमरीका इससे सबसे अधिक संकट में है। अमरीकी कंपनियों का मार्केट कैपटेलाइजेशन 13 ट्रिलि. डॉलर तक घट गया है। कैक, डैक, फुटसी से लेकर भारतीय शेयर बाजार भी संकट में हैं। सोमवार को भारत के शेयर बाजार में भारी गिरावट आयी। सेंसेक्स 2226 अंक और निफ्टी 742 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। अमरीकी टैरिफ का असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है। विशेषज्ञ आर्थिक मंदी की भविष्यवाणी भी करने लगे हैं। इस कारण ट्रंप की नीतियों का विरोध अमरीका में भी खूब हो रहा है। एक ही दिन में अमरीका के सभी 50 राज्यों में करीब 1400 विरोध प्रदर्शन हुए। यही नहीं मैक्सिको, कनाडा में भी विरोध प्रदर्शन हुए। जवाबी शुक्ल के खिलाफ अमरीका पर भी कई देशों ने टैरिफ बड़ा दिया है। इससे अमरीका में भी मंदी की आशंका जतायी जा रही है। भारत पर पड़ने वाले असर को लेकर विशेषज्ञ एकमत नहीं हैं। लेकिन फिर भी रेसिप्रोकल टैरिफ से भारत की जीडीपी को 0.5 फीसद तक नुकसान की बात कही जा रही है। बेशक यह बहुत कम आंकड़ा लगता है, लेकिन नुकसान का आंकड़ा एक लाख करोड़ तक हो सकता है। यह कोई सामान्य राशि नहीं है। विशेषज्ञों का आकलन है कि यदि जीडीपी कम हुई, तो उत्पादन पर सीधा असर पड़ेगा, लिहाजा फैक्ट्रियां या तो कर्मचारियों की छंटनी करेंगी अथवा वेतन कम करेंगी। आकलन यहां तक है कि 7-8 लाख नौकरियां जा सकती हैं। ऐसा ही प्रभाव तमिलनाडु की कंपनियों पर पड़ सकता है, जहां कंपनियां इलेक्ट्रॉनिक्स का व्यापार करती हैं। भारत के गुजरात से प्रमुख तौर पर 78,000 करोड़ रुपये के रत्न आभूषण, पत्थरों का कारोबार अमरीका के साथ किया जाता है। टैरिफ बढ़ने से वे ज्यादा महंगे हो जायेंगे। एक उदाहरण एप्पल आईफोन का है, जिसकी फैक्ट्रियां भारत और चीन में हैं। चीन पर 34 फीसदी टैरिफ लगाया गया है। पहले से ही चीन पर टैरिफ काफी ज्यादा है। अब नये टैरिफ के बाद भारत -चीन में निर्मित एप्पल फोन अमरीकी बाजार में महंगा हो जायेगा। जाहिर है कि महंगा फोन कोई क्यों खरीदेगा? नये हालात में भारत की मुद्रा रुपया और अधिक कमजोर हो सकता है और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पर भी असर हो सकता है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय भी स्वीकार कर रहा है कि यह टैरिफ हमारे लिए झटका है। राष्ट्रपति ट्रंप ने करीब 60 देशों पर जवाबी लगाया है। नतीजतन दुनिया भर के बाजारों में हड़कंप है। अर्थव्यवस्थाएं हिल गई हैं, गरीबी और महंगाई के बढ़ने के आसार हैं। ज्यादातर देश इसे टैरिफ युद्ध मान रहे हैं और इसे ट्रंप की नादानी के रूप में देख रहे हैं। बहरहाल भारत-अमरीका के बीच अनेक वस्तुओं और उपकरणों आदि का आयात-निर्यात होता है। प्रधानमंत्री मोदी की फरवरी में अमरीकी यात्रा के दौरान दोनों देशों ने 2030 तक द्विपक्षीय कारोबार को 500 अरब डॉलर तक बढ़ाने के समझौते की घोषणा की थी। मुक्त व्यापार-सौदा इसी के तहत किया जाना है। इसका प्रथम चरण सितंबर-अक्टूबर तक पूरा हो सकता है। उसमें टैरिफ का समाधान मिल सकता है। हालांकि ट्रंप ने भारत के फार्मा, तांबा, तेल, सेमीकंडक्टर, गैस, कोयला, एलएनजी, इंसुलिन, विटामिन्स, कीमती धातुएं (सोना, चांदी, प्लेटिनम), प्रिटेंड सामग्री और जिंक आदि 50 प्रमुख उत्पादों को टैरिफ-मुक्त रखा गया है। इससे इन क्षेत्रों पर कम से कम असर पड़ेगा। लेकिन करीब 6 अरब डॉलर के निर्यात वाली मशीनरी, 4 अरब डॉलर के निर्यात वाले मिनरल फ्यूल, 3 अरब डॉलर निर्यात वाले ऑर्गेनिक केमिकल्स और 1 अरब डॉलर के निर्यात वाले इमारती पत्थर आदि पर असर पड़ेगा लेकिन बहुत कम। जबकि इलेक्ट्रॉनिक्स, स्मार्ट फोन, रत्न-आभूषण और कृषि सरीखे क्षेत्रों पर व्यापक असर पड़ेगा। भारत के निर्यात पर असर पड़ेगा तो इससे हमारी जीडीपी प्रभावित होगी। जिन कंपनियों को नुकसान होगा वे जॉब कट कर सकती है और उनका कारोबार भी प्रभावित होगा। इस चिंता में भारत के शेयर बाजार में भी हाहाकारी स्थिति सोमवार को देखने को मिली। लेकिन निवेशकों को भी समझना होगा कि इस तरह की आशंका पहले से थी। इसलिए निवेशक पैनिक करने से बचें।

**अमरीका के टैरिफ वार के कारण वैश्विक मंदी की आशंका पैदा हो गयी है, इस कारण बाजार गिर रहे हैं।**

# वक्फ़ संशोधन कानून पर न करें सियासत

प्रो. आर. एन. त्रिपाठी

सर्वविदित है कि रेल और रक्षा के बाद वक्फ के पास देश में सर्वाधिक संपत्ति है। इसमें लंबे समय से सुधार की आवश्यकता भी महसूस की जा रही थी। इस दिशा में पहले भी प्रयास हुए हैं। 1976 में सुधार समिति लाई गई थी। रहमान खान की रिपोर्ट भी आई थी। वर्ष 2013 में 13 सदस्यीय जेपीसी भी गठित की गई थी और अंततः जगदंबिका पाल के नेतृत्व में हुई 36 बैठकों के बाद 31 सदस्यों द्वारा जेपीसी से जो सुझाव सर्वसम्मति से आए, उस पर संशोधन के साथ अमल होकर वक्फ संशोधन बिल 232 के सापेक्ष 288 की सहमति संख्या से पास हो गया और अब कानून बन गया है।

धार्मिक संस्थाओं में समयानुसार व्यवस्थाओं में परिवर्तन होते रहते हैं। व्यवस्था के परिवर्तन के अनुसार उसमें सुधार होना भी जरूरी होता है हिन्दुओं और ईसाइयों के तमाम धार्मिक संस्थाओं में समय-समय पर सुधार हुए हैं। बहुत सारी धार्मिक संस्थाओं में कोर्ट के हस्तक्षेप से काफी सुधार हुए हैं और होते रहते हैं। सबरीमाला से लेकर अन्य तमाम मंदिर और तमाम व्यवस्थाओं में भी बहुत सारे परिवर्तन हुए हैं। निश्चित रूप से इन परिवर्तनों को राजनीतिज्ञ अपने चश्मे से देखते हैं और उससे संबंधित लोग अपने चश्मे से। परंतु राजनीतिक चुनौतियों के बीच हमें देश के आम नागरिक के रूप में इसे लेना चाहिए। निश्चित रूप से राजनीतिक दलों की, न्यायालयों की और एक जिम्मेदार नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है कि वह इस संशोधन बिल को किसी समुदाय या राजनीतिक दल की हार- जीत के साथ जोड़कर न देखें और न किसी समुदाय को गौरवान्वित होने और किसी समुदाय को अपमानित होने का, अपने वक्तव्य और कार्य से माहौल बनाएं।

वक्फ की इतनी बड़ी संपत्ति में उनके मुतवल्लियों द्वारा समय-समय पर भ्रष्टाचार के बहुत सारे मामले सामने आते रहे हैं, इसमें सबसे बड़ी दुर्दशा उन तलाकशुदा महिलाओं, विधवा महिलाओं की रही जिन्हें वसीयत के आधार पर वंचित करके रखा गया जबकि वही वास्तव में उसकी उत्तराधिकारी होतीं, लेकिन महिलाओं को अधिकार न देने के कारण निश्चित रूप से जो लिंग के आधार पर समता समानता की बात है, वह इस पुराने वक्फ में नहीं थी। इस नए बिल में उसमें भी सुधार लाया गया। साथ ही वक्फ के न्यायिक अधिकार जहां सत्य को सत्य मानने और असत्य को दूर करने का प्रयास भी नए बिल में किया गया है।

**चिंतन**

वक्फ का जो उद्देश्य था कि वह अपने समुदाय के लोगों की शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा सुरक्षा जैसे संसाधनों की पूर्ति करेगा। निश्चित रूप से वक्फ के मुतवल्ली के जो अधिकार थे, उससे वह पूर्ति नहीं हो पा रही थी। बहुत सारी संपत्तियां जो दशकों से सौ-पचास रुपए किराए पर थीं, जिनका किराया आज कई हजारों में हो सकता है और जिससे बहुत बड़ा राजस्व आ सकता है, वह सब लोकहित में न लगकर मुतवल्ली और उससे संबंधित व्यक्तियों के हित तक ही सीमित रह गया था, इसमें सुधार व परिवर्तन बेहद आवश्यक था जो इस नए बिल में हुआ है।

वक्फ का उद्देश्य है मुस्लिम जनों का कल्याण, और उसके लिए आधुनिक तरीके से संसाधनों को जुटाना, जिसमें आर्थिक संसाधन भी हो और वह संसाधन भी समावेशी हो और उन संसाधनों के आधार पर समावेशी विकास भी हो, ऐसे सुधार की आवश्यकता थी, नई नीतियों से वक्फ की अवैध बिक्री और सम्पत्ति की बर्बादी रुकेगी जो वक्फ के अयोग्य संरक्षकों द्वारा पहले की जाती रही है क्योंकि अब उनका एकाधिकार नहीं रहेगा। इससे जो बहुत बड़ी सम्पत्ति अर्जित होगी, वह पूर्णतः मुस्लिमों के कल्याण के लिए होगी। इन सभी बातों को इस नए बिल में लाने की कोशिश की गई है। किसी भी संस्था को चलाने के लिए आवश्यक जवाबदी और सामूहिक जिम्मेदारी को भी इस नए वक्फ संशोधन बिल में शामिल किया गया है। इस संशोधन बिल पर जिस प्रकार से पक्ष और विपक्ष द्वारा किसी समुदाय से जोड़ कर बयान दिए जा रहे हैं, उससे लगता है कि राजनीति भी अब लोकतंत्र और लोकहित के लिए नहीं हो रही है बल्कि राजनीतिक दलों की स्वार्थ प्रतिबद्धता तक ही सीमित होती जा रही है, जो किसी भी सशक्त और समर्थ लोकतंत्र के लिए कदापि उचित नहीं है। यहां यह तथ्य समीचीन है कि वक्फ संशोधन कानून किसी पार्टी विशेष का नहीं है बल्कि यह देश हित में किया गया बड़ा प्रयास है। उसमें पारदर्शिता और समावेशन को सुनिश्चित किया गया है, इसमें जिस प्रकार माफिया लोगों का आतंक था और दुरुपयोग करने की प्रवृत्ति थी, उस पर अंकुश लगाने की इसमें पूरी कोशिश की गई है। यहां सरकार की तरफ से स्पष्ट कहा गया है कि इसका कदापि गैर इस्लामिक प्रयोग नहीं होगा। सरकार की ओर से मुस्लिम समाज को यह अपने आप में बहुत बड़ा आश्वासन है।

वक्फ मामला चाहे जिस सम्प्रदाय का हो, सभी देश के नागरिक हैं और सभी नागरिकों के समुचित अधिकार हैं, जिसकी सुरक्षा के लिए हमारे देश में न्यायालय की व्यवस्था है और सर्वोच्च न्यायालय और राज्यों के उच्च न्यायालय हमेशा किसी भी सुधार को, किसी भी फैसले को अपने आधार पर निर्धारित करते हैं, और उसमें समयानुसार परिवर्तन भी होता रहता है, जो इस बिल में भी सम्भव है। नए वक्फ बिल में कुछ ऐसी चीज हैं जो समीचीन हैं और जिनका होना बहुत आवश्यक है जैसे टेक्नोलॉजी के साथ जोड़ना, ट्रिब्यूनल को अधिकार देना, ट्रिब्यूनल से सन्तुष्टि न होने पर शीर्ष कोर्ट जाने का विकल्प, तलाकशुदा महिलाओं, विधवाओं के अधिकारों की सुरक्षा करना और किसी भी विवाद में अदालत जाने का विकल्प खुला रहना जो पहले वक्फ में नहीं था या फिर सीमित था। माना जाना चाहिए कि नए वक्फ संशोधन कानून से सभी मुस्लिमों का हित होगा विशेष कर जो पिछड़े, दबे, कुचले और महिलाएं हैं। जो वास्तविक अधिकारों से वंचित हो जाती थीं, उनका विशेष हित होगा। दबंग व माफिया उनके वक्फ के अधिकारों को भ्रष्टाचार कर हड़प लेते थे, उसमें सुधार होगा। विपक्षी दलों द्वारा यह कहना कि मुसलमानों को दूसरे दर्जे की नागरिकता मिल जाएगी और यह संविधान पर हमला है, यह सारी बातें अब समीचीन नहीं लगतीं क्योंकि संयुक्त संसदीय समिति में उनके सदस्यों द्वारा जितनी आपत्तियां उठाई गईं, उन पर बैठकर बात की गई और अब तक इस जेपीसी द्वारा सर्वाधिक बैठकें इसी पर हुई हैं। उसी समय इस विवाद पर उनका बोलना ज्यादा समीचीन था।

आज कुछ नेताओं द्वारा निश्चित रूप से अपने वक्तव्य में समुदाय के रूप में, समुदाय की जय और पराजय के रूप में इसे उद्धृत किया जा रहा है, ऐसी विषाक्त कड़वाहट किसी राजनीतिक दल और किसी राजनैतिक नेता को शोभा नहीं देती है क्योंकि उसने भारत के हित के लिए शपथ ली है। उसकी शपथ में देश की अखंडता एकता और लोक कल्याण की प्रतिबद्धता ही सबसे बड़ा विषय होती है। यदि उसके द्वारा दिया गया वक्तव्य समुदाय व व्यक्ति आधारित है तो वह एक प्रकार से वह अपने शपथ का खंडन करता है। अतः राजनीतिज्ञों के अलावा समाज के प्रबुद्ध चिंतकों और एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है कि इस संशोधन अधिनियम में निहित लोक कल्याण के मर्म को समझें और राष्ट्र हित में अपने व्यक्तित्व का स्व मूल्यांकन भी करें।

**(लेखक बीएचयू में प्रोफेसर हैं)**

> वक्फ का उद्देश्य है मुस्लिम जनों का कल्याण, और उसके लिए आधुनिक तरीके से संसाधनों को जुटाना, जिसमें आर्थिक संसाधन भी हो और वह संसाधन भी समावेशी हो और उन संसाधनों के आधार पर समावेशी विकास भी हो, ऐसे सुधार की आवश्यकता थी, नई नीतियों से वक्फ की अवैध बिक्री और सम्पत्ति की बर्बादी रुकेगी जो वक्फ के अयोग्य संरक्षकों द्वारा पहले की जाती रही।

## सोशल मीडिया

आज जम्मू-कश्मीर के कठुआ में बीएसएफ जवानों के साथ बॉर्डर आउटपोस्ट 'विनय' का दौरा किया, हमारे वीर जवान पूरी दृढ़ता से सीमाओं की सुरक्षा कर रहे हैं। अमित शाह.

मुद्रा योजना की पहली दशकीय पारी पूरी होने पर 10 वर्ष के नाम पर निम्नलिखित दस महत्वपूर्ण सरल और सीधे सवाल तो जनता भाइपाइयों से पूछ ही सकती है। अखिलेश यादव

भारतीय जनता पार्टी ने देश को बांटने के लिए वक्फ संशोधन बिल पेश किया है, जब बीजेपी की सरकार हटेगी व नयी सरकार बनेगी तो इसे रद कर दिया जायेगा। ममता बनर्जी.

# पांच दशक में खत्म हो गयी दो-तिहाई जैव विविधता

**वन्य जीवन**

**डॉ. अनिता राठौर**

वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर की लिविंग प्लैनेट रिपोर्ट 2020 के मुताबिक पिछले पांच दशकों में धरती की 68 फीसदी जैव विविधता नष्ट हो चुकी है। इस तरह 10 जैव विविधत प्रजातियों में 7 का विनाश हो चुका है, यह बेहद चिंतित करने वाली रिपोर्ट है। भारत आदिकाल से ही जैव विविधता के मामले में एक सम्पन्न देश रहा है। अपने यहां करीब पौधों की 40 से 45 हजार और जीवों की 85 से 90 हजार प्रजातियां मौजूद हैं। लेकिन अब अपने देश में भी बहुत तेजी से जैव विविधता लुप्त हो रही है। दो साल पहले आरटीआई के जरिये हासिल एक सूचना के मुताबिक एक दशक में 148 जीव और करीब 132 वनस्पतियां लुप्त हो गई हैं और 500 से ज्यादा जीवों और वनस्पतियों पर लुप्त होने की तलवार लटकी हुई है।

कुछ साल पहले वन विभाग ने पाया था कि राजस्थान के सरिस्का टाइगर रिजर्व और मध्य प्रदेश के पन्ना टाइगर रिजर्व में सुनियोजित ढंग से चल रही शिकार की गतिविधियों के कारण उनकी संख्या में तेजी से कमी आ रही है। टाइगर, तेंदुए और ओर्टर को उनकी चमड़ी के लिए मारा जाता है। चीन और दूसरे अन्य देशों में भारत में पाये जाने वाले इन दुर्लभ प्रजातियों के पशु और पक्षियों की बहुत मांग है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मादक द्रव्यों की तस्करी, मनुष्य की तस्करी और अन्य दूसरी चीजों की तस्करी के बाद अवैध वन्य जीवों का शिकार कर उनके अंगों की तस्करी का व्यापार चौथे स्थान पर है। यूनाइटेड नेशंस ऑफिस द्वारा ड्रग एंड क्राइम विषय पर जारी एक रिपोर्ट के अनुसार लगभग 132,144 वन्य जीवों की अवैध तस्करी से जुड़े मामले दर्ज किये गये, जिनमें पूरी दुनिया के 120 देशों में लगभग पिछले एक दशक में हजारों वन्यजीवों की ऐसी प्रजातियां हैं जो लुप्त हो चुकी हैं। 1,291 वन्यजीवों की तस्करी से जुड़े मामलों में 180 प्रजातियों के प्रतिबंधित वन्यजीव जिनमें 48 स्तनधारी, 71 प्रजाति के पक्षी, 33 सरीसृप और पेड़ों की 4 ऐसी प्रजातियों से जुड़े मामले दर्ज किये गये, जिनमें लाल चंदन की अवैध तस्करी के मामले सबसे ज्यादा दर्ज किये गये। इसमें तेंदुए के शिकार के 182 मामले, एशियाई हाथी की अवैध तस्करी के 138 मामले, एक सींग वाले दरियाई घोड़े के 124 मामले और बंगाल टाइगर के अवैध शिकार के 113 मामले दर्ज किये गये थे। इनमें हिरण, बारहसिंगा, जंगली गाय, सुअरों के अवैध शिकार के 60 मामले दर्ज हुए, जिनमें देश के विभिन्न भागों में इनके मांस के लिए इनका अवैध शिकार किया जाता है।

पैंगोलिन एक ऐसा स्तनधारी जीव है जिसकी चीन और दक्षिण पूर्व एशिया के विभिन्न देशों में बहुत मांग है। इसके मांस, त्वचा और पूर्वी एशियाई देशों में दवाएं बनाने में इस्तेमाल किया जाता है। इसका सबसे ज्यादा अवैध व्यापार होता है। इसके अलावा कछुए, ताजे पानी के कछुए, स्टार कछुए, झीलों में पाये जाने वाले कछुओं की भारत और दूसरे पड़ोसी देशों में पालतू जानवरों के बाजार में भारी मांग के चलते इनका अवैध शिकार किया जाता है। कई मामलों में हजारों लोगों को रेलवे के प्लेटफॉमों, अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों और अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं पर इन्हें इन जानवरों के अंगों के साथ इन्हें अवैध रूप से पकड़ा जाता है। ज्यादातर पक्षियों और पालतू जानवरों के बाजार या मांस के लिए इन्हें बेचे जाने के लिए इनकी अवैध तस्करी होती है। भारतीय पक्षियों की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भारी मांग है। भारत में भले ही मोर के शिकार को अवैध करार दिया गया है इसके बावजूद इन्हें इनके सुंदर पंखों के लिए मौत के घाट उतार दिया जाता है। समुद्री जीव जंतुओं की तस्करी के 50 मामले दर्ज किये गये जिनमें समुद्री घोड़े मूंगा, घोंघे और सी-क्यूकैम्बर की अवैध तस्करी के मामले दर्ज किये गये। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सी-क्यूकैम्बर का इस्तेमाल चीनी व्यंजनों और दवाईयों में होता है। पूरी दुनिया में इसकी बढ़ती मांग के कारण इसकी कई प्रजातियां खत्म हो चुकी हैं। लेकिन हम इस बात को समझने के लिए तैयार ही नहीं हैं कि यदि इसी तरह इनका अवैध शिकार होता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब इन जलीय जीव जंतुओं का समुद्र से पूरी तरह सफाया हो जायेगा। प्रतिबंधित एवं दुर्लभ वन्यजीव प्रजातियों की अवैध तस्करी के बढ़ते मामले इस बात का सबूत है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इन तमाम वन्यजीवों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अवैध तस्करी का यह काम एक बड़े नेटवर्क के रूप में सुनियोजित ढंग से संचालित होता है।

## विचार

सूखी, कठोर और कटुतापूर्ण वाणी, सुनने वाले के मर्मस्थलों, हड्डियों को गला देती है।

-महात्मा विदुर.

यदि आपका हृदय ईमान से भरा है तो एक शत्रु क्या, सारा संसार आपके सम्मुख हथियार डाल देगा।

-स्वामी रामतीर्थ.

चेहरे पर झुर्रियां पड़ गयीं, सिर के बाल सफेद हो गये और सारे अंग ढीले पड़ गये। परन्तु एक तृष्णा है जो तरुण होती जाती है।

-भर्तृहरि.

किसी भी हालत में अपनी ताकत पर घमंड न कर। यह बहुरुपिया आसमान हर घड़ी हजारों रंग बदलता है।

-हाफिज.

अधिकार सुख कितना मादक और सारहीन है। अपने को नियामक और कर्ता समझने की बलवती स्पृही उससे बेगार कराती है।

-जयशंकर प्रसाद.

# आध्यात्मिक चिंतन

**अंतर्दृष्टि**

मनुष्य का मन मस्तिष्क बहुत चंचल होता है और इस कारण वह ऐसी चीजों पर प्रायः भटकता रहता है जो उसके व्यक्तित्व का क्षय करती हैं। वासनाएं व्यक्तित्व, चरित्र का क्षय करती हैं। जिन लोगों के मन पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानीचाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्वप्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के राज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं। जिसमें बिजली के समान भयानक दाहकता होती है। इन अंकुरों से अनेक शाखाओं से युक्त दुख का वृक्ष उत्पन्न होता है।

# ये गरीबों की मदद करने वाले

**व्यंग्यलोक**

गरीब को थाली में भोजन परोस कर लाने वाले गिरोह सक्रिय हो गये हैं। अब झुण्ड के झुण्ड नेताओं के गरीबों के घरों पर वोटों के लिए दस्तक दे रहे हैं। विकास की बातें फिर वे ही लोग कर रहे हैं, जिन्होंने गरीब को और अधिक गरीब बनाया था। अपना-अपना वोट बैंक सुनिश्चित करने की चालें और जनता की आंखों में धूल झोंकने का तमाशा शुरू हो गया है। चुनावी आगाज हो गया है। उन्हें केवल दिल्ली चाहिए ताकि वे मुखिया बनकर देश की बागडोर संभालें तथा देश को अपने ढंग से हांक सकें। दिल्ली की गद्दी के लिए घमासान फिर शुरू हुआ है। अगला साल जैसे कल ही आने वाला हो। इतनी जल्दबाजी और ताबड़तोड़ भागा-दौड़ी। पहले नहीं देखा था ऐसा नजारा। अब तो सबको दरकिनार करके वे आह्वान करने की मुद्रा में आ गये हैं। उनके आह्वान पर वोट न्यौछावर होंगे या नहीं यह तो वक्त बतायेगा, लेकिन वे देश पर इस समय पूरी तरह फना है। वे जनता से कहलवा रहे हैं 'यस वी कैन, यस वी विल डू'। देशभक्ति उनकी रग-रग में समा गई है। कुछ भी कहो अंदाज उनका अपना मौलिक है। दुश्मनों को ललकारा तो केन्द्र की सत्तारूढ़ सरकार को डूब मरने के लिए कहा। उनकी नीतियां विकास की हैं। बिना-विकास के समस्याओं का समाधान संभव नहीं। मैं खुशी से पगला रहा हूँ कि रामराज की तस्वीर दिखाने वाले इस बार कहीं इसे साकार ही न कर दें। यह घड़ी बड़ी अद्भुत है। वोटर की परेशानी यह है कि वह किस ओर जायें। लुभावनी बातें दोनों ओर हैं। मुझे लगता है एक बार फिर निर्दलियों की पौ बारह होगी। क्योंकि इनके नारों में केवल छलावा है और धोखा है। एक पार्टी का राज मिल जायेगा, कहना कठिन है। वैसे वे एक पार्टी से मुक्त भारत का सपना देख रहे हैं। उनका सपना यही तो है कि केवल उनकी पार्टी सत्ता में हो। सुराज भी तभी आता बताया। वे तालियां बजा रहे हैं, हाथ उठवा रहे हैं और सामने बैठे हजारों-लाखों को बेवकूफ समझने की भूल भी कर रहे हैं। मन करता है ऐसी कायापलट करने वाली सरकार तो अगले वर्ष की एवज में इसी वर्ष बन जाये तो मजा आ जाये। उन्हें वोट के अलावा कुछ नहीं चाहिए। बाकी चीजें तो इसी भरोसे पर वे सब बटोर लेंगे। आंखें चुंधिया रही हैं। विकास का उजाला फैला हुआ दिखाई दे रहा है। दिक्कत एक ही दिखाई दे रही है कि उनकी टांग खींचने वालों को रोक लीजिये, वरना वे लड़खड़ा कर गिर जायेंगे और सरकार नहीं बना पायेंगे रामराज वाली। अलादीन का चिराग लेकर आये हैं ये लोग।

पूरन सरमा

## आपकी बात

### विकास प्राधिकरणों की मनमानी

प्रदेश में विकास प्राधिकरणों एवं आवास विकास की कारस्तानी के कारण अब आम आदमी को घर मिलना मुश्किल हो गया है। विकास प्राधिकरणों के इंजीनियरों ने कमीशन के खेल में बड़े-बड़े अपार्टमेंट खड़े कर दिये जिन्हें न तो कोई लेने वाला मिल रहा है और न ही लेना आर्थिक रूप से व्यवहारिक है। शहरों को विकसित कर सजाने संवारने की जिम्मेदारी जिन प्राधिकरणों पर है वे पूरी तरह भ्रष्टाचार के अड्डे बन गये हैं। सबसे बड़े प्रदेश की राजधानी में अवैध कालोनियों का मकड़जाल फैल रहा है। इनमें अनेक समस्याएं पैदा होती हैं लेकिन प्राधिकरण के इंजीनियर और बाबू इसे चलने देते हैं। जब कोई अदालती आदेश आता है तो बेमन से कार्रवाई करते हैं। विकास प्राधिकरणों में जब कोई अभियंता या बाबू घोटाले में पकड़ा जाता है तो सौ, दो सौ करोड़ की संपत्ति मिलना आम बात है। नोएडा अथारिटी में यादव सिंह और उनके परिजनों के भारी गोलमाल की जांच और मुकदमा अभी चल ही रहा है। सवाल है कि विकास प्राधिकरणों में घोटालों की इतनी छूट कैसे मिल जाती है कि जो भी बाबू, अभियंता या अधिकारी पकड़ा जाता है वह करोड़ों का खेल कर चुका होता है। आज विकास प्राधिकरण प्राइवेट एजेंसियों से महंगे फ्लैट बेच रहे हैं। ऐसे में इनकी जरूरत क्या है? जब गरीबों को घर दे नहीं पाते तो इनको खत्म किया जाये। जब विकास प्राधिकरण ही जनता को चूना लगाने पर तुले हों तो इनको खत्म कर प्राइवेट क्षेत्र को ही आगे बढ़ाया जाये। प्रधानमंत्री आवास योजना कई सालों से चल रही है लेकिन प्राधिकरणों एवं आवास एजेंसियों की कारस्तानी के कारण ही गरीबों को घर नहीं मिल रहा है। दूसरे गरीबों के घर को इतना छोटा कर दिया गया है कि महज 20-22 मीटर में ही बना दिया जाता है। इससे घर मिल भी जाता है तो भी शांति नहीं मिलती है। इसलिए अगर प्रधानमंत्री आवास योजना के घरों को कम से कम 35 मीटर रखना चाहिए।

**प्रमोद कुमार शुक्ल, लखनऊ.**

### शिक्षा और सामाजिक बदलाव

शिक्षा आर्थिक प्रगति और सामाजिक बदलाव का सबसे बड़ा माध्यम है। जैसी शिक्षा होगी वैसा ही समाज भविष्य में बनेगा। इसलिए शिक्षा पर समाज को फोकस बढ़ाना चाहिए। भारत के साथ आजाद होने वाले अधिकांश देश आर्थिक प्रगति, नागरिकों की सुख-सुविधा, सुरक्षा, स्वास्थ्य रक्षा, रोजगार और समग्र प्रगति के मामले में बहुत आगे निकल चुके हैं। समावेशी विकास, महिला अधिकारिता, शिक्षा और बाल विकास जैसे तमाम मुद्दों पर छोटे-छोटे देश भी भारत से बहुत आगे हैं। भले ही हम आज दुनिया में महाशक्ति बनकर उभर रहे हों लेकिन फिर भी गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी आदि के मामले में भारत की स्थिति ठीक नहीं है। आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर जब हम यह सोचते हैं कि आखिर कहां ऐसी कमी रही, कौन से कारण रहे जिनके चलते भारत मानव विकास, नागरिकों की समृद्धि आदि के मामले में विश्व रैंकिंग में कहीं नहीं ठहरता। जिस भी खराब मुद्दे को लेते हैं चाहे वह गरीबी हो, कुपोषण हो, खराब शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा हो, वैश्विक स्तर पर जब इनके आंकड़ों का अध्ययन करते हैं, तो यह पाते हैं कि भारत अधिकांश में नंबर एक पर है। यह भारत और उसके हरेक नागरिकरों के लिए चिंता का, चिंतन का और शर्म का भी विषय है। ऐसा क्यों है कि भारत में बहुत कुछ होते हुए भी हम अपने नागरिकों को बेहतर मानवीय सुविधाएं नहीं दे पाये हैं, तो इसके पीछे एक जो सबसे ठोस कारण नजर आता है वह है शिक्षा। अच्छी शिक्षा हरेक समाज की, हरेक नागरिक की जरूरत है। शिक्षा के बिना कोई भी समाज या देश प्रगति नहीं कर सकेगा। इसलिए यह जरूरी है कि सरकार हरेक बच्चे को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराये। एक शिक्षित व्यक्ति ही समाज एवं राष्ट्र निर्माण का वाहक बन सकता है। अशिक्षा व्यक्ति को अंधकार में रखती है और इसी कारण समाज में तमाम तरह की बुराई भी पनपती हैं। इसलिए शिक्षा पर सरकार फोकस बढ़ाये।

**प्रेम प्रकाश शुक्ल, लखनऊ.**

संक्षेप

## कुलपति ने 14 दैनिक श्रमिकों को दिया नियुक्ति पत्र

**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने 14 दैनिक श्रमिकों को नियुक्ति पत्र दिया। नियुक्ति पत्र पाकर इन श्रमिकों के चेहरों पर मुस्कान दौड़ गई। इस दौरान कुलपति ने कहा कि यह दैनिक श्रमिकों की मेहनत है जो उन्हें इस मुकाम पर पहुंचाया है। नियुक्ति पत्र के साथ-साथ उन्होंने सभी कर्मियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ये सभी दैनिक श्रमिक उत्तर प्रदेश शासन की नियमावली के तहत ये कार्मचारी 10 वर्ष 240 दिन के कार्य दिवस को पूरा कर लिए थे। ये विवि के विभिन्न प्रक्षेत्रों एवं कृषि फार्मों पर कार्य कर रहे थे। मीडिया प्रभारी आशुतोष सिंह ने बताया कि इससे पहले 2020 में तीन, 2021 में 101 और 2024 में 29, 2025 में 14 दैनिक श्रमिकों को नियुक्ति पत्र दिया जा चुका है। विश्वविद्यालय में अबतक 147 दैनिक श्रमिकों को उनकी योग्यता के अनुसार विवि के कुलपति नियुक्ति पत्र वितरित कर चुके हैं। नियुक्ति पत्र पाने वालों में रामअचल, रतीपाल, ओमप्रकाश आदि है।

# धारदार हथियार से पुजारी की निर्मम हत्या

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** थाना इनायत नगर के चैकी क्षेत्र बारुन बाजार अंतर्गत डोभियारा पूरे बिशनपुर में एक पुजारी की हत्या की घटना सामने आई है। पुजारी के गले और सिर पर धारदार हथियारों से वार किया गया है। पुजारी गांव के बाहर अपनी जमीन पर एक मंदिर बनाकर व उसके बगल में मकान बनाकर रह रहा था। सुबह मृतक का बड़ा बेटा दिनेश प्रतिदिन की भांति सुबह होते ही मंदिर की साफ सफाई करने के लिए वहां आया था तभी बगल से गेहू के खेतों में काम करने वाली गुजर रही महिलाओं ने उसे बताया कि उनके पिता के साथ ऐसी घटना घट गई है। इसके बाद परिवार में कोहराम बन गया। थोड़ी ही देर में घटनास्थल पर हजारों लोगों का जमावड़ा लग गया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। सूचना के कुछ ही समय बाद मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का मौका मुआयना किया और साक्ष्यों का संकलन किया। मौके पर पहुंचे एसपी देहात बलवंत चैधरी ने भी घटना की जांच पड़ताल किया और कहा कि मृतक राज बहादुर (60) उर्फ बाबा बेचन दास की हत्या हुई है वह झाड़ फूंक का भी काम करता था। परिवार के लोगों ने कुछ लोगों के ऊपर आशंका जताई है शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## आज पहली बार साइकिल से होगी अयोध्या की पंचकोसी परिक्रमा

जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** रामनगरी में सैकड़ो युवा एकादशी के मौके पर साइकिल से पंचकोसी यात्रा करेंगे। इस यात्रा की अगुवाई महापौर गिरीशपति त्रिपाठी करेंगे। इस यात्रा का मकसद नई पीढ़ी को अयोध्या की शास्त्रीय परंपराओं का आत्मसात करना है। एकादशी के

- नई पीढ़ी को अयोध्या की शास्त्रीय परंपरा से जोड़ने के लिए महापौर की पहल
- रामनगरी के पार्षद संभ्रांतजन के साथ जगह-जगह करेंगे यात्रा का स्वागत

शुभ अवसर पर अयोध्या में पंचकोसी परिक्रमा की परंपरा रही है, जिसमें अयोध्या के प्रमुख साधु-संत एवं गृहस्थ परिवार सहित परिक्रमा करते हैं।

पहली बार साइकिल से परिक्रमा करने की योजना बनाई गई है। मंगलवार की शाम 3.30 बजे नगर निगम अयोध्या के महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी की अध्यक्षता में साइकिल यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें ग्रीन अयोध्या, क्लीन अयोध्या, साफ सुंदर-स्वच्छ अयोध्या, पेड़ लगाओ, हरियाली लाओ जैसे प्रमुख स्लोगन यात्रा के दौरान लोगों में सकारात्मक संदेश बिखेरेंगे। इस यात्रा का प्रमुख उद्देश्य अयोध्या नगरी में जन जागरूकता फैलाना है। यात्रा को जिलाधिकारी महोदय श्री चंद्र विजय सिंह हरी झंडी दिखाकर आरंभ करेंगे। यात्रा में महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी, नगर आयुक्त श्री संतोष कुमार शर्मा समेत शहर के प्रमुख विद्यालय, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के छात्र सम्मिलित होंगे। इस समय अयोध्या में पर्यटन की भारी संभावनाएं विकसित हो रही हैं। इस यात्रा के माध्यम से जनमानस को जागृत कर पर्यावरण को संरक्षित करना है। शहर को साफ सुथरा सुंदर व स्वच्छ दिखाने के लिए लोगों को जागृत करना है। यात्रा राम की पैड़ी स्थित सहस्त्र धारा घाट (आरती स्थल) से दोपहर 3.30 बजे आरंभ होकर पंचकोसी परिक्रमा करते हुए वहां समाप्त होगी। यात्रा का लता चैक पर पार्षद प्राथमिक रिशु पांडे, रामघाट चैराहे पर अंकित त्रिपाठी, गैस गोदाम पर अनिकेत यादव, राजघाट पार्क पर सुल्तान अंसारी, चूड़ामणि चैराहा पर डॉ. कनक बिहारी पाठक स्वागत करेंगे।

## साईं बाबा का अभिषेक, भव्य श्रृंगार, के साथ साईं भजन संध्या का आयोजन

**बाराबंकी।** मसौली के ग्राम अमदहा स्थित शिरडी साईं बाबा मंदिर के स्थापना दिवस महोत्सव पर साईं भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या में गायक ज्योति सिंह व श्रेया शुक्ला द्वारा बाबा को समर्पित अनेकों स्तुतियों एवं भजनों को प्रस्तुत कर समा बांधा गया। ग्राम अमदहा स्थित श्री शिरडी साईं बाबा मंदिर पर साईं बाबा का अभिषेक, भव्य श्रृंगार, पूजा अर्चना पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने करते हुये भंडारे का शुभारंभ किया। भजन संध्या के दौरान पीलीभीत के कलाकारों द्वारा साईं बाबा की झांकी, राधा कृष्ण की रासलीला, फूलों की होली, माता दुर्गा दर्शन, महिषासुर वध, बालाजी महाराज, कृष्ण-सुदामा, भगवान भोलेनाथ की मसान आरती के साथ अनेकों प्रस्तुतिया प्रस्तुत की। इस अवसर पर पूर्व विधान परिषद सदस्य अरविंद यादव, पूर्व विधायक राम गोपाल रावत, पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, लल्लन वर्मा, शकील सिद्दीकी, हिमांशु यादव, प्रीतम सिंह वर्मा, गुड्डू मौर्या, बलजीत गौतम, सुरेश मौर्या, आशू मौर्या, संतोष मौर्य, दीपू नाग आदि मौजूद रहे।

## मेगा शिविर आज

**बहराइच।** भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) की विभिन्न सेवाएं ग्राहकों तक सुविधाजनक ढंग से पहुंचाने एवं शिकायतों के निराकरण के उद्देश्य से बीएसएनएल परिचालन क्षेत्र बहराइच अन्तर्गत 08 अप्रैल 2025 को दूरभाष केन्द्र, बहराइच पर मेगा शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर के माध्यम से उपभोक्ताओं को मोबाइल के नवीन कनेक्शन, मोबाइल सिम प्रतिस्थापन, नये एफटीटीएच (फाइबर टू द होम) कनेक्शन की बुकिंग तथा 4जी सिमअप ग्रेडेशन एवं बिल से सम्बन्धित शिकायतों का समाधान कराया जायेगा।

यह जानकारी देते हुए अवर दूरसंचार अधिकारी सेल्स एण्ड मार्केटिंग ने बताया कि ग्राहक अनुभव और सेवा की विश्वसनीयता को बढ़ाने के लिए भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) द्वारा 01 अप्रैल से 30 अप्रैल तक 2025 तक एक राष्ट्रव्यापी मुहिम ह्यग्राहक सेवा माहह्य की शुरुआत की गई है। ग्राहक सेवा माह अन्तर्गत ग्राहक सेवा केन्द्रों पर शिकायत निवारण शिविर लगाया जायेगा, लम्बे समय से लम्बित शिकायतों के समाधान हेतु विशेष फील्ड ड्राइव, बेहतर नेटवर्क गुणवत्ता के लिए सक्रिय सेवा निगरानी, ग्राहकों तक पहुंच बनाये जाने हेतु डिजिटल आउटरीच अभियान संचालित किया जायेगा।

## साइबर ठगों का निशाना बने पीड़ितो को 1,19,635 धनराशि कराई वापस

जिला संवाददाता(vol)

**बाराबंकी।** फर्जी बैंक अधिकारी बन केवाईसी अपडेट कराने व फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर डिजिटल एरेस्ट करने वाले साइबर ठगो से पीड़ित को साइबर सेल टीम ने धनराशि वापस करवाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक आजम पुत्र मोहम्मद वसीम ग्राम व पोस्ट मोहसंड थाना कोतवाली ने केवाईसी अपडेट के नाम पर साइबर फ्रॉड कर 1,00,000 रुपए व पीड़िता थाना जहाँगीराबाद निवासी महिला से फर्जी पुलिस अधिकारी बन डरा-धमका कर 19,635 रुपए का साइबर फ्रॉड किये जाने के शिकायती प्रार्थना पर त्वरित कार्यवाही करते हुये साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार यादव, उ0नि0 इफलाक अहमद खान, हे0का0 नीरज यादव, का0 राजन यादव, का0 अभिषेक भदौरिया, पंकज सिंह, अनुराग सिंह की टीम ने 1,19,635 धनराशि को खाते मे वापस कराया।

# पात्र व्यक्तियों को योजना से लाभान्वित करने के लिए कार्य करे जिला प्रशासनः अवधेश प्रसाद

**अयोध्या।** फैजाबाद सांसद अवधेश प्रसाद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में सांसद के साथ-साथ अम्बेडकरनगर लोकसभा सांसद लालजी वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण व संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सांसद ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए सर्वप्रथम वहां उपस्थित सभी अधिकारियों का परिचय लिया गया तत्पश्चात पूर्व बैठक के कार्यवृत्त अनुपालनीय बिंदुओं पर समीक्षा की गयी। उन्होंने कहा कि जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक विकास की दृष्टि से एक बहुत ही महत्वपूर्ण बैठक होती है, जिसमें जिला प्रशासन व जनप्रतिनिधिगणों द्वारा किये जा रहे विकास पर समीक्षा करते हुये समस्याओं को दूर किया जाता है और जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत सुझावों पर चर्चा की गयी। उन्होंने सड़क की योजनाओं की समीक्षा करते हुये कहा कि इस वित्तीय वर्ष शासन द्वारा स्वीकृति सड़क निर्माण की सूची मा0 जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध करा दी जाए। इसके साथ साथ पेयजल मिशन की भी सूची जनप्रतिनिधियों को क्षेत्रवार उपलब्ध करायें। उन्होंने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि सृजित मानव दिवस का डाटा ग्राम स्तर पर तैयार कराया जाय। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आज की बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा जिन-जिन योजनाओं में शिकायतें बतायी गयी है उस पर जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को संज्ञान लेते हुए निस्तारण करने के निर्देश दिये। सांसद ने कहा कि जनपद में जो भी जनकल्याणकारी योजनाओं सम्बंधी कैम्प, शिविर व कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है उसमें उस क्षेत्र से सम्बंधित जनप्रतिनिधियों को अवश्य आमंत्रित किया जाय। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का पूर्ण पारदर्शिता के साथ क्रियान्वयन करते हुए सभी पात्र व्यक्तियों को योजना से लाभान्वित करने के लिए जिला प्रशासन कार्य करें जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बैठक को सम्बोधित करते हुये वहां उपस्थित सांसद जी के साथ-साथ अन्य जनप्रतिनिधियों का बैठक में उपस्थित होने के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज की बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा जो भी सुझाव व शिकायतें बतायी गई है उस पर सभी सम्बंधित विभागीय अधिकारी त्वरित कार्यवाही करते हुये समस्याओं का निस्तारण कराये तथा सुझावों का अनुपालन किया जाय। मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह द्वारा बिन्दुवार विवरण प्रस्तुत किया गया। बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री सड़क योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजन आदि है।

## पानी पिलाओ, परिंदा बचाओ मुहिम का शुभारम्भ

**बाराबंकी।** पर्यावरण परिवर्तन के कारण गर्मी बढ़ने से बेजुबान पक्षियों की प्यास बुझाने और भूख मिटाने के लिए निमदस संस्था के सहयोग से नेशनल कम्प्यूटर ट्रेनिंग सेंटर द्वारा पानी पिलाओ परिंदा बचाओ की मुहिम का शुभारम्भ कारागार परिसर में लगे पेड़ों में पक्षियों के लिए मिट्टी के बर्तनों में दाना-पानी रखकर जेल अधीक्षक कुंदन कुमार ने किया। इस मौके पर जेलर जेपी तिवारी ने कहा कि इन बर्तनों में नियमित रूप से दाना-पानी डाला जाए। जिससे इस कार्यक्रम का उद्देश्य सफल हो और बेजुबान पशु पक्षियों का जीवन बचाया सके। इस अवसर पर संस्था प्रबन्ध निदेशक एस0के वर्मा समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# सपा जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में मासिक बैठक

**बाराबंकी।** कमजोर असहाय वर्ग के हक अधिकारों की रक्षा के लिए समाजवादी पार्टी ने हमेशा संघर्ष किया है, और हमेशा करती रहेगी। जरूरतमंदों की सहायता मदद करना ही समाजवादी पार्टी का लक्ष्य है। उक्त बात समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने पार्टी कार्यालय पर आयोजित मासिक बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की सहायता पार्टी के कार्यकर्ताओं को प्रदेश नेतृत्व द्वारा जारी दिशा निर्देशों को विस्तार से रखते हुये कही। बैठक मे जिलाध्यक्ष श्री अहमद ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार अंबेडकर जयंती पर 8 अप्रैल से 14 अप्रैल तक जनपद की सभी विधानसभाओं मे सेक्टर, विधानसभा, जनप्रतिनिधियों, फ्रंट संगठनों के कार्यालयों सहित सभी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों के कार्यालयों पर स्वाभिमान स्वमान समारोह पर संगोष्ठी संभाषण आयोजित करते हुए बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की देंन और धरोहर संविधान ही संजीवनी और ढाल हैं और जब तक संविधान सुरक्षित रहेगा तब तक हम सबके हक अधिकार सुरक्षित रहेंगे इस पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। सभी कार्यकताओं से मिल कार्यक्रम को संपादित करने के लिए लग जाए। जिस कार्यकताओं पदाधिकारी को जो भी जिम्मेदारी सौंपी गई है उसकी महत्वता समझते हुए आप सभी लोग पूरी जिम्मेदारी से उस जिम्मेदारी को निभाने का काम करें। बैठक में जिला महासचिव हिमांशु यादव, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, चक्खन यादव, विजय यादव, कामता प्रसाद यादव आदि मौजूद रहे।

### लवलेश पांडेय बने सपा के जिला प्रवक्ता

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी जिला इकाई द्वारा मिल्कीपुर के बलारमऊ गांव निवासी लवलेश पांडेय को जिला प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने मनोनयन जारी किया है। श्री पांडे 2011 से समाजवादी पार्टी के सक्रिय सदस्य रहे हैं और समाजवादी पार्टी में बूथ स्तर से लेकर सेक्टर व विधानसभा कमेटी में पार्टी के पदाधिकारी भी रहे हैं। जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने बताया कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के निर्देश पर लवलेश पांडे को समाजवादी पार्टी जनपद अयोध्या का कार्यवाहक जिला प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। श्री पांडे के जिला प्रवक्ता मनोनीत होने पर अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद, पूर्व मंत्री पवन पांडे, पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव, पूर्व विधायक अब्बासहैदर समाजवादी पार्टी विधानसभा व ब्लॉक कमेटी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं व नेताओं ने खुशी जाहिर की है।

### सपा मजबूती से लड़ेगी पंचायत चुनावः पारसनाथ यादव

**अयोध्या।** सोमवार को गुलाब बाड़ी स्थित लोहिया भवन समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिला कार्य समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पार्टी के जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए, अभी से ही सभी कार्यकर्ताओं को बूथ लेवल पर काम करने की आवश्यकता है।

जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने सभी विधानसभा अध्यक्षों को प्रत्येक बूथ पर बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की नियुक्ति कर एक सप्ताह के भीतर जिला कार्यालय पर जमा करने का निर्देश दिया।

साथ ही साथ पंचायत चुनाव को लेकर के भी जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि आपसी सामंजस्य बनाकर पार्टी द्वारा घोषित जिला पंचायत सदस्य के उम्मीदवारों के लिए ही पार्टी के कार्यकर्ता काम करेंगे।

## बर्फानीश्वर महादेव सेवा समिति के तत्वाधान में सेवादारो का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**बाराबंकी।** श्री अमरनाथ यात्रा 2025 की घोषणा होने के बाद जनपद की श्री बर्फानीश्वर महादेव सेवा समिति अध्यक्ष कैलाश नाथ शर्मा के नेतृत्व 400 सेवादारों का स्वास्थ्य परीक्षण मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 राजीव सिंह की देख-रेख में किया गया। समिति अध्यक्ष श्री शर्मा ने बताया कि अमरनाथ यात्रा में लंगर लगाने हेतु 21 जून 2025 को श्री नागेश्वर नाथ मंदिर से भव्य शोभा यात्रा शहर के विभिन्न स्थानो से होते हुये स्वास्तिक पेट्रोल पम्प पर समाप्त होगी। जंहा पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे। यात्रा 3 जुलाई से 9 अगस्त 2025 तक चलेगी। लंगर के कार्य में 400 सेवादारों के स्वास्थ्य परीक्षण कराकर स्वास्थ्य प्रमाण पत्र ले लिये गये है इस मौके पर जितेन्द्र पटेल, मुलकृष्ण तिवारी, मुकेश द्विवेदी, सुनील राठौर, अमरेश शुक्ला, जगदीश गुप्ता, अमित कश्यप, रमेश अवस्थी, वत्येन्द्र सिंह, हरीश चन्द्र गुप्ता, संजीव गुप्ता, रवि सोनी आदि ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाया।

## झंडा सिर्फ एक प्रतीक नहीं बल्कि हमारी विचारधारा और निष्ठा का प्रतीक हैः राकेश वर्मा

**बाराबंकी।** भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस पर सदर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत भाजपा नेता राकेश वर्मा कर्रा ने संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम मे भाजपा नेता श्री कर्रा ने पार्टी ध्वज भेंट करते हुये कहा कि भाजपा ने हमेशा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा है और पार्टी के हर कार्यकर्ता को इसी विचारधारा को आत्मसात करते हुए समाज सेवा में जुटे रहना चाहिए। हमें हमारे संगठन की मजबूत नींव, उसके मूल्यों और हमारे वरिष्ठ नेताओं के बलिदान को याद करने का दिन है। यह झंडा सिर्फ एक प्रतीक नहीं, बल्कि हमारी विचारधारा और निष्ठा का प्रतीक है। संगोष्ठी कार्यक्रम मे कार्यकर्ताओं को पार्टी के मूल सिद्धांतों व राष्ट्र निर्माण मे अपनी भूमिका को और मजबूत बनाने का संकल्प दिलाया गया।

## लॉर्ड बालाजी क्रिकेट अकादमी पर अंडर 16, 19 खिलाड़ियो का हुआ चयन ट्रायल

**बाराबंकी।** डिस्ट्रिक्ट जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में अंडर 16 व 19 का चयन ट्रायल लॉर्ड बालाजी क्रिकेट अकादमी पर सम्पन्न हुआ। जिसमे अंडर 16 आयु वर्ग में 70 व अंडर 19 आयु वर्ग में 72 बच्चों ने प्रतिभाग किया। चयनकर्ता के रुप मे गौरव तिवारी व प्रणव त्रिपाठी मौजूद रहे। चयन ट्रायल के दौरान आये हुये खिलाड़ियों को बीडीसीए सचिव डा0 चैधरी अहमद जावेद ने बधाई देते बताया कि चयनित खिलाड़ियों को समाचार व दूरभाष के माध्यम से सूचना दी जायेगी। सचिव डॉक्टर जावेद ने आगे बताया कि चयनित बच्चों के आगामी 9 व 10 अप्रैल को लॉर्ड बालाजी क्रिकेट ग्राउंड पर टूर्नामेन्ट कराये जायेंगे। इस अवसर पर अख्तर अजीज खान, तारीख जिलानी, राजेश अरोड़ा बब्बू, जतिन चैधरी, अंकुर माथुर, फैज खुमार, मुकेश यादव मौजूद रहे।

## क्षमता से अधिक सवारी मिलने पर ई-रिक्शा जब्त

**बाराबंकी।** परिवहन विभाग द्वारा 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक बिना फिटनेस व लाइसेंस के अपंजीकृत ई-रिक्शा व ऑटो के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष संघन चेकिंग अभियान मे आज सोमवार को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला, यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी व यातायात प्रभारी रामचन्द्र यादव की संयुक्त टीम ने रजिस्ट्रेशन, ड्राइविंग लाइसेंस, नम्बर प्लेट आदि कागजातों की जांच कर 16 ई-रिक्शा को सीज किया। तथा 6 अन्य अभियोगो मे चालान किये। इस दौरान क्षमता से अधिक सवारी बैठाने, बिना फिटनेस के ई-रिक्शा चालक को सख्त हिदायत देते हुये सीज किया गया। अभियान की जानकारी देते हुये एआरटीओ श्रीमती शुक्ला ने बताया कि शहर के विभिन्न क्षेत्रो पर संयुक्त टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमे आज 16 ई-रिक्शा सीज व 6 के चालान किये गये।

# न्यायालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग से मोटर साइकिल क्रेता को मिला न्याय

**बहराइच।** कमल किशोर बालिग पुत्र स्व. राम मोहन वर्मा, नि. मो. मीराखेलपुरा, बहराइच द्वारा न्यायालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, बहराइच में दीपक खन्ना (प्रोप्राइटर), मेसर्स खन्ना हाण्डा, निकट एचडीएफसी बैंक डिगिहा, गोण्डा रोड, बहराइच व मैनेजिंग डायरेक्टर, हाण्डा मोटर साइकिल एण्ड स्कूटर इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड, (एच.एम.एस.आई.), गुड़गांव, हरियाणा के विरूद्ध योजित परिवाद सं. 10/2014 में परिवादी द्वारा दोषपूर्ण मोटर साइकिल को बदल कर दूसरी मोटर साइकिल देने एवं उक्त मोटर साइकिल न बदल पाने की स्थिति मोटर साइकिल की कीमत रू. 56,292=45 मय 12 प्रतिशत ब्याज दिलाने एवं दोषपूर्ण मोटर साइकिल से उत्पन्न मानसिक शारीरिक व आर्थिक खर्च हेतु रू. 20,000=00, मोटर साइकिल के रजिस्ट्रेशन व इंश्योरेंस पर व्यय की गई धनराशि रू. 5,346=00 तथा वाद व्यय रू. 5000=00 विपक्षीगण से परिवादी को दिलाये जाने की फरियाद की गई।

जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष सुरेश चन्द्र भारती व सदस्य डॉ. मोनिका प्रियदर्शिनी द्वारा पारित आदेश में विपक्षी सं. 2 को आदेशित किया गया है कि वह विपक्षी सं. 1 के माध्यम से परिवादी की पुरानी मोटर साईकिल वापस लेकर उसी गुणवत्ता की नई मोटर साईकिल 30 दिन के अन्दर प्रदान करे। विपक्षी सं. 1 व 2 को संयुक्त रूप से निर्देशित किया गया है कि वे परिवादी को हुये मानसिक पीड़ा हेतु रू. 5,000=00 व परिवाद व्यय के रूप में रू. 2,000=00 भी अदा करें। आदेश में यह भी कहा गया है कि यदि नई मोटर साईकिल उपलब्ध कराना सम्भव न हो तो खरीदी गई मोटर साईकिल की मूल कीमत रू. 53,652=00 पर 7 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज की दर से परिवाद दाखिल करने की तिथि से भुगतान की तिथि तक अदा करना होगा।

### परीक्षार्थियों के शैक्षिक विवरणों के संशोधन के लिए क्रियाशील रहेगी बेवसाइट

**बहराइच।** जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार ने बताया कि वर्ष 2025 के हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा में सम्मिलित हुए परिक्षार्थियों के शैक्षिक विवरणों में यदि अभी भी किसी प्रकार की त्रुटि यथा विषय/वर्ग, छात्र के नाम, माता/पिता के नाम में वर्तनी त्रुटि, जन्मतिथि, जेण्डर, जाति, फोटो आदि का संशोधन अवशेष है तो छात्रहित को ध्यान में रखते हुए परीक्षा परिणाम की घोषणा से पूर्व संशोधन हेतु परिषदीय कार्यालय द्वारा यह अन्तिम अवसर प्रदान किया गया है। डीआईओएस ने बताया कि शैक्षिक विवरणों के संशोधन हेतु परिषद की वेबसाईट यूपीएमएसपी डाट ईडीयू डाट इन 07 अप्रैल से 09 अप्रैल 2025 को सांय 06:00 तक क्रियाशील रहेगी। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की जिज्ञासा के समाधान हेतु अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद क्षेत्रीय कार्यालय प्रयागराज द्वारा जारी नम्बरों 9454457246 अथवा 05322423265 पर सम्पर्क किया जा सकता है। श्री अहिरवार ने बताया कि जिले के सभी प्रधानाचार्यों एवं प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया गया है कि विद्यालय के परीक्षार्थियों में यदि अभी भी कोई संशोधन होना है।

## भाषण प्रतियोगिता में रंजना व काजल बनी विजेता

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में भारत रत्न डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं के मध्य आवासीय परिसर एवं संबद्ध महाविद्यालयों की बीच सोमवार को भाषण प्रतियोगिता हुई जिसमें विजेता के तौर पर रंजना कुमारी, गणपत सहाय पीजी कॉलेज, सुल्तानपुर एवं काजल सागर, इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग आवासीय परिसर का चयन किया गया।

इन विजेता प्रतिभागियों की अगली प्रतियोगिता विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रथम व द्वितीय छात्रों के मध्य गोरखपुर विश्वविद्यालय में आयोजित कराई जायेगी।

इन सफल प्रतिभागियों की राजभवन में 14 अप्रैल 2025 को प्रतियोगिता होगी एवं विजेता को सम्मानित किया जायेगा। इससे पहले प्रतियोगिता विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित की गई थी।

इस प्रतियोगिता के निर्णायक प्रो. शुचिता पाण्डेय, डॉ. संजय चैधरी, मुकेश पांडे रहे।

## डीएम ने गेहूं की क्रॉप कटिंग कर किसानों को किया प्रोत्साहित

**बाराबंकी।** तहसील नवाबगंज क्षेत्र की गदिया पंचायत में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने गेहूं की फसल कटाई (क्राप कटिंग) कराई। तथा अच्छी पैदावार देख किसान को प्रोत्साहित किया। जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत गदिया मे किसान राम किशोर यादव के खेत में स्वयं हसिया से गेहूं की कटाई की। 10 मीटर भुजा वाले समबाहु त्रिभुज क्षेत्र में गेहूं की कटाई और मड़ाई की गई। निर्धारित 43.30 वर्ग मीटर क्षेत्र से 16.300 किलोग्राम गेहूं प्राप्त हुआ। जिससे प्रति हेक्टेयर उत्पादकता 37.63 क्विंटल आंकी गई। इस दौरान उपजिलाधिकारी नवाबगंज आनंद तिवारी, तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह, जिला समन्वयक अजय कुमार सिंह, तहसील समन्वयक पुष्पेंद्र कुमार शुक्ला, कानूनगो राम नरेश, लेखपाल आलोक श्रीवास्तव समेत अन्य राजस्वकर्मी मौजूद रहे।

## दो नशेड़ियों ने चुराया था मंदिर से घंटा

**अयोध्या।** नगर कोतवाली के लालबाग क्षेत्र स्थित शनि धाम मंदिर से पीतल का दो वजनी घंटा और त्रिशूल अयोध्या कोतवाली क्षेत्र निवासी दो नशेड़ियों ने चुराया था। रिपोर्ट दर्ज कर मामले की तहकीकात में जुटी कोतवाली पुलिस ने मामले का खुलासा किया है। पुलिस का कहना है कि वजनी घंटा खोलने में मंदिर की टाइल्स टूट गई थी। 18 मार्च को देवकाली फतेहगंज मार्ग पर क्षत्रिय बोर्डिंग हाउस के सामने सड़क पीपल के पेड़ के नीचे स्थित चबूतरे पर बने छोटे मंदिर से एक 14 किलो तथा दूसरा चार किलो वजनी पीतल का घंटा और लोहे का त्रिशूल गायब और फर्श पर लगी टाइल्स टूटी मिली थी।

संक्षेप

## सर्वोदय विद्यालय में बिटिया का चयन लोगों ने दी बधाई

भेंटुआ (अमेठी)। स्थानीय ब्लॉक के घटमापुर शिवगढ़ जलालपुर गांव निवासी रिया पांडेय पुत्री राघवेंद्र पांडेय का चयन जिले में स्थित एकल सर्वोदय बालिका इंटर कॉलेज असैदापुर में हुआ है जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि प्रवेश परीक्षा में चयन लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण बच्चों का आरक्षण के नियम अनुसार मेरिट के आधार पर सभी वर्ग के बच्चों का होता है कक्षा 6 में रिया पांडेय का सामान्य वर्ग की मेरिट में प्रथम स्थान होने से चयन हुआ है। प्रवेश परीक्षा में चयन होने से परिवार वालों में खुशी का माहौल है बता दें बिटिया शुरू से ही मेधावी थी इसकी प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्राम भारती से हुई है।

## ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

बछरावां रायबरेली। बछरावां नगर के लालगंज रोड रेलवे क्रॉसिंग पर हादसे में बुजुर्ग की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई है। बछरावां नगर की इस क्रॉसिंग पर गेट बंद होने पर भी लोग आवागमन जारी रखते हैं जिसको रोकने वाला कोई नहीं है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राम किशोर चौधरी उम्र 65 वर्ष निवासी ग्राम सभा बिशनपुर बछरावां रायबरेली अपने घर से बछरावां आ रहे थे। रेलवे क्रॉसिंग बंद थी फिर भी वह पार कर आ रहे थे इसी बीच ट्रेन आ गई और वह हादसे का शिकार हो गए मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर एंबुलेंस द्वारा घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने परीक्षण के उपरांत मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रायबरेली भेज दिया।

## दबंगों ने दो दलित युवकों को जमकर मारा पीटा

महराजगंज रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के बादलगढ़ मजरे पिंडारी कला गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़े जिसमें दोनों पक्षों से तीन लोगों का कोतवाली पुलिस ने डॉक्टर मुआयना करवाया है, तो वहीं एक चोटहिल को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बताते चले कि कोतवाली क्षेत्र के बादलगढ़ मजरे पिंडारी कला गांव निवासिनी लीलावती पत्नी राम गणेश ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि गांव के ही यादव बिरादरी के दबंग प्रतिपक्षीगण जमीनी विवाद व पुरानी रंजिश के चलते गांव के बाहर गाली गलौज करने लगे मना करने पर अमादा फौजदारी होते हुए कहा कि तुम अनुसूचित जाति के हो और हमसे कभी जीत नहीं पाओगे तथा मना करने पर लाठी डंडों से मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दी जिसमें मेरे पुत्र दीपक कुमार व शिवपूजन पुत्रगण राम गणेश को गंभीर चोटें आई हैं। वही मारपीट की घटना में दूसरे पक्ष से रामकृपाल यादव पुत्र दुखीराम यादव को भी चोट की आई हैं जिनका प्राथमिक उपचार कोतवाली पुलिस ने कराकर जिला अस्पताल रेफर किया है।

## वारंटी गिरफ्तार

चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)। सुलतानपुर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी लम्भुआ के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत चांदा पुलिस टीम द्वारा दो वारंटी अभियुक्तों को उनके निवास स्थानों से गिरफ्तार किया।

# युवक की धारदार हथियार से हत्या

## खेत में खून से लथपथ शव देख मचा हड़कंप

महराजगंज रायबरेली। महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के गरीब का पुरवा मजरे अतरेहटा गांव का रहने वाला एक 35 वर्षीय युवक अपने परिवार के साथ ससुराल शिवगढ़ गया हुआ था, जहां रविवार की रात उसकी हत्या कर दी गई। सुबह जब गांव वाले नित्य क्रिया के लिए खेतों में गए तो उसका शव एक गेहूं के खेत में पड़ा मिला, ग्रामीणों ने खेत में खून से लतपथ शव देख हड़कंप मच गया। आनन फानन घटना की सूचना ससुरालीजनों और स्थानीय पुलिस को दी। एक तरफ जहां घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया तो वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए मौके पर पहुंचे एडिशनल एसपी संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि मृतक के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं, किसी धारदार हथियार से हमला होना प्रतीत हो रहा है। प्रथम दृष्टया हत्या का मामला लग रहा है, किंतु पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का पता चल सकेगा। आपको बता दें कि, महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे गरीब मजरे अतरेहटा गांव का रहने वाला मनीष सैनी (35) पुत्र रज्जन सैनी रविवार को रामनवमी के दिन अपने परिवार के साथ ससुराल शोभायात्रा में शामिल होने गया था। दिन में शोभायात्रा का कार्यक्रम संपन्न होने के बाद शाम को ससुरालीजनों से भंडारे में शामिल होने की बात कह कर निकला था, जब देर रात वापस नहीं लौटा तो पत्नी ने फोन किया, जब मनीष का फोन नहीं उठा, उसके बाद मृतक मनीष की पत्नी ने अपनी ससुराल और मनीष की मां के पास फोन करके यह जानना चाहा कि क्या मनीष घर आए हुए हैं, तो मृतक मनीष की मां ने बहू से यहां घर पर नहीं आने की बात कह कर फोन काट दिया।

# जिलाधिकारी ने क्रॉप कटिंग कराकर गेहूं की उत्पादकता का किया आकलन

रायबरेली। गेहूं की पैदावार की हकीकत परखने के लिए जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने सदर तहसील क्षेत्र के अमावां ब्लॉक के डिडौली गांव में पहुंची। उनकी देखरेख में क्रॉप कटिंग कर उत्पादकता का आकलन किया गया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत फसल गेहूँ कटाई के दो खेतों में प्रयोग किए गए। एक निश्चित त्रिकोण क्षेत्र में फसल कटाई करके यह देखा गया कि कितनी उत्पादकता प्राप्त हो रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि इसके अंतर्गत दो खेतों में क्रॉप कटिंग की गई, जिसमें गाटा संख्या 265 में लगभग 17.350 किग्रा के हिसाब से 40 कुंतल/हेक्टेयर उत्पादकता उपज प्राप्त हुई। इसी प्रकार गाटा संख्या 99 में 18.150 किग्रा के हिसाब से 41 कुंतल/ हेक्टेयर उत्पादकता उपज प्राप्त हुई। बता दें कि क्रॉप कटिंग से फसल की पैदावार देखी जाती है इसमें रेंडम आधार पर खेतों को चुनकर फसल की उत्पादकता का आकलन किया जाता है। कम उत्पादकता होने पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत जनपद में कार्यरत बीमा कंपनी किसानों को लाभ देती है, इसलिए किसानों को अधिक से अधिक फसल बीमा करा लेना चाहिए। इस मौके पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल कुमार शर्मा, तहसीलदार प्रज्ञा द्विवेदी, राजस्व निरीक्षक गुरू सहाय, अपर साँख्यिकीय अधिकारी धीरेन्द्र कुमार यादव, लेखपाल उपस्थित रहे।

# स्कूल चलो अभियान पर भारी पड़ रही गेहूं की कटाई और महुआ की बिनाई

अमेठी। सूरज की किरणें रोज तेज हो रही हैं। धूप, गेंहू की कटाई और महुआ बिनने के काम से स्कूल चलो अभियान प्रभावित है। बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए अध्यापक रोज गांव गांव दौड़ रहे हैं। सुबह के समय अभिभावक खेतों में और छोटे बच्चे महुआ के पेड़ों के नीचे मिलते हैं।सोमवार को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य अभियान की टीम ने कई स्कूलों में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। बच्चों की उपस्थिति हर जगह कम मिली।स्कूल चलो अभियान एक अप्रैल से शुरू हुआ है।इस समय स्कूलों में नये प्रवेश के लिए बच्चों के नामांकन का काम चल रहा है। प्राथमिक विद्यालयों में छोटे बच्चे स्कूल आने की जगह महुआ बिनने में अधिक रुचि ले रहे हैं।राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वास्थ्य परीक्षण के लिए स्कूल गये डॉ मोहम्मद सादिक, आनंद उपाध्याय और रेनू मिश्र ने बताया कि सोमवार को 76बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण हो पाया है। मंगलवार को फिर उसी स्कूल में जायेंगे।माइक्रो प्लान के अनुसार बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है।यह काम 30अप्रैल तक चलेगा।

## गांजा बिक्री के 1100 के साथ आरोपी गिरफ्तार

अमेठी। पुलिस अधीक्षक श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान व नशा मुक्त अमेठी अभियानह्व के तहत क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में रविवार को थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त दद्दन सिंह पुत्र स्व0 रमाकान्त सिंह निवासी ग्राम रामगढ़ थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 45 वर्ष को ग्राम सरैया रामगढ़ गांव के पास से समय करीब 5:35 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 2 किलो 650 ग्राम गांजा व गांजा बिक्री के 1100 रुपये बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया।

# पुलिस मुठभेड़ में इनामी गिरफ्तार

सुलतानपुर (वीओएल)। थाना कादीपुर क्षेत्र के मुडिला गाँव में तीन अप्रैल 2025 को राकेश विश्वकर्मा की हत्या के मामले में पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ के दौरान 25 हजार रुपये के इनामी अपराधी नीरज यादव के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। कादीपुर कोतवाली के मुड़िला बाजार में राकेश हत्याकांड के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए जांच शुरू की और पिता की तहरीर के आधार पर छह लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। अपर पुलिस अधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह ने बताया कि बीती रात सूचना मिली कि तीन बदमाश मोटर साइकल पर सवार होकर लहौरा गाँव से सरैया की ओर जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने तुरंत घेराबंदी की। पुलिस की उपस्थिति देख अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसमें नीरज यादव के पैर में गोली लग गई। नीरज यादव पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। घायल अपराधी को चिकित्सा के लिए अस्पताल भेज दिया गया है, जबकि अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयासरत है। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व कादीपुर में हुए विवाद के बाद दोनों पक्षों की तनातनी बढ़ गयी थी। जिसके फलस्वरुप राकेश हत्याकांड को अंजाम दिया गया।

# जीवन में कभी हार नहीं माननी चाहिए : डीआईओएस

- प्रधानाचार्य मेजर हरिश्चंद्र सिंह तथा अवध प्रकाश श्रीवास्तव का विदाई सम्मान समारोह सम्पन्न

रायबरेली। जीवन की संरचना को शिक्षा के रूप में स्वीकार्यता का पारंपरिक माध्यम विद्यालय ही होता है। जीवन की चहल पहल शैक्षिक वातावरण पक्षियों की चहचहाहट और बच्चों के बीच उन्हें शिक्षा और संस्कार के लिए विकसित देखते हुए गुजरे पल रोमांचित करते हैं। उक्त उद्गार जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने जनपदीय माध्यमिक क्रीड़ा समिति द्वारा राजर्षि रामपाल वैदिक इंटर कॉलेज रायबरेली में आयोजित प्रधानाचार्य मेजर हरिश्चंद्र सिंह तथा अवध प्रकाश श्रीवास्तव के विदाई सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि जीवन में कभी हार नहीं माननी चाहिए, व्यक्ति का एक कत्त्रव्य समाप्त होता है तो दूसरे काम की शुरूआत सदा हुआ करती है। विशिष्ठ अतिथि के रूप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेन्द्र सिंह ने कहा कि विदाई सम्मान समारोह का बड़ा भावुक पल होता है जिसमें हम अपने किसी अभिभावक को कर्तव्य के बंधन से विदा लेते हुए देखते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन सदैव संघर्ष से जुड़ा है जिससे हमें जीवन पर्यंत उसका पालन करना चाहिए। नोडल संस्कृत हरीशानन्द मिश्र ने कहा कि श्री सिंह से उनके जीने की कला का उदाहरण लेकर जीवनयापन करना चाहिए। उनका बड़प्पन सदैव शिक्षा विभाग याद रखेगा। प्रधानाचार्य नरेन्द्र सिंह, महेंद्र सिंह, अमित भारती तथा प्रधानाचार्या स्मिता मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। यूपी एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल आफीसर्स के संरक्षक जितेन्द्र सिंह, अध्यक्ष त्रिभुवन कुमार, मंत्री सुनील सिंह, जयेन्दु मिश्र, राकेश तिवारी, प्रीतम आदि सैकड़ों की संख्या में शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सचिव खेल शिक्षा अजय सिंह चंदेल ने किया है। विदाई समारोह में उपस्थित सेवानिवृत्त प्रधानाचार्यों को स्मृति चिन्ह न अंगवस्त्र तथा अतीत से जुड़े भावों से सम्मानित किया गया।

## सपा की मासिक बैठक सम्पन्न, कई लोगों ने ली पार्टी की सदस्यता

गौरीगंज, अमेठी। समाजवादी पार्टी के गौरीगंज स्थित जिला कार्यालय पर मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने की। बैठक के दौरान संगठन को मजबूत बनाने, पार्टी की विचारधारा को आम जनता तक पहुंचाने और आगामी चुनावी तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान श्याम लाल कोरी (इऊ), राजेश यादव (प्रधान), राजवीर मौर्य, राजेंद्र यादव एवं राम सिंह यादव ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सभी नवागत सदस्यों का स्वागत करते हुए जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने कहा कि पार्टी का विस्तार निचले स्तर तक तभी संभव है जब सभी कार्यकर्ता समर्पण भाव से कार्य करें। इस अवसर पर राम उदित यादव ने कहा, समाजवादी पार्टी समाज के सभी वर्गों की आवाज है। जो लोग हमारे विचारों से प्रेरित होकर पार्टी में शामिल हो रहे हैं, उनका हम खुले दिल से स्वागत करते हैं। हमारा लक्ष्य संगठन को गांव-गांव, बूथ-बूथ तक मजबूत करना है। समाजवादी पार्टी आने वाले चुनावों में एकजुट होकर जनहित के मुद्दों पर निर्णायक भूमिका निभाएगी। बैठक में अरशद अहमद (जिला महासचिव), चन्द्र शेखर यादव, अजय तिवारी, गुंजन सिंह (जिला अध्यक्ष महिला सभा), अवधेश मिश्रा, मनीराम वर्मा, राजेश प्रधान, धर्मराज पाल, शारदा प्रजापति, कैलाश यादव, सुनील, अशोक, राकेश कौहार, जगन्नाथ सरोज, धर्मेंद्र पासी, पड़ोही गुप्ता, उदय सिंह, दीपू, मनीष, अनिल सहित अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसकी जानकारी समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राजेश मिश्र ने दी।

# एनएसपीएस त्रिपुला में मनाया गया विश्व स्वास्थ्य दिवस

रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में स्वच्छता की शपथ के साथ विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। छात्रा अन्वी ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस व्यक्ति को अच्छे स्वास्थ्य की अहमियत का अहसास कराता है। वर्ष 1950 में 7 अप्रैल को यह दिवस पहली बार मनाया गया, परन्तु इसकी शुरूआत वर्ष 1948 में विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना के साथ हुई, इस दिन को मनाने का उद्देश्य लोगों की बीमारियों की रोकथाम, सेहतमंद जीवनशैली और सभी के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जागरूक करना है। संयोजिका संचिता त्रिवेदी ने स्वस्थ्य जीवन के लिए स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन प्रतिवर्ष आज के दिन के लिए वर्तमान समय की सबसे बड़ी स्वास्थ्य चुनौती को दशार्ती हुई एक थीम का निर्धारण करता है, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना होता है कि सम्पूर्ण विश्व में किसी भी देश, जाति, धर्म या आर्थिक वर्ग से आने वाले को स्वस्थ जीवन जीने का अधिकार मिले। इस वर्ष की थीम स्वस्थ शुरूआत, आशापूर्ण भविष्य है। यह थीम माताओं और शिशुओं के स्वास्थ्य और उनकी सुरक्षा पर केंद्रित है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति, उप-प्रधानाचार्य मो. फैजान खान, शिवकरन पाल, रामदेव, पिंकी जायसवाल, अजय राज सिंह, विवेक सिंह, महेंद्र कुमार, अभिषेक श्रीवास्तव, गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

मनाया गया विश्व स्वास्थ्य दिवस

रायबरेली। न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मंदिर रायबरेली में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। जिसमें विद्यालय के शिक्षक प्रदीप शर्मा ने बच्चों को जानकारी देते हुए बताया कि इस दिवस को पहली बार 1950 में 7 अप्रैल को मनाया गया था। क्यांकि इसी दिन विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना की गयी थी। यह दिन व्यक्ति को अच्छे स्वास्थ्य की अहमियत का अहसास करवाता है।

# एनटीपीसी ऊंचाहार में ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

रायबरेली। एनटीपीसी ऊंचाहार में नैगम सामाजिक दायित्व नीति के तहत ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। परियोजना के कार्यकारी निदेशक अभय कुमार श्रीवास्तव तथा प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब की अध्यक्ष अनुपमा श्रीवास्तव ने खेल कूद प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। श्री श्रीवास्तव ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को शपथ दिलाई तथा अपनी शुभ कामनाएं देते हुए खेल भावना की स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के साथ खेलने की अपील की। मुख्य अतिथि ने सभी टीमों के कप्तानों के साथ मशाल जलाकर खेलों का आगाज किया। इस अवसर पर सभी विभागाध्यक्ष, यूनियन एवं एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं लेडीज क्लब की पदाधिकारी एवं ग्राम प्रधान धनराज यादव ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके अपनी शुभ कामनाएं दी। अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) रूमा दे शर्मा ने अतिथियों सहित सभी का आभार व्यक्त किया। प्रबंधक स्नेहा त्रिपाठी ने संचालन करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

## बैसवारा महाविद्यालय में छात्र और छात्राओं को दी गई आर्थिक सहायता

लालगंज रायबरेली। शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी जनपद के प्रतिष्ठित बैसवारा महाविद्यालय में प्राचार्य प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व एवं प्रबंधक लाल बहादुर सिंह के निर्देशन में मेधावी एवं गरीब छात्रों के लिए आर्थिक सहायता कार्यक्रम सोमवार को सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। स्वतंत्रता से पहले स्थापित बैसवारा एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। इसी तारतम्य में प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह ने महाविद्यालय के 65 से अधिक छात्र एवं छात्राओं को प्रोत्साहन राशि प्रदान की। प्रबंधक ने कहा कि एजुकेशन ट्रस्ट क्षेत्र में शिक्षा के विकास के लिए सदैव तत्पर रहा है और अब महाविद्यालय में जो गरीब छात्र पढ़ते हैं, उनको कॉपी किताब और अन्य पठन-पाठन सामग्री के लिए धनराशि चेक के माध्यम से प्रोत्साहन के रूप में दी जा रही है। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव ने सभी छात्र एवं छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा विद्यार्थियों को पठन-पाठन में किसी प्रकार की असुविधा ना हो, इस हेतु महाविद्यालय छात्र एवं छात्राओं को प्रोत्साहन राशि प्रदान कर रहा है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को यह संदेश देते हुए कहा कि शिक्षा के लिए मेहनत और लगन की बहुत आवश्यकता होती है। शिक्षा प्राप्त करने के लिए कोई शॉर्टकट नहीं होता। इस मौके पर महाविद्यालय परिवार के प्रोफेसर निरंजन राय, प्रोफेसर पुष्पा बरनवाल, प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार सिंह, प्रोफेसर कुंदन कुमार, प्रोफेसर बीके भारद्वाज, डा अजय कुमार सिंहा, डॉ सूर्य प्रकाश मिश्रा, डा सत्यद्र सिंह, डा नवीन कुमार विश्वकर्मा, डा संजीव कुमार मिश्रा, डॉ प्रवीण सिंह, डा सुरजन यादव, डा वीरेंद्र कुमार यादव, डा संदीप कनौजिया, डा नवीन कुमार सिंह, शिवचंद्र, हरिश्चंद्र, विजय बहादुर सिंह, शिव शंकर वर्मा, विशाल आदि समस्त महाविद्यालय के सदस्य उपस्थित रहे।

## दुर्गा मंदिर में रामचरित मानस पाठ एवं महाप्रसाद भंडारा का हुआ आयोजन

सुलतानपुर (वीओएल)। चैत राम नवमी के पावन अवसर पर जनपद के पूर्वी छोर पर स्थित दुर्गा धाम देवनगर अखंडनगर में एक भव्य अखंड राम चरित मानस पाठ का आयोजन किया गया। यह दिव्य आयोजन प्रभु श्रीराम के प्राकट्योत्सव के शुभ अवसर पर हुआ, जिसने भक्तों के दिलों में आध्यात्मिक उल्लास और श्रद्धा का संचार किया। अखंड राम चरित मानस पाठ के पश्चात देवी दुर्गा मंदिर में हवन पूजन का शुभ आयोजन किया गया, जिससे वातावरण में पवित्रता और शांति का माहौल बना। भक्तों ने श्रद्धापूर्वक हवन में भाग लिया और प्रभु श्री राम के आशीर्वाद की प्रार्थना की। शाम के समय मंदिर परिसर में महाप्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने आनंदपूर्वक स्वादिष्ट प्रसाद का सेवन किया। यह भंडारा देर शाम तक अनवरत चलता रहा, जिससे सभी को एकता और सौहार्द का अनुभव हुआ।

# दिवंगत समाजसेवी को लोगों ने दी श्रद्धांजलि, जताया दुःख

सुलतानपुर (वीओएल)। लोकाधिकार सेवासमिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्र शेखर शुक्ल बेबी भइया के निधन पर उनके पैतृक गांव रेवारी, बेलहरी में श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा है। लोग दुःख की इस घड़ी में परिवार को ढांढस बधा रहे हैं। गौरतलब है कि जयसिंहपुर क्षेत्र के बेलहरी निवासी समाजसेवा के क्षेत्र में जिले से लेकर महाराष्ट्र तक अपनी एक अलग पहचान बनाने वाले चन्द्र शेखर शुक्ल का विगत दो अप्रैल को हृदयगति रुकने से मुम्बई में निधन हो गया था। उनके निधन के बाद प्रशसकों में दुःख की लहर दौड़ गयी थी। क्षेत्र में उनके समर्थकों में शोक की लहर है। जयसिंहपुर ब्लॉक प्रमुख राहुल शुक्ला तथा बड़े बेटे प्रभाकर शुक्ला रिंकू व परिवार से मिलकर लोग सांत्वना दे रहे हैं। राजनैतिक हस्तियों के साथ-साथ सामाजिक लोग भी दिवंगत चन्द्रशेखर शुक्ल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# कमला नेहरू संस्थान मनाया गया विश्व स्वास्थ्य दिवस

## मुख्य अतिथि ने बच्चों को स्वास्थ रहने के लिए दिए टिप्स

सुलतानपुर (वीओएल)। कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (फामेर्सी संकाय) में सात अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संकाय के निदेशक प्रो. डॉ. महेश प्रसाद और मुख्य अतिथि डॉ. पवन सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ की। कार्यक्रम की शुरूआत में डॉ. महेश प्रसाद ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस हमें स्वास्थ्य के महत्व को समझने और जागरूकता फैलाने का अवसर प्रदान करता है। मुख्य अतिथि डॉ. पवन सिंह ने बच्चों को आधुनिक बीमारियों जैसे मधुमेह, रक्तचाप, हृदय रोग आदि के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि मिलावटी खाद्य पदार्थ और नियमित स्वास्थ्य जांच से बीमारियों को रोका जा सकता है। उन्होंने बताया कि बाजार में बिक रहे खाने पीने की चीजों में मिलावट होती है जिससे हमारे एवं परिवार जन को बीमारी होती रहती है और हम सब को हर समय अंतराल पे शरीर की जरूरी जांच करा लेनी चाहिए क्योंकि स्वास्थ्य हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण पहलू है। यह हमारे जीवन को सुखी, समृद्ध और सफल बनाने में मदद करता है। इन समस्याओं से निपटने के लिए, हमें अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। हमें स्वस्थ भोजन करना, नियमित व्यायाम करना, और तनावमुक्त जीवन जीने का प्रयास करना होगा। इस अवसर पर छात्रों ने स्पीच, ओरल प्रेजेंटेशन, पोस्टर प्रेजेंटेशन, रंगोली आदि प्रतियोगिताओं में भाग लिया। पोस्टर प्रेजेंटेशन में शैल गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, ओरल प्रेजेंटेशन में रुद्र नारायण मिश्रा, स्लोगन लेखन में श्वेता सिंह, और क्विज प्रतियोगिता में अंबुज यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्रों, शिक्षकों और स्टॉफ ने स्वस्थ जीवन के नियमों को अपनाने और समाज में जागरूकता फैलाने की प्रतिज्ञा ली।

# संस्कृति विवि ने रूस की लॉ यूनिवर्सिटी से किया करार, खुलेंगे नये द्वार

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय और कुताफिन मॉस्को स्टेट लॉ यूनिवर्सिटी (एमएसएएल), रूस के बीच एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक साझेदारी स्थापित करते हुए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह समझौता दोनों संस्थानों के बीच शिक्षा, अनुसंधान और वैश्विक सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है।

संस्कृति विवि प्रशासन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस समझौते के अंतर्गत दोनों विवि के बीच अतिरिक्त व्यावसायिक शिक्षा के लिए संयुक्त कार्यक्रमों का विकास एवं कार्यान्वयन, संयुक्त अनुसंधान और वैज्ञानिक-शैक्षिक परियोजनाओं का आयोजन, शिक्षण एवं प्रशासनिक कर्मचारियों के लिए संयुक्त शैक्षणिक व मेथोडोलॉजिकल परियोजनाएं, शिक्षण सहायक सामग्री और व्याख्यान पाठ्यक्रम की तैयारी और प्रकाशन, संयुक्त ग्रीष्मकालीन और शीतकालीन स्कूलों, सेमिनारों, सम्मेलनों और संगोष्ठियों का आयोजन, रूसी और विदेशी छात्रों के लिए संयुक्त शैक्षणिक कार्यक्रमों का संचालन, जिनमें विजिटिंग मॉड्यूल, इंटर्नशिप और बिजनेस मिशन शामिल हैं, किया जाएगा। आनलाइन संपन्न हुए इस समझौते को लेकर संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) एम. बी. चेट्टी ने कहा कि यह समझौता ज्ञापन हमारे छात्रों और शिक्षकों के लिए वैश्विक अवसरों का द्वार खोलेगा। हम एमएसएएल के साथ मिलकर काम करने को लेकर अत्यंत उत्साहित हैं। एमएसएएल की अंतर्राष्ट्रीय सहयोग निदेशक, अन्ना अलेक्सांद्रोवना प्रीखोदको ने इस मौके पर कहा कि हम संस्कृति विश्वविद्यालय के साथ इस साझेदारी को लेकर बेहद आशान्वित हैं। यह सहयोग दोनों संस्थानों के लिए दीर्घकालिक लाभ प्रदान करेगा। एमएसएएल के रेक्टर विक्टर व्लादिमीरोविच ब्लाजेव ने भी इस साझेदारी को सकारात्मक बताते हुएका समर्थन किया। संस्कृति विश्वविद्यालय में वैश्विक भागीदारी के प्रमुख, प्रो. रतीश कुमार ने बताया हमारे अंतरराष्ट्रीयकरण प्रयासों को नई दिशा देगा और छात्रों को वैश्विक परिप्रेक्ष्य से सीखने का अनमोल अवसर प्रदान करेगा।

# भाजपा के स्थापना दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

**मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार 7 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी महानगर होली गेट मण्डल के जनरल गंज शक्ति केंद्र स्थित बूथ संख्या 337 पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के तहत बूथ भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने संगठन की विचारधारा व सेवा कार्यों को लेकर चर्चा की और भाजपा के योगदान को रेखांकित किया। स्थानीय कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर होली गेट मंडल कार्यक्रम संयोजक लोकेश तायल पार्षद विकास दिवाकर नीरज शर्मा नट्टू छोटेलाल सैनी विमल मित्तल ओमप्रकाश कुंज बिहारी चतुर्वेदी हरिओम शर्मा विजय शर्मा श्याम शर्मा कुंज बिहारी चतुर्वेदी सर्वेश चतुर्वेदी अंकुर गुर्जर आदि मौजूद थे।

# एसएसपी की उपस्थिति में पुलिसकर्मियों को 200 हैलमेट वितरित किए

**फिरोजाबाद।** सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस लाइन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित की उपस्थिति में प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन द्वारा उद्यमी प्रतीप मित्तल के सहयोग से पुलिसकर्मियों को 200 हैलमेट वितरित किए गए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि सभी को यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए, दुपहिया वाहन चलाते समय चालक को हैलमेट का अवश्य प्रयोग करना चाहिए, साथ ही चार पहिया वाहन चलाते समय शीट बैल्ट का प्रयोग करना चाहिए। यह आपकी स्वंय की सुरक्षा के लिए है। उन्होंने सभी से अपील की कि सड़क पर चलते समय जेब्रा क्रॉसिंग का इस्तेमाल करें, वाहन चलाते समय सीट बेल्ट और हेलमेट पहनें। ट्रैफिक के सिग्नल का पालन करें। ओवर स्पीडिंग से बचें। शराब पीकर वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करें। गाड़ी चलाने से पहले स्थानीय यातायात नियमों को जान लें, पीक घंटों में गति सीमा का पालन करें। यातायात के नियमों का पालन करें और अपना जीवन बचायें।

## मॉडिफाइड साइलेंसर से पटाके चलाने पर बुलेट को सीज कर जुमार्ना किया

फिरोजाबाद। थाना लाइनपार पुलिस टीम द्वारा बुलेट मोटरसाईकिल मॉडीफाइड साइलेंसर से गोली जैसी आवाज निकालने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए बुलेट मोटरसाइकिल को किया सीज साथ ही 12,500 रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा बाइक से स्टंट व हैवी बाइकों के मॉडिफाइड साइलेंसरों से तेज आवाज निकालने वाले बाइकरों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना लाइनपार पुलिस ने घनी आबादी क्षेत्र में अपनी बुलट मोटर साईकिल के मॉडिफाड साईलेन्सर द्वारा गोली चलने जैसी आवाज निकालकर शांति व्यवस्था भंग करने वाले अभियुक्त अंशुल पुत्र अशोक प्रजापति निवासी रामनगर पुलिस चौकी के पास थाना लाइनपार फिरोजाबाद को अन्तर्गत धारा 170 बीएनएसएस में गिरफ्तार किया गया साथ ही उक्त बुलट मोटर साईकिल को 12500 जुमार्ना अधिरोपित करते हुए धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया।

## भाजपाइयों ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की

**टूंडला।** राष्ट्र निर्माण एवं जन सेवा के लिए सदैव संकल्पित भारतीय जनता पार्टी के 46 वें स्थापना दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों ने टूंडला नगर की बूथ संख्या 196 पर श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्रद्धेय श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारतमाता के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। तत्पश्चात उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकताओं को बतौर अतिथि जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने अपने उद्बोधन में संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी है तथा भारतीय जनता पार्टी की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई थी। भारतीय जनता पार्टी का इस वर्ष हम 46 वां स्थापना दिवस मना रहे हैं, व भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय के पद चिन्हों पर चलते हुए उनकी अंत्योदय की परिकल्पना को पूरा कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी सिर्फ एक राजनैतिक पार्टी ही नहीं है बल्कि सामाजिक समरसता सदभाव के भाव के साथ राष्ट्र को परम वैभव पर ले जाने के लिए एकमात्र अग्रसर पार्टी है। कार्यक्रम में पूर्व जिला उपाध्यक्ष जयजीव पाराशर, द्विजेंद्र विक्रम सिंह परमार, मंडल प्रभारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह, नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सचिन जैन, विष्णु तिवारी रिंकू उपाध्याय, हनी जादौन, महेंद्र कुमार झा, विजय प्रजापति आर के प्रजापति, राजीव श्रीवास्तव गुड्डन, विनोद बाबू जुबीन भारद्वाज आदि लोग उपस्थित रहे। इसी श्रृंखला में पचोखरा मंडल के विभिन्न बूथों पर भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस का उत्सव मनाया गया। जिसमें मंडल अध्यक्ष महावीर सिंह, मंडल महामंत्री अजीत जुरैल, मंडल महामंत्री ब्रजवीर सिंह चौहान, मंडल उपाध्यक्ष राजीव गंगवार, शैलेंद्र धाकरे, सत्येंद्र बघेल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शांति व्यवस्था भंग करने वाले 11लोगों पर की कार्यवाही

**फिरोजाबाद।** थाना लाइनपार पुलिस टीम द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने वाले 11 व्यक्तियों के विरुद्ध सख़्त कार्रवाई की गई। सोमवार को थाना लाइनपार क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर आपसी विवाद एवं मारपीट की घटनाओं में संलिप्त होकर सार्वजनिक शांति व्यवस्था को भंग करने वाले कुल 11 व्यक्तियों को लाइनपार पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही की गयी है। उपरोक्त सभी के विरुद्ध थाना पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए धारा 170/126/135 बीएनएसएस के अंतर्गत चालान कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## आईसीआईसीआई बैंक का एटीएम तोड़ने का प्रयास, केस दर्ज

**आगरा।** बेलनगंज के घने इलाके में दो बदमाशों ने आईसीआईसीआई बैंक का एटीएम तोड़ने की कोशिश की। कैश नहीं निकाल पाने के कारण बैंक प्रबंधन के साथ ही थाना छत्ता पुलिस ने भी मामले को दबा दिया। बदमाश एटीएम के सीसीटीवी कैमरे में कैद हैं। अब 40 दिन बाद केस दर्ज किया गया है। पुलिस अब भी लीपापोती ही कर रही है।

बेलनगंज पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर स्थित बरौलिया बिल्डिंग में आईसीआईसीआई बैंक का एटीएम लगा है। बैंक के उप शाखा प्रबंधक अभिषेक कुमार ने केस दर्ज कराया है। इसमें चोरी का प्रयास और एटीएम में तोड़फोड़ का जिक्र है।

दो बदमाशों ने दिनदहाड़े एटीएम में तोड़फोड़ करके नकदी उड़ाने की कोशिश की मगर दिन होने के कारण अपने मंसूबों में सफल नहीं हो सके। बैंक प्रबंधन ने इसकी जानकारी 112 पर पुलिस को दी थी। बैंक प्रबंधन ने 28 फरवरी और 12 मार्च को दो बार ई-एफआईआर दर्ज करवाई लेकिन तकनीकी खामी के चलते दर्ज नहीं हो सकी। इसलिए थाने पर तहरीर दी। 40 दिन के बाद पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि बैंक वालों ने एटीएम बदलवाने के उद्देश्य से केस लिखाया है। कैश चोरी नहीं हुआ था। लेकिन सवाल उठता है कि ये बदमाश दूसरी बैंक के एटीएम को भी निशाना बना सकते हैं। आखिर इस तरह की वारदात में भी पुलिस ने इतनी लापरवाही क्यों की?

## शीशगढ़ कोतवाली का जिले में दूसरी बार आया प्रथम स्थान

शीशगढ़, बरेली। इंस्पेक्टर राधेश्याम ने अपने उत्कृष्ट कार्यों से शीशगढ़ कोतवाली को लगातार जिला में दूसरी बार प्रथम स्थान दिलाया है, जिसको लेकर एसएसपी अनुराग आर्य ने भी प्रशस्ति पत्र देकर इंस्पेक्टर को सम्मानित किया। वहीं क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यह पहली बार ऐसा हुआ है कि शीशगढ़ कोतवाली के इंस्पेक्टर को लगातार दो बार सम्मानित किया गया है।

## ज्ञान सरोवर इंटर कॉलेज में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**फिरोजाबाद।** नारी जागरण सेवा संस्थान के तत्वावधान में सोमवार को ज्ञान सरोवर इंटर कॉलेज में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराना एवं उन्हें नशा मुक्त समाज के निर्माण की दिशा में प्रेरित करना रहा इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य पी.सी.वर्मा की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ। साथ ही शिक्षिका सुनीता शिक्षक संतोष गोरख चिरंजी लाल तथा विद्यालय स्टाफ की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम के मुख्य आयोजकों में नारी जागरण सेवा संस्थान के सचिव कौशल किशोर शर्मा, स्वास्थ्य निरीक्षक हृदय मोहन जैन समाजसेवी गौरव कुमार सैन एवं धर्मेंद्र सिंह यादव शामिल रहे। इन सभी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि यह समाज के समुचित विकास में भी बाधा उत्पन्न करता है। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने इनशा मुक्ति विषय पर अपने विचारों को सशक्त रूप में प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता में ऋषभ कक्षा 12 ने प्रथम स्थान ईशा प्रजापति कक्षा 10 ने द्वितीय स्थान और दिव्यां कक्षा 12 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजयी विद्यार्थियों को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया इस अवसर पर वक्ताओं ने यह भी कहा कि बच्चों के माध्यम से ही हम आने वाली पीढ़ियों को जागरूक कर सकते हैं, इसलिए ऐसे कार्यक्रम मुख्यतः विद्यालयों में आयोजित किए जा रहे हैं। विद्यार्थियों में सामाजिक सरोकारों के प्रति चेतना उत्पन्न कर उन्हें एक जागरूक नागरिक बनाना आज की आवश्यकता है प्रधानाचार्य पी.सी.वर्मा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए आयोजकों का आभार प्रकट किया तथा बच्चों को इस दिशा में सतत जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन पर सभी विद्यार्थियों शिक्षकों एवं अतिथियों ने नशा से दूर रहने और समाज को नशा मुक्त बनाने की शपथ ली।

## शाहगंज बाजार में दो बहनों से मनचलों ने की छेड़खानी

**आगरा।** शाहगंज बाजार में दो बहनों से मनचलों ने छेड़खानी कर दी। ये देख लोगों ने आरोपी युवकों को दबोच लिया। उनकी पिटाई कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। आरोपियों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। शाहगंज बाजार में भीड़ ने दो बहनों से छेड़छाड़ करते दो मनचलों को पकड़ लिया। पीटने के बाद उन्हें पुलिस के हवाले किया गया। आरोपी नाई की मंडी के मुबारक और वाहिद हैं। थाना प्रभारी का कहना है कि पुलिस खुद दोनों पर कार्रवाई कर रही है। घटना रात 11 बजे की है। अर्जुन नगर की दो बहनें रूई की मंडी बाजार में आई थीं। उन्हें स्कूटर पर आए दो युवकों ने रोक लिया। एक युवक युवती को मोबाइल नंबर देने की कोशिश कर रहा था। युवती ने एतराज जताया लेकिन वो पीछा करने लगा। यह देखकर दूसरी बहन ने शोर मचा दिया। आवाज सुनकर लोग जुट गए और दौड़ाकर दोनों मनचलों को शाहगंज बाजार में दबोच लिया। चौराहे पर रामनवमी पर जुलूस निकलने के कारण पुलिस तैनात थी। कुछ ही देर में पुलिसकर्मी पहुंच गए। युवकों को भीड़ से अलग कर थाने ले गए। थाना प्रभारी ने बताया कि युवतियां काफी डरी हुई हैं। वह खुद केस दर्ज नहीं करना चाहती थी। इस पर पुलिस की ओर से कार्रवाई की जा रही है। आरोपी जूता बनाने का काम करते हैं।

## तालाब में डूबने से युवक की मौत, मचा कोहराम

**आगरा।** थाना सैंया क्षेत्र के गांव नगला गडुआ में पैर फिसलने से तालाब में गिरे युवक की मौत हो गई। पुलिस-प्रशासन व ग्रामीणों ने 15 घंटे की मशक्कत के बाद शव को तालाब से बाहर निकाला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गांव नगला गडुआ मजरा लहचोरा निवासी पुरुषोत्तम सिंह (30) का 7 वर्षीय पुत्र शनिवार की शाम खेलने निकला था। वह बेटे को बुलाने के लिए घर से निकला था। इस दौरान तालाब के किनारे से जाते समय उनका पैर फिसल गया और वह तालाब में गिरकर डूब गया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से तालाब के पानी को निकालने के लिए रातभर पंपिंग सेट चलाया गया। इसके बाद रविवार की सुबह करीब 10 बजे पुरुषोत्तम का शव मिल सका। युवक के तालाब में डूबने की सूचना पर एसडीएम खेरागढ़ संदीप कुमार यादव, तहसीलदार मनोज कुमार भी पहुंचे थे। अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। दैवीय आपदा योजना से आर्थिक मदद दिलाने का आश्वासन भी दिया।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सिम्स हॉस्पिटल में 350 से अधिक लोगों ने लिया निःशुल्क परामर्श

**मथुरा।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (सिम्स हॉस्पिटल) में बृजवासियों की सेवा के लिए सभी विभागों की निःशुल्क ओपीडी में 350 से अधिक मरीजों ने निःशुल्क परामर्श लिया। इस हेल्थ कैम्प में रेडियोलॉजी एवं पैथोलॉजी पर 25 प्रतिशत, दवाइयों पर 10 प्रतिशत एवं हृदय रोगियों के लिए ईको एवं टीएमटी पर भी 25 प्रतिशत की छूट दी गई। फ्री हेल्थ कैम्प में न्यूरोसर्जरी, न्यूरोलॉजी, हृदय रोग, किडनीरोग, हड्डी एवं जोड़ रोग, छाती एवं सांस रोग, नवजात एवं बालरोग, स्त्रीरोग, जनरल सर्जरी, यूरोलॉजी, इंटरनल मेडिसिन, ईएनटी, मनोवैज्ञानिक, नेत्ररोग और दंत रोग के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया। इस अवसर पर सिम्स हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. गौरव भारद्वाज ने कहा कि ब्रजवासियों की स्वास्थ्य सेवा होते देख मुझे अपार खुशी हो रही है। सिम्स हॉस्पिटल समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करने के लिए समय समय पर हेल्थ कैम्प आयोजित करता रहता है।

# सर्राफ की दुकान में लूट करने वाला शातिर गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना जमुनापार पुलिस द्वारा लक्ष्मीनगर स्थित सर्राफ की दुकान में घुसकर तमंचा दिखाकर लूट करने वाले अन्तर्राज्यीय गैंग का तीन माह से फरार चल रहा शातिर बदमाश मासूम को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

एसपी सिटी डा. अरविंद कुमार ने बताया कि 11 जनवरी 25 को लक्ष्मीनगर स्थित सर्राफ की दुकान में घुसकर तमंचा दिखाकर दुकान में। लूट की घटना को अंजाम देने के मुकदमें में वांछित चल रहे शातिर बदमाश मासूम पुत्र तैय्यब हुसैन मूल निवासी गोपालगंज थाना बरौली जनपद शिवान बिहार हाल निवासी किराये का मकान वीर सिंह ओ ब्लाक सौरव विहार थाना जैतपुर दिल्ली गड्ढे वाले पार्क सौरव विहार कालोनी थाना जैतपुर दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। बदमाश के कब्जे से वादी का लूटा हुआ आधार कार्ड बरामद हुआ है। बताया जाता है कि 11 जनवरी की शाम को मुकदमा वादी योगेश कुमार अग्रवाल पुत्र ऋऋवी कुमार अग्रवाल निवासी प्रतापनगर थाना जमुनापार की लक्ष्मीनगर स्थित सरार्फा की दुकान में बाइक सवार तीन बदमाश विशाल, पिन्कल मासूम द्वारा तमंचा दिखाकर अन्दर तिजोरी से करीब 12 हजार रुपए व पैन कार्ड आधार कार्ड को लूट कर भाग जाने निकले।

जब शोर मचाने पर राहगीरों ने भाग रहे विशाल व पिन्कल को पकड लिया। तीसरा बदमाश मासूम मोटर साइकिल लेकर भाग निकला था। जिसके बाद पिन्कल व विशाल भी थाने लेकर जाते समय मौका पाकर छूटकर भाग निकले थे। लक्ष्मीनगर चैकी प्रभारी ने बताया कि पिंकल और विशाल को 12 जनवरी 2025 को पुलिस मुठभेड में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

# सभी खंड विकास अधिकारी 20 बड़े कार्यो को गंभीरता से करें : जिलाधिकारी

जिला संवाददाता(vol)

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में पशुपालन और मनरेगा के कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई, बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी पशु चिकित्सक गोवंशों को हीट वेव से बचाने के लिए संपूर्ण उपायों को सुनिश्चित कर लें, साथ ही साथ सभी पशु चिकित्सक क्षेत्रों में भ्रमण कर हरे चारे इत्यादि की व्यवस्था को देख लें और जहां हरे चारे की उपलब्धता न हो, वहां तुरंत हरे चारे की व्यवस्था कराऐं, ताकि गोवंशों को भूसे पर निर्भर न रहना पड़े, इसके अलावा जिलाधिकारी ने मनरेगा के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की, जिसमें समीक्षा के दौरान डीसी मनरेगा ने अवगत कराया कि जनपद में कुल एक लाख 85000 जॉब कार्ड मनरेगा के अंतर्गत बने हैं, जिसमें सक्रिय 1 लाख 15 हजार की संख्या है, इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में जॉब कार्ड धारकों की संख्या बढ़ाए, खैरगढ़ के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी बैठक में अनुपस्थित रहने पर इनको नोटिस देने और वेतन रोकने के निर्देश दिए, जिलाधिकारी ने कहा कि पात्र लोगों के जॉब कार्ड अवश्य बनायें जाए। जिलाधिकारी ने इस बात पर जोर देकर कहा कि सभी खंड विकास अधिकारी अप्रैल से जुलाई तक 20 बड़े कार्यों का चयन कर लें, जिसमें सड़क, अमृत सरोवर, खेल के मैदान जैसे बड़े कार्य शामिल हो, उस पर कार्य करें, जिससे नागरिकों की समस्याओं का हल तो होगा ही साथ ही साथ गांव की दिशा एवं दशा भी बदलेगी, इसके लिए बृहद योजना बना लें, सभी अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अपने कार्य क्षेत्र को बढ़ाएं और बड़े कार्यो पर काम कराऐं, अन्यथा उन पर कठोर कार्यवाही कराई जाएगी, उन्होंने कहा कि एन0आर0एम0 प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन से होने वाले खेत तालाब इत्यादि पर गंभीरता से कार्य करें, गांव में जल भराव की स्थिति न रहें, साथ ही साथ तलाबों को संरक्षित भी करें अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि बड़े प्रोजेक्ट पर गुणवत्ता पूर्ण कार्य करें, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार मिल सके, बैठक में परियोजना निदेशक जिला विकास अधिकारी, डीसी मनरेगा सहित समस्त खंड विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

## प्रेमानंद महाराज के साथ छलाबा बर्दाश्त नहीं होगाः दिनेश

मथुरा। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर का केस लड़ रहे पंडित दिनेश फलाहारी ने बताया कि हमारे देश के प्रसिद्ध संत श्रीप्रेमा नन्द महाराज के साथ में एक गवीर्ली शरण उर्फ.गौरव साखी नामक व्यक्ति महाराज जी के साथ चलता है, जिसका नामकरण भी प्रेमानन्द महाराज ने ही किया था, ऐसे लोग संतों के साथ छलावा करते हैं और भेस बदल कर अपने पुराने कर्मों को छुपाते हैं।

बताते हैं यह फर्जी बाबा राजस्थान सरकार का करोड़ों रुपए का टैक्स चोरी करके आया था, उन्होंने जमुना खादर में कई एकड़ में अवैध कॉलोनी काटना शुरू कर दी, उसमें विना परमिसन के सीवर लाइन डलवा दी और उसमें अवैध तरीके से विद्युतीकरण भी कर दिया, उस भूमि पर विकास प्राधिकरण द्वारा भी अवैध कॉलोनी करना प्रतिबंधित कर रखा था, फिर भी इस बाबा द्वारा वृंदावन में जमुना खादर में अवैध कॉलोनी काट कर लोगों के साथ ठगी की गई, अब वहां पर विकास प्राधिकरण का बुलडोजर चलेगा तो उन लोगों के पैसे कौन वापस करेगा, यह बहुत ही गंभीर मामला है।

## सांसद हेमा ने की जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक

**मथुरा।** सांसद श्रीमती हेमा मालिनी की अध्यक्षता एवं सांसद तेजवीर सिंह की सह अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक सम्पन्न हुई। कलेक्ट्रेट सभागार बैठक में महापौर विनोद कुमार अग्रवाल, विधायक बल्देव पूरन प्रकाश, विधायक मांट राजेश चैधरी, विधान परिषद सदस्य ओमप्रकाश सिंह, विधान परिषद सदस्य योगेश नौहवार, मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चैधरी, सांसद प्रतिनिधि जर्नादन शर्मा, जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह, नगर आयुक्त शशांक चैधरी, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, ज्वांइट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर निशा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विजय शंकर दूबे, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानन्द पाण्डेय, परियोजना निदेशक अरूण कुमार उपाध्याय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में सांसद ने कहा कि जनपद की दशा एवं दिशा को सुधारने के लिए यह बैठक आयोजित की जाती है। जनपद में विभिन्न विभागों द्वारा विकास कार्य कराये जा रहे हैं, जिसकी समीक्षा हेतु आज यह बैठक आयोजित की गई है। उन्होंने नगर आयुक्त शशांक चैधरी को निर्देश दिये कि परिक्रमा मार्ग पर स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमणों को हटाया जाये तथा साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। जिस पर नगर आयुक्त ने अवगत कराया कि परिक्रमा मार्ग पर अतिक्रमण अभियान निरंतर जारी है तथा परिक्रमा मार्ग पर विशेष फसाड़ लाइटिंग की व्यवस्था की जा रही है, जिससे पूरा मार्ग जग मग रहेगा और श्रद्धालुओं को आकर्षित करेगा।

# बल्केश्वर राधानगर यमुना तट पर कब्जाई

- **जमीन की जांच एसआईटी करेगीफर्जी बैनामों की लंबी सूची, हड़पी जा रहीं बेशकीमती जमीनें, गुरु कपूर के साथियों की तलाश में जुटी एसआईटी**

**आगरा।** फर्जी बैनामा कांड में एसआईटी को रोज नई शिकायतें मिल रहीं हैं। अब तक 100 से अधिक शिकायतें दर्ज की गईं हैं, जिनमें तीन में जल्द एफआईआर दर्ज कराई जा सकती है। वहीं, अब गिरोह के सदस्यों की तलाश भी एसआईटी ने तेज कर दी है। यूपी सरकार ने यमुना के दोनों किनारों से लगे डूब क्षेत्र 200 मीटर की परधी तक निर्धारण कर अपनी रिपोर्ट एनजीटी में दाखिल की है। वहीं आगरा में यमुना के डूब क्षेत्र के तमाम इलाकों में उक्त जमीन का सरकारा द्वारा वर्ष 1975 में अधिग्रहण कराने के बाद वर्ष 1978 की बाढ़ के बाद से उक्त जमीनों की कुछ लोगों ने फर्जी किसान बनाकर उक्त जमीनों की तहसील व रजिस्ट्रार कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारियों से मिलीभगत कर फर्जी एग्रीमेंट व पॉवर ऑफ अथोर्टी के माध्यम से उक्त जमीनों की आज भी खरीद परोख्त की जा रही है। जब कि यूपी सरकार ने एनजीटी के निर्देश पर यमुना के डूब क्षेत्र की जमीनों की रजिस्ट्रियों पर रोक लगा दी गई है। वहीं कालाधन रखने वाले तमाम जोखिम देखने के बाद भी उक्त जमीने एग्रीमेंट के आधार पर खरीद परोख्त कर रहे है। ऐसा ही मामला बल्केश्वर के राधानगर यमुना तट पर स्थित रंगमुनि आश्रम रामजानकी मंदिर के पास देखने को मिला था उक्त जमीन के किसान पुत्रों ने पूर्व कांग्रेसी विधायक रहे स्वर्गिय नेता व उसके पुत्र पर अपने परिवार के मंदिर को दान की गई 4 वीघा 6 विसवा जमीन को दबंगई और पैसे के बल पर कब्जाने तथा अपने अमरूद के 100 से अधिक पैड़ों के बाग को उजाड़ने के गम्भरीर आरोप लगाये थे। किसान पुत्रों का दावा है कि वह पढ़े लिखें नहीं है न उन्होंने किसी के लिए कोई लिखा पढ़ी की है। उनका कहना है कि उनकी उक्त जमीन वर्ष 1975 में सरकार ने यमुना किनारा एक्सन प्लान के लिए अधिग्रहण की थी उसके बाद हम सभी भाईयों ने उक्त जमीन राधानगर बल्केश्वर घटवासन वाली मंदिर के नाम दान कर दी। किसान पुत्रों का आरोप थ कि एक कांग्रेस के नेता पूर्व विधायक व उसके बेटे ने बदमाशों के बल उनकी जमीन कब्जा करने के बाद हमारे 100 से अधिक अमरूदों के पेड़ो के बाग को उजाड दिया हम समझे कि यह सभी कार्य जमुना किनारा बेलनगंज आदि की तरह सरकार पार्क तथा सड़क के लिए कर रही है। लेकिन जब हमें पता चला कि हमारी मंदिर को दान की गई जमीन को कांग्रेसी नेता ने अपनी कालोनी बनाने को कब्जाया है तो हमने डीएम से लेकर पुलिस तक से शिकायती पत्र वकील से बनवाकर भेजा लेकिन हमारी कहीं सुनवाई नहीं हुई। किसान पुत्रों ने बताया कि एडीए द्वारा कांग्रेसी द्वारा कराये गये अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण का नोटिश मेरे पिता व मेरे नाम से दिया गया है। उसका दावा है कि उक्त जमीन पर आज भी खसरा खतौनी में उसके परिवार का ही नाम चढ़ा हुआ है। किसान पुत्र ने कहा कि सरकार चाहे तो पूरे मामले की डीएम तथा अन्य जांच एजेन्सी जांच करा ले तो दूध का दूध पानी का पानी हो जायेगया। किसान जगदीश उर्फ जग्गो भगत पुत्र टुइंयाराम शाक्य व पप्पी शाक्य ने बताया कि एक तो वह बेहद गरीब है और पढ़े लिखे भी नहीं है। उनका कहना है कि हमारी मंदिर को दान की गई।

## संक्षेप

### सैमसंग का गैलेक्सी टैब एस10एफई लॉन्च

नई दिल्ली। सैमसंग ने आज गैलेक्सी टैब एस10एफई लॉन्च करने की घोषणा की। ये टैबलेट्स प्रीमियम डिजाइन के साथ गैलेक्सी इकोसिस्टम में एंट्री का एक नया और शानदार मौका देते हैं। यह डिवाइस मनोरंजन, पढ़ाई और रोजमर्रा के कामों के लिए शानदार व्यूइंग एक्सपीरियंस देता है। सैमसंग ने इसमें स्मार्ट फीचर्स जोड़े हैं, जिससे यूजर्स अपने काम को आसानी से और ज्यादा कुशलता से कर सकते हैं। साथ ही, इसका स्लिम डिजाइन इसे हल्का और पोर्टेबल बनाता है, ताकि आप चलते-फिरते भी अपनी क्रिएटिविटी और प्रोडक्टिविटी बनाए रख सकें। सैमसंग में, हम सभी के लिए वर्ल्ड-क्लास इनोवेशन लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और नई गैलेक्सी टैब एस10 एफई सीरीज इसी विजन का एक शानदार उदाहरण है।

### कैप्टन राजेश को मिला सर्वोच्च मैरीटाइम सम्मान

मुंबई। सिनर्जी मरीन ग्रुप के संस्थापक कैप्टन राजेश उन्नी को 5 अप्रैल, 2025 को आयोजित 62वें नैशनल मैरीटाइम डे समारोह के दौरान भारत सरकार द्वारा नैशनल मैरीटाइम वरुण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह समुद्री क्षेत्र में भारत का सर्वोच्च व्यक्तिगत सम्मान है। यह पुरस्कार मुंबई में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी शिपिंग महानिदेशक और नैशनल मैरीटाइम डे समारोह (सेंट्रल) समिति के चेयरमैन श्याम जगन्नाथन द्वारा भारत की समृद्ध और स्थायी समुद्री विरासत के सम्मान में आयोजित आधिकारिक समारोह के दौरान प्रदान किया गया।

### डब्लूयूडी ने भविष्य को लेकर केंद्रित प्रोग्राम शुरू किये

नई दिल्ली। डब्लूयूडी ने 2025-26 अकादमिक वर्ष के लिए नए स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों की घोषणा की है। इन नए कार्यक्रमों से डिजाइन की सोच को एडवांस टेक्नोलॉजी और क्षेत्रों के साथ जोड़कर करियर के नए मार्ग प्रशस्त होने जा रहे हैं। नए कार्यक्रम टेक्नोलॉजी, कारोबार और इन कलाओं के बीच अंतर पाटने के लिहाज से बड़े ध्यान से डिजाइन किए गए हैं जिससे हमारे विद्यार्थी ना केवल उद्योग के लिए तैयार हों, बल्कि अपने अपने क्षेत्रों में नवप्रवर्तन का नेतृत्व करने में सक्षम हों।

### एंडुरा मास बना वेट गेनर न्यूट्रिशन पार्टनर

मुंबई। सिप्ला हेल्थ के वजन बढ़ाने वाले प्रमुख सप्लीमेंट ब्रांड एंडुरा मास ने इंडियन प्रीमियर लीग की फ्रेंचाइजी टीम लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ उनके 'आफिशियल वेट गेनर न्यूट्रिशन पार्टनर' के रूप में साझेदारी की है। इस रणनीतिक साझेदारी के द्वारा एंडुरा मास देश में सबसे भरोसेमंद वेट गेनर के रूप में दर्शकों के साथ अपने संबंध को और मजबूत करना चाहता है। भारत में वजन बढ़ाने के लिए उत्पादों की श्रेणी में एंडुरा मास ने पिछले 20 वर्षों में 100 मिलियन से अधिक व्यक्तियों को विज्ञान-समर्थित उत्पाद के साथ उनका वांछित वजन हासिल करने में मदद की है।

### वर्ल्ड हेल्थ डे मना

बंगलुरू। ऐमवे इंडिया ने एक समर्पित मां और बच्चे के कल्याण पहल के साथ वर्ल्ड हेल्थ डे मनाया। 'पॉवर ऑफ 5' कार्यक्रम के तहत, ऐमवे इंडिया ने चाइल्डफंड इंडिया के साथ साझेदारी करते हुए शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक स्वास्थ्य और कल्याण ड्राइव का आयोजन किया, जिसमें 200 से अधिक माताओं, बच्चों और समुदाय के सदस्यों तक पहुंचकर उन्हें समर्थन प्रदान किया गया। वर्ल्ड हेल्थ डे की थीम स्वस्थ शुरूआत, आशापूर्ण भविष्य के साथ संरेखित, यह पहल व्यापक निवारक देखभाल, पोषण शिक्षा और समग्र कल्याण पर केंद्रित थी, ताकि मातृ और बाल स्वास्थ्य के परिणामों में परिवर्तन लाया जा सके।

### हयात ने की रणनीतिक विस्तार की योजना घोषित

नई दिल्ली। हयातहोटल्सकॉर्पोरेशन ने 2024 में हुए 21 डील्स की गति को बरकरार रखते हुए 2025 में अपने विस्तार की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। यह रणनीतिक पहल कंपनी की इस क्षेत्र में एक अग्रणी हॉस्पिटैलिटी ब्रांड के रूप में स्थिति को और मजबूत करती है। भविष्य की ओर बढ़ते हुए, 2025 में हयात की वृद्धि और भी तेज रहने की उम्मीद है। गाजियाबाद, कसौली, कोच्चि, भोपाल, विठ्ठलपुर, जयपुर, और बुटवल (नेपाल) में हयात की सात नई प्रॉपर्टीज शुरू होंगी। प्रस्तावित गंतव्य व्यवसाय, तीर्थ और होलीडे पर्यटन का संतुलित मिश्रण दर्शाते हैं।

# सेंसेक्स ने लगाया 2227 अंक का गोता

मुंबई। अमेरिका के जवाबी शुल्क को लेकर चिंता के बीच सोमवार को भारत समेत दुनिया भर के बाजारों में बड़ी गिरावट आई। स्थानीय शेयर बाजार में बीएसई सेंसेक्स 2,226.79 अंक का गोता लगा गया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 743 अंक लुढ़क गया। दस माह में यह शेयर बाजार में सबसे बड़ी गिरावट है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क बढ़ाये जाने और चीन के जवाबी कदम से आर्थिक नरमी की आशंका के बीच बाजार में गिरावट आई है। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और यह 2,226.79 अंक यानी 2.95 प्रतिशत के नुकसान के साथ 73,137.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 3,939.68 अंक यानी 5.22 प्रतिशत तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 742.85 अंक यानी 3.24 प्रतिशत टूटकर 22,161.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय निफ्टी 1160.8 अंक तक लुढ़क गया था। हिंदुस्तान यूनिलीवर को छोड़कर सेंसेक्स में शामिल सभी शेयर नुकसान में रहे। टाटा स्टील में सबसे ज्यादा 7.33 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि लार्सन एंड टुब्रो 5.78 प्रतिशत के नुकसान में रहा। इसके अलावा टाटा मोटर्स, कोटक महिंद्रा बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी नीचे आए। हिंदुस्तान यूनिलीवर मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। बाजार में गिरावट का कारण उच्च अमेरिकी शुल्क और अन्य देशों के जवाबी शुल्क के कारण व्यापार युद्ध शुरू होने की आशंका है। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और धातु जैसे क्षेत्र नुकसान में रहे। इसका कारण धीमी वृद्धि के साथ उच्च मुद्रास्फीति का जोखिम है, जिससे अमेरिका में मंदी की आशंका है। बीएसई में 3,515 शेयरों में गिरावट रही जबकि 570 लाभ में रहे। 140 के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। कुल 775 शेयर 52 सप्ताह के निचले स्तर पर जबकि 59 कंपनियों के शेयर 52 सप्ताह के उच्च स्तर पर रहे। अमेरिकी बाजार में शुक्रवार को आई गिरावट के बाद यह तय था कि वैश्विक शेयर बाजारों में गिरावट आएगी और वैसा ही हुआ। इस गिरावट का कारण यह है कि जवाबी शुल्क को लेकर ट्रंप की नीतियों से अमेरिका में आने वाले समय में मंदी आने और महंगाई बढ़ने की आशंका है। कच्चे तेल और कई धातुओं के दाम में गिरावट जारी है। यह संकेत है कि अगर मौजूदा स्थिति बनी रहती है तो मांग नरम पड़ सकती है।

# रुपया 38 पैसे टूटकर 85.82 प्रति डॉलर पर

मुंबई। शुल्क युद्ध बढ़ने और वैश्विक आर्थिक मंदी की आशंका के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 38 पैसे लुढ़ककर 85.82 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। यह रुपये में पांच सप्ताह में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट है।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट और कमजोर डॉलर भी रुपये में नुकसान को रोकने में विफल रहे, क्योंकि विदेशी और घरेलू शेयर बाजार में निवेशकों में धन निकासी की होड़ मची थी। उन्होंने कहा कि अमेरिकी प्रशासन द्वारा कई देशों पर व्यापक जवाबी शुल्क और अमेरिकी आयात पर चीन के जवाबी कदम के बाद निवेशकों ने जोखिम से बचने की कोशिश की, जिससे वैश्विक स्तर पर मुद्रा विनिमय बाजारों में अत्यधिक अस्थिरता का सामना करना पड़ा। घरेलू वृहद आर्थिक मोर्चे पर, बाजार प्रतिभागी सतर्क थे क्योंकि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति ने प्रमुख ब्याज दरों पर अपना तीन दिवसीय विचार-विमर्श शुरू किया। छह सदस्यीय दर-निर्धारण पैनल का निर्णय बुधवार को घोषित किया जाएगा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.79 पर खुला और दिन के दौरान डॉलर के मुकाबले 85.57 के उच्चतम स्तर और 85.90 के निचले स्तर के बीच घूमता रहा। सत्र के अंत में डॉलर के मुकाबले रुपया 85.82 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से 38 पैसे की भारी गिरावट है। इससे पहले, रुपये में 25 फरवरी को इतनी बड़ी गिरावट देखी गई थी, जब इसमें 47 पैसे की गिरावट आई थी। शुक्रवार को रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 14 पैसे गिरकर 85.44 पर बंद हुआ, जबकि एक दिन पहले बृहस्पतिवार को करीब 60 देशों पर अमेरिका के जवाबी शुल्क के कार्यान्वयन के बाद इसमें 22 पैसे की तेजी आई थी। वैश्विक बाजारों में जोखिम-रहित भावनाओं के कारण रुपये में गिरावट आई। उन्होंने कहा कि कमजोर वैश्विक बाजारों और व्यापार शुल्क को लेकर जारी अनिश्चितता के कारण रुपये के नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करने की उम्मीद है।

# निवेशकों के 14.09 लाख करोड़ रुपये डूबे

नयी दिल्ली। वैश्विक बाजार में मंदी की आशंकाओं के बीच सोमवार को स्थानीय शेयर बाजार में भारी गिरावट आने से निवेशकों के 14 लाख करोड़ रुपये डूब गए।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 2,226.79 अंक यानी 2.95 प्रतिशत टूटकर 73,137.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 3,939.68 अंक का गोता लगाते हुए 71,425.01 अंक पर आ गया था। बीएसई पर छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप सूचकांक भी 4.13 प्रतिशत के नुकसान में रहा, जबकि मिडकैप में 3.46 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इस चौतरफा गिरावट का असर यह हुआ कि बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण एक ही कारोबारी सत्र में 14,09,225.71 करोड़ रुपये घटकर 3,89,25,660.75 करोड़ रुपये (4.54 लाख करोड़ डॉलर) रह गया। हालांकि, कारोबार के अंतिम घंटे में निचले स्तर पर खरीदारी आने से निवेशकों के नुकसान में कमी आई। दोपहर के कारोबार में निवेशकों का नुकसान 20.16 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया था। बीएसई पर सूचीबद्ध 3,515 शेयरों में गिरावट आई, जबकि 570 शेयरों में तेजी आई और 140 शेयरों के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

# रिजर्व बैंक की मौद्रिक समीक्षा बैठक शुरू

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिन की द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा बैठक सोमवार को शुरू हुई।

एमपीसी की बैठक में मुद्रास्फीति में नरमी और वृद्धि को तेज करने की जरूरत को देखते हुए प्रमुख नीतिगत दर रेपो में 0.25 प्रतिशत की कटौती किए जाने की उम्मीद है। इसके अलावा इस बैठक में अमेरिकी सरकार के भारत समेत करीब 60 देशों पर आयात शुल्क बढ़ाने के फैसले से पैदा होने वाली चुनौतियों पर भी गौर किए जाने की संभावना है। गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली मौद्रिक नीति समिति की बैठक में लिए गए फैसलों की घोषणा बुधवार को की जाएगी। गवर्नर के अलावा एमपीसी में आरबीआई के दो वरिष्ठ अधिकारी और सरकार द्वारा नियुक्त तीन सदस्य होते हैं। एमपीसी ने फरवरी में अपनी पिछली बैठक में प्रमुख ब्याज दर रेपो में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर इसे 6.25 प्रतिशत कर दिया था। यह मई, 2020 के बाद रेपो दर में पहली कटौती और ढाई साल के बाद पहला संशोधन था। विशेषज्ञों का मानना है कि आरबीआई का दर-निर्धारण पैनल इस सप्ताह 0.25 प्रतिशत की एक और दर कटौती की घोषणा करेगा। एसबीआई की एक शोध रिपोर्ट में कहा गया है कि व्यापार से संबंधित शुल्क बाधाओं, मुद्रा में तेज उतार-चढ़ाव और खंडित पूंजी प्रवाह के परस्पर संबद्ध प्रभावों के कारण वैश्विक वृद्धि को महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, अप्रैल, 2025 की नीतिगत समीक्षा बैठक में 0.25 प्रतिशत की दर कटौती की उम्मीद है। दर कटौती के समूचे चक्र में कुल एक प्रतिशत तक की कटौती हो सकती है।

# सीतारमण नौ को लंदन में भारत-ब्रिटेन आर्थिक और वित्तीय वार्ता में लेंगी भाग

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार को ब्रिटेन और ऑस्ट्रिया की एक सप्ताह की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगी। इस दौरान वह भारत-ब्रिटेन आर्थिक एवं वित्तीय वार्ता के अलावा निवेशक गोलमेज सम्मेलन में हिस्सा लेंगी।

अपनी यात्रा के दौरान सीतारमण भारत-ब्रिटेन आर्थिक एवं वित्तीय वार्ता के 13वें मंत्रिस्तरीय दौर में शामिल होंगी। इसके अलावा वह द्विपक्षीय बैठकों, ब्रिटेन और ऑस्ट्रिया में शोध संस्थानों, निवेशकों, कारोबार जगत के लोगों के साथ बातचीत करेंगी। वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण आज आठ से 13 अप्रैल, 2025 तक ब्रिटेन और ऑस्ट्रिया की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगी। भारत-ब्रिटेन आर्थिक एवं वित्तीय वार्ता (13वीं ईएफडी) का 13वां दौर नौ अप्रैल, 2025 को लंदन (ब्रिटेन) में आयोजित किया जाएगा। 13वें ईएफडी संवाद की सह-अध्यक्षता केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री तथा ब्रिटेन के चांसलर द्वारा की जाएगी। 13वें ईएफडी संवाद में भारतीय पक्ष के लिए आईएफएससी गिफ्ट सिटी, निवेश, बीमा और पेंशन क्षेत्र और सस्ता और टिकाऊ जलवायु वित्तपोषण प्रमुख मुद्दे रहेंगे। सीतारमण ऑस्ट्रिया में वित्त मंत्री मार्कस मार्टरबाउर और संघीय चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर के अलावा ऑस्ट्रिया सरकार के वरिष्ठ नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगी।

# वाहनों की खुदरा बिक्री में छह प्रतिशत की वृद्धि

नयी दिल्ली। देश में वित्त वर्ष 2024-25 में मोटर वाहन की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर छह प्रतिशत बढ़कर 2,61,43,943 इकाई हो गई। यात्री वाहन व दोपहिया वाहन खंड में ग्रामीण क्षेत्रों का प्रदर्शन शहरी क्षेत्रों की तुलना में बेहतर रहा। वाहन डीलरों के संगठन फाडा ने यह जानकारी दी।

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने सोमवार को एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में यात्री वाहनों, दोपहिया और तिपहिया वाहनों की बिक्री में वृद्धि देखी गई। हालांकि, वाणिज्यिक वाहनों व ट्रैक्टर के पंजीकरण में वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में पिछले वित्त वर्ष में गिरावट आई। फाडा के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में 39,60,602 इकाइयों की तुलना में पिछले वित्त वर्ष में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री पांच प्रतिशत बढ़कर 41,53,432 इकाई हो गई। वहीं वित्त वर्ष 2023-24 में 1,75,27,115 इकाइयों की तुलना में दोपहिया वाहनों का पंजीकरण आठ प्रतिशत बढ़कर 1,88,77,812 इकाई हो गया। वित्त वर्ष 2024-25 ने वास्तव में दिखाया कि भारत का मोटर वाहन खुदरा क्षेत्र कितना लचीला हो सकता है।

# सोना 1550 रुपये टूटकर 91450 रुपये पर, चांदी 3000 रुपये लुढ़की

नयी दिल्ली। कमजोर वैश्विक रुख के साथ ही आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्ट की भारी बिकवाली के चलते सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने का भाव 1550 रुपये टूटकर 91,450 रुपये प्रति दस ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1350 रुपये टूटकर 93,000 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,550 रुपये लुढ़ककर 91,000 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया जो पिछले कारोबारी सत्र में 92,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सोमवार को सोने की कीमत में गिरावट आई... क्योंकि शेयर बाजार और अन्य परिसंपत्ति वर्गों में घबराहटपूर्ण बिकवाली जारी है, जिससे सुरक्षित निवेश वाली कीमती धातुओं पर दबाव बना हुआ है। लगातार पांचवें दिन गिरावट का सिलसिला जारी रखते हुए चांदी की कीमतें शुक्रवार के बंद स्तर 95,500 रुपये प्रति किलोग्राम से 3,000 रुपये लुढ़ककर 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं। पिछले पांच सत्रों में, चांदी में 10,500 रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट आई थी। वैश्विक मोर्चे पर, हाजिर सोना 10.16 डॉलर घटकर 3,027.20 डॉलर प्रति औंस रह गया। निवेशकों की धारणा सतर्क बनी रही, क्योंकि वे खासकर बढ़ते व्यापार तनाव के बीच अमेरिका से उसके अगले कदम के बारे में और स्पष्टता की उम्मीद कर रहे हैं। आगामी अमेरिकी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आंकड़े ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, जो वैश्विक स्तर पर सोने की दिशा को प्रभावित करेंगे।

# एचआईएल लिमिटेड अब बिरलानू लिमिटेड के तौर पर जाना जायेगा

लखनऊ। 3 अरब डॉलर मूल्य के सीके बिरला ग्रुप की कंपनी एचआईएल लिमिटेड की नये सिरे से ब्रैंडिंग के बाद अब इसे बिरलानू लिमिटेड के तौर पर जाना जाएगा। यह कंपनी की महत्वाकांक्षी विकास रणनीति और वर्ल्ड-क्लास बिल्डिंग प्रोडक्ट्स तथा सेवाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कंपनी की 32 उत्पादन सुविधाएं भारत समेत यूरोप में कार्यरत हैं और दुनियाभर के 80 से अधिक देशों में इसके ग्राहक एवं पार्टनर्स हैं। इस बारे में अवंती बिरला, प्रेसीडेंट, बिरलानू का कहना है कि हमारी नई पहचान, बिरलानू हमारी कंपनी के बुनियादी मूल्यों झ हमेशा आगे बढ़ने के लिए तत्पर, को दर्शाती है। हम इस कारोबार में हैं क्योंकि हम गुणवत्ता, नवाचार और टिकाऊपन पर जोर देते हैं। जिन लोगों के हम लिए सेवाएं तथा उत्पादों को उपलब्ध कराते हैं, चाहे वे गृह-स्वामी हों, बिल्डर्स या डिजाइनर, वे ही हमारे हर कारोबार के मूल में हैं। बेहतर सामग्री का निर्माण हो, सस्टेनेबिलिटी में सुधार हो, या निर्माण के क्षेत्र में नए विचारों को शामिल करना हो, हम ऐसे नवाचारी भवनों एवं संरचनाओं का निर्माण करने पर जोर देते हैं जो समय की कसौटियों पर खरे उतर सकें।

## पेज एक का शेष

### 50 रुपये

की गई थी। इसके साथ ही सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर लगने वाले उत्पाद शुल्क में भी दो-दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है लेकिन इससे खुदरा कीमतों में कोई बदलाव नहीं होगा। यह बढ़ोतरी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल कीमतों में गिरावट से पेट्रोलियम कंपनियों को होने वाले लाभ से समायोजित हो जाएगी।

एक सरकारी आदेश के मुताबिक, पेट्रोल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क 11 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 13 रुपये और डीजल पर आठ रुपये से बढ़ाकर 10 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। यह आदेश मंगलवार से लागू हो जाएगा। इसके साथ ही पेट्रोल पर केंद्र सरकार द्वारा लगाए गए करों का कुल भार 19.9 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर 21.9 रुपये प्रति लीटर हो गया है। इसमें 1.40 रुपये प्रति लीटर मूल उत्पाद शुल्क, 13 रुपये विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क, 2.50 रुपये कृषि उपकर और पांच रुपये सड़क और बुनियादी ढांचा उपकर शामिल है। इसी तरह डीजल पर केंद्र सरकार के करों का कुल भार 15.80 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर 17.80 रुपये हो गया है। इसमें 1.80 रुपये प्रति लीटर मूल उत्पाद शुल्क, 10 रुपये विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क, चार रुपये कृषि उपकर और दो रुपये सड़क एवं बुनियादी ढांचा उपकर शामिल है।

पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि एलपीजी मूल्य निर्धारण के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय मानक औसत सऊदी सीपी जुलाई, 2023 के 385 डॉलर से फरवरी, 2025 में 63 प्रतिशत बढ़कर 629 डॉलर प्रति टन हो गया। इससे दिल्ली में रसोई गैस की कीमत 1,028.50 रुपये प्रति सिलेंडर होनी चाहिए थी।

### उत्तर भारत

जाता है। यानी अगर इस समय किसी दिन का तापमान 40 होता है, तो यह सामान्य से सिर्फ 2-3 डिग्री ज्यादा माना जाएगा। इसका मतलब हीट वेव की स्थिति नहीं मानी जाएगी। हालांकि, अगर अप्रैल के शुरूआती दिनों में ही तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच जाए और बीते वर्षों की तुलना में सामान्य तापमान 4.5 डिग्री सेंटीग्रेड ज्यादा हुआ तो यह हीटवेव की स्थिति होगी। यानी तापमान सिर्फ 40 डिग्री के पार जाना ही हीटवेव की निशानी नहीं है, बल्कि तापमान का अप्रत्याशित रूप से सामान्य से ज्यादा होना हीटवेव के लिए अनिवार्यता है। भारत में अप्रैल में हीटवेव की स्थिति इसलिए तय मानी जा रही है, क्योंकि इसी हफ्ते उत्तरी हिस्सों में तापमान कम से कम 42-43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा। यह स्थिति अप्रैल के शुरूआत में ही पैदा हो गई है। इससे साफ है कि दिल्ली में तापमान आज ही 40 डिग्री पार कर सकता है और अगले दो दिन भी इसी तरह तापमान बढ़ता रहेगा। यानी 7 से 9 अप्रैल के बीच हीट वेव की स्थिति बन सकती है। लेकिन पश्चिमी विक्षोभ की वजह से इसके बाद तापमान में गिरावट आ सकती है। 9 से 11 अप्रैल के बीच उत्तर भारत के कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश की भी संभावना है। लेकिन मौसम प्रणाली के गुजर जाने के बाद फिर से तापमान बढ़ सकता है।

### एक राष्ट्र

राष्ट्रपति शासन लगा और राजनीतिक अस्थिरता ने देश को भटकाया। 1980 के दशक में भी यह मुद्दा उठा, लेकिन आगे नहीं बढ़ सका। अब पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में बनी समिति की सिफारिशों और जनजागरण के जरिए इसे 2034 तक लागू करने का रोडमैप तैयार किया जा रहा है। सीएम योगी ने कहा कि विधानसभाओं के कार्यकाल को समायोजित कर एक साथ चुनाव संभव हों, जिससे 3.5 से 4.5 लाख करोड़ रुपये के सालाना खर्च को विकास कार्यों में लगाया जा सके। सीएम योगी ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा, खासकर 2017 से पहले की स्थिति को याद दिलाते हुए उन्होंने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में हर जनपद में एक समानांतर सरकार चलती थी, जो कानून और संवैधानिक प्रोटोकॉल की परवाह नहीं करती थी। संसाधनों पर लूट और माफियाराज उनका जन्मसिद्ध अधिकार बन गया था। उन्होंने कहा कि इस अस्थिरता ने प्रदेश को देश की सातवीं अर्थव्यवस्था तक पहुंचा दिया, जबकि 1947 में यह राष्ट्रीय औसत के बराबर थी। सीएम योगी ने कहा कि माफिया और गुंडागर्दी ने प्रदेश के विकास को बाधित किया, और पहचान का संकट खड़ा हो गया था।

सीएम योगी ने कहा कि 2014 से पहले देश भी इसी अस्थिरता का शिकार थाए जिससे विश्वास और पहचान का संकट पैदा हुआ। लेकिन आज भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है, और उत्तर प्रदेश 8 साल में प्रगति के पथ पर है। यह राजनीतिक स्थिरता का परिणाम है। उन्होंने माफिया और अराजकता को बढ़ावा देने वाले तत्वों को 'लोकतंत्र विरोधी' बताते हुए कहा कि ये लोग बार.बार चुनाव से फायदा उठाते हैं। सीएम ने महाकुंभ 2025 का जिक्र कर अपनी सरकार की उपलब्धियों को सभी के सामने रखा। उन्होंने कहा कि 13 से 26 जनवरी 2025 के बीच प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ, जो हजारों साल की हमारी विरासत का प्रतीक है, ने दुनिया को मंत्रमुग्ध कर दिया। 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आए, जो लोकतंत्र का सबसे बड़ा महोत्सव बन गया। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली सरकारों ने इस आयोजन को उपेक्षित रखा। 2007 और 2013 में अव्यवस्था और गंदगी थी।

### मुख्यमंत्री ने

भारत की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि 2014 तक भारत दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया था, पर वहां पहुंचने में इसे 65 से 70 साल लग गए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लेकिन पिछले दस सालों में भारत हर क्षेत्र में नए आयाम पर पहुंचा है। उन्होंने कहा कि भारत अब दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और अगले दो सालों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। उन्होंने कहा, भारत एक वैश्विक नेता के रूप में उभर रहा है क्योंकि आज हमारी विकास दर किसी भी अन्य देश की तुलना में मजबूत है। हर क्षेत्र में भारत एक नयी पहचान बना रहा है। नेतृत्व के प्रभाव को रेखांकित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा, देश, संसाधन, व्यवस्था- सब पहले एक जैसे थे। लेकिन पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के साथ, एक बदला हुआ भारत अब नयी ऊंचाइयां छू रहा है जिसे दुनिया उत्सुकता से देख रही है। बाद में जारी एक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने कहा, जब तकनीकी महंगी होगी तो आम लोगों की पहुंच से दूर हो जाएगी।

### वीवीपैट पर्चियों

ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के डेटा का वीवीपैट रिकॉर्ड के साथ शत-प्रतिशत मिलान करने संबंधी याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा था कि ईवीएम सुरक्षित, सरल, निरापद और उपयोगकर्ता के अनुकूल हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय ने पिछले साल 12 अगस्त को शीर्ष अदालत के फैसलों का हवाला दिया था और जैन की याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद इसने अपने फैसले की समीक्षा संबंधी याचिका भी खारिज कर दी थी। जैन ने निर्वाचन आयोग को भविष्य में वीवीपीएटी प्रणाली के उपयुक्त प्रोटोटाइप का इस्तेमाल करने के निर्देश देने की मांग की, जिसमें प्रिंटर को खुला रखा जाता है, जिससे मुद्रित मतपत्र मतदान केंद्र पर पीठासीन अधिकारी को देने से पहले मतदाता द्वारा सत्यापन कराये जाने के लिए होता है। उन्होंने कहा कि कंट्रोल यूनिट द्वारा इलेक्ट्रॉनिक गिनती के अलावा वीवीपैट पर्चियों की शत-प्रतिशत गिनती होनी चाहिए। आयोग ने उच्च न्यायालय को सूचित किया था कि यह मुद्दा एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) बनाम भारत के निर्वाचन आयोग मामले में शीर्ष अदालत के फैसले में इन बातों का पूरा ध्यान रखा गया है। सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का हवाला देते हुए उच्च न्यायालय ने कहा था कि याचिका में उठाया गया मुद्दा अब प्रासंगिक नहीं रह गया है। न्यायालय ने कहा, तदनुसार, वर्तमान रिट याचिका और अर्जी खारिज की जाती हैं।

### ईडी ने पूर्व

और गारंटर के खिलाफ मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। 2023 में ही राजधानी स्थित ईडी के जोनल कार्यालय ने विनय तिवारी की गोरखपुर, महराजगंज और लखनऊ स्थित कुल 27 संपत्तियों को जब्त किया था, जिनमें कृषि योग्य भूमि, व्यवसायिक कांप्लेक्स, आवासीय परिसर, आवासीय भूखंड आदि शामिल हैं।

### हाईकोर्ट ने

कि उन्होंने (आसाराम ने) इंदौर स्थित अपने आश्रम में भक्तों के लिए प्रवचन आयोजित करके जमानत की शर्तों का उल्लंघन किया है। सोलंकी ने अपने दावे के समर्थन में अदालत में वीडियो साक्ष्य प्रस्तुत किए, जिसके बाद अदालत ने आसाराम से हलफनामा मांगा। आसाराम के वकील निशांत बोरा ने सोमवार को अदालत में हलफनामा दायर करने के बाद कहा, अदालत ने हलफनामा स्वीकार कर लिया और एक जुलाई तक अंतरिम जमानत अवधि बढ़ाने के हमारे अनुरोध को मंजूरी दे दी।

### पीएम मोदी ने

साहब अंबेडकर तथा पं. दीनदयाल उपाध्याय जैसे मनीषियों के चिंतन का विस्तार भी है। इस शिविर में आयोजित होने वाले संवाद से भविष्य में अपनायी जाने वाली सामाजिक सशक्तिकरण की नीतियों का रोडमैप तैयार होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में आज देश में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र के साथ कार्य किया जा रहा है। आज देश में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा एक ओर देश में बुजुर्गों, विधवाओं एवं दिव्यांगजनों को विशेष पेंशन देकर उनका जीवन स्तर सुधारा जा रहा है। वहीं, छात्रों को छात्रवृत्ति देकर उन्हें अपना भविष्य उज्ज्वल बनाने का अवसर भी दिया जा रहा है। इसी तरह विभिन्न योजनाओं एवं नीतियों के माध्यम से स्वरोजगार और उद्यमिता को प्रोत्साहित कर अति पिछड़े वर्ग को मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया जा रहा है। इससे पूर्व, चिंतन शिविर में केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ वंचित समुदाय तक पहुंचाने में राज्यों की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका है। चिंतन शिविर का उद्देश्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर तालमेल बनाना ही है। उन्होंने बताया कि जब आगरा से चिंतन शिविर का सफर शुरू किया गया था, तब उस कार्यक्रम में सिर्फ आठ राज्यों का प्रतिनिधित्व रहा था। मात्र 12 राज्यों के अधिकारी उस कार्यक्रम में पहुंचे थे। ये शुभ संकेत है कि देहरादून के चिंतन शिविर में 15 राज्यों का प्रतिनिधित्व हो रहा है। केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति के तुरंत बाद चिंतन शिविर के आयोजन की खास वजह रही है।

### सीमा पर

उतरने के बाद सीधे भट के हुमहामा स्थित घर गए। उन्होंने बताया कि राजभवन जाने से पहले केंद्रीय गृह मंत्री ने दिवंगत पुलिस अधिकारी के पिता सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक गुलाम हसन भट के साथ करीब 20 मिनट बिताए। मरणोपरांत कीर्ति चक्र से सम्मानित हुमायूं मुजम्मिल भट उन चार सुरक्षाकर्मियों में शामिल थे, जो सितंबर 2023 में दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के कोकेरनाग के गडूल गांव के आसपास घने जंगलों में आतंकवादियों से लड़ते हुए शहीद हो गए। शाह के हवाई अड्डा पहुंचने पर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और उनके सलाहकार नासिर असलम वानी ने उनका स्वागत किया। शाह के दौरे के लिए पूरे कश्मीर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## संक्षेप

### लॉरेस विश्व खेल पुरस्कारों में आकर्षण का केंद्र होंगे जोकोविच

मैड्रिड। महान टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच स्पेन की राजधानी में होने वाले लॉरेस विश्व खेल पुरस्कारों में आकर्षण का केंद्र होंगे। खिलाड़ियों को दिए जाने वाले पुरस्कारों की यह 25वीं वर्षगांठ है। यह लगातार दूसरा साल है जब पुरस्कार समारोह का आयोजन मैड्रिड में हो रहा है। ये पुरस्कार 21 अप्रैल को प्रतिष्ठित पैलेसियो डी सिबेल्स में दिए जाएंगे। चौबीस बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन और पांच बार के लॉरेस के साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी जोकोविच ने कहा, लॉरेस विश्व खेल पुरस्कार की 25वीं वर्षगांठ मनाने के लिए फिर से मैड्रिड आना रोमांचक है। मैंने पिछले साल मैड्रिड में अपना पांचवां लॉरेस खिताब जीतने की यादें संजोई हैं और सौभाग्यशाली हूं कि फिर इस समारोह के शामिल होने का मौका मिला है। महान क्रिकेटर स्टीव वॉ, छह बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन और जोकोविच के पूर्व कोच बोरिस बेकर, दिग्गज फुटबॉल काफू, लुई फिगो के अलाव महान जिम्नास्ट नादिया कोमानेची भी समारोह के दौरान मौजूद रहेंगे।

### मुए थाई एसोसिएशन ऑफ यूपी को मिली नई टीम

लखनऊ। थाईलैंड की प्रसिद्ध मार्शल आर्ट मुए थाई की उत्तर प्रदेश इकाई मुए थाई एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश की नई समिति का गठन सोमवार को होटल एम्पीरियो ग्रैंड, आलमबाग, लखनऊ में आयोजित बैठक में किया गया। इस बैठक में मनोज वर्मा को अध्यक्ष, अतुल जे. पाण्डेय को सचिव व अक्षय मिश्रा को कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं, देवेंद्र सिंह को चेयरमैन के रूप में निर्वाचित किया गया। उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त मुए थाई एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश की इस नई कमेटी के गठन के बाद यूनाइटेड मुए थाई एसोसिएशन इंडिया के अध्यक्ष मनोज वर्मा एवं महासचिव श्रीराम चौधरी ने सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। इस अवसर पर लखनऊ इकाई से रत्नेश शर्मा और अभिषेक मौर्य भी उपस्थित रहे।

### इशांत शर्मा पर मैच फीस का 25 प्रतिशत का जुर्माना

हैदराबाद। गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज इशांत शर्मा पर रविवार रात सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और साथ ही एक डिमेरिट अंक उनके खाते में जोड़ा गया। इंडियन प्रीमियर लीग ने एक बयान में कहा, इशांत शर्मा ने नियम 2.2 के तहत लेवल एक के अपराध को स्वीकार किया और मैच रेफरी की सजा को स्वीकार किया। बयान के अनुसार, आचार संहिता के लेवल एक उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होता है। आईपीएल की आचार संहिता का नियम 2.2 मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़े, मैदान उपकरण या साजो-सामान के दुरुपयोग से संबंधित है। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज इशांत ने गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया और चार ओवर में बिना विकेट हासिल किए 53 रन लुटाए। कुल मिलाकर उन्होंने तीन मैच में 107 रन दिए हैं और केवल एक विकेट लिया है।

### हैरी ब्रूक को इंग्लैंड की टीम का कप्तान बनाया

लंदन। जोस बटलर के पिछले महीने आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी में इंग्लैंड के लचर प्रदर्शन को देखते हुए कप्तानी छोड़ने के बाद हैरी ब्रूक को सोमवार को देश की सीमित ओवरों की टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। ब्रूक को पिछले साल की आईपीएल नीलामी के दौरान दिल्ली कैपिटल्स ने अनुबंधित किया था लेकिन इंग्लैंड के अपने करियर पर ध्यान केंद्रित करने के लिए वह आईपीएल 2025 से हट गए थे और बाद में उन पर लीग में खेलने से दो साल का प्रतिबंध लगा दिया गया। छब्बीस वर्षीय ब्रूक जनवरी 2022 में पदार्पण के बाद से इंग्लैंड की सीमित ओवरों की टीम का अहम हिस्सा रहे हैं और पिछले एक साल से वह एकदिवसीय और टी20 दोनों टीम में उपकप्तान के रूप में खेल रहे थे।

# बेंगलुरु ने मुंबई को 12 रन से हराया

## आईपीएल : कोहली-रजत ने अर्धशतक जमाये, बोल्ट और हार्दिक को 2-2 विकेट, क्रुणाल को 4 विकेट

एजेंसी

मुंबई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2025 में सोमवार को मुंबई इंडियंस पर 12 रनों की रोमांचक जीत दर्ज की है। टीम 10 साल बाद वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई को हरा सकी है। उस पिछली जीत 2015 के सीजन में मिली है। मुंबई ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। बेंगलुरु ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 221 रन बनाए। जवाब में मुंबई की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 209 रन ही बना सकी। कप्तान हार्दिक पंड्या (42 रन) और तिलक वर्मा (56 रन) ने 34 बॉल पर 89 रन की साझेदारी करके अपनी टीम को रन चेज में बनाए रखा, लेकिन इन दोनों के आउट होते ही टीम हार गई। बेंगलुरु की ओर से क्रुणाल पंड्या ने 4 विकेट झटके। यश दयाल और जोश हेजलवुड को 2-2 विकेट मिले। बेंगलुरु की ओर से विराट कोहली (67 रन) और कप्तान रजत पाटीदार (64 रन) ने अर्धशतक जमाए। जितेश शर्मा ने नाबाद 40 और देवदत्त पडिक्कल ने 37 रन का योगदान दिया। ट्रेंट बोल्ट और हार्दिक पंड्या ने 2-2 विकेट झटके। एक विकेट विग्नेश पुथुर को मिला।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2025 में सोमवार को मुंबई इंडियंस (टक) को 222 रन का टारगेट दिया है। वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। बेंगलुरु ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 221 रन बनाए। बेंगलुरु की ओर से विराट कोहली (67 रन) और कप्तान रजत पाटीदार (64 रन) ने अर्धशतक जमाए। जितेश शर्मा ने नाबाद 40 और देवदत्त पडिक्कल ने 37 रन का योगदान दिया। ट्रेंट बोल्ट और हार्दिक पंड्या ने 2-2 विकेट झटके।

एक विकेट विग्नेश पुथुर को मिला। रजत पाटीदार (64 रन) को ट्रेंट बोल्ट ने विकेटकीपर रियान रिकेल्टन के हाथों कैच कराया। रिकेल्टन ने पीछे की ओर दौड़ लगाकर शानदार कैच पकड़ा। 18वें ओवर में रजत पाटीदार और जितेश शर्मा ने फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली है। बेंगलुरु ने 144 के स्कोर पर तीसरा विकेट गंवाया था। बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने 17वां ओवर डाल रहे हार्दिक पंड्या के ओवर में 3 बाउंड्री लगाई। उन्होंने इस ओवर की दूसरी बॉल पर सिक्स लगाकर अपनी फिफ्टी भी पूरी की। पंड्या के इस ओवर 23 से रन आए। ओवर की पहली बॉल पर विराट कोहली 67 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें नमन धीर ने कैच किया। ओवर की तीसरी बॉल पर लिविंगस्टन को बुमराह ने कैच आउट किया। इसी ओवर में टीम ने 150 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया। 13वें ओवर में हार्दिक पंड्या की बॉल रजत पाटीदार के हेलमेट पर लगी।

पंड्या ने ओवर की तीसरी बॉल पर ऑफ स्टंप के बाहर गुड लेंथ पर लगी। पाटीदार इस बॉल को फाइन लेग की दिशा में खेलना चाहते थे। बॉल उछली और पाटीदार के हेलमेट पर लगी। अगली बॉल पंड्या ने बाउंसर डाली, जिस पर पाटीदार ने अपर कट करके चौका लगाया। 10वें ओवर में बेंगलुरु ने 100 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। रजत पाटीदार ने मिचेल सैंटनर के ओवर की आखिरी बॉल पर टीम के लिए 100वां रन बनाया। 9वें ओवर में विराट कोहली ने छक्के से फिफ्टी पूरी की। उन्होंने 29 बॉल पर हाफ सेंचुरी बनाई। कोहली ने मुंबई के खिलाफ छठा अर्धशतक बनाया है। यह कोहली के कढछ करियर का 57वां अर्धशतक है। इस ओवर की आखिरी बॉल पर देवदत्त पडिक्कल 37 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें विग्नेश पुथुर ने विल जैक्स के हाथों कैच कराया। टॉस हारकर बैटिंग कर रही बेंगलुरु की टीम ने अच्छी शुरूआत की है। 4 रन पर पहला विकेट गंवाने के बाद टीम ने 6 ओवर में 73 रन बना लिए हैं।

इस ओवर की पहली बॉल पर कोहली और पडिक्कल की जोड़ी ने फिफ्टी पार्टनरशिप कर चुकी है। कोहली-पडिक्कल ने पावरप्ले के आखिरी ओवर डाल रहे दीपक चाहर के ओवर से 20 रन लिए। पडिक्कल ने दीपक चाहर की बॉल पर लगातार तीन बाउंड्री लगाई, इनमें दो छक्के और एक चौका शामिल रहा। बेंगलुरु ने 5वें ओवर में 50 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। कोहली ने विल जैक्स के ओवर की आखिरी बॉल पर चौका लगाकर टीम को 50 पार पहुंचाया। विराट कोहली ने इस सीजन में पहला ओवर डाल रहे जसप्रीत बुमराह की बॉल पर छक्का लगाया। वे इस सीजन में बुमराह को पहली बार खेल रहे थे। तीसरा ओवर डाल रहे ट्रेंट बोल्ट ने 16 रन खर्च किए। इस ओवर में विराट कोहली ने लगातार दो चौके लगाए।

# फैसला करने के लिए हैं अभी दस महीने : धोनी

नयी दिल्ली। पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी इंडियन प्रीमियर लीग में अपने भविष्य को लेकर बढ़ती अटकलबाजी से दूर रहे और कहा कि उनके करियर को खत्म करने का फैसला इस बात पर निर्भर करता है कि उनका शरीर शीर्ष स्तर के क्रिकेट की मांग पर कैसे प्रतिक्रिया देता है और उनके पास यह फैसला करने के लिए 10 महीने हैं। मौजूदा आईपीएल में धोनी उस तरह का प्रभाव नहीं डाल पाए हैं जैसा कि वे आमतौर पर निचले मध्य क्रम में बल्लेबाजी करते हुए डालते हैं। शॉट में टाइमिंग की कमी और प्रभावहीनता चार मैच में उनके द्वारा बनाए गए 76 रन के दौरान साफ नजर आई जिसके बाद विशेषज्ञों ने कप्तान के रूप में दो विश्व कप जीतने वाले धोनी को आगे बढ़ने की सलाह दी। हाल ही में उद्यमी राज शमानी के पॉडकास्ट पर धोनी ने कहा, मैं अब भी आईपीएल खेल रहा हूं और मैं एक बार में एक साल पर ध्यान दे रहा हूं। मैं अभी 43 साल का हूं और इस आईपीएल सत्र के अंत तक मैं 44 साल का हो जाऊंगा। उन्होंने कहा, इसलिए मेरे पास यह तय करने के लिए 10 महीने हैं कि मैं एक और साल खेलना चाहता हूं या नहीं और यह मुझे तय नहीं करना है क्योंकि यह मेरा शरीर तय करता है कि मैं खेल सकता हूं या नहीं।

हालांकि टीम को पांच आईपीएल खिताब दिलाने वाले चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान ने कहा कि वह मैदान पर अपनी उपलब्धियों से काफी संतुष्ट हैं। धोनी ने कहा, यह इस बारे में नहीं है कि मैं खुश हूं या दुखी। जो कुछ भी हुआ है वह हो चुका है। इसे बदला नहीं जा सकता। यह सब कुछ स्वीकार करने के बारे में है। चाहे कुछ भी हो मैं अपने अंतरराष्ट्रीय रन में एक और रन नहीं जोड़ पाऊंगा और कोई भी उन्हें कम नहीं कर पाएगा। धोनी हमेशा वर्तमान को देखने वाले व्यक्ति रहे हैं लेकिन उन्होंने एक बार फिर सचिन तेंदुलकर, सौरव गांगुली, वीरेंद्र सहवाग और युवराज सिंह जैसे दिग्गजों को एक ही टीम में देखने की इच्छा जताई। उन्होंने कहा, मैं भारतीय खिलाड़ियों पर ही बात करूंगा। वीरू पा (सहवाग) पारी की शुरुआत करेंगे, सचिन, दादा (गांगुली) और अब आप कल्पना करें कि हर कोई अपने चरम पर है। धोनी ने कहा, सर्वकालिक एकादश चुनना कठिन है। जब आप युवी को छह छक्के लगाते हुए देखते हैं तो आपको लगेगा कि मैं किसी अन्य बल्लेबाज को नहीं देखना चाहता। यह सब भारत के लिए उन्होंने जो किया है उसका लुत्फ उठाने के बारे में है। हमने जो प्रतिभाएं देखी हैं उनमें से कुछ बेजोड़ हैं।

**खेल के तीनों विभागों में बड़े सुधार की जरूरत है लेकिन विटोरी चिंतित नहीं**

हैदराबाद। सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने स्वीकार किया कि आईपीएल में उनकी लगातार चौथी हार खेल के तीनों विभागों में खराब प्रदर्शन के कारण हुई और अगर उन्हें हार से उबरना है तो इसमें सुधार करना होगा। पिछले साल बेहद आक्रामक खेल दिखाकर फाइनल में जगह बनाने वाली सनराइजर्स की टीम मौजूदा सत्र में आक्रामक फॉर्म बरकरार नहीं रख पाई है। टीम के शीर्ष तीन खिलाड़ियों ट्रेविस हेड, अभिषेक शर्मा और इशान किशन के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी है।

गुजरात टाइटंस के खिलाफ हार के बाद विटोरी ने कहा, मुझे लगता है कि कमरे में मौजूद हर कोई व्यक्ति इसे समझता है और पिछले चार मैच में यह करीबी मुकाबला नहीं रहा है। उन्होंने कहा, लेकिन बेशक हमारे लिए चुनौती आगे बढ़ना है क्योंकि हर आईपीएल टीम किसी ना किसी चरण में हार का सामना करती है और अब हमारे पास टूर्नामेंट में अब तक बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे पंजाब के खिलाफ खेलने से पहले पांच दिन का ब्रेक है। विटोरी ने कहा हमें उस मैच के लिए तैयार रहना होगा। हालांकि घबराना या चिंतित होना विटोरी और कप्तान पैट कमिंस के स्वभाव में नहीं है। विटोरी को यह स्वीकार करने में कोई झिझक नहीं है कि उनकी टीम ने अपने सर्वश्रेष्ठ से बहुत निचले स्तर का प्रदर्शन किया है। न्यूजीलैंड के इस पूर्व स्पिनर ने कहा, हम पिछले चार मैच में से किसी में भी अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के करीब नहीं पहुंच पाए और मुझे लगता है कि तीनों विभाग में ऐसा हुआ। मुझे लगता है कि अधिकांश टीम का स्तर उनके क्षेत्ररक्षण पर निर्भर करता है और हम क्षेत्ररक्षण में बहुत खराब रहे हैं। इसलिए अब और पंजाब के मैच के बीच में हमें इस पर काम करना होगा।

# यूपी के कराटे खिलाड़ियों ने रचा इतिहास

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के कराटे खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय कोच सेंसेई उमा द्वारा दी गई विशेष ट्रेनिंग का भरपूर फायदा उठाया और चतुर्थ कियो नेशनल कराटे चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन कर 2 स्वर्ण समेत कुल 8 पदक जीतकर इतिहास रच दिया। इस बेहतरीन प्रदर्शन के चलते कराटे इंडिया ऑर्गनाइजेशन के तहत हैदराबाद में 26 से 30 मार्च 2025 तक आयोजित इस चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश ने ओवरऑल सातवां स्थान हासिल किया। यूपी के खिलाड़ियों ने 2 स्वर्ण, 2 रजत और 4 कांस्य पदक जीते, जो अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा।

**मलेशियाई कोच सेंसेई उमा के प्रशिक्षण**

एशिया के उम्दा कराटे प्रशिक्षकों में शुमार अंतर्राष्ट्रीय कोच मलेशिया की सेंसेई उमा ने पिछले वर्ष यूपी के कराटे खिलाड़ियों को निःशुल्क विशेष प्रशिक्षण शिविर में एडवांस तकनीक, खेल रणनीति और कॉम्बिनेशन की बारीकियां सिखाई थीं। इस विशेष ट्रेनिंग का ही नतीजा है कि यूपी के कराटे खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर दमदार प्रदर्शन कर सके। खिलाड़ियों के प्रदर्शन की बात करें तो चैंपियनशिप में गौतमबुद्धनगर के हर्षित पाण्डेय ने अंडर-21 पुरुष कुमिते अंडर-67 किग्रा भार वर्ग और जितेंद्र कुमार ने अंडर-21 पुरुष कुमिते 84 किग्रा से अधिक भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर यूपी का नाम रोशन किया।

वहीं, वाराणसी की गौरी पाठक ने 18 साल से अधिक बालिका कुमिते 55 किग्रा से कम और वाराणसी के ही रोशन मौर्या ने 18 साल से अधिक बालक कुमिते 60 किग्रा से कम भार वर्ग में रजत पदक जीते।

गाजियाबाद के यशस्वी शर्मा ने अंडर-21 पुरुष कुमिते 84 किग्रा से अधिक में कांस्य पदक जीता। इसके अलावा लखनऊ के ज्ञानेश सिंघल, जय भारत दुबे और आशीष सिंह ने 16 वर्ष से अधिक पुरुष टीम काता में कांस्य पदक अपने नाम कर एक और उपलब्धि जोड़ी। कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के आजीवन अध्यक्ष इंजी.योगेश कुमार ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि मलेशियाई कोच सेंसेई उमा द्वारा दिए गए प्रशिक्षण का असर खिलाड़ियों के प्रदर्शन में साफ दिखा। उनकी ट्रेनिंग से खिलाड़ियों को तकनीकी रूप से मजबूत होने में मदद मिली, जिसका परिणाम हमें नेशनल चैंपियनशिप में देखने को मिला। महासचिव जसपाल सिंह ने कहा कि भविष्य में हम इस तरह के और प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन करेंगे ताकि यूपी के खिलाड़ी राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी चमक बिखेर सकें। इस ऐतिहासिक सफलता पर कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के चेयरमैन कुणाल सिल्कू (आईएएस), अध्यक्ष टीपी हवेलिया सहित अन्य सभी पदाधिकारियों व खेल प्रेमियों ने बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# उत्तर प्रदेश के यश पटेल व बंगाल के प्रगोष्पमा गायेन उलटफेर का शिकार

लखनऊ। शीर्ष वरीय रोहिन राज, तीसरी वरीय अनुज कुमार और चौथी वरीय अग्रिम साहू ने डा. केएल गर्ग मेमोरियल आइटा सीएस-7 (अंडर-18) टेनिस टूर्नामेंट में बालक एकल के पहले राउंड में जीत हासिल कर प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरी ओर पांचवीं वरीय पश्चिम बंगाल के प्रगोष्पमा गायेन और सातवीं वरीय उत्तर प्रदेश के यश पटेल को पहले ही राउंड में हार का सामना करना पड़ा। उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में यह टूर्नामेंट गोमतीनगर विजयंत खंड स्टेडियम के टेनिस कोर्ट पर डा.केएल गर्ग चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि अतुल कुमार गुप्ता (सेवानिवृत्त आईएएस, पूर्व मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन) ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि जावीद अहमद (सेवानिवृत्त आईपीएस, पूर्व डीजीपी उत्तर प्रदेश), पुनीत अग्रवाल (सचिव उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन) सहित दीपक पाठक, पवन सागर व एसके गर्ग भी मौजूद रहे। टूर्नामेंट में हुए बड़े उलटफेर में उत्तर प्रदेश के किंजलक श्रीवास्तव ने पांचवीं वरीय पश्चिम बंगाल की प्रोगोस्पमा गयेन के खिलाफ 7-6(6), 6-1 से हराकर उलटफेर भरी जीत दर्ज की। किंजलक ने अपनी बेहतरीन कोर्ट कवरेज और दमदार सर्विस की बदौलत पहला सेट टाईब्रेक में जीता और दूसरा सेट भी कुछ संघर्ष के बाद जीत लिया। एक अन्य उलटफेर में पश्चिम बंगाल के दीपक ने सातवीं वरीय उत्तर प्रदेश के यश पटेल को टाई ब्रेक में 7-6(8-6), 6-1 से शिकस्त दी। दीपक ने संघर्षपूर्ण टाईब्रेक जीतने के बाद दूसरा सेट आसानी से अपने पक्ष में कर लिया।

**केएल गर्ग मेमोरियल आइटा सीएस-7 (अंडर-18) टेनिस टूर्नामेंट की हुई शुरूआत**

पहले राउंड में ही शीर्ष वरीय उत्तर प्रदेश के रोहिन राज ने उत्तर प्रदेश के देवांश विज को 7-5, 6-3 से हराया। तीसरी वरीय उत्तर प्रदेश के अनुज कुमार ने उत्तर प्रदेश के ही तेजस को 6-0, 6-0 से शिकस्त दी। वहीं चौथी वरीय उत्तर प्रदेश के अग्रिम साहू ने उत्तर प्रदेश के हर्ष कुमार को 7-5, 6-1 से मात दी। अन्य मैचों में उत्तर प्रदेश के अयान यादव ने आरव भास्कर को 7-6(9-7), 6-4 से, उत्तर प्रदेश के अणर्व चौहान ने उत्तर प्रदेश के मनन कपूर को 6-3, 6-0 से, उत्तर प्रदेश के अभ्युदय ने पश्चिम बंगाल के आशुतोष को 6-2, 6-1 से, उत्तर प्रदेश के रोहन ने उत्तर प्रदेश के कणव को 6-0, 6-3 से, उत्तर प्रदेश के अनुरुद्ध ने उत्तर प्रदेश के कबीर को 6-2, 6-2 से, आठवीं वरीय पश्चिम बंगाल के लवम मखारिया ने उत्तर प्रदेश के अनय को 6-2, 6-0 से और उत्तर प्रदेश के अर्जुन शर्मा ने उत्तर प्रदेश के हसन अनीस को 6-3, 6-2 से हराकर अंतिम 16 में स्थान सुरक्षित किया।

# मेस्सी ने टोरंटो एफसी को बराबरी पर रोका

एजेंसी

फोर्ट लॉडरडेल (फ्लोरिडा)। स्टार खिलाड़ी लियोनल मेस्सी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) के चार मैच में तीसरी बार गोल किया जिससे इंटर मियामी ने रविवार को यहां टोरंटो एफसी को1-1 से ड्रॉ पर रोका। इंटर मियामी से जुड़ने के बाद मेस्सी का यह सभी प्रतियोगिताओं में 40वां गोल है जो फ्रेंचाइजी की ओर से रिकॉर्ड है। मेस्सी ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में गोल दागा।

मेस्सी के गोल से तीन मिनट पहले फेडेरिको बर्नारडेची ने टोरंटो की टीम को बढ़त दिलाई थी। इंटर मियामी की टीम छह मैच में 14 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है जबकि कोलंबस की टीम ने 15 अंक के साथ शीर्ष पर एक अंक की बढ़त बना रखी है। कोलंबस ने हालांकि इंटर मियामी से एक मैच अधिक खेला है।

**लीवरपूल हारा, साउथम्पटन का निचली लीग में खिसकना तय**

मैनचेस्टर। खिताब की दौड़ में सबसे आगे चल रहे लीवरपूल को रविवार को यहां इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल में फुलहम के खिलाफ 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। दूसरी तरफ साउथम्पटन की टीम टोटेनहैमन के खिलाफ ।-3 की हार के साथ इंग्लैंड की शीर्ष लीग से रेलीगेट (निचली लीग में खिसकना) होने वाली पहली टीम बनी। अन्य मुकाबलों में मैनचेस्टर यूनाईटेड और मैनचेस्टर सिटी का मैच ओल्ड ट्रैफर्ड में गोल रहित ड्रॉ रहा जबकि चेल्सी और ब्रेंटफोर्ड ने भी गोल रहित ड्रॉ खेला। लीवरपूल की हार का मतलब है कि टीम ने दूसरे स्थान पर मौजूद आर्सेनल पर 14 अंक की बढ़त बनाने और रिकॉर्ड की बराबरी करने वाले 20वें ईपीएल खिताब के करीब पहुंचने का मौका गंवा दिया। लीवरपूल की टीम 31 मैच में 73 अंक के साथ शीर्ष पर है। दूसरे स्थान पर मौजूद आर्सेनल के इतने ही मैच में 62 अंक हैं। साउथम्पटन की टीम 31 मैच में सिर्फ 10 अंक के साथ 20 टीम की तालिका में अंतिम स्थान पर है।

# सुपरकिंग्स को मिलेगी पंजाब से कड़ी चुनौती

मुल्लांपुर। चेन्नई सुपरकिंग्स को इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां पंजाब किंग्स के खिलाफ होने वाले मैच से पूर्व जिस सबसे बड़ी समस्या का हल खोजना होगा वह महेंद्र सिंह धोनी की डेथ ओवरों में बड़े शॉट खेलने में नाकामी है। सुपरकिंग्स ने आईपीएल सत्र की अपनी सबसे खराब शुरुआत में से एक करते हुए लगातार तीन मैच गंवाए हैं और वह भी लक्ष्य का पीछा करते हुए। पंजाब किंग्स को अपने पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ घरेलू मैदान पर हार का सामना करना पड़ा था लेकिन मौजूदा फॉर्म के साथ कागजों पर श्रेयस अय्यर की टीम सुपरकिंग्स की तुलना में अधिक मजबूत दिख रही है। सुपरकिंग्स की टीम संयोजन की समस्या से जूझ रही है। अंतिम ओवरों में धोनी की मौजूदगी को एक समय वरदान माना जाता था लेकिन अब यह येलो ब्रिगेड के लिए अभिशाप बन रही है। अपना 18वां आईपीएल सत्र (विराट कोहली और रोहित शर्मा के अलावा एकमात्र खिलाड़ी) खेल रहे धोनी का तेज हालांकि ऐसा है कि टीम में शायद कोई भी उनके पास जाकर उन्हें आईना नहीं दिखा सकता। ब्रांड धोनी अब भी सुपरकिंग्स के प्रशंसकों के दिलों पर राज करते हैं और जब वे मैदान पर उतरते हैं तो उनके नाम के नारे लगते हैं लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच निश्चित रूप से उनके समर्थकों के लिए आंख खोलने वाला था कि टीम में उनके प्यारे थाला से कहीं अधिक चीजें हैं।

# केकेआर और सुपर जाइंट्स की भिड़ंत आज

एजेंसी

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और लखनऊसुपर जाइंट्स इंडियन प्रीमियर लीग के दोपहर के मैच में मंगलवार को जब यहां आमने-आमने होंगे तो यह सुनील नरेन और उनकी तरह गेंदबाजी करने वाले तथा उनके सबसे बड़े प्रशंसक में से एक दिग्वेश राठी के बीच का मुकाबला भी होगा। दोनों टीम के अब तक दो-दो जीत से चार-चार अंक हैं। केकेआर के लिए मौजूदा सत्र अब तक मिश्रित परिणाम वाला रहा है।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियन्स के खिलाफ हार के बाद केकेआर ने अपने पिछले मैच में शानदार वापसी करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद पर आसान जीत दर्ज की और इस दौरान उसके मध्य क्रम ने भी उपयोगी योगदान दिया जो पिछले कुछ मैच में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहा था। टीम के सबसे महंगे खिलाड़ी वेंकटेश अय्यर ने अंततः अच्छा प्रदर्शन किया जबकि रिंकू सिंह और अनुभवी अजिंक्य रहाणे ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। युवा अंगकृष रघुवंशी ने भी प्रभावित किया। नाइट राइडर्स के लिए हालांकि सलामी जोड़ी चिंता का विषय बनी हुई है। क्विंटन डिकॉक और सुनील नारायण पिछले सत्र में फिल सॉल्ट की तरह टीम को आक्रामक शुरुआत देने में नाकाम रहे हैं। मौजूदा सत्र में इस जोड़ी की सर्वोच्च साझेदारी 44 रन की रही है

जबकि अन्य मुकाबलों में सलामी बल्लेबाजों ने चार, एक और 14 रन की साझेदारी की। केकेआर को पता है कि नारायण की अहमियत सिर्फ रन बनाने तक ही सीमित नहीं है।

नारायण और राठी के विपरीत खेमे में होने के कारण यह देखना दिलचस्प होगा कि कौन दूसरे पर भारी पड़ता है। दिल्ली प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन से ध्यान खींचने वाले राठी अब उस खिलाड़ी के खिलाफ खेलेंगे जिसने उनके क्रिकेट के सपने को आकार दिया। इमरान ताहिर जैसा हेयरस्टाइल, नारायण जैसा गेंदबाजी एक्शन और केसरिक विलियम्स जैसा जश्न मनाने का तरीका, राठी अपने स्टाइल और कौशल से आईपीएल 2025 की सबसे आकर्षक कहानियों में से एक बन गए हैं। शुक्रवार की रात को मुंबई इंडियन्स के खिलाफ इकाना में जब सुपरजाइंट्स के अन्य गेंदबाजों से 10 से अधिक रन प्रति ओवर की दर से रन दिए तो वहीं राठी ने चार ओवर में 21 रन देकर एक विकेट चटकाया। उन्होंने अब तक चार मैच में 7.62 के प्रभावशाली इकोनॉमी रेट से छह विकेट चटकाए हैं और केवल एक बार मैच में आठ रन प्रति ओवर से अधिक की दर से रन दिए हैं। राठी की गेंदबाजी असाधारण रही है लेकिन मैदान पर उनके जश्न मनाने के तरीके ने विवाद खड़ा कर दिया है। उन पर पहले ही दो बार जुर्माना लगाया जा चुका है। एक बार पंजाब किंग्स के बल्लेबाज प्रियांश आर्य के साथ शारीरिक संपर्क के लिए और फिर मुंबई के खिलाफ जश्न मनाने के लिए।

राठी के नाम पर अब तीन डिमेरिट अंक हैं और अगर उन्हें एक और डिमेरिट अंक मिलता है तो उन पर एक मैच का प्रतिबंध लग जाएगा। लखनऊ की टीम इस मुकाबले में मुंबई के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर 12 रन की जीत के बाद बढ़े हुए आत्मविश्वास के साथ उतरेगी। मिचेल मार्श शीर्ष क्रम पर प्रभावी प्रदर्शन कर रहे हैं जबकि एडेन मारक्रम ने सत्र की धीमी शुरुआत के बाद मुंबई के खिलाफ अर्धशतक के साथ फॉर्म में वापसी की है।

# वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर राष्ट्रपति ने की चर्चा

## संयुक्त राष्ट्र समेत अन्य वैश्विक मंचों पर आपसी सहयोग मजबूत करने को लेकर सहमत हुए भारत और पुर्तगाल

लिस्बन। भारत और पुर्तगाल ने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र समेत अन्य वैश्विक मंचों पर सहयोग मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पुर्तगाल के राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी सूसा के बीच यहां हुई बातचीत के दौरान यह सहमति बनी।

पुर्तगाल की दो-दिवसीय राजकीय यात्रा पर आईं राष्ट्रपति मुर्मू ने डी सूसा के साथ अकेले में बैठक की, जिसके बाद प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। वार्ता में दोनों देशों के पारस्परिक हितों से संबंधित सभी मामलों पर चर्चा की गई। पुर्तगाली राष्ट्रपति के आधिकारिक निवास पैलेसियो डी बेलेम में उनकी बैठक के बाद जारी एक बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की। मुर्मू ने कहा कि हमने साझा हितों के वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की। हमने अपने दीर्घकालिक द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने का संकल्प लिया, विशेष रूप से व्यापार और निवेश, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सूचना एवं डिजिटल प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, कनेक्टिविटी और गतिशीलता के क्षेत्र में, तथा लोगों के बीच आपसी संपर्क को और बढ़ावा देने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि हमने संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक मंचों पर अपने समन्वय और सहयोग को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। राष्ट्रपति मुर्मू की सोमवार को शुरू हुई पुर्तगाल की दो-दिवसीय राजकीय यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब भारत और यूरोप के बीच संपर्क बढ़ रहा है और दोनों पक्षों को इस वर्ष के अंत तक मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की उम्मीद है। भारत और पुर्तगाल के बीच कारोबार 1.5 अरब अमेरिकी डॉलर का है और पिछले पांच वर्षों में इसमें 50 प्रतिशत की वृद्धि के साथ यह लगातार बढ़ रहा है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी सूसा के साथ उनकी रचनात्मक और उत्पादक मुलाकात हुई। उन्होंने कहा कि मुझे पुर्तगाल के राष्ट्रपति के साथ मिलकर हमारे राजनयिक संबंधों की स्वर्ण जयंती के अवसर पर स्मारक टिकट जारी करते हुए खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि भारत और पुर्तगाल के बीच राजनयिक संबंधों की पुनः स्थापना के 50 वर्ष पर संयुक्त डाक टिकट जारी करना इस परंपरा में एक शानदार वृद्धि है। यह कार्यक्रम एक विशिष्ट सेतु का निर्माण करता है, जो दोनों देशों के बीच साझा विषयों और ऐतिहासिक उपलब्धियों का जश्न मनाता है। लिस्बन के ऐतिहासिक प्राका डू इम्पेरियो स्क्वायर पर राष्ट्रपति को रस्मी सलामी गारद प्रदान किए जाने के साथ उनका दौरा शुरू हुआ। सुबह में, राष्ट्रपति मुर्मू ने पुर्तगाल के राष्ट्रीय कवि लुइस वाज डी कैमोस को यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल, मोस्टेइरो डॉस जेरोनिमोस में उनकी कब्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति मुर्मू पुर्तगाल और स्लोवाकिया की अपनी चार-दिवसीय राजकीय यात्रा के पहले चरण में रविवार को लिस्बन पहुंचीं। करीब तीन दशकों में भारत के राष्ट्रपति की दोनों देशों की यह पहली यात्रा है। भारत के राजदूत पुनीत आर कुंडल और पुर्तगाल के राजदूत जोआओ रिबेरो डी अल्मेडा ने फिगो मादुरो के सैन्य हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। पुर्तगाल में भारतीय समुदाय के लोगों की संख्या लगभग 125,000 है, जिसमें 35,000 से अधिक भारतीय नागरिक और 90,000 भारतीय मूल के लोग शामिल हैं। पुर्तगाल की जनसंख्या लगभग एक करोड़ है।

# गाजा में इजराइल ने अस्पतालों के पास हमला किया, कई पत्रकार मारे गये

दीर अल-बला। गाजा पट्टी पर इजराइल ने दो प्रमुख अस्पतालों के बाहर स्थित तंबुओं पर रात में हमला किया, जिससे एक स्थानीय पत्रकार सहित कम से कम दो लोगों की मौत हो गई जबकि छह पत्रकारों समेत नौ अन्य घायल हो गए। स्वास्थ्य अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

अस्पताल के अनुसार, क्षेत्र में हुए अलग-अलग हमलों में 15 अन्य लोग भी मारे गए। अस्पताल के अनुसार, खान यूनिस में नासेर अस्पताल के बाहर मीडिया तंबू पर रात करीब दो बजे हमला हुआ, जिससे तंबू में आग लग गई और फलस्तीन टुडे समाचार वेबसाइट के रिपोर्टर यूसुफ अल-फकावी तथा एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई। इस हमले में छह पत्रकार घायल हो गए। इजराइली सेना ने कहा कि उसने हमास के एक उग्रवादी पर हमला किया था। उसने कोई और जानकारी नहीं दी। अस्पताल के अनुसार, इजराइल ने मध्य शहर दीर अल-बला में अल-अक्सा शहीद अस्पताल के किनारे स्थित तंबू पर भी हमला किया, जिससे तीन लोग घायल हो गए। नासेर अस्पताल के अनुसार, रात में अलग-अलग हमलों में छह महिलाओं और चार बच्चों समेत कुल 13 लोगों के शव भी मिले हैं। अल-अक्सा अस्पताल ने बताया कि दीर अल-बला में एक घर पर हुए हमले में दो लोग मारे गए और तीन घायल हो गए। इजराइल ने पिछले महीने हमास के साथ युद्ध विराम समाप्त कर दिया था तथा हवाई और जमीनी हमले पुनः शुरू कर दिए थे। इजराइल ने मार्च की शुरुआत से ही खाद्य, ईंधन, दवा और मानवीय सहायता के आयात पर रोक लगा दी है। यहां 18 महीने से चल रहे युद्ध के दौरान हजारों लोगों ने अस्पताल परिसरों में लगाए गए तंबुओं में शरण ली है।

संक्षेप

## फैक्ट्री में लगी आग, दो की मौत

हरिद्वार। उत्तराखंड में हरिद्वार जिले के बहादराबाद में एक रसायन फैक्टरी में भीषण आग लगने से फैक्टरी मालिक समेत दो व्यक्तियों की मौत हो गयी जबकि एक अन्य झुलस गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने यहां बताया कि इब्राहिमपुर गांव में स्थित गणपति रसायन फैक्टरी में रविवार रात लगभग नौ बजे आग लग गयी जिसपर करीब 12 घंटे बाद सोमवार को बमुश्किल काबू पाया जा सका। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग इतनी भयावह थी कि कई किलोमीटर दूर से धुएं का गुबार आसमान में उठता दिखाई दिया। उन्होंने बताया कि आग लगने की सूचना तुरंत अधिकारियों को दी गयी लेकिन दमकल विभाग की टीम काफी देर बाद मौके पर पहुंची। आग की भयावहता को देखते हुए दमकल की कई गाड़ियां मौके पर भेजी गईं जो पूरी रात उस पर काबू पाने की कोशिश करती रहीं लेकिन सोमवार सुबह तक ही उस पर नियंत्रण किया जा सका। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे हरिद्वार के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक परमेंद्र डोबाल ने बताया कि आग फैक्टरी परिसर में खड़े केमिकल से भरे टैंकरों में लगी जो जल्द ही पूरी फैक्टरी में फैल गई। फैक्टरी में आग लगने से फैक्टरी मालिक महेश अग्रवाल और एक अन्य कर्मचारी संजय कुमार की झुलसकर मौत हो गई।

## पूर्व राष्ट्रपति कोविंद दुबई में होने वाले व्यापार सम्मेलन में भाग लेंगे

दुबई। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद 23-24 अप्रैल को दुबई में होने वाले एक व्यापार शिखर सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

एससीएम मिडिल ईस्ट कॉन्क्लेव एंड अवार्ड्स 2025 की मेजबानी लॉजिस्टिक्स शक्ति नामक एक भारतीय थिंक टैंक करेगा, जो वैश्विक स्तर पर लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति श्रृंखलाओं को आगे बढ़ाने का काम करता है। इस कार्यक्रम में भारत के पूर्व राष्ट्रपति बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे, जबकि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अर्थव्यवस्था मंत्रालय के अवर सचिव अब्दुल्ला अहमद अल सालेह सम्मानित अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। शिखर सम्मेलन में भारत-मध्य पूर्व आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिसमें वैश्विक व्यापार मार्गों को नया आकार देने, लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को बहाल करने और आर्थिक संबंधों को मजबूत बनाने में इसकी परिवर्तनकारी भूमिका को तलाशा जायेगा। इस सम्मेलन में भारत, पश्चिमी एशिया, उत्तरी अफ्रीका और यूरोप के लॉजिस्टिक्स उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों के 300 से अधिक शीर्ष पेशेवर भाग लेंगे।

## अंतिम सांस तक लड़ूंगी : ममता

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद स्कूली नौकरी गंवाने वाले पात्र उम्मीदवारों के अधिकारों की रक्षा करने का संकल्प सोमवार को जताया और कहा कि वह अंतिम सांस तक उनके लिए लड़ती रहेंगी, चाहे जेल जाना पड़े।

बनर्जी ने शीर्ष अदालत के फैसले के बाद स्कूलों की नौकरी गंवाने वाले लोगों के साथ यहां नेताजी इनडोर स्टेडियम में एक बैठक में प्रभावित शिक्षकों और अन्य कर्मियों से अपने-अपने स्कूल जाने और स्वैच्छिक तरीके से फिर से काम करने का आग्रह किया। उन्होंने एक भावनात्मक संदेश में कहा कि अगर मुझे जेल भी जाना पड़ा तब भी मैं यह सुनिश्चित करने के लिए लड़ती रहूंगी कि किसी पात्र उम्मीदवार को नौकरी से वंचित नहीं रखा जाए। जब तक मैं जीवित रहूंगी....यह मेरा वादा है। बनर्जी ने उच्चतम न्यायालय के फैसले से प्रभावित शिक्षक और गैर शिक्षण कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा, किसी को अभी तक निष्कासन पत्र नहीं मिला है। इसलिए अपना काम करते रहिए। आप इस बीच स्वैच्छिक सेवा देने के लिए स्वतंत्र हैं। शीर्ष अदालत ने तीन अप्रैल को बंगाल में सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में 25,753 शिक्षकों और कर्मचारियों की नियुक्ति को अमान्य करार देते हुए पूरी चयन प्रक्रिया को त्रुटिपूर्ण और दागदार बताया था। इन कर्मचारियों का चयन 2016 में राज्य स्कूल सेवा आयोग के एक भर्ती अभियान के माध्यम से चुना गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य प्रशासन पहले शीर्ष अदालत से स्पष्टीकरण का अनुरोध करेगा, और जरूरत पड़ी तो पुनर्विचार याचिका दायर करेगा ताकि पात्र उम्मीदवारों के हितों की रक्षा हो सके।

## हम बिहार में अपनी गलतियों से सीख रहे हैं : राहुल गांधी

पटना। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी बिहार में अपनी गलतियों से सबक ले रही है, जहां पार्टी दलितों के सशक्तीकरण के जरिए सर्वांगीण विकास लाने में पिछड़ गयी थी।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राज्य की राजधानी में एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। यह सम्मेलन राज्य में महत्वपूर्ण विधानसभा चुनावों से कुछ महीने पहले हो रहा है जिसमें कांग्रेस, राजद और वाम दलों के साथ गठबंधन करके, मजबूत सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से मुकाबला करेगी। संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए गांधी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक ऐसी व्यवस्था बना दी है, जिसमें देश को पांच प्रतिशत आबादी चला रही है और 10-15 लोग पूरे कॉरपोरेट जगत को नियंत्रित कर रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि कांग्रेस में मैं यह स्वीकार करने वाला पहला व्यक्ति हूं कि हमने बिहार में उस उत्साह के साथ काम नहीं किया, जैसा हमें करना चाहिए था। लेकिन हम अपनी गलतियों से सीखकर आगे बढ़ेंगे। हमारी पार्टी और जिस गठबंधन का हम हिस्सा हैं, वह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यकों के उत्थान के लिए प्रयास करेगा। राज्य में 1990 के दशक की मंडल लहर के साथ उनकी पार्टी का पतन शुरू हुआ था। उन्होंने कहा कि हमने हाल ही में कुछ ऐसा किया जो भले ही बहुत अच्छा न रहा हो लेकिन फिर भी महत्वपूर्ण था। हमने जिला कांग्रेस समितियों का पुनर्गठन किया। पहले इनमें से दो तिहाई का नेतृत्व उच्च जातियों के पास था। अब इनमें से दो तिहाई का नेतृत्व वंचित जातियों के पास है। यह संगठन के लिए (राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन) खरगे जी और मेरे द्वारा दिए गए स्पष्ट निर्देशों के अनुरूप है। गांधी ने दावा किया कि बिहार स्वतंत्रता संग्राम से लेकर महान राजनीतिक परिवर्तनों की भूमि रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान में राजग की राजनीति अरबपतियों के हितों का पोषण कर रही है। उन्होंने कहा, हमें पूरा विश्वास है कि बिहार एक बार फिर बदलाव का उत्प्रेरक बनेगा। चार महीने में राज्य के अपने तीसरे दौरे पर आए राहुल गांधी इससे पहले लगभग 150 किलोमीटर दूर बेगूसराय गए थे, जहां उन्होंने पलायन रोको, नौकरी दो पद-यात्रा में भाग लिया था। यह पदयात्रा बिहार की बेरोजगारी और पलायन की समस्या को उजागर करने के लिए पार्टी की छात्र और युवा शाखाओं की एक पहल थी।

## कार्बन उत्सर्जन पर कर लगाने पर विचार

संयुक्त राष्ट्र। विश्व के देश वाणिज्यिक पोतों से होने वाले उत्सर्जन को लेकर उनसे शुल्क वसूलने के लिए एक समझौते पर पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं, जो दुनिया का पहला वैश्विक कार्बन कर होगा।

अंतरराष्ट्रीय पोत परिवहन को नियंत्रित करने वाले अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ), ने इस क्षेत्र के लिए 2050 तक शुद्ध-शून्य ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि शून्य या लगभग शून्य उत्सर्जन वाले ईंधन का अधिक व्यापक उपयोग किया जाए। आईएमओ की समुद्री पर्यावरण संरक्षण समिति सोमवार से शुक्रवार तक लंदन में बैठक कर रही है। आईएमओ के सदस्य देशों की यह समिति समुद्री ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन पर मूल्य निर्धारण करने तथा स्वच्छ ईंधनों को चरणबद्ध तरीके से लागू करने के लिए समुद्री ईंधन मानक निर्धारित करने के वास्ते प्रस्तावित नये वैश्विक विनियमों को मंजूरी देने के लिए काम कर रही है। आईएमओ के महासचिव आर्सेनियो डोमिन्गुएज ने कहा कि ये उपाय जलवायु संबंधी आकांक्षाओं से कहीं अधिक हैं और ये वैश्विक स्तर पर परिचालन करने वाले जहाजों के लिए अनिवार्य हो जाएंगे। डोमिन्गुएज का मानना है कि उद्योगों को कार्बन प्रदूषण में कटौती करने के लिए और प्रयास करने चाहिए। जलवायु परिवर्तन के उपायों पर काम करने वाली ब्रिटेन स्थित गैर-लाभकारी संस्था ऑपर्चुनिटी ग्रीन में जलवायु कूटनीति की वरिष्ठ निदेशक एम्मा फेंटन ने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा वाले पोत परिवहन का भविष्य अधर में लटका हुआ है। अगर कोई समझौता हो जाता है, तो यह जलवायु परिवर्तन से निपटने में एकजुटता का एक बड़ा क्षण होगा। उन्होंने कहा कि पहली बार, यह उम्मीद जगी है कि हमारे पास इस अंतरराष्ट्रीय मुद्दे से निपटने के लिए एक प्रभावी वैश्विक ढांचा होगा।

## पाक के खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा अभियान में नौ आतंकी मारे गये

पेशावर। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में खुफिया जानकारी पर आधारित अभियान के दौरान नौ आतंकवादी मारे गए। सेना की मीडिया शाखा ने सोमवार को यह जानकारी दी।

आईएसपीआर के एक बयान में कहा गया कि प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) समूह के आतंकवादियों को डेरा इस्माइल खान जिले के तकवारा इलाके में सुरक्षाकर्मियों द्वारा रविवार रात अभियान के दौरान मार गिराया गया। बयान में कहा गया कि समूह का नेता शिरीन कई आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्तता और निर्दोष नागरिकों की हत्या के मामलों में वांछित था। इसमें कहा गया कि शिरीन 20 मार्च को कैप्टन हसनैन अख्तर की मौत के लिए भी जिम्मेदार था। बयान में कहा गया कि सुरक्षाबलों ने उनके पास से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया। पाकिस्तान में पिछले एक साल में, जब से आतंकवादी समूह ने नवंबर 2022 में सरकार के साथ अपना संघर्षविराम समाप्त कर दिया, विशेष रूप से खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में उग्रवादी गतिविधियों में वृद्धि देखी गई है। रविवार को सुरक्षाबलों ने पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर घुसपैठ की कोशिश को विफल करते हुए एक कार्वाई में आठ आतंकवादियों को मार गिराया।

इंटरटेनमेंट...

## एम्पुरान के प्रोड्यूसर को इनकम टैक्स का नोटिस

**मुंबई।** फिल्म एल2:एम्पुरान के प्रोड्यूसर एंटनी पेरुंबवूर को इनकम टैक्स विभाग ने नोटिस जारी किया है। इसके तहत उनसे उनकी फिल्म लुसिफर और मरक्करः अरबिकाडालिन्ते सिम्हम से जुड़े पैसों का हिसाब इस महीने के अंत तक मांगा गया है। वहीं, हाल ही में एक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन को भी नोटिस भेजा गया था। इनकम टैक्स विभाग के सूत्रों के मुताबिक, ये नोटिस फिल्म 'एल 2:एंपुरान' को लेकर हो रहे विवाद के कारण नहीं बल्कि, 2022 में मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में जो छापेमारी हुई थीं, उसकी जांच का एक हिस्सा है।

इतना ही नहीं एंटनी को भेजे गए नोटिस में खासकर ओवरसीज डिस्ट्रीब्यूशन राइट्स और मोहनलाल को किए गए कथित 2.5 करोड़ रुपए की पेमेंट्स की डिटेल्स मांगी गई

**एल2 : गुजरात दंगे दिखाने पर पहले ही विवादों में है फिल्म**

है, क्योंकि इन दोनों ही फिल्में में एक्टर मोहनलाल थे। एक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन को इनकम टैक्स विभाग ने 5 अप्रैल को नोटिस दिया था। इसमें उनसे 'कडुवा', 'जनगणमन' और 'गोल्ड' के लिए हुए खर्चों की जानकारी मांगी गई थी। वहीं, इनसे पहले मलयालम प्रोड्यूसर गोकुलम गोपालन के घर और ऑफिस पर छापेमारी की गई थी, जो कि 'एम्पुरान' के को-प्रोड्यूसर भी हैं। मातृभूमि न्यूज के मुताबिक पृथ्वीराज की मां और एक्ट्रेस मल्लिका सुकुमारन ने नोटिस पर रिएक्ट किया है।

उन्होंने कहा, मेरे बेटे ने कुछ गलत नहीं किया है। हमें किसी भी जांच से डर नहीं है। बता दें, 2022 में आयकर विभाग ने पृथ्वीराज के घर और ऑफिस में उनके कर फाइलिंग्स में गड़बड़ी के कारण छापेमारी भी की थी। बता दें, 2022 में इनकम टैक्स विभाग ने केरल में कई फिल्म प्रोड्यूसर के ऑफिस और घरों पर छापेमारी की थी। सूत्रों के अनुसार, ये छापेमारी पांच प्रोडक्शन कंपनियों पर की गई थी, जिसमें आशीर्वाद सिनेमा भी शामिल था, जो कथित तौर पर एंटनी पेरुंबवूर द्वारा चलाई जाती थी।

## 'छोरी 2' के लिए की डबल मेहनत

**मुंबई।** नुसरत भरुचा और सोहा अली खान अपनी अपकमिंग फिल्म छोरी- 2 को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म 11 अप्रैल को ओटीटी पर स्ट्रीम होगी। यह फिल्म छोरी की सीक्वल है। फिल्म 'छोरी' में नुसरत थीं और हम वहीं कहानी आगे ले जा रहे हैं, इसलिए 'छोरी 2' में भी नुसरत ही हैं। हां, हमने इस बार सोहा अली खान को जरूर शामिल किया है। यहां हमने उन्हें दासी के रोल में कास्ट किया है।

वहीं, काजोल के साथ फिल्म 'मां' आ रही है। उसकी स्टोरी अजय देवगन सर के पास ऑलरेडी थी। अजय सर ने इसके लिए मुझे चुना यह मेरे लिए बड़ी बात है। मैं शुक्रगुजार हूं कि इतने बड़े और बेहतरीन कॉन्सेप्ट के साथ फिल्म मां को डायरेक्ट करने का मौका मुझे मिला। नुसरत से 4-5 गुना ज्यादा मेहनत करवाई गई है। छोरी के समय में नुसरत नई-नई थी हॉरर में तो उसको चीजें समझने में थोड़ी-सी दिक्कत हो रही थी। इस बार भी उसे शुरूआत में दिक्कत हुई, फिर उसने अपने आप से ही सब समझ लिया। हालांकि, वह बेहतरीन एक्ट्रेस हैं, बहुत अच्छा काम पहली में भी किया है। इस बार जब वह सेट पर आईं तो उन्हें इतना तो पता था कि विशाल की दुनिया है तो ये तो ऐसी ही होगी।

## प्रधानमंत्री मोदी मनुष्य नहीं अवतार हैं : कंगना रनोट

मंडी में जोगिंद्रनगर क लडभड़ोल में जनसभा को संबोधित करती हुई कंगना रनोट। हिमाचल के मंडी से इखढ सांसद एवं बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोट ने कहा कि ढट नरेंद्र मोदी साधारण मानव नहीं अवतार हैं। 2014 तक वह वोट देने भी नहीं जाती थीं। नेताओं से नफरत सी हो गई थी। मगर, अब अच्छा खासा काम छोड़कर लोग राजनीति में आ गए हैं।

## 'किंग' में शाहरुख की प्रेमिका के रोल में आयेगीं नजर : दीपिका

**मुंबई।** सुहाना खान जल्द ही फिल्म 'किंग' के जरिए अपना थियेट्रिकल डेब्यू करने वाली हैं। इस फिल्म में उनके साथ पिता शाहरुख खान भी नजर आएंगे। खबरों की मानें तो एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण भी इस फिल्म का हिस्सा बनने जा रही हैं। पीपिंग मून की रिपोर्ट के अनुसार एक्ट्रेस फिल्म में सुहाना की मां का किरदार निभाएंगी। हालांकि, ये एक एक्सटेंडेड कैमियो रोल होगा। फिल्म 'किंग' को डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद बना रहे हैं।

इन्होंने 'पठान' और 'वॉर' जैसी फिल्में बनाई है। एक्ट्रेस अपने हिस्से की शूटिंग कब करेंगी इस लेकर फिलहाल कोई जानकारी सामने नहीं आई है। पीपिंग मून की रिपोर्ट के मुताबिक शाहरुख खान और डायरेक्टर सिद्धार्थ दोनों ही चाहते थे कि ये रोल दीपिका ही करें। दीपिका को लेकर जब से ये खबर आई हैं, उनके फैंस कुछ ज्यादा खुश नजर नहीं आ रहे हैं। उनका मानना है कि वो खुद को एक तरह के रोल में बंधा रही हैं। कुछ फैंस ने कमेंट में ये तक लिखा कि दीपिका शाहरुख की, सुहाना की और फ्यूचर में आर्यन सबकी मम्मी बनेंगी। उनकी पिछली कुछ फिल्मों की बात करें तो साल 2024 में फिल्म 'कल्कि' में उनका किरदार एक मां का था। साल 2023 में डायरेक्टर एटली की 'जवान' में शाहरुख की मां की भूमिका निभाई थी। साल 2022 में 'ब्रह्मास्त्र' पार्ट 1 रणबीर कपूर की मां की भूमिका निभाई थी। बता दें कि साल 2024 के सितंबर में एक्ट्रेस असल जिंदगी में भी मां बनीं। उन्होंने अपनी बेटी दुआ को जन्म दिया। दीपिका ने साल 2007 में शाहरुख खान के साथ फिल्म 'ओम शांति ओम' से अपने करियर की शुरूआत की थी। उसके बाद दोनों 'चेन्नई एक्सप्रेस, 'हैप्पी न्यू ईयर, 'जवान, 'पठान' जैसी फिल्में साथ कर चुके हैं। दर्शकों को दोनों की जोड़ी बहुत पसंद आई और ये सारी ही फिल्म सुपरहिट रही हैं। एक्ट्रेस अपने हिस्से की शूटिंग कब करेंगी इस लेकर फिलहाल कोई जानकारी सामने नहीं आई है। पीपिंग मून की रिपोर्ट के मुताबिक शाहरुख खान और डायरेक्टर सिद्धार्थ दोनों ही चाहते थे कि ये रोल दीपिका ही करें।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com